आस्तिक तो वह है जो ईश्वर पर और उसके रसूल पर हृदय से विश्वास लाते हैं और लाते रहेंगे और जब किसी सामूहिक कार्य के अवसर पर ईश्वर के रसूल के साथ होते हो तो उसकी अनुमति के बिना कभी उठकर नही जाते. ऐ रसूल जो लोग ऐसे अवसर पर आप से अनुमति मांगेगे वही ईश्वर और उसके रसूल के सच्चे मानने वाले है पस जब वह अपने किसी (अनिवार्य) कार्य के लिए अनुमति मांगे तो जिसे उचित समझो अनुमति दे दिया करो और ऐसे लोगों के लिए क्षमा की प्रार्थना किया करो. ईश्वर बड़ा क्षमा करने वाला बड़ी दया वाला है (62) {9:43;47:30}

مومنو! رسول کے بلانے کو ایسا خیال نہ کرنا جیسا تم آپس میں ایک دوسرے کو بلاتے ہو بے شک اللہ کو وہ لوگ معلوم ہیں جو تم میں سے آنکھ بچا کر چل دیں گے تو جو لوگ اُن کے حکم کی مخالفت کریں گے اُن کو ڈرنا چاہیے کہ (ایسا نہ ہو کہ) ان پر کوئی آفت پڑ جائے یا تکلیف دینے والا عذاب نازل ہو (۶۳)

आस्तिको! रसूल के बुलावे को ऐसा विचार न करना जैसा तुम आपसमें एक दूसरे को बुलाते हो. निःसन्देह ईश्वर को वह लोग ज्ञात है जो तुम में से आंख बचाकर चल देंगे. तो जो लोग उनके आदेश का विरोध करेंगे उनको डरना चाहिए या कष्ट देने वाला दण्ड अवरित हो (63)

دیکھو جو کچھ آسمانوں اور زمین میں ہے سب اللہ ہی کا ہے جس روش پر تم ہو وہ اسے خوب جانتا ہے اور جس روز لوگ اس کی طرف لوٹائے جائیں گے تو جو عمل وہ کرتے رہے ہیں وہ اُن کو بتادے گا اور اللہ ہر چیز سے واقف ہے (۶۴)

देखो जो कुछ आकाशों और पृथ्वी में है सब ईश्वर ही का है जिस गतिविधि पर तुम हो वह उसे भलीभांति जानता है और जिस दिन लोग उसकी ओर लौटाए जाऐंगे तो जो कर्म वह करते रहे है वह उनको बता देगा और ईश्वर हर वस्तु से अवगत है (64)

نوٹ:۔(۱) ہاں تو پھر رسول کا سوال آیا آج رسول محمدؐ ہمارے پاس نہیں ہیں تو کیا ہو؟ اس لئے آج ہم کو اپنے امیر کی اطاعت کرنی چاہیے جیسے اللہ نے حکم دیا ہے۔

(۲) سورت نور میں اللہ نے انسان کے لئے ہر چیز کھول کھول کر بیان کی جو اس کے اپنی روز کی زندگی میں کام آتی ہیں جو نور ہیں. لیکن اس کے باوجود علماء کہتے ہیں کہ قرآن میں نماز زکوٰۃ حج وغیرہ کی تفصیل نہیں کیا یہ ہو سکتا ہے؟ قرآن میں ان کی تفصیل ہے مگر ہم نے قرآن کو تدبر کے ساتھ پڑھا نہیں.

नोट-(1) हां तो फिर रसूल का प्रश्न आया आज रसूल मुहम्मद स0 हमारे पास नही है तो क्या हो? अतः आज हम को अपने नेता का अनुकरण करना चाहिए जैसे ईश्वर ने आदेश दिया है.

(2) सूरत नूर में ईश्वर ने इन्सान के लिए हर बात खोल खोलकर कर वर्णन की जो उसके अपने प्रतिदिन के जीवन में काम आती है जो प्रकाश है. परन्तु इसके अतिरिक्त उलमा कहते है कि कुरआन में नमाज़, रोज़ा, हज इत्यादि का विवरण नहीं, क्या यह हो सकता है? कुरआन में इसका विवरण है परन्तु हमने कुरआन ध्यान के साथ पढ़ा नहीं.

सूरत अलफुरकान 25 मक्की

वह अस्तित्व बहुत ही सम्पन्नता वाला है जिसने अपने भक्त पर फुरकान (कुरान) अवतरित किया ताकि संसार वाले पथ प्रदर्शन मार्ग दर्शन प्राप्त करे (1) (वही ईश्वर श्रेष्ठ है) जिसके लिए आकाशों और पृथ्वी का राज्य है और जिसने (किसी को) पुत्र नही बनाया और जिसके राज्य में कोई साझी नही और जिसने हर वस्तु को पैदा किया फिर इस संसार की हर वस्तु का भाग्य अनुमान बनाया (अर्थात हर वस्तु के बनने बिगड़ने उन्नति व पतन, मरने जीने का एक नियम बनाया (2) {87:3}

नोट- भाग्य का अर्थः- इस आयत से ज्ञात हुआ कि मानव ही भाग्य से सम्बद्ध नही है अपितु ईश्वर ने संसार के एक एक कण का भाग्य बनाया है हर वस्तु अपने भाग्य से सम्बद्ध है उदाहरणतः पानी का भाग्य यह है अर्थात पानी के लिए भी प्रकृतिक नियम यह है जैसा औरों के लिए है कि पानी गर्म होतो भाप बन कर उड़ जाए शीत हो तो बर्फ की आकृति हो जाएं बीच की स्थिति हो तो बहने लगे पानी के लिए नियम है कि वह नीचे की ओर बहने लगता है परन्तु जब बांध बनाकर रोका जाता है तो ऊपर को उठने लगता है बिजली की शक्ति के द्वारा बहुत ऊंचाई पर पहुंच जाता है.

इसी प्रकार हवा का भाग्य यह है कि गर्म होतो फैले और हल्की हो तो ऊपर को उठे ठंडी हो तो सुकड़ जाए और भारी होकर नीचे की ओर आए विष का भाग्य यह है कि मृत्यू दे और विषनिवारक का भाग्य यह है कि विष के प्रभाव को समाप्त कर दे परन्तु जब किसी विधि से विष को औषधि बना लिया जाता है तो वह भी विषनिवारक हो जाता है परन्तु यह भी नियम के आधीन हो होता है.

इसी प्रकार मिट्टी, पत्थर, पौदे, फूल गैस और बिजली मानों हर वस्तु का भाग्य ईश्वर ने बनाया है अर्थात जिस नियम के आधीन जो वस्तु कार्य करती है वह उसका भाग्य है इस लिए यह विचार करना कि मानव ही भाग्य के जाल में फंसा हुआ है मिथ्या है सत्य यह है कि ईश्वर के निर्णय उसके निश्चित किये नियमानुसार होते है उसके प्रतिकूल नही होता.

परन्तु भाग्य का अर्थ यह नही है कि मानव विवश है अपनी इच्छा से कुछ नही कर सकता जो कुछ करता है वह ईश्वर का निश्चित किए भाग्य के अनुसार विवश हो कर करता है जैसा कि मीर की कविता है.

नाहक हम मजबूरों पर यह तोहमत है मुखतारी की
चाहते है सो आप करते है हमको अबस बदनाम किया

भाग्य के आबद्ध लोगों के निकट इन्सान जो कुछ करता है वह पहले से लिखा जा चुका है वह उसके विपरीत कुछ नही कर सकता चोरी करता है तो ईश्वर के आदेश से वध करता है तो उसी की इच्छा से यह मत उचित नही है इन्सान भाग्य नियम का आबद्ध होने के अतिरिक्त अपने कर्म के परिधि क्षेत्र में स्वतंत्र भी है

यदि स्वतंत्र नही है और हर कार्य ईश्वर करता है तो फिर स्वर्ग नर्क क्यों? ईश्वर लेखा क्यों लेगा वध चोरी ईश्वर ने ही तो कराई और हर अच्छा बुरा कार्य उसकी इच्छा से होता है इन्सान का क्या दोष फिर लेखा कैसा? विचार करो यदि इन्सान के इन बुरे कार्यों के बदले नर्क मिलता है तो यह एक अन्याय हुआ या अच्छे कार्य ईश्वर ने कराये इसमें इन्सान का क्या गुण यदि इस के बदले स्वर्ग मिलता है क्यों? यदि ऐसा होता है तो यह ईश्वर का न्याय की व्यवस्था पर

سورت الفرقان (۲۵) مکی

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

وہ ذات بہت بابرکت ہے جس نے اپنے بندے پر فرقان (قرآن) نازل فرمایا تاکہ اہل عالم ہدایت حاصل کریں (۱) (وہی اللہ برتر ہے) جس کے لئے آسمانوں اور زمین کی بادشاہی ہے اور جس نے (کسی کو) بیٹا نہیں بنایا اور جس کی بادشاہی میں کوئی شریک نہیں اور جس نے ہر چیز کو پیدا کیا پھر اس کائنات کی ہر شئی کی تقدیر بنائی (یعنی ہر چیز کے بننے بگڑنے، عروج وزوال، مرنے جینے کا ایک قانون بنایا) (۲) [۸۷:۳]

نوٹ:۔ تقدیر کا مفہوم:۔ اس آیت سے معلوم ہوا کہ انسان ہی تقدیر سے وابستہ نہیں ہے بلکہ اللہ نے کائنات کے ایک ایک ذرہ کی تقدیر بنائی ہے ہر شئی اپنی تقدیر سے وابستہ ہے مثلاً پانی کی تقدیر یہ ہے یعنی پانی کے لئے قانون الٰہی یہ ہے جیسا اوروں کے لئے بھی ہے کہ پانی گرم ہوتو بھاپ بن کر اڑجائے سرد ہوتو برف کی صورت ہو جائے درمیانی حالت ہو تو بہنے لگے پانی کے لئے قانون ہے کہ وہ نیچے کی اور کو بہتا ہے مگر جب باندھ بنا کر روکا جاتا ہے تو اوپر کو اٹھنے لگتا ہے بجلی کے ذریعہ سے بہت اونچائی پر پہنچ جاتا ہے۔

اسی طرح ہوا کی تقدیر یہ ہے کہ گرم ہو تو پھیلے اور ہلکی ہو تو اوپر کو اٹھے ٹھنڈی ہو تو سکڑ جائے اور بھاری ہو کر نیچے کی طرف آئے زہر کی تقدیر یہ ہے کہ موت دے اور تریاق کی تقدیر یہ ہے کہ زہر کے اثر کو ختم کردے، مگر جب کسی طریقے سے زہر کو دوا بنا لیا جاتا ہے تو وہ بھی تریاق ہو جاتا ہے مگر یہ بھی قانون کے تحت ہی ہوتا ہے۔

اسی طرح مٹی، پتھر، پودے، پھول، گیس اور بجلی غرض کے ہر شئی کی تقدیر اللہ نے بنائی ہے یعنی جس قانون کے تحت جو چیز کام کرتی ہے وہ اس کی تقدیر ہے اس لئے یہ خیال کرنا کہ انسان ہی تقدیر کے جال میں پھنسا ہوا ہے غلط ہے حقیقت یہ ہے کہ اللہ کے فیصلے اس کے مقرر کردہ قانون کے مطابق ہوتے ہیں اس کے خلاف کچھ نہیں ہوتا۔

لیکن تقدیر کا مطلب یہ نہیں ہے کہ انسان مجبور محض ہے، اپنی مرضی سے کچھ نہیں کرسکتا۔ جو کچھ کرتا ہے وہ اللہ کی مقرر کردہ تقدیر کے مطابق مجبور ہو کر کرتا ہے، جیسا کہ میر کی شاعری ہے۔

ناحق ہم مجبوروں پر یہ تہمت ہے مختاری کی
چاہتے ہیں سو آپ کرتے ہیں ہم کو عبث بدنام کیا

تقدیر کے پابند حضرات کے نزدیک انسان جو کچھ کرتا ہے وہ پہلے سے لکھا جا چکا ہے وہ اس کے خلاف کچھ نہیں کرسکتا۔ چوری کرتا ہے تو اللہ کے حکم سے قتل کرتا ہے تو اسی کی منشا سے یہ رائے درست نہیں ہے۔ انسان تقدیر قانون کا پابند ہونے کے باوجود اپنے عمل کے دائرے میں آزاد بھی ہے۔

اگر آزاد نہیں ہے اور ہر کام اللہ کراتا ہے تو پھر جنت دوزخ کیوں؟ اللہ حساب کیوں لے گا قتل چوری اللہ نے ہی تو کرائی ہے اور ہر اچھا برا کام اس کی مرضی سے ہوتا ہے۔ انسان کی کیا خطا پھر حساب کیسا؟ غور کرو اگر انسان کو ان برے کاموں کے بدلے دوزخ ملتی ہے تو یہ ایک ظلم ہوا۔ یا اچھے کام اللہ نے کرائے اس میں انسان کی کیا خوبی اگر اس کے بدلے جنت ملتی ہے کیوں؟ اگر ایسا ہوتا ہے تو یہ اللہ کا نظام عدل مجروح ہوتا ہے؟ مگر اللہ عادل ہے۔ اس لئے کسی

चोट होती है? परन्तु ईश्वर न्याय शील है अतः किसी को विवश करके ईश्वर चोरी वध नही कराता इन्सान स्वयं ही अपने अधिकार से करता है जो ईश्वर ने उसको दिया है, अच्छा और बुरा मार्ग बता दिया है उसका फल भी

भाग्य का अर्थ ईश्वर का नियम या प्रकृति नियम है ईश्वर ने हर वस्तु के बनने बिगड़ने का एक नियम बनाया है, उसी नियम के अनुसार कोई वस्तु बनती या बिगड़ती है, जिस खेत को पानी न मिले उसका भाग्य यह है कि वह सूख जाए जिस गांव में बाढ़ आजाए उसका भाग्य यह है कि नष्ट हो जाए परन्तु इसके विपरीत यदि खेत को समय पर पानी मिले देख भाल ठीक होतो खेत में उपज अच्छी होगी उसका भाग्य बदल गया, ऐसे ही उस बाढ़ से हानी उठाने के बाद प्राकृतिक नियमानुसार बाढ़ से बचने के लिए बांध बना दिया जाए तो बाढ़ हानी नही पहुंचाएगी और गांव बच जाएगा मानों फिर उसका भाग्य बदल गया हर वस्तु के लिए यही नियम है अर्थात भाग्य,

इसी प्रकार व्यक्ति का भी एक भाग्य है उसकी उन्नति और पतन उसका जीवन और मृत्यू उसका लाभ हानी सम्मान अपमान सब ईश्वर के नियम से सम्बद्ध है उदाहरणतः उसके जीवित रहने के लिए हवा पानी भोजन इत्यादि की आवश्यक्ता है, वायू न मिले तो कुछ मिनट में ही मर जाए ऐसे ही पानी न मिलने पर होगा,

पक्षियों का भाग्य यह है कि वायू में उड़े जीवित रहें उनके पर समाप्त कर दिए जाएं तो उड़ नही सकते क्योंकि उड़ने का यह एक नियम है अर्थात भाग्य और मीन का भाग्य यह है कि थल में मर जाए और पानी में जीवित रहे (फलन तजिदु लिसुन्नतिल्लाही तब दीला फातिर 43) तुम ईश्वर के नियम में कोई परिवर्तन नही पा सकते,

इसी प्रकार इन्सान के आचार गुण और सोच व कर्मों का भी भाग्य है ईश्वर ने सत्कर्म और दुष कर्म का भी नियम बनाया है, बुरा कर्म करने वाला बुराई की ओर बढ़ता जाएगा, जो व्यक्ति आरम्भ में छोटी छोटी चोरी करेगा आगे चल कर डाकू या बड़ा चोर बन जाएगा यह उसका भाग्य है इसी प्रकार सत्कर्म करने वाला सत्कर्म की ओर बढ़ता जाएगा उसकी पहली नेकी उसको दूसरे सत्कर्म के लिए तैयार कर देगा मानों ईश्वर सदाचारीयों को उनके सत्कर्मों के कारण अपनी ओर खींचता रहता है जो लोग प्रयास करके हमारी ओर आना चाहेंगे (उनका अधिकार है कि हम उन्हें अपनी ओर आने का मार्ग दिखा देंगे, अनकबूत 69) अर्थात भाग्य ईश्वर यह है कि उपकार की ओर बढ़ने वाले को ईश्वर और अधिक उपकार करने की शक्ति देता है अर्थात वह व्यक्ति करता)

ईश्वर ने मानव को सावधान करने के लिए कुरआन की आकृति में एक नियम विधान दे दिया इसमें हर प्रकार से इन्सान को समझाया है जो इस नियम से नेक बनना चाहता है वह सदाचारी बन जाता है और जो दुराचारी बनना चाहता है वह दुराचारी बन जाता है यह प्रकृतिक विधान अर्थात भाग्य है,

सारांश यह है कि भाग्य का दूसरा नाम प्रकृतिक नियम है जो बोने वाला जौ काटेगा, गेंहू बोने वाला गेंहू काटेगा जो सहानुभूति करेगा उसकी सहानुभूति की जाएगी जो हृदय दुखाएगा उसका हृदय दुखाया जाएगा जो दया करेगा वह दया का अधिकारी होगा जो अन्याय करेगा वह अन्याय का बदला पाएगा प्रकृतिक नियम में एक मुख्य प्रकार की लचक है, अर्थात यदि मानव अपनी बुराई की अन्तिम सीमा

کو مجبور کر کے اللہ چوری قتل نہیں کراتا۔ انسان خود ہی اپنے اختیار سے کرتا ہے جو اللہ نے اس کو دیا ہے، اچھا اور بُرا راستہ بتا دیا ہے اس کا انجام بھی۔

تقدیر کا مفہوم قانون الٰہی یا قانون فطرت ہے۔ اللہ نے ہر چیز کے بننے بگڑنے کا ایک قانون بنایا ہے اسی قانون کے مطابق کوئی چیز بنتی یا بگڑتی ہے جس کھیت کو پانی نہ ملے اس کی تقدیر یہ ہے کہ وہ سوکھ جائے جس گاؤں میں سیلاب آجائے اس کی تقدیر یہ ہے کہ برباد ہو جائے مگر اس کے خلاف اگر کھیت کو وقت پر پانی ملے دیکھ بھال ٹھیک ہو تو کھیت میں پیداوار اچھی ہوگی اس کی تقدیر بدل گئی ایسے ہی اس سیلاب سے نقصان اٹھانے کے بعد قانون فطرت کے مطابق سیلاب سے بچنے کے لئے باندھ بنا دیا جائے تو سیلاب نقصان نہیں پہنچائے گا اور گاؤں بچ جائے گا گویا پھر اُس کی تقدیر بدل گئی ہر چیز کے لئے یہی قانون ہے یعنی تقدیر۔

اسی طرح انسان کی بھی ایک تقدیر ہے اس کا عروج و زوال اس کی زندگی اور موت اس کا نفع نقصان عزت ذلت سب قانون الٰہی سے وابستہ ہے مثلاً اس کے زندہ رہنے کے لئے ہوا پانی غذا وغیرہ کی ضرورت ہے ہوا نہ ملے تو کچھ منٹ میں ہی مر جائے گا۔ اور کھانا نہ ملے تو کچھ دنوں میں مر جائے ایسے ہی پانی نہ ملنے پر ہوگا۔

پرندوں کی تقدیر یہ ہے کہ ہوا میں اڑے زندہ رہیں ان کے پر ختم کر دیے جائیں تو وہ اڑ نہیں سکتے کیوں کہ اڑنے کا یہ ایک قانون ہے یعنی تقدیر اور مچھلی کی تقدیر یہ ہے کہ خشکی میں مر جائے اور پانی میں زندہ رہے (فلن تجدلسنت اللہ تبدیلا) (فاطر ۴۳) تم اللہ کی سنت یعنی قانون فطرت میں کوئی تبدیلی نہیں پا سکتے۔

اسی طرح انسان کے اخلاق و عادات اور افکار و اعمال کی بھی تقدیر ہے اللہ نے نیکی اور بدی، اچھائی اور بُرائی کا بھی قانون بنایا ہے۔ بُرا کام کرنے والا بُرائی کی طرف بڑھتا جائے گا۔ جو شخص ابتداء میں چھوٹی چھوٹی چوری کرے گا آگے چل کر ڈاکو یا بڑا چور بن جائے گا یہ اس کی تقدیر ہے اسی طرح نیک کام کرنے والا نیکی کی طرف بڑھتا جائے گا اس کی پہلی نیکی اس کو دوسری نیکی کے لئے تیار کر دے گی۔ گویا اللہ نیک آدمیوں کو ان کی نیکی کی وجہ سے اپنی طرف کھینچتا رہتا ہے۔ جو لوگ کوشش کر کے ہماری طرف آنا چاہیں گے (ان کا حق ہے کہ) ہم انہیں اپنی طرف آنے کا راستہ دکھا دیں گے عنکبوت۔ (۶۹) یعنی تقدیر الٰہی یہ ہے کہ نیکی کی طرف بڑھنے والے کو اللہ اور زیادہ نیکی کرنے کی توفیق دیتا ہے یعنی وہ آدمی کرتا ہے)

اللہ نے انسان کو خبردار کرنے کے لئے قرآن کی شکل میں ایک قانون ضابطہ دے دیا اس میں ہر طرح سے انسان کو سمجھایا ہے جو اس قانون سے نیک بننا چاہتا ہے وہ نیک بن جاتا ہے اور جو بد بننا چاہتا ہے وہ بد بن جاتا ہے یہ قانون فطرت یعنی تقدیر ہے۔

خلاصہ یہ ہے کہ تقدیر الٰہی کا دوسرا نام قانون فطرت ہے۔ جو بونے والا جو کاٹے گا۔ گیہوں بونے والا گیہوں کاٹے گا جو دل جوئی کرے گا اس کی دل جوئی کی جائے گی۔ جو دل دکھائے گا اس کا دل دکھایا جائے گا۔ جو رحم کرے گا وہ رحم کا مستحق ہوگا۔ جو ظلم کرے گا وہ ظلم کا بدلہ پائے گا۔ قانون فطرت میں ایک خاص قسم کی لچک ہے یعنی اگر انسان اپنی بُرائی کی آخری حد تک پہنچنے سے پہلے اپنے عمل میں

तक पहुंचने से पहले अपने व्यवहार में परिवर्तन उत्पन्न कर ले और बुराई को छोड़ कर अच्छाई की ओर आकृष्ट हो जाए तो पहले दुष्कर्मों के परिणाम से बच सकता है.

महामना यूनुस अ0 की जाति जिस बुराई की ओर जा रही थी उसका फल यही होता कि उन पर यातना आजाए यूनुस अ0 ने अपनी जाति को सावधान कर दिया था कि शीघ्र ही तुम पर यातना आने वाली है उनकी जाति ने जब यातना की धमकी सुनी और अन्जाम पर विचार किया तो सबने पश्चाताप कर लिया और अपने आचरण को संवार लिया, फल यह निकला कि आने वाला कष्ट टल गया दूसरे शब्दों में भाग्य बदल गया जो नियम के अनुसार है इन्सान यदि चाहे तो अपना भाग्य बदल सकता है.

अबस है शिकवा तकदीर यज़दां। तू खुद तकदीरे यज़दां क्यों नही है।।

खुदी को कर बुलन्द इतना कि हर तकदीर से पहले
खुदा बन्दे से खुद पूछे बता तेरी रज़ा क्या है.

मुसलमानों का भाग्य यह है कि वह उच्च व श्रेष्ठ हो, दुनिया में ईश्वर की इच्छा से उत्तराधिकारी हो, (नूर 55) ईश्वर की पृथ्वी में उत्तराधिकारी हो, ईश्वर के नियमानुसार राज्य करे अपने जीवन को ईश्वर के नियमानुसार चलाए "व अन्तुमुलआलोना इन कुन्तुम मुमिनीन" तुम यदि सच्चे मोमिन होगे तो (दुनिया में) सब से ऊंचे रहोगे आले (इमरान 139)

कोई अन्दाज़ा कर सकता है उसके ज़ोरे बाज़ू का निगाहे मर्दे मोमिन से बदल जाती है तकदीर (इकबाल) परन्तु जब मुसलमान मुसलमान न रहा तो उसका भाग्य बदल गया, तारिक मरदे मोमिन था उस को उन्दलूस के उपवन मिले उसके उत्तराधिकारी नाच गाने और दुष्कर्मों पर मोहित हो गए अर्थात ईश्वर के भाग्य का विरोध अवहेलना की तो उसको वध किया गया निस्कासित किया गया धर्म से निस्कासित किया गया जैसे दो और दो चार होते है तीन या पांच नही.

कोई यह कहे कि यह कोई नई बात होती है ऐसा नही है अपितु ईश्वर को ज्ञात है कि कौन कब तक स्थिर रहना है और उसके मिटने के लिए वह क्या करेगा कैसे कर्म करेगा जब उसका समय आता है तो वह ईश्वर के नियम की अवहेलना करके उस परिणाम को सामने लाता है जो पहले से अंकित है, अर्थात अच्छाई का बदला अच्छाई और बुराई का बदला बुराई परन्तु सब मानव के अपने अधिकार से होता है जो ईश्वर ने उस को दिया है.

{87:3} जिसने भाग्य (अर्थात नियम) बनाया फिर मार्ग दिखाया अर्थात इन्सान के अच्छे और बुरे कर्म ही ईश्वर के निर्णय को सामने लाते है.

मैं तुमझ को बताता हूं तकदीरे उमम क्या है शमशीर व सना अव्वल ताऊस व रबाब आखिर, यही तकदीरे इलाही अर्थात कानून है.

और (लोग) ईश्वर को छोड़कर ऐसे पूज्य बनाते है जो कोई वस्तु भी पैदा नही कर सकते और स्वयं पैदा किए गए है और न अपने लाभ हानी का अधिकार रखते हैं और न मरना उनके अधिकार में है और न जीना और न (मरकर) उठ खड़े होना (3)

जिन लोगों ने नास्तिकता का मार्ग स्वीकार कर रखा है वह कहते है कि यह (कुरआन) मन घड़त बातें है जो उस व्यक्ति ने अपनी ओर से लिख ली है और कुछ दूसरे लोग इस काम में उसकी सहायता कर रहें है (देखो किस प्रकार) वह लोग अत्याचार और झूट पर उतर आएं है (4)

और कहते है कि यह पहले लोगों की कहानियां है जिनको इसने लिख रखा है, और वह प्रातः व सांय

تبدیلی پیدا کر لے اور بُرائی کو چھوڑ کر اچھائی کی طرف مائل ہو جائے تو پہلی بُرائیوں کے نتیجے سے بچ سکتا ہے۔

حضرت یونسؑ کی قوم جس بُرائی کی طرف جا رہی تھی اس کا انجام یہی ہوتا کہ ان پر عذاب آ جائے یونسؑ نے اپنی قوم کو آگاہ کر دیا تھا کہ جلد ہی تم پر عذاب آنے والا ہے ان کی قوم نے جب عذاب کی دھمکی سنی اور انجام پر غور کیا تو سب نے توبہ کر لی اور اپنے اعمال کو سنوار لیا نتیجہ یہ نکلا کہ آنے والا عذاب ٹل گیا. بالفاظ دیگر تقدیر بدل گئی جو قانون کے مطابق ہے انسان اگر چاہے تو اپنی تقدیر بدل سکتا ہے۔

عبث ہے شکوہ تقدیر یزداں تو خود تقدیر یزداں کیوں نہیں ہے
خودی کو کر بلند اتنا کہ ہر تقدیر سے پہلے خدا بندے سے خود پوچھے بتا تیری رضا کیا ہے

مسلمانوں کی تقدیر یہ ہے کہ وہ بلند و بالا ہو، دنیا میں اللہ کی مرضی سے خلیفہ ہو، (النور ۵۵) اللہ کی زمین کا وارث ہو، اللہ کے قانون کے مطابق حکومت کرے اپنی زندگی کو اللہ کے قانون کے مطابق چلائے "وانتم الاعلون ان کنتم مومنین" اگر تم سچے مومن ہو گے تو (دنیا میں) سب سے اونچے رہو گے آل عمران (۱۳۹)

کوئی اندازہ کر سکتا ہے اس کے زور بازو کا
نگاہ مرد مومن سے بدل جاتی ہیں تقدیریں (اقبال)

لیکن جب مسلمان مسلمان نہ رہا تو اس کی تقدیر بدل گئی. طارق مرد مومن تھا اس کو اندلس کا باغ ملا اس کے جانشین ناچ گانے اور بدکاری پر فریفتہ ہو گئے یعنی تقدیر الٰہی کی خلاف ورزی کی تو اس کو قتل کیا گیا جلاوطن کیا گیا ایمان سے خارج کیا گیا جیسے دو اور دو چار ہوتے ہیں تین یا پانچ نہیں۔

کوئی یہ کہے کہ یہ کوئی نئی بات ہوتی ہے ایسا نہیں ہے بلکہ اللہ کو معلوم ہے کہ کون کب تک قائم رہنا ہے اور اس کے مٹنے کے لئے وہ کیا کرے گا. کیسے عمل کرے گا جب اس کا وقت آتا ہے تو وہ قانون الٰہی کی خلاف ورزی کر کے اس تقدیر کو سامنے لاتا ہے جو پہلے سے درج ہے یعنی اچھائی کا بدلہ اچھائی اور برائی کا بدلہ برائی. مگر یہ سب انسان کے اپنے اختیار سے ہوتا ہے جو اللہ نے اس کو دیا ہے.

(۸۷:۳) جس نے تقدیر (یعنی قانون) بنائی پھر راہ دکھائی یعنی انسان کے اچھے اور بُرے عمل ہی اللہ کی تقدیر کو سامنے لاتے ہیں۔

میں تجھ کو بتاتا ہوں تقدیر امم کیا ہے شمشیر و سناں اول طاؤس و رباب آخر، یہی تقدیر الٰہی یعنی قانون ہے۔

اور (لوگ) اللہ کو چھوڑ کر ایسے معبود بناتے ہیں جو کوئی چیز بھی پیدا نہیں کر سکتے اور خود پیدا کئے گئے ہیں اور نہ اپنے نقصان اور نفع کا کچھ اختیار رکھتے ہیں اور نہ مرنا ان کے اختیار میں ہے اور نہ جینا اور نہ (مرکر) اٹھ کھڑے ہونا (۳)

جن لوگوں نے کفر کی راہ اختیار کر رکھی ہے وہ کہتے ہیں کہ یہ (قرآن) من گھڑت باتیں ہیں جو اس شخص نے اپنی طرف سے لکھ لی ہیں اور کچھ دوسرے لوگ اس کام میں اس کی مدد کر رہے ہیں (دیکھو کس طرح) وہ لوگ ظلم اور جھوٹ پر اتر آئے ہیں (۴)

اور کہتے ہیں کہ یہ پہلے لوگوں کی کہانیاں ہیں جن کو اس نے لکھ رکھا ہے اور وہ صبح و شام اس کے یہاں املا کرائی جاتی

इसके यहां इमला कराई जाती है अर्थात लिखाई जाती है (5)
कह दो कि इसको उसने उतारा है जो आकाशों और पृथ्वी की गुप्त बातो को जानता है निःसंदेह वह क्षमा करने वाला कृपालू है (6)
और कहते है यह कैसा रसूल है कि खाना खाता है और बाजारो में चलता फिरता है इस पर कोई फरिश्ता क्यों अवतरित्र नही किया गया कि इस के साथ डराने को रहता (7)
या उसकी ओर आकाशों से कोष उतारा जाता या इसके लिए कोई उपवन होता कि उसमें से खाया करता और दुष्ट कहते है कि तुम तो एक जादू से प्रभावित व्यक्ति का अनुकरण करते हो (8)
(ऐ रसूल) देखो तो यह तुम्हारे विषय में किस किस प्रकार की बाते करते हैं तो पथ भ्रष्ट हो गए और मार्ग नही पा सकते (9) {17:48}

ہیں یعنی لکھائی جاتی ہیں (۵)
کہدو کہ اس کو اس نے اتارا ہے جو آسمانوں اور زمین کی پوشیدہ باتوں کو جانتا ہے بے شک وہ بخشنے والا مہربان ہے (۶)
اور کہتے ہیں یہ کیسا رسول ہے کہ کھانا کھاتا ہے اور بازاروں میں چلتا پھرتا ہے اس پر کوئی فرشتہ کیوں نازل نہیں کیا گیا کہ اس کے ساتھ ڈرانے کو رہتا (۷)
یا اس کی طرف آسمان سے خزانہ اتارا جاتا یا اس کے لئے کوئی باغ ہوتا کہ اس میں سے کھایا کرتا اور ظالم کہتے ہیں کہ تم تو ایک جادو زدہ شخص کی پیروی کرتے ہو (۸)
(اے رسول) دیکھو تو وہ تمہارے بارے میں کس کس طرح کی باتیں کرتے ہیں سو گمراہ ہو گئے اور رستہ نہیں پا سکتے (۹) [۴۸:۱۷؛۴۸:۱۷]

ईश्वर अधिक सम्पन्नता वाला है जो यदि चाहे तो तुम्हारे लिए इससे उत्तम वस्तुएं बना दे अर्थात उपवन जिनके नीचे नहरे बह रही हो और तुम्हारे लिए भवन बना दे (10)
अपितु वह तो महा प्रलय ही को झुटलाते है और हमने प्रलय के झुटलाने वालों के लिए नर्क तैयार कर रखा है (11)
जिस समय वह उनको दूर से देखेगी तो क्रोधित हो रही होंगी और वह उसके आवेश और चित्कार को सुनेगे (12)
और जब वह लोग नर्क की किसी तंग जगह में (जन्जीरो नियम में) जकड़ कर डाले जाएंगे तो मृत्यू को पुकारेंगे (13)
(कहा जाएगा) आज एक मृत्यू को न पुकारो बहुत सी मोतो को पुकारो (14)
(ऐ रसूल! उनसे) पूछो (भड़कती आग) उत्तम है या अनन्त स्वर्ग जिसका सदाचारीयों से वचन किया जा चुका है, यह उनके शुभ कर्मो का फल और रहने का (आखरी) स्थान होगा (15)
वहां जो चाहेंगे उनके लिए होगा सदैव उसमें रहेंगे यह वचन ईश्वर को पूरा करना अवश्य है और इस योग्य है कि मांग लिया जाए (अर्थात कामना करनी चाहिए) (16)

اللہ بہت بابرکت ہے جو اگر چاہے تو تمہارے لئے اس سے بہتر چیزیں بنا دے یعنی باغات جس کے نیچے نہریں بہہ رہی ہوں اور تمہارے لئے محل بنا دے (۱۰)
بلکہ وہ تو قیامت ہی کو جھٹلاتے ہیں اور ہم نے قیامت کے جھٹلانے والوں کے لئے دوزخ تیار کر رکھی ہے (۱۱)
جس وقت وہ ان کو دور سے دیکھے گی تو غضبناک ہو رہی ہوگی اور وہ اس کے جوش اور چلانے کو سنیں گے (۱۲)
اور جب وہ لوگ دوزخ کی کسی تنگ جگہ میں (زنجیروں قانون میں) جکڑ کر ڈالے جائیں گے تو موت کو پکاریں گے (۱۳)
(کہا جائے گا) آج ایک موت کو نہ پکارو بہت سی موتوں کو پکارو (۱۴)
(اے رسول! ان سے) پوچھو (بھڑکتی آگ) بہتر ہے یا ابدی جنت جس کا پرہیزگاروں سے وعدہ کیا جا چکا ہے یہ ان کے نیک کاموں کا بدلہ اور رہنے کا (آخری) ٹھکانا ہوگا (۱۵)
وہاں جو چاہیں گے ان کے لئے ہوگا. ہمیشہ اس میں رہیں گے یہ وعدہ اللہ کو پورا کرنا ضرور ہے اور اس لائق ہے کہ مانگ لیا جائے (یعنی آرزو کرنی چاہیے) (۱۶)

और जिस दिन ईश्वर उन (अनेकेश्वर वादीयों) को और उनके देवताओं को जिन्हें वह ईश्वर के सिवा पूजते है (अपने सामने) एकत्र करेगा तो उनसे पूछेगा क्या तुमने मेरे बन्दों को पथ भ्रष्ट किया (और उनसे अपनी पूजा कराई थी?) (17)

اور جس روز اللہ ان (مشرکوں) کو اور ان کے معبودوں کو جنہیں وہ اللہ کے سوا پوجتے ہیں (اپنے سامنے) جمع کرے گا تو ان سے پوچھے گا کیا تم نے میرے بندوں کو گمراہ کیا تھا (اور ان سے اپنی پوجا کرائی تھی؟) یا وہ خود راہ راست سے بھٹک گئے تھے؟ (۱۷)

वह कहेंगे पवित्र है हमारा यह साहस न था कि तेरा विरोध करके तेरे अतिरिक्त औरों को मित्र बनाते परन्तु तू ने ही उनको और उनके बड़ो को प्रयोग करने को सुख सामग्री दी यहां तक कि वह तेरी पुस्तक को भूल गए और वह नष्ट होने वाले लोग थे (18)

وہ کہیں گے تو پاک ہے ہماری یہ مجال نہ تھی کہ تیری نافرمانی کر کے تیرے سوا اوروں کو دوست بناتے لیکن تو نے ہی اُن کو اور اُن کے بڑوں کو برتنے کو نعمتیں دیں یہاں تک کہ وہ تیری کتاب کو بھول گئے اور وہ ہلاک ہونے والے لوگ تھے (۱۸)

तो (नास्तिकों) उन्होंने तो तुमको तुम्हारी बात में झुठला दिया, पस (अब) तुम (दण्ड को) न फैर सकते हो न किसी से सहायता ले सकते हो और जो व्यक्ति तुममें से अन्याय करता था हम उसको बड़ी यातना का स्वाद चखाएंगे (19)

تو (کافروں) انہوں نے تو تم کو تمہاری بات میں جھٹلا دیا. پس (اب) تم (عذاب کو) نہ پھیر سکتے ہو نہ کسی سے مدد لے سکتے ہو. اور جو شخص تم میں سے ظلم کرتا تھا ہم اس کو بڑے عذاب کا مزہ چکھائیں گے (۱۹)

(ऐ रसूल!) और हमने तुमसे पहले जितने रसूल भेजे हैं सब खाना खाते थे और बाजारों में चलते फिरते थे बात यह है कि हमने तुम्हें (दोनों पक्षों को) एक दूसरे की परिक्षा का साधन बनाया है (अर्थात हम देख रहें हैं कि उन नास्तिकों का बरताओ तुम्हारे साथ कैसा है और आप उनके अत्यचार को कहां तक सहन कर सकते हो) तो चाहिए कि आप लोग धैर्य करो (रहे धर्म के शत्रु तो) तेरा रब उनकी हरकतों को देख रहा है (दण्ड पाएंगे) (20)

(تو اے رسول!) اور ہم نے تم سے پہلے جتنے رسول بھیجے ہیں سب کھانا کھاتے تھے اور بازاروں میں چلتے پھرتے تھے بات یہ ہے کہ ہم نے تمہیں (دونوں فریقوں کو) ایک دوسرے کی آزمائش کا ذریعہ بنایا ہے (یعنی ہم دیکھ رہے ہیں کہ ان کافروں کا سلوک تمہارے ساتھ کیسا ہے اور آپ اُن کے ظلم کو کہاں تک برداشت کر سکتے ہو) تو چاہیے کہ آپ لوگ صبر کرو (رہے دشمنان دین تو) تیرا رب ان کی حرکتوں کو دیکھ رہا ہے (سزا پائیں گے) (۲۰)

(पारा-19) वकालल्लज़ीना

پارہ (۱۹)۔ وَقَالَ الَّذِینَ

और जो लोग हमसे मिलने की आशा नही रखते कहेंगे कि हम पर फरिश्ते क्यों अवतरित न किए गए या हम आंख से अपने रब को देख लें वह अपने विचार में बड़ाई रखते हैं (और इसी आधार पर) बड़े उद्दण्ड हो रहे हैं (21)

اور جو لوگ ہم سے ملنے کی امید نہیں رکھتے کہیں گے کہ ہم پر فرشتے کیوں نازل نہ کئے گئے. یا ہم آنکھ سے اپنے رب کو دیکھ لیں وہ اپنے خیال میں بڑائی رکھتے ہیں اور (اسی بنا پر) بڑے سرکش ہو رہے ہیں (۲۱)

जिस दिन देखेंगें फरिश्तो को कुछ शुभ सूचना न होगी उस दिन पापियों को और कहेंगे रोकी जाए कोई ओट ईश्वर की शरण है शरण है (अर्थात फरिश्ते हमारे पास न आने पाऐं) (22)

جس دن دیکھیں گے فرشتوں کو کچھ خوش خبری نہ ہوگی اس دن گنہگاروں کو اور کہیں گے کہیں روکی جائے کوئی اوٹ اللہ کی پناہ ہے پناہ ہے (یعنی فرشتے ہمارے پاس نہ آنے پائیں) (۲۲)

और जो उन्होंने कर्म किए होंगे हम उनकी ओर आकृष्ट होंगे तो उन कर्मों को उड़ती धूल कर देंगे (23)

اور جو انہوں نے عمل کئے ہوں گے ہم ان کی طرف متوجہ ہوں گے تو اُن اعمالوں کو اڑتی خاک کر دیں گے (۲۳)

उस दिन स्वर्ग वालों का स्थान भी उत्तम होगा और विश्राम का स्थान भी उत्तम होगा (24)

اس دن اہل جنت کا ٹھکانا بھی بہتر ہوگا اور آرام کا مقام بھی بہتر ہوگا (۲۴)

और जिस दिन फट जाएगा आकाश बदली से और फरिश्तों के दल के दल उतारे जाएंगे (25) {43:61, 6:8, 54:1}

اور جس دن پھٹ جائے آسمان بدلی سے اور فرشتوں کے پرے کے پرے اتار دئے جائیں گے (۲۵) [۶۱:۴۳؛ ۸:۶؛ ۱:۵۴]

उस दिन सच्चा राज्य ईश्वर ही का होगा और वह दिन नास्तिकों पर कठिन होगा यह वह दिन होगा जब अन्यायी (दुख व क्रोध में) अपना हाथ चबाएगा और कहेगा यदि मैं ने रसूल के साथ मार्ग स्वीकार किया होता (27) {39:71, 42:13, 44:13, 68:8}

اس دن سچی بادشاہی اللہ ہی کی ہوگی اور وہ دن کافروں پر مشکل ہوگا (۲۶)
یہ وہ دن ہوگا جب ظالم (غم وغصہ میں) اپنا ہاتھ چبائے گا اور کہے گا کاش میں نے رسول کے ساتھ رستہ اختیار کیا ہوتا (۲۷) [۷۱:۳۹؛ ۱۳:۴۲؛ ۱۳:۴۴؛ ۸:۶۸]

हाय दुर्भाग्य यदि मैंने अमुक व्यक्ति को मित्र न बनाया होता (28)

ہائے کم بختی کاش میں نے فلاں شخص کو دوست نہ بنایا ہوتا (۲۸)

उसने मुझे पुस्तक मेरे पास आने के बाद बहका दिया और शैतान इन्सान को समय पर विश्वासघात करने वाला है (29)

اس نے مجھے کتاب میرے پاس آنے کے بعد بہکا دیا اور شیطان انسان کو وقت پر دغا دینے والا ہے (۲۹)

उस रोज रसूल कहेंगे कि ऐ रब मेरी जाति ने इस कुरआन को अपने मिथ्या विश्वासों का पाबन्द बना रखा था छोड़ रखा था और एक प्रकार से झाड़फूक का मंतर बना रखा था (30)

اس روز رسول کہیں گے کہ اے رب میری قوم نے اس قرآن کو اپنے غلط عقیدوں کا پابند بنا رکھا تھا چھوڑ رکھا تھا اور ایک طرح سے جھاڑ پھونک کا منتر بنا رکھا تھا (۳۰)

नोट- कुरआन को छोड़ने का अर्थ यह है कि कुरआन को समझ कर

نوٹ:۔ قرآن کو چھوڑنے کا مطلب یہ ہے کہ قرآن کو سمجھ کر نہ پڑھنا اور اگر سمجھا تو

न पढ़ना और यदि समझा तो उस पर कर्म न करना, आज कल मुसलमानों ने लगभग कुरआन को छोड़ दिया है, कुरआन को चूमते है लपेट कर वेष्टन में रखते है अच्छी ध्वनी स्वर के साथ झूम झाम कर पढ़ते है, परन्तु किसी के मन में यह बात नही उतरती कि कुरआन में क्या है इस पर व्यवहार करें, कुरआन पर व्यवहार न करने से ही मुसलमानों में दल है इन दलों के कारण से इनका प्रमुत्व समाप्त हो गया और अपमानित हो गया,

اس پر عمل نہ کرنا. آج کل مسلمانوں نے قرآن کو تقریباً چھوڑ دیا ہے. قرآن کو چومتے ہیں لپیٹ کر جز دان میں رکھتے ہیں قرآت کے ساتھ جھوم جھوم کر پڑھتے ہیں لیکن کسی کے دل میں یہ بات نہیں اترتی کہ قرآن میں کیا ہے اس پر عمل کریں. قرآن پر عمل نہ کرنے سے ہی مسلمانوں میں فرقے ہیں ان فرقوں کی وجہ سے ان کی ہوا اکھڑ گئی اور ذلیل ہو گیا.

और इसी प्रकार हमारे नियम ने दुराचारीयों में से हर रसूल का शत्रु बना दिया (जिस प्रकार यह तुम्हारे शत्रु हैं) और तुम्हारा रब मार्ग दर्शन देने और सहायता करने को प्रयाप्त है (31)

اور اسی طرح ہمارے قانون نے گنہگاروں میں سے ہر رسول کا دشمن بنا دیا (جس طرح یہ تمہارے دشمن ہیں) اور تمہارا رب ہدایت دینے اور مدد کرنے کو کافی ہے (۳۱)

और नास्तिक कहते है कि इस पर कुरआन एक बार सारा क्यों नही उतारा गय (वह लोग क्या जाने कि हमने इसे शनैः शनैः क्यों उतारा?) इसलिए कि इससे तुम्हारे ह्रदय को स्थिर रखे अर्थात इसके लेखों को आप याद करते रहें और इस कारण से हम इसको थोड़ा थोड़ा ठेहर ठेहर कर उतारते है (पढ़ते हैं) (32) {20:114}

اور کافر کہتے ہیں کہ اس پر قرآن ایک ہی دفعہ سارا کیوں نہیں اتارا گیا (وہ لوگ کیا جانیں کہ ہم نے اسے آہستہ آہستہ کیوں اتارا؟) اس لئے کہ اس سے تمہارے دل کو قائم رکھیں یعنی اس کے مضامین کو آپ ذہن نشین کرتے رہیں اور اس وجہ سے ہم اس کو تھوڑا تھوڑا ٹھہر ٹھہر کر اتارتے ہیں (پڑھتے ہیں) (۳۲) [۲۰:۱۱۴؛۷۵:۱۶؛۷۳:۴؛۲۰:۱۱۴]

और लोग आपके पास इस पुस्तक के समान नही लाएंगे, निःसंदेह हम ही है जो आपके पास अपना सत्य (कुरआन भी) लाते है और इसकी अच्छी व्याख्या भी लाते है (और यह कुरआन सम्मान वाला प्रकृतिक पुस्तक की व्याख्या है) (33) {3:3, 16:3}

<u>اور لوگ آپ کے پاس اس کتاب کی مثل نہیں لائیں گے یقیناً ہم ہی ہیں جو آپ کے پاس اپنا حق (قرآن بھی) لاتے ہیں اور اس کی احسن تفسیر بھی لاتے ہیں (اور یہ قرآن مجید صحیفہ فطرت کی تفسیر ہے) (۳۳) [۳:۳؛۱۶:۳]</u>

जो लोग अपने मुखों के बल नर्क की ओर एकत्र किए जाएंगे उनका ठिकाना भी बुरा है और वह मार्ग से भी भटके हुए है (34)

جو لوگ اپنے مونہوں کے بل دوزخ کی طرف جمع کئے جائیں گے ان کا ٹھکانا بھی بُرا ہے اور وہ رستے سے بھی بھٹکے ہوئے ہیں (۳۴)

और हमने मूसा को पुस्तक दी और उनके भाई हारून को सहायक बना कर उनके साथ मिला दिया (35)

اور ہم نے موسیٰ کو کتاب دی اور ان کے بھائی ہارون کو مدد گار بنا کر ان کے ساتھ ملا دیا (۳۵)

कि हमने उन दोनों से कहा उस जाति की ओर जाओ जिसने हमारी आयातों को झुट्लाया है (परन्तु उस जाति ने उनकी बात न मानी) तो हमारे नियम ने उन्हें नष्ट कर दिया (36)

پھر ہم نے ان دونوں سے کہا اس قوم کی طرف جاؤ جس نے ہماری آیتوں کو جھٹلایا ہے (لیکن اس قوم نے ان کی بات نہ مانی) تو ہمارے قانون نے انہیں تباہ برباد کر دیا (۳۶)

और नूह की जाति ने भी जब रसूलों को झुट्लाया तो हमने उन्हें तल्लीन कर दिया और लोगों के लिए चिन्ह बना दिया और अत्याचारीयों के लिए हम ने दुख देने वाला कष्ट तैयार कर रखा है(37)

اور نوح کی قوم نے بھی جب رسولوں کو جھٹلایا تو ہم نے انہیں غرق کر دیا اور لوگوں کے لئے نشانی بنا دیا. اور ظالموں کے لئے ہم نے دکھ دینے والا عذاب تیار کر رکھا ہے (۳۷)

और इसी प्रकार हमने जाति आद व समूद और वन वालों और बीच के काल के बहुत से दलों को भी वध कर डाला (38)

اور اسی طرح ہم نے قوم عاد و ثمود اور اصحاب الرس اور درمیانی زمانے کی بہت سی جماعتوں کو بھی ہلاک کر ڈالا (۳۸)

और सबके समझाने के लिए हमने उपमाएं वर्णन की और (न मानने पर) सबको नष्ट कर दिया(39)

اور سب کے سمجھانے کے لئے ہم نے مثالیں بیان کیں اور (نہ ماننے پر) سب کو برباد کر دیا (۳۹)

और उस बस्ती पर तो वह नास्तिक चलते ही रहते जिन पर निकृष्टतम वर्षा बरसाई गई थी क्या वह उस को देखते न होंगे अपितु उनको तो (मरने के बाद) जी उठने की आशा ही नही (40)

اور اس بستی پر تو وہ کافر گزرتے ہی رہتے ہیں جن پر بدترین مینہ برسایا گیا تھا کیا وہ اس کو دیکھتے نہ ہوں گے بلکہ ان کو تو (مرنے کے بعد) جی اٹھنے کی امید ہی نہیں (۴۰)

(ऐ मुहम्मद स0!) वह लोग तुम्हें देखते है तो आपका उपहास उड़ाते है (और कहते हैं) क्या यही व व्यक्ति है जिसे ईश्वर ने रसूल बना कर भेजा है (41)

(اے محمدؐ!) وہ لوگ تمہیں جب دیکھتے ہیں تو آپ کا مذاق اڑاتے ہیں (اور کہتے ہیں) کیا یہی وہ شخص ہے جسے اللہ نے رسول بنا کر بھیجا ہے (۴۱)

यदि हम अपने देवताओ की पूजा पर जमे न रहते

اگر ہم اپنے معبودوں کی پوجا پر جمے نہ رہتے تو اس نے تو

तो इसने तो हमें पथ भ्रष्ट करके महका दिया होता और उन से फैर देता, और वह निकट ही देख लेंगे जब कष्ट देखेंगे कि सीधे मार्ग से कौन भटका हुआ था (42)

ہمیں گمراہ کر کے بہکا دیا ہوتا اور ان سے پھیر دیتا اور وہ عن قریب معلوم کر لیں گے جب عذاب دیکھیں گے کہ سیدھے رستے سے کون بھٹکا ہوا تھا (۴۲)

क्या आपने उस व्यक्ति को देखा जिसने अपनी इच्छा को देवता बना रखा है तो क्या आप उस पर रक्षक हो सकते हैं? (43)

کیا آپ نے اس شخص کو دیکھا جس نے خواہش نفس کو معبود بنا رکھا ہے تو کیا آپ اس پر نگہبان ہو سکتے ہیں؟ (۴۳)

या आप यह विचार करते हो कि उनमें से अधिकांश सुनेंगे या समझेंगे (तो सुनो) वह तो चौपायों की भांति हैं अपितु उनसे भी अधिक मूर्ख (44)

یا آپ یہ خیال کرتے ہو کہ ان میں سے اکثر سنیں گے یا سمجھیں گے (تو سنو) وہ تو چوپاؤں کی طرح کے ہیں بلکہ ان سے بھی زیادہ بے عقل (۴۴)

क्या आपने इस बात पर विचार नहीं किया कि आपका रब किस प्रकार पृथ्वी पर साया फैला देता है यदि वह चाहता तो उसे (एक ही स्थिति में) ठहराए रखता (और सदैव रात या दिन और वह भी ऐसा कि सूरज एक स्थान पर ही रहता परन्तु यह उसकी दया है कि) वह सूर्य को (धूप और साया का) मार्ग दर्शक बना देता है (45)

کیا آپ نے اس بات پر غور نہیں کیا کہ آپ کا رب کس طرح زمین پر سایہ پھیلا دیتا ہے اگر وہ چاہتا تو اسے (ایک ہی حالت میں) ٹھہرائے رکھتا (اور ہمیشہ رات یا دن اور وہ بھی ایسا کہ سورج ایک جگہ ہی رہتا لیکن یہ اس کا کرم ہے کہ) وہ سورج کو (دھوپ اور سایہ کا) رہنما بنا دیتا ہے (۴۵)

फिर हम उसको शनैः शनैः अपने नियमानुसार अपनी ओर समेट लेते हैं (46)

پھر ہم اس کو آہستہ آہستہ اپنے قانون کے مطابق اپنی طرف سمیٹ لیتے ہیں (۴۶)

और वही तो है जिसने रात को तुम्हारे लिए आवरण और निद्रा को विश्राम बनाया और दिन को उठ खड़े होने का समय बनाया (47)

اور وہی تو ہے جس نے رات کو تمہارے لئے پردہ اور نیند کو آرام بنایا اور دن کو اٹھ کھڑے ہونے کا وقت بنایا (۴۷)

और वही तो है जो अपनी कृपा की वर्षा के आगे हवाओं को शुभ सूचना बनाकर भेजता है और हम आकाश से पानी बरसाते हैं (48)

اور وہی تو ہے جو اپنی رحمت کے مینہ کے آگے ہواؤں کو خوشخبری بنا کر بھیجتا ہے اور ہم آسمان سے پاک پانی برساتے ہیں (۴۸)

ताकि उसके द्वारा मृत नगर (अर्थात भूमि को) को जीवित कर दें और फिर हम उसे बहुत से चौपायों और आदमियों को जो हमने पैदा किए हैं पिलाते हैं (49)

تاکہ اس کے ذریعہ سے مردہ شہر (یعنی زمین کو) کو زندہ کر دیں اور پھر ہم اسے بہت سے چوپاؤں اور آدمیوں کو جو ہم نے پیدا کیے ہیں پلاتے ہیں (۴۹)

और हमने इस (कुरआन की आयतों) को भांति भांति से लोगों में वर्णन किया ताकि शिक्षा प्राप्त करें परन्तु बहुत से लोगों ने इसे स्वीकार न किया (50)

اور ہم نے اس (قرآن کی آیتوں) کو طرح طرح سے لوگوں میں بیان کیا تاکہ نصیحت پکڑیں مگر بہت سے لوگوں نے اسے قبول نہ کیا (۵۰)

और यदि हम चाहते तो हर बस्ती में डराने वाला रसूल भेज देते (परन्तु वह तब भी विश्वास न लाते) (51)

اور اگر ہم چاہتے تو ہر بستی میں ڈرانے والا رسول بھیج دیتے (مگر وہ تب بھی ایمان نہ لاتے) (۵۱)

और तुम उन नास्तिकों की बात कदापि न मानो और इस कुरआन के द्वारा पूरी शक्ति से उनका सामना करो (अर्थात प्रयास करो) (52)

اور تم ان کافروں کی بات ہرگز نہ مانو اور اس قرآن کے ذریعہ پوری قوت سے ان کا مقابلہ کرو یعنی جدوجہد کرو (۵۲)

और वही तो है जिसने दो दरयाओं को मिला दिया एक (का पानी) मीठा तृप्ति देने वाला दूसरे का (का पानी) खारी कटु और दोनों के मध्य एक ओट बाधक है एक ऐसी ओट जो एक दूसरे को मिलने नहीं देती (53) {20:22; 27:61; 55:19; 25:23}

اور وہی تو ہے جس نے دو دریاؤں کو ملا دیا ایک (کا پانی) شیریں تسکین بخش دوسرے (کا پانی) کا کھاری تلخ اور دونوں کے درمیان ایک پردہ حائل ہے ایک ایسی اوٹ جو ایک دوسرے کو ملنے نہیں دیتی (۵۳) [۲۰:۲۲؛ ۲۷:۶۱؛ ۵۵:۱۹؛ ۲۵:۲۳]

और वही तो है जिसने पानी वीर्य से व्यक्ति को उत्पन्न किया फिर उससे दो अलग क्रम चलाए अर्थात गोत्र और सुसराली नातों वाला कर दिया, आपका रब बड़ा ही शक्ति वाला है (54)

اور وہی تو ہے جس نے پانی نطفہ سے آدمی کو پیدا کیا پھر اس سے دو الگ سلسلے چلائے یعنی نسب والا اور سسرالی رشتوں والا کر دیا آپ کا رب بڑا ہی قدرت والا ہے (۵۴)

और वह लोग ईश्वर को छोड़कर ऐसी वस्तु की पूजा करते हैं कि जो न उनको लाभ पहुंचा सके और न हानि और नास्तिक अपने रब के विरोध में बड़ा बल लगाते हैं (55)

اور وہ لوگ اللہ کو چھوڑ کر ایسی چیز کی پوجا کرتے ہیں کہ جو نہ ان کو فائدہ پہنچا سکے اور نہ نقصان اور کافر اپنے رب کی مخالفت میں بڑا زور مارتا ہے (۵۵)

और हमने (ऐ मुहम्मद स0) आपको केवल हर्ष और कष्ट की सूचना सुनाने को भेजा है (56)

اور ہم نے (اے محمدؐ) آپ کو صرف خوشی اور عذاب کی خبر سنانے کو بھیجا ہے(۵۶)

इनसे कह दो कि मैं इस कार्य पर तुम से कोई पारिश्रमिक नहीं मांगता (यदि इसका कोई पारिश्रमिक है तो बस यह है कि) जिस व्यक्ति का जी चाहे (कुरआन के द्वारा) अपने स्वामी तक पहुंचने का मार्ग गृहण करले (57) {42:23}

ان سے کہدو میں اس کام پر تم سے کوئی اجرت نہیں مانگتا (اگر اس کی کوئی اجرت ہے تو بس یہ ہے کہ) جس شخص کا جی چاہے (قرآن کے ذریعہ) اپنے رب تک پہنچنے کا راستہ اختیار کر لے(۵۷) [۴۲:۲۳]

(ऐ मुहम्मद स0) उस ईश्वर पर (अर्थात मुझ पर) भरोसा रखो जो सदैव जीवित रहने वाला है और कभी मरने वाला नहीं और उसकी स्तुति व सराहना के साथ उसकी पवित्रता वर्णन करो और वह अपने बन्दों के पापों से सूचना रखने को प्रयाप्त है (58)

(اے محمدؐ) اس اللہ پر (یعنی مجھ پر) بھروسہ رکھو جو ہمیشہ زندہ رہنے والا ہے اور کبھی مرنے والا نہیں اور اس کی حمد وثنا کے ساتھ اس کی پاکی بیان کرو اور وہ اپنے بندوں کے گناہوں کی خبر رکھنے کو کافی ہے(۵۸)

कहो (वह ईश्वर) जिसने आकाशों और पृथ्वी को और जो कुछ इन दोनों के मध्य है छ दिनों (अर्थात छ चरणों) में पैदा किया फिर सिंहासन पर जा ठहरा (अर्थात राज्य उसी का है) वह सबसे बड़ा दया करने वाला है उसकी महिमा किसी जानने वाले व्यक्ति से पूछो (59)

کہو (وہ اللہ) جس نے آسمانوں اور زمین کو اور جو کچھ ان دونوں کے درمیان ہے چھ دنوں (یعنی چھ دوروں) میں پیدا کیا پھر عرش پر جا ٹھہرا (یعنی بادشاہی اس کی ہے) وہ سب سے بڑا رحم کرنے والا ہے اس کی شان کسی باخبر آدمی سے پوچھو(۵۹)

और जब उन (नास्तिकों) से कहा जाता है कि रहमान को सजदा करो (अर्थात उसके आज्ञाकारी रहो) तो कहते हैं रहमान है क्या? क्या जिसके लिए तुम हमसे कहते हो हम उसके आगे सजदा करें (अर्थात उसकी मान लें) इस उपदेश से वह और अधिक घृणक हो गए (60)

اور جب ان (کفار) سے کہا جاتا ہے کہ رحمٰن کو سجدہ کرو (یعنی اس کے فرمانبردار رہو) تو کہتے ہیں رحمان ہے کیا؟ کیا جس کے لئے تم ہم سے کہتے ہو ہم اس کے آگے سجدہ کریں (یعنی اس کی مان لیں) اس نصیحت سے وہ اور زیادہ متنفر ہو گئے(۶۰)

और ईश्वर बड़ी सम्पन्नता वाला है जिसने आकाशों में चमकते नक्षत्र बनाए और उसी में (सूर्य दीप्त) दीपक और चमकता हुआ चन्द्रमा भी बनाया (61)

اور اللہ بڑی برکت والا ہے جس نے آسمانوں میں چمکتے ستارے بنائے اور اسی میں (آفتاب روشن) چراغ اور چمکتا ہوا چاند بھی بنایا(۶۱)

और यह भी कहो वही तो है जिसने रात्रि और दिन को एक दूसरे का उत्तराधिकारी बनाया (यह बातें उसी व्यक्ति को लाभ पहुंचा सकती हैं) जो इनमें विचार करन चाहे या आज्ञाकारी बनने का विचार हो (62)

اور یہ بھی کہو وہی تو ہے جس نے رات اور دن کو ایک دوسرے کا جانشین بنایا (یہ باتیں اسی شخص کو فائدہ پہنچا سکتی ہیں) جو ان میں غور کرنا چاہے یا فرمانبردار بننے کا ارادہ ہو(۶۲)

और रहमान के बन्दे तो वह हैं जो धरती पर नम्र चाल चलते हैं और जब मूर्ख लोग उनसे (मूर्खता की) बात करते हैं तो वह यह (विवाद नहीं करते उनसे) कहते हैं तुमको हमारा सलाम (63)

اور رحمٰن کے بندے تو وہ ہیں جو زمین پر نرم چال چلتے ہیں اور جب جاہل لوگ ان سے (جاہلانہ) بات کرتے ہیں تو وہ یہ (بحث نہیں کرتے ان سے) کہتے ہیں تم کو ہمارا سلام(۶۳)

और जो अपने ईश्वर के आगे सजदे और खड़े होकर रातें निर्वाह करते हैं (64)

اور جو اپنے پروردگار کے آگے سجدے اور قیام میں راتیں بسر کرتے ہیں(۶۴)

जो प्रार्थना करते रहते हैं कि ऐ रब नर्क के कष्ट को हमसे दूर रख कि उसका कष्ट तो बड़ी पीड़ा की वस्तु है (65)

اور جو دعا مانگتے رہتے ہیں کہ اے رب دوزخ کے عذاب کو ہم سے دور رکھ کہ اس کا عذاب تو بڑی تکلیف کی چیز ہے(۶۵)

और वह ठहरने और रहने की बहुत बुरी जगह है (66)

اور وہ ٹھہرنے اور رہنے کو بہت بُری جگہ ہے(۶۶)

और वह जब व्यय करते हैं तो न अनुचित उड़ाएंगे और न तंगी करेंगे अपितु संतुलन से दोनों के मध्य काम लेते हैं (67)

اور وہ جب خرچ کریں گے تو نہ بیجا اڑائیں گے اور نہ تنگی کریں گے بلکہ اعتدال سے دونوں کے درمیان کام لیتے ہیں(۶۷)

और जो ईश्वर के साथ किसी और पूज्य को नहीं पुकारेंगे और जिस जीव को मार डालना उसने अवैध किया है उसको वध नहीं करते परन्तु (धर्म शास्त्र के आदेशानुसार) वैध विधि से और वह जिना (दुष्कर्म) नहीं करते और जो व्यक्ति यह कर्म करेगा कठोर पाप में ग्रस्त होगा (68)

اور جو اللہ کے ساتھ کسی اور معبود کو نہیں پکاریں گے اور جس جاندار کو مار ڈالنا اس نے حرام کیا ہے اس کو قتل نہیں کرتے مگر (شریعت کے حکم کے مطابق) جائز طریقے سے اور وہ زنا (بدکاری) نہیں کرتے اور جو شخص یہ کام کرے گا سخت گناہ میں مبتلا ہوگا(۶۸)

महा प्रलय के दिन उसको दूना कष्ट होगा और हीनता और अपमान से सदैव उसमें रहेगा (69)

قیامت کے دن اس کو دونا عذاب ہوگا اور ذلت وخواری سے ہمیشہ اس میں رہےگا(۶۹)

परन्तु हां जिसने पश्चाताप किया और विश्वास लाया अच्छे कर्म किये तो ऐसे लोगों के पापों को ईश्वर सत्कर्मों से बदल देगा और ईश्वर तो क्षमा करने वाला कृपालु है (70)

مگر ہاں جس نے توبہ کی اور ایمان لایا اوراچھے کام کیے تو ایسے لوگوں کے گناہوں کو اللہ نیکیوں سے بدل دے گا اور اللہ تو بخشنے والا مہربان ہے(۷۰)

और जो व्यक्ति पाप करने से पश्चाताप कर लेता है और शुभ कर्म करने लगता है तो वह ईश्वर की ओर वास्तव में पलट आता है (71)

اور جو شخص گناہ کرنے سے توبہ کر لیتا ہے اور نیک کام کرنے لگتا ہے تو وہ اللہ کی طرف حقیقت میں پلٹ آتا ہے(۷۱)

और (ईश्वर के सदाचारी बन्दे वह हैं) जो झूठी साक्ष्य नही देते और जब व्यर्थ और अशिष्ट बातों पर उनका गमन होता है तो (उधर से) शिष्टाचार से चले जाते हैं (72)

اور (اللہ کے نیک بندے وہ ہیں) جو جھوٹی گواہی نہیں دیں گے اور جب لغو اور بےہودہ باتوں پر ان کا گزرہوتا ہےتو (اُدھر سے) شریفانہ انداز سے گزرجاتے ہیں(۷۲)

और उन्हें जब उनके ईश्वर के आदेश सुनाए जाते हैं तो उन पर बहरे अन्धे होकर नही गिरते अपितु ध्यान से सुनते हैं (73)

اورانہیں جب ان کے رب کے احکام سنائے جاتے ہیں تو ان پر بہرے اندھے ہوکر نہیں گرتے بلکہ غور سے سنتے ہیں(۷۳)

(ईश्वर के सदाचारी बन्दे तो वह हैं) जो प्रार्थना करते हैं ऐ हमारे रब! हमको हमारी पत्नीयों की ओर से (हृदय का चैन) और सन्तान की ओर से आंख की ठंडक प्रदान कर और हमें सदाचारियों का पेशवा बना (74)

(اللہ کے نیک بندےتو وہ ہیں) جو دعائیں مانگا کرتے ہیں اے ہمارے رب! ہم کو ہماری بیویوں کی طرف سے (دل کا چین اور اولاد کی طرف سے آنکھ کی ٹھنڈک عطا فرما اورہمیں پرہیزگاروں کا امام بنا(۷۴)

वही लोग है जिनको उनके धैर्य के बदले ऊंचे और भव्य भवन दिए जाऐंगे और वहां फरिश्ते दुआ और सलाम से उनका स्वागत करेंगे (75)

وہی لوگ ہیں جن کو ان کے صبر کے بدلے اونچے اور شاندار محل دیے جائیں گے اور وہاں فرشتے دعا اور سلام سے ان کا استقبال کریں گے(۷۵)

वहां वह सदैव रहेंगे क्या ही अच्छा है वह रहने का स्थान और कितना उत्तम है वह स्थान (76)

وہاں وہ ہمیشہ رہیں گے کیا ہی اچھی ہے وہ قیام گاہ اور کتنی عمدہ ہے وہ جگہ(۷۶)

(ऐ मुहम्मद स० उनसे कहो) यदि तुम (औरों के पीछे पड़कर मेरे ईश्वर को नही पुकारते तो उसे भी तुम्हारी चिन्ता नही, जब कि तुम उसे झुटला चुके हो तो उसका दण्ड भी ऐसा ही पाओगे कि उससे छुटकारा न पा सकोगे (77)

(اے محمدؐ ان سے کہو) اگر تم (اوروں کے پیچھے پڑکر) میرے پروردگار کو نہیں پکارتے تو اسے بھی تمہاری پروا نہیں جب کہ تم اسے جھٹلا چکے ہو تو اس کی سزا بھی ایسی پاؤ گے کہ اس سے چھٹکارا نہ پا سکو گے(۷۷)

सूरतुश्शोरा (26) मक्की

سورت الشعراء (۲۶) مکی

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

तासीम मीम, ऐ मुहम्मद स० (1) यह पुस्तक उज्ज्वल की आयतें हैं (इन्हें हर आदमी समझ सकता है) (2)

طٰسٓمٓ اے محمدؐ(۱) یہ کتاب روشن کی آیتیں ہیں (انہیں ہر آدمی سمجھ سکتا ہے)(۲)

(ऐ मुहम्मद स0) कदाचित आप इस शोक में अपनी जान खो दोगे कि वह लोग विश्वास नही लाते (3)

(اے محمدؐ) شاید آپ اس غم میں اپنی جان کھودو گے کہ وہ لوگ ایمان نہیں لاتے(۳)

यदि हम चाहें तो उन पर आकाश से ऐसा चमत्कार उतार दें कि उनकी गर्दनें उसके आगे झुक जाऐं (परन्तु यह अन्याय हुआ हम अत्याचार नही करते सबको स्वतंत्रता है) (4)

اگر ہم چاہیں تو ان پر آسمان سے ایسا معجزہ اتار دیں کہ ان کی گردنیں اس کے آگے جھک جائیں (لیکن یہ زبردستی ہوئی ہم زبردستی نہیں کرتے سب کو آزادی ہے)(۴)

(उनकी हठधर्मि की यह दशा है कि) उनके पास ईश्वर की ओर से जो भी नई शिक्षा आती है निःसन्देह वह उससे मुख फेर लेते है (5)

(ان کی ہٹ دھرمی کا یہ عالم ہے کہ)ان کے پاس اللہ کی طرف سے جو بھی نئی نصیحت آتی ہے یقیناً وہ اس سے منہ پھیر لیتے ہیں(۵)

अब जबकि वह झुटला चुके है (अतः) अब उनको उस वस्तु की वास्तविकता ज्ञात हो जाएगी जिसका वह उपहास उड़ाते थे (6)

اب جب کہ وہ جھٹلا چکے ہیں(اس لئے)اب ان کو اس چیز کی حقیقت معلوم ہو جائے گی جس کی وہ ہنسی اُڑاتے تھے(۶)

क्या उन्होंने पृथ्वी की ओर नही देखा कि हमने उसमें हर प्रकार के रूचिकर जोड़े उगाए हैं (7)
निःसन्देह इसमें (ईश्वर की प्रभुता का) चिन्ह है परन्तु वह अधिकांश विश्वास लाने वाले नही हैं (8)
और तुम्हारा ईश्वर प्रभुत्वशाली और कृपालु है (9)
और जब तुम्हारे रब ने मूसा को पुकारा कि अन्यायी जाति के पास जा (10)
(अर्थात) फ़िरऔन की जाति के पास क्या वह डरते नही (11)
मूसा अ0 ने कहा कि मेरे रब मैं डरता हूं कि वह मुझे झुठला दें (12)
(और मैं समझता हूँ) और मेरा हृदय घबराता है और मेरे भाषण में मुझे कम प्रभाव जान पड़ता है (अतः) तू हारून को आदेश भेज (कि वह मेरे साथ चले) (13)
और उन लोगों की ओर से मुझ पर एक जुर्म (का आदेश) है मुझे भय है कही वह मुझे मार न डाले (14)
(ईश्वर ने कहा ऐसा कदापि नही हो सकता तुम दोनों हमारे चिन्ह लेकर जाओ हम तुम्हारे साथ सुनने वाले देखने वाले और रक्षक हैं (15)
तुम दोनों फ़िरऔन के पास जाओ और कहो कि हम सम्पूर्ण संसार के स्वामी के भेजे हुए हैं (16)
(और इसलिए आए हैं) कि तू बनी इसराईल को हमारे साथ जाने की अनुमति दे (17)
(फ़िरऔन ने मूसा से) कहा क्या हमने तुम को पालन पोषण नही किया जब तुम बच्चे थे और तुमने बरसों हमारे यहां आयू का निर्वाह नहीं किया (18)
और तुमने एक और काम किया था जो क्या तुम अवज्ञाकारी ज्ञात होते हो (19)
मूसा ने कहा (हां) वह कर्म मुझ से अचानक हो गया था और वह मेरी भूल थी (20) {28:15}
फिर मैं तुम्हारे पास से तुम्हारे भय के कारण भाग निकला फिर मेरे स्वामी ने मुझे आदेश (अर्थात ईशदौत्य) का पद प्रदान किया और रसूलों में सम्मिलित कर लिया (21)
और क्या तेरा यही उपकार है जो तू मुझ पर रख रहा है कि तूने बनी इसराईल को दास बना रखा है? (22)
फ़िरऔन ने कहा कि सम्पूर्ण संसार का स्वामी कौन है? (23)
मूसा ने कहा (वही जो) आकाशों और पृथ्वी का स्वामी है और उन सम्पूर्ण वस्तुओं का स्वामी है जो उनके मध्य है यदि तुम विश्वास करो (24)
फ़िरऔन ने अपने पास वाले लोगों से कहा कि क्या तुम सुनते नही (25)
मूसा ने कहा (और) तेरा और तेरे पूर्वजों का (भी

کیا انہوں نے زمین کی طرف نہیں دیکھا کہ ہم نے اس میں ہر قسم کے نفیس جوڑے اگائے ہیں (۷)
بے شک اس میں (اللہ کی قدرت کی) نشانی ہے مگر وہ اکثر ایمان لانے والے نہیں ہیں (۸)
اور تمہارا پروردگار غالب اور مہربان ہے (۹)
اور جب تمہارے رب نے موسیٰ کو پکارا کہ ظالم قوم کے پاس جا (۱۰)
(یعنی) فرعون کی قوم کے پاس کیا وہ ڈرتے نہیں (۱۱)
موسیٰ نے کہا کہ میرے رب میں ڈرتا ہوں کہ وہ مجھے جھٹلا دیں (۱۲)
(اور میں سمجھتا ہوں) اور میرا دل گھبراتا ہے اور میری تقریر میں مجھے کم اثر معلوم ہوتا ہے (اس لئے) تو ہارون کو حکم بھیج (کہ میرے ساتھ چلیں) (۱۳)
اور ان لوگوں کی طرف سے مجھ پر ایک جرم (کا الزام) ہے مجھے ڈر ہے کہیں وہ لوگ مجھے مار نہ ڈالیں (۱۴)
اللہ نے فرمایا ایسا ہرگز نہیں ہوسکتا تم دونوں ہماری نشانیاں لے کر جاؤ ہم تمہارے ساتھ سننے والے دیکھنے والے اور محافظ ہیں (۱۵)
تم دونوں فرعون کے پاس جاؤ اور کہو کہ ہم تمام جہان کے مالک کے بھیجے ہوئے ہیں (۱۶)
(اور اس لئے آئے ہیں) کہ تو بنی اسرائیل کو ہمارے ساتھ جانے کی اجازت دے (۱۷)
(فرعون نے موسیٰ سے) کہا کیا ہم نے تم کو پرورش نہیں کیا جب تم بچے تھے اور تم نے برسوں ہمارے یہاں عمر بسر نہیں کی (۱۸)
اور تم نے ایک اور کام کیا تھا جو کیا تم ناشکرے معلوم ہوتے ہو (۱۹)
موسیٰ نے کہا (ہاں) وہ حرکت مجھ سے اچانک ہوگئی تھی اور وہ میری بھول تھی (۲۰) [۲۸:۱۵]
پھر میں تمہارے پاس سے تمہارے خوف کی وجہ سے بھاگ نکلا پھر میرے رب نے مجھے حکم (یعنی نبوت) کا منصب عطا کیا اور رسولوں میں شامل کرلیا (۲۱)
اور کیا تیرا یہی احسان ہے جو تو مجھ پر رکھ رہا ہے کہ تو نے بنی اسرائیل کو غلام بنا رکھا ہے؟ (۲۲)
فرعون نے کہا کہ تمام جہاں کا مالک کون ہے؟ (۲۳)
موسیٰ نے کہا (وہی جو) آسمانوں اور زمین کا مالک ہے اور ان تمام چیزوں کا مالک ہے جو ان کے درمیان ہے اگر تم یقین کرو (۲۴)
فرعون نے اپنے گردوپیش کے لوگوں سے کہا کہ کیا تم سنتے نہیں (۲۵)
موسیٰ نے کہا (اور) تیرا اور تیرے آباؤاجداد کا (بھی وہی)

वही) स्वामी है (26)
(फ़िरऔन ने) कहा कि यह रसूल जो तुम्हारी ओर भेजा गया है बावला है (27)
मूसा ने कहा (यही नही अपितु) पूर्व व पश्चिम और जो कुछ उन दोनों के मध्य है सबका स्वामी है यदि तुम को समझ हो (28)
फ़िरऔन ने (क्रोध में आकर) कहा यदि तूने मेरे अतिरिक्त किसी और को देवता माना तो तुझे बन्दी कर दूंगा (29) यही मेरा नियम है {26:49}
मूसा ने कहा यदि मैं (अपनी सच्चाई का) खुला चिन्ह प्रस्तुत करूं (तब भी) (30)
फ़िरऔन ने कहा यदि सच्चा है तो लाओ दिखाओ (31)
(यह सुनकर) मूसा ने अपनी लाठी (पृथ्वी पर) डाल दी वह देखते ही देखते पूरा अजगर बन गई (32)
फिर अपना हाथ निकाला तो वह देखने वालों के सामने सफ़ेद चमक रहा था (33)
फ़िरऔन ने अपने पास के सरदारों से कहा यह तो बड़ा ज्ञाता जादूगर है (34)
यह चाहता है कि तुम को अपने जादू के बल से तुम्हारे देश से निकाल दे तो तुम्हारा क्या विचार है? (35)
सरदारों ने कहा इसे और इसके भाई को रोक लो और नगरों में हरकारे भेज दो (36)
ताकि दक्ष जादूगरों को आपके पास ले आएं (37)
फिर एक निश्चित दिन के वचन पर सब दक्ष जादूगर संग्रह किये गये (38)
और लोगों में घोषणा कर दी कि सब लोग सभा में एकत्र हो जाएं (39)
ताकि यदि जादूगर अधिपति रहें तो हम उनका अनुकरण करें (40)
जब जादूगर आ गए तो फ़िरऔन से कहने लगे यदि हम अधिपति रहे तो हमें पुरस्कार भी मिलेगा (41)
फ़िरऔन ने कहा हां और तुम मुख्य दरबारियों में प्रविष्ट कर लिए जाओगे (42)
मूसा ने कहा उनसे जो वस्तु डालनी चाहते हो डालो (43)
तो उन्होंने अपनी रस्सीयां और लाठियां फैंकी और बोले फ़िरऔन के प्रताप से हम निःसन्देह अधिपति रहेंगे (44)
फिर मूसा ने अपनी लाठी डाली तो वह उन वस्तुओं को जो जादूगरों ने बनाई थी निगलने लगी (45)
यह देखते ही जादूगर सजदे में गिर गए (46)
और उन्होंने कहा कि हम तो ईश्वर संसार के रब का विश्वास लाए (47)
जो मूसा और हारून का रब है (48)

مالک ہے(۲۶)
(فرعون نے) کہا کہ یہ رسول جو تمہاری طرف بھیجا گیا ہے باؤلا ہے(۲۷)
موسیٰ نے کہا(یہی نہیں بلکہ) مشرق ومغرب اور جو کچھ ان دونوں کے درمیان میں ہے سب کا مالک ہے اگر تم کو سمجھ ہو(۲۸)
فرعون نے (غصہ میں آکر) کہا اگر تو نے میرے سوا کسی اور کو معبود مانا تو تجھے قید کردوں گا(۲۹) یہی میرا قانون ہے[۲۶:۴۹]
موسیٰ نے کہا اگر میں (اپنی صداقت کی) کھلی نشانی پیش کروں (تب بھی)(۳۰)
فرعون نے کہا اگر سچا ہے تو لاؤ دکھاؤ(۳۱)
(یہ سن کر) موسیٰ نے اپنا عصا (زمین پر) ڈال دیا وہ دیکھتے ہی دیکھتے پورا اژدہا بن گیا(۳۲)
(پھر اپنا ہاتھ نکالا تو وہ دیکھنے والوں کے سامنے سفید چمک رہا تھا(۳۳)
فرعون نے اپنے گرد کے سرداروں سے کہا یہ تو بڑا ماہر جادوگر ہے(۳۴)
یہ چاہتا ہے کہ تم کو اپنے جادو کے زور سے تمہارے ملک سے نکال دے تو تمہاری کیا رائے ہے؟(۳۵)
سرداروں نے کہا اسے اور اس کے بھائی کو روک لیجئے اور شہروں میں ہرکارے بھیج دیجئے(۳۶)
تا کہ تمام ماہر جادوگروں کو آپ کے پاس لے آئیں(۳۷)
پھر ایک مقرر دن کے وعدے پر تمام جادوگر جمع کئے گئے(۳۸)
اور لوگوں میں اعلان کردیا کہ تمام لوگ اجتماع میں جمع ہو جائیں(۳۹)
تا کہ اگر جادوگر غالب رہیں تو ہم ان کے پیرو ہو جائیں(۴۰)
جب جادوگر آگئے تو فرعون سے کہنے لگے اگر ہم غالب رہے تو ہمیں انعام بھی عطا ہوگا(۴۱)
فرعون نے کہا ہاں اور تم خاص درباریوں میں داخل کر لئے جاؤ گے(۴۲)
موسیٰ نے کہا ان سے جو چیز ڈالنی چاہتے ہو ڈالو(۴۳)
تو انہوں نے اپنی رسیاں اور لاٹھیاں پھینکیں اور بولے فرعون کے اقبال سے ہم یقیناً غالب رہیں گے(۴۴)
پھر موسیٰ نے اپنی لاٹھی ڈالی تو وہ ان چیزوں کو جو جادوگروں نے بنائی تھی نگلنے لگی(۴۵)
یہ دیکھتے ہی جادوگر سجدے میں گر گئے(۴۶)
اور انہوں نے صاف کہا کہ ہم تو اللہ رب العالمین پر ایمان لائے(۴۷)
جو موسیٰ اور ہارون کا رب ہے(۴۸)

फ़िरऔन ने कहा इससे पहले कि मैं तुम्हें अनुमति दूं तुम मूसा पर विश्वास ले आए (निःसन्देह) यह तुम्हारा बड़ा (गुरू) है जिसने तुम्हें जादू सिखाया है अच्छा शीघ्र ही तुम को (इसका परिणाम) ज्ञात हो जाएगा कि मैं तुम्हारे हाथ और पांव विपरीत दिशा से काट दूंगा और सबको सूली पर चढ़ा दूंगा (49) {26:29}

उन्होंने कहा हमें इसकी कुछ चिन्ता नहीं हम अपने रब की ओर लौट जाने वाले हैं (50)

हमें आशा है कि हमारा रब हमारे पाप क्षमा कर देगा इसलिएकि हम प्रथम विश्वास लाने वाले हैं (51)

और हमने मूसा की ओर ईश्वरीय संकेत भेजा कि हमारे बन्दों को रात्रि को ले निकलो कि (फ़िरऔन की ओर से) तुम्हारा पीछा किया जाएगा (52)

तो फ़िरऔन ने नगरों में हाकारे प्रेषित किए (53)

और कहा कि यह लोग थोड़ा सा दल है (54)

और यह हमें क्रोध दिला रहे हैं (55)

और हमारा दल सामग्री से तैयार है (56)

तो हमने उनको उपवनों और झरनों से निकाल दिया (57)

और कोषों और उत्तम भवनों से (58)

उनके साथ हमने ऐसा किया (इस प्रकार ही होता आया है) उन वस्तुओं का उत्तराधिकारी बनी इसराईल को कर दिया (59)

तो उन्होंने प्रातः होते ही बनी इसराईल का पीछा किया (60)

जब दोनों दल आमने सामने हुए तो मूसा के साथी कहने लगे कि हम तो पकड़े गए (61)

मूसा ने कहा सुनो! ऐसा न होगा मेरा रब मेरे साथ है वह निःसन्देह मुझे मार्ग देगा (62)

उस समय हमने मूसा की ओर ईश्वरीय संकेत भेजा कि अपनी लाठी दरया पर मारो तो दरिया फट गया और हर एक टुकड़ा (यूं) हो गया मानो बड़ा पर्वत है (63) (बर्फ की भांति जमकर) {20:27;44:24}

दूसरे दल (फ़िरऔन और उसके साथियों को हमारा नियम) को नियम वहां ले आया (64)

(और वह भी समुन्द्र के मार्ग पर उतर आए) तो मूसा और उनके साथियों को तो बचा लिया (65)

और दूसरों (अर्थात फ़िरऔनियों को) तल्लीन कर दिया (66)

निःसन्देह इस (कथा) में चिन्ह हैं परन्तु वह अधिकांश विश्वास लाने वाले नहीं (67)

और निःसन्देह आपका रब तो प्रभुत्वशाली और कृपालु है (68)

और उनको इब्राहीम का समाचार पढ़कर सुनाओ (69)

जब उन्होंने अपने पिता और अपनी जाति के लोगों

فرعون نے کہا اس سے پہلے کہ میں تمہیں اجازت دوں تم موسیٰ پر ایمان لے آئے (یقیناً) یہ تمہارا بڑا (استاد) ہے جس نے تمہیں جادو سکھایا ہے اچھا جلد ہی تم کو (اس کا انجام) معلوم ہو جائے گا کہ میں تمہارے ہاتھ اور پاؤں مخالف سمت سے کاٹ دوں گا اور تم سب کو سولی پر چڑھا دوں گا (۴۹) [۲۶:۲۹]

انہوں نے کہا ہمیں اس کی کچھ پروانہیں ہم اپنے رب کی طرف لوٹ جانے والے ہیں (۵۰)

ہمیں امید ہے کہ ہمارا رب ہمارے گناہ بخش دے گا اس لئے کہ ہم اوّل ایمان لانے والے ہیں (۵۱)

اور ہم نے موسیٰ کی طرف وحی بھیجی کہ ہمارے بندوں کو رات کو لے نکلو کہ (فرعون کی طرف سے) تمہارا تعاقب کیا جائے گا (۵۲)

تو فرعون نے شہروں میں نقیب روانہ کئے (۵۳)

اور کہا کہ یہ لوگ تھوڑی سی جماعت ہے (۵۴)

اور یہ ہمیں غصہ دلا رہے ہیں (۵۵)

اور ہماری جماعت ساز وسامان سے تیار ہے (۵۶)

تو ہم نے ان کو باغوں اور چشموں سے نکال دیا (۵۷)

इन स्थितियों से यह प्रकट हो रहा है कि हुजूर और आस्तिकों पर मक्काह की सर जमीन में बहुत अत्यार हो रहा था जिससे नबी और मौमिन अधिक व्याकूल थे परन्तु निराश नहीं थे तब ईश्वर ने मुहम्मद स0 को शुभ सूचना दी कि ऐ मुहम्मद स0 आप की इच्छा और मिशन को कम धरती अर्थात मक्काह के आस-पास परास्त कर देने का प्रयत्न हो रहा है तो आप दुखी न हों यह कुछ दिनों चन्द साल की बात है नास्तिक सब परास्त होंगे और तुमको विज्य प्राप्त होगी, ईश्वर की सहायता से उस दिन मौमिन हर्षित होंगे परन्तु शर्त यह है कि आप उस विज्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास करो साहस के साथ यह मेरा नियम है कि मैं और मेरे नबी और आस्तिक ही अधिपति रहते हैं, इन के साथ दूसरी आयात भी अवतरित हुई उनको पढ़ कर मुहम्मद स0 ने युक्ति और विवेक के साथ कार्य किया और अनेक क्षेत्रों की यात्राएं की उनमें एक तायफ भी है उसमें मुहम्मद स0 को बहुत अधिक व्याकूल किया जिस व्याकूलता को मुहम्मद स0 जीवन भर याद रखते थे यहां तक कि जब सय्यदा आयशा र0 एक दिन मक्काह की विज्य और एक स्थिर राज्य स्थापित हो जाने के बाद और उसके फैल जाने के बाद ज्ञात करती हैं कि क्या आप पर ओहद के दिन से अधिक कठिन कोई और दिन बीता है आप स0 कहते हैं ''मैंने तुम्हारी जाति (अर्थात कुरैश) से जो पीड़ा उठाई सो तो उठाई ही (परन्तु) कठोरतम चरण वह था जब मैंने अपने आपको इब्न अब्द यालेल बिन अब्द कलाल के सामने (बहेसियत नबी) प्रस्तुत किया इस दशा में कि वह तायफ के बड़े लोगों में से था, उसने मेरी बात को स्वीकार नहीं किया मैंने उससे कही थी फिर मैं (उसके यहां से) चल पड़ा इस हाल में कि

में सरतापा हुम व गम में डूबा हुआ था (यह सोचते हुए कि इस आवहान का अब क्या बनेगा) यहां तक कि मुझे होश न रहा ताआंकि मैंने अपने आपको करन अस्सआलिब के स्थान पर पाया)" यह स्थान तायफ और मक्काह के मध्य एक दिन रात की दुरी पर स्थित है, और अहले नजद की मीकात है (अलहलबीया।/359) इसको करनुलमनाजिल भी कहते हैं, यह हदीस सही बुखारी में नम्बर 3231 के अन्तर्गत वारिद हुई है देखिये फतेहउलबारी (6/312-315) डाक्टर हेकल,

रसूल ने इतनी व्याकूलता उठाने के बाद भी तयफ वालों के लिए मंगल प्रार्थना की इस आशा के साथ कि इस धरती में इस्लाम का बाग लगेगा

रसूलुल्लाह स0 मक्काह इस यात्रा यातना से लोटे परन्तु उसमें प्रविष्ट नहीं हो सके यहां तक कि उसके अनेकेश्वर वादी सरदारों में से एक ने आपकी सहायता का बीड़ा उठाया उसका नाम अलमतआम बिन अदी था (5) जिन्दगी नो अगस्त 2004 पद पे0 13 और आपने हज के अवसर पर दूसरे परिवारों से भी सम्पर्क किया जो इतिहास और सीरत की पुस्तकों में अंकित हैं जिनमें एक का हवाला मैंने भी लिखा है चूंकि मुहम्मद स0 को आभास हो गया था कि बहुत जल्द प्लायन करना है प्लायन करने के बाद किस स्थान पर जाना है उसका अवलोकन कर रहे थे तो ईश्वर ने वह स्थान उपलब्ध कर दिया अर्थात मदीना, मदीने के रहने वालों ने मुहम्मद और मुसलमानों की हर प्रकार की सहायता करने और हर प्रकार का बलिदान देने का प्रण किया तब मुहम्मद स0 ने मुसलमानों को मदीना प्लायन करने की अनुमति दी और स्वयं भी वहां को प्लायन कर गए

मदीना पहुंचकर आप स0 ने एक राज्य स्थापित किया वहां के रहने वालों से अनुबन्ध किया और शांति के साथ रहने का वचन किया इसी दौरान मुसलमानों की शक्ति बढ़ती रही परन्तु मक्काह वाले भी चुप न बैठे और बदर के स्थान पर एक युद्ध हो गया जिसमें मुसलमनों को विज्य मिली जिसको ईश्वर ने यौमुल फुरकान कहा है {8:41} इसके बाद दूसरी जंगे हुई फिर आप उमरे के लिए मक्काह को चले परन्तु हुदेबिया के स्थान पर मक्काह वालों ने रोक लिया उमरा न करने दिया, परन्तु उस स्थान पर एक अनुबन्ध होगया और इस अनुबन्ध को ईश्वर ने खुली विज्य कहा है जो वास्तव में खुली विज्य थी, इस खुली विज्य ही का प्रभाव था कि कुछ ही दिनों के अन्दर मक्काह भी विज्य हो गया यह और भी बड़ी विज्य थी और जो भविष्य वाणी सूरत रूम में है वह पूरी हो गई और मुसलमान हर्षित हो गए जो वास्तव में खुशी थी, न कि रूमीयों की विज्य पर खुश होना और यह काम बिजइ-सिनीन में ही हो गए,

मुझे दुख है कि हमारे उल्माकराम की दृष्टि कुरआन की इन आयात पर नहीं गई जिनको मैंने लिखा है और इनके अतिरिक्त और बहुत आयात हैं और न ही मुहम्मद स0 और मुसलमानों के कार्यों को देखा, और अज्ञात किस मूल में आयात के भाव को ईसाईयों की विज्य और पराज्य से जोड़ दिया जो सियाक व सबाक और मुहम्मद स0 व आस्तिकों के पद के विपरित है ईश्वर हम को कुरआन समझने का उचित विवेक दे तकब्बल,

जिस विजय पराजय को रूमीयों से जोड़ा गया है उसके बारे में उलमाकराम यकीन के साथ यह भी निश्चित न कर सके कि वह क्षेत्र किस स्थान पर स्थिति है अवलोकन हो, क्या अनेक कथन सामने आते हैं,"अदनलअर्ज" (मिलते हुए देश या पास वाले देश) से मुराद "अजरूआत" "बसरा" के दरमियान का क्षेत्र है जो शाम की सीमा पर हिजाज,

यह है वह प्रमुत्व जिसके मिलने पर आस्तिक हर्षित होते हैं

میں سرتا پا ہم وغم میں ڈوبا ہوا تھا (یہ سوچتے ہوئے کہ اس دعوت کا اب کیا بنے گا) یہاں تک کہ مجھے ہوش نہ رہا تا آنکہ میں نے اپنے آپ کو قرن الثعالب کے مقام پایا'' یہ جگہ طائف اور مکہ کے درمیان ایک دن ورات کی مسافت پر واقع ہے اور اہل نجد کی میقات ہے (الحلبیہ ۱/ ۳۹۵) اس کو قرن المنازل بھی کہتے ہیں یہ حدیث صحیح بخاری میں نمبر ۳۲۳۱ کے تحت وارد ہوئی ہے دیکھئے فتح الباری (۳۱۵۔۳۱۲/۶) ڈاکٹر ہیکل

رسول نے اتنی تکلیف اٹھانے کے بعد بھی طائف والوں کے لئے دعاء خیر کی اس امید کے ساتھ کہ اس سرزمین میں اسلام کا باغ لگے گا۔

رسول اللہؐ مکہ اس سفر عذاب سے لوٹے لیکن اس میں داخل نہیں ہو سکے یہاں تک کہ اس کے مشرک سرداروں میں سے ایک نے آپ کی حمایت کا بیڑا اٹھایا اس کا نام المطعم بن عدی تھا۔(۵) زندگی نو اگست ۲۰۰۴ء ص۔۱۳، اور آپ نے حج کے موقع پر دوسرے قبائل سے بھی ملاقاتیں کیں جو تاریخ اور سیرت کی کتابوں میں درج ہیں جن میں ایک کا حوالہ میں نے بھی لکھا ہے چونکہ محمدؐ کو معلوم ہوگیا تھا کہ بہت جلد ہجرت کرنی ہے ہجرت کرنے کے بعد کس مقام پر جانا ہے اس کا جائزہ لے رہے تھے تو اللہ نے وہ مقام فراہم کردیا یعنی مدینہ، مدینہ کے رہنے والوں نے محمدؐ اور مسلمانوں کی ہر طرح کی مدد کرنے اور ہر طرح کی قربانی دینے کا وعدہ کیا تب محمدؐ نے مسلمانوں کو مدینہ ہجرت کرنے کی اجازت دی اور خود بھی وہاں کو ہجرت کر گئے۔

مدینہ پہنچ کر آپؐ نے ایک حکومت قائم کی وہاں کے باشندوں سے معاہدہ کیا اور امن کے ساتھ رہنے کا عہد و پیمان کیا اسی دوران مسلمانوں کی طاقت بڑھتی رہی لیکن مکہ والے بھی خاموش نہ بیٹھے اور بدر کے مقام پر ایک جنگ ہوگئی جس میں مسلمان جیت گئے جس کو اللہ نے یوم الفرقان کہا ہے اس کے بعد دوسری جنگ ہوئی پھر آپ عمرہ کے لئے مکہ کو چلے مگر حدیبیہ کے مقام پر مکہ والوں نے روک لیا عمرہ نہ کرنے دیا مگر اس جگہ ایک معاہدہ ہوگیا اور اس معاہدے کو اللہ نے فتح مبین سے تعبیر کیا جو حقیقت میں فتح مبین تھی اس فتح مبین ہی کا اثر تھا کہ کچھ ہی دنوں کے اندر مکہ بھی فتح ہوگیا یہ اور بھی بڑی فتح تھی اور جو پیشین گوئی سورت روم میں ہے وہ پوری ہوگئی اور مسلمان خوش ہو گئے جو حقیقت میں خوشی تھی نہ کہ رومیوں کی فتح پر خوش ہونا اور یہ کام بضع سنین میں ہی ہو گئے۔

مجھے افسوس ہے کہ ہمارے علماء کرام کی نظر قرآن کی ان آیات پر نہیں گئی جن کو میں نے لکھا ہے اور ان کے علاوہ اور بہت آیات ہیں اور نہ ہی محمدؐ اور مسلمانوں کے کارناموں کو دیکھا اور نہ معلوم کس بھول میں آیات کے مفہوم کو عیسائیوں کی فتح و شکست سے منسلک کردیا جو سیاق وسباق اور محمدؐ اور مومنین کے مقام کے خلاف ہے اللہ ہم کو قرآن فہمی کی صحیح صلاحیت دے تقبل۔

جس فتح وشکست کو رومیوں سے منسوب کیا گیا ہے اس کے بارے میں علماء کرام یقین کے ساتھ یہ بھی طے نہ کر پائے کہ وہ علاقہ کس جگہ واقع ہے ملاحظہ ہو کیا مختلف قول سامنے آتے ہیں ادنی الارض، (ملتے ہوئے ملک یا پاس والے ملک) سے مراد اذرعات' وبصریٰ' کے درمیان کا خطہ ہے جو شام کی سرحد پر حجاز۔

یہ ہے وہ غلبہ جس کے ملنے پر مومن خوش ہوتے ہیں نہ کہ اپنے

ने कि अपने शत्रुओं और अनेकेश्वर वादियों की विज्य पर खुशी होना.

रोम अरबी भाषा का शब्द है जिसका अर्थ है मकसद मतलब कसद ख्वाहिश कस्द करना चाहना है.

इन आयात के सम्बन्ध में शुभ सूचना और कार्य करने की विधि सूरत अलकौसर में बताया गया है, इन दूसरी आयात के साथ उसको देखना अनिवार्य है, से मिलता हुआ मक्के के निकट स्थित हुआ है, या फिलिस्तीन" मुराद हो जो रूमीयों के देश से निकट था, या दीप उमर" जो फारिस से निकट है इब्न हजर ने पहले कथन की पुष्टि की है वल्लाह आलम तफसीर मौलाना शब्बीर अहमद साहब उस्मानी अनुवाद मोलाना मेहमूदल हसन साहब पे0 538, सूरत रूम.

कुरआन की सूरत रूम का अनुवाद व तफसीर करते समय आलिमों को यह भी ज्ञात न हो सका जो वास्तविकता हो अतः यह अनुवाद व तफसीर जो आलिमों ने किया है वह विचारणीय है. मैंने क्या समझा है वह सेवा में प्रस्तुत है अवलोकन हो.

دشمنوں اور مشرکوں کی فتح پر خوش ہونا.

روم عربی لفظ ہے جس کا معنی ہے مقصد مطلب قصد، خواہشات، قصد کرنا چاہنا ہے.

ان آیات کے بارے میں خوش خبری اور کام کرنے کا طریقہ سورت الکوثر میں بتایا گیا ہے ان دوسری آیات کے ساتھ اس کو دیکھنا ضروری ہے سے ملتا ہوا مکہ کے قریب واقع ہوا ہے، یا فلسطین" مراد ہو جو رومیوں کے ملک سے نزدیک تھا یا "جزیرہ عمر" جو فارس سے اقرب ہے ابن حجر نے پہلے قول کی تصحیح کی ہے واللہ اعلم، تفسیر مولانا شبیر احمد صاحب عثانی ترجمہ مولانا محمود الحسن صاحب ص ۵۳۸، سورت روم۔

قرآن کی سورت روم کے ترجمہ و تفسیر کرتے وقت عالموں کو یہ بھی معلوم نہ ہو سکا جو یقینی ہو اس لئے یہ ترجمہ و تفسیر جو عالموں نے کیا ہے وہ محل نظر ہے میں نے کیا سمجھا ہے وہ پیش خدمت ہے ملاحظہ ہو.

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

अलिफ लाम मीम ऐ मुहम्मद स0 (1) आपने जो चाहा है अर्थात जो आपकी इच्छा है उसको परास्त कर दिया निर्बल कर दिया (2) {53:1 से 4}

الم ۔ اے محمدؐ(۱) آپ نے جو چاہا ہے یعنی جو آپ کی خواہش ہے اس کو مغلوب کر دیا کمزور کر دیا (۲) [۵۳:۱ تا ۴]

कम धरती में अर्थात मक्काह और तायफ की धरती में घिर गई है परास्त हो गई है परन्तु घबराने की बात नही है शीघ्र ही परास्त होने के बाद अधिपति आ जाओगे (3)

کم زمین میں یعنی مکہ اور طائف کی زمین میں گھر گئی ہے مغلوب ہو گئی ہے لیکن گھبرانے کی بات نہیں ہے جلد ہی مغلوب ہونے کے بعد غالب آ جاؤ گے (۳)

कुछ ही साल में (बदर की विजय जिसको योमुल फुरकान कहा है संधि हुदेबिया जिसको खुली विजय कहा है और विजय मक्काह और मुसलमानों की एक आजाद हकूमत की स्थापना क्या यह प्रभुत्व नही है?) और पहले ईश्वर के आदेश से आस्तिक अधिपति हुए है और बाद में भी ईश्वर के आदेश से अधिपति होंगे और उस दिन मोमिन खुश हो जाऐंगे (4) {10:92; 5:3; 48:1,18से24}

چند ہی سال میں (بدر کی فتح جس کو یوم الفرقان کہا ہے صلح حدیبیہ جس کو فتح مبین کہا ہے اور فتح مکہ اور مسلمانوں کی ایک آزاد حکومت کا قیام کیا یہ غلبہ نہیں ہے؟) اور پہلے اللہ کے حکم سے مومن غالب ہوئے ہیں اور بعد میں بھی اللہ کے حکم سے غالب ہوں گے اور اس دن مومن خوش ہو جائیں گے (۴) [۱۰:۹۲، ۵:۳] دین مکمل ہو گیا [۴۸:۱، ۱۸ تا ۲۴]

अर्थात ईश्वर की सहायता से ईश्वर की सहायता आस्तिकों के साथ है उसके साथ जो अपने शुभ कर्मों से लेना चाहे ईश्वर उसको सहायता देता है और वह अधिपति और कृपालु है (5)

یعنی اللہ کی مدد سے اللہ کی مدد مومنوں کے ساتھ ہے اس کے ساتھ جو اپنے نیک عمل سے لینا چاہے اللہ اس کو مدد دیتا ہے اور وہ غالب اور مہربان ہے (۵)

यह ईश्वर का वचन है ईश्वर अपने वचन के विपरीत नहीं करता परन्तु अधिकांश लोग नही जानते (6)

یہ اللہ کا وعدہ ہے اللہ اپنے وعدے کے خلاف نہیں کرتا لیکن اکثر لوگ نہیں جانتے (۶)

वह लोग तो दुनिया के विदित जीवन को जानते है और परलोक से अचेत है (7)

وہ لوگ تو دنیا کی ظاہری زندگی کو جانتے ہیں اور آخرت سے غافل ہیں (۷)

क्या उन लोगों ने अपने मन में विचार नही किया कि ईश्वर ने आकाशों और पृथ्वी को और जो कुछ उन दोनों के मध्य है उनको युक्ति से और एक निश्चित समय तक के लिए उत्पन्न किया है और बहुत से लोग अपने रब से मिलने के स्वीकारी नही है (8) {13:41; 21:44}

کیا ان لوگوں نے اپنے دل میں غور نہیں کیا کہ اللہ نے آسمانوں اور زمین کو اور جو کچھ ان دونوں کے درمیان ہے اُن کو حکمت سے اور ایک وقت مقررہ تک کے لئے پیدا کیا ہے اور بہت سے لوگ اپنے رب سے ملنے کے قائل نہیں ہیں (۸) [۱۳:۴۱، ۲۱:۴۴]

क्या उन लोगों ने (ईश्वर की) पृथ्वी में भ्रमण नही किया कि उन्हें उन समुदायों का परिणाम ज्ञात हो जाता, जो उनसे पहले हो चुके है वह लोग उनसे कही अधिक शक्तिशाली थे वह लोग भूमि को जोतते थे और जितना उन्होंने भूमि को आबाद

کیا ان لوگوں نے (اللہ کی) زمین میں سیر نہیں کی کہ انہیں ان قوموں کا انجام معلوم ہو جاتا جو ان سے پہلے ہو چکی ہیں وہ لوگ ان سے کہیں زیادہ طاقت ور تھے وہ لوگ زمین کو

किया है इससे अधिक उन लोगों ने आबाद किया था और उनके पास उनके ईशदूत चमत्कार लेकर आए थे (परन्तु वह अपनी गतिविधि से न रुके और वह नष्ट हो गए) ईश्वर ऐसा नहीं है कि उन पर अत्याचार करता वह स्वयं ही अपने ऊपर अन्याय कर रहे थे (9)

جوتتے تھےاور جس قدر انہوں نے زمین کوآباد کیا ہےاس سے زیادہ ان لوگوں نے آباد کیا تھا اور ان کے پاس ان کے رسول معجزے لےکر آئے تھے (مگر وہ اپنی روش سے باز نہ آئے اور وہ ہلاک ہوئے) اللہ ایسا نہیں ہے کہ اُن پر ظلم کرتا وہ خود ہی اپنے اوپر ظلم کرر ہے تھے (۹)

जिन लोगों ने बुराई की थी उनका अन्त भी बुरा हुआ इसलिए कि वह ईश्वर की आयतों को झुठलाते और उसका उपहास करते थे (10)

جن لوگوں نے بُرائی کی تھی ان کا انجام بھی بُرا ہوا اس لئے کہ وہ اللہ کی آیتوں کو جھٹلاتے اور اس کی ہنسی اُڑاتے تھے (۱۰)

ईश्वर ही रचना को पहली बार उत्पन्न करता है और उसको फिर पुनः महाप्रलय में उत्पन्न करेगा फिर तुम उसी की ओर लौटाए जाओगे (11) {13:5; 18:48; 21:44; 30:27}

اللہ ہی خلقت کو پہلی بار پیدا کرتا ہےاور اس کو پھر دوبارہ حشر میں پیدا کرے گا پھر تم اسی کی طرف لوٹائے جاؤ گے (۱۱) [۱۳:۵؛ ۱۸:۴۸؛ ۲۱:۴۴؛ ۳۰:۲۷]

और जिस दिन महाप्रलय होगी पापी निराश हो जाएंगे (12)

और उनके बनाए हुए साझियों में कोई भी उनका अनुशंसक न होगा और वह स्वयं भी अपने देवताओं से रुष्ट हो जाएंगे (13)

اور جس دن قیامت ہوگی گنہگار نا امید ہو جائیں گے (۱۲) اور ان کے بنائے ہوئے شریکوں میں کوئی بھی ان کا شفارشی نہ ہوگا اور وہ خود بھی اپنے شریکوں سے بیزار ہو جائیں گے (۱۳)

और जिस दिन महाप्रलय होगी उस दिन वह अलग अलग दल हो जाएंगे (14)

اور جس دن قیامت ہوگی اس دن وہ الگ الگ گروہ ہو جائیں گے (۱۴)

फिर जो आस्तिक होंगे और सत्कर्म करते रहे वह स्वर्ग के उपवन में प्रसन्न होंगे आओ भगत होगी (15)

और जिस दल ने कुफ्र किया होगा और हमारी आयतों और परलोक के आने को झुठलाया होगा वह कष्ट में डाला जाएगा (16)

अतः जब सन्ध्या का समय आए और जब प्रातः का समय आए ईश्वर की पाकी वर्णन करो (17)

پھر جو لوگ ایمان والے ہوں گے اور عمل نیک کرتے رہے وہ جنت کے باغ میں خوش ہوں گے آؤ بھگت ہوگی (۱۵) اور جس گروہ نے کفر کیا ہوگا اور ہماری آیتوں اور آخرت کے آنے کو جھٹلایا ہوگا وہ عذاب میں ڈالا جائے گا (۱۶) پس جب شام کا وقت آئے اور جب صبح کا وقت آئے اللہ کی پاکی بیان کرو (۱۷)

और आकाशों और पृथ्वी में उसी की प्रशंसा है और तीसरे पहर भी और जब दोपहर हो (उस समय भी नमाज पढ़ा करो) (18)

وہ जीवित को मृतक से निकालता है और मृतक को जीवित से निकालता है और वही धरती को उसके मरने के बाद जीवित करता है और उसी प्रकार तुम लोग क्यामत के दिन जीवित करके उठाए जाओगे (19)

اور آسمانوں اور زمین میں اسی کی تعریف ہےاور تیسرے پہر بھی اور جب دوپہر ہو (اس وقت بھی نماز پڑھا کرو) (۱۸) وہ زندے کو مردے سے نکالتا ہےاور مردے کو زندے سے نکالتا ہےاور وہی زمین کو اس کے مرنے کے بعد زندہ کرتا ہےاور اسی طرح تم لوگ قیامت کے دن زندہ کرکے اٹھائے جاؤ گے (۱۹)

उसकी प्रभुता के चिन्हों में से एक यह भी है कि उसने तुम को मिट्टी से पैदा किया तुम मानव होकर पृथ्वी में हर ओर फैले हुए हो (20) {4:1; 6:2; 21:104}

اس کی قدرت کی نشانیوں میں سے ایک یہ بھی ہے کہ اس نے تم کو مٹی سے پیدا کیا تم انسان ہوکر زمین میں ہر طرف پھیلے ہوئے ہو (۲۰) [۴:۱؛ ۶:۲؛ ۲۱:۱۰۴]

उसकी प्रभुता की स्मृत्तियों में से एक यह भी है कि उसने तुम्हारे लिए तुम्हारी ही प्रकार की स्त्रियां उत्पन्न की ताकि तुम उनसे मिलकर शांति प्राप्त करो और तुम में प्रेम और दया पैदा कर दी जो लोग विचार करते हैं उनके लिए इन बातों में बहुत ही चिन्ह है (21) {25:57; 42:23}

اس کی قدرت کی نشانیوں میں سے ایک یہ بھی ہے کہ اس نے تمہارے لئے تمہاری ہی جنس کی عورتیں پیدا کیں تاکہ تم ان سے مل کر سکون حاصل کرو اور تم میں محبت اور مہربانی پیدا کردی جو لوگ غور کرتے ہیں ان کے لئے ان باتوں میں بہت سی نشانیاں ہیں (۲۱) [۲۵:۵۷؛ ۴۲:۲۳]

और ईश्वर की शक्ति के चिन्हों में से आकाशों और पृथ्वी की रचना है और तुम्हारी भाषा और रंगों का पृथक होना है बुद्धिवालों के लिए इन बातों में बहुत

اور اللہ کی قدرت کی نشانیوں میں سے آسمانوں اور زمین کا پیدا کرنا ہےاور تمہاری زبانوں اور رنگوں کا مختلف ہونا ہے عقل

से चिन्ह है (22)
और उसी की शक्ति के चिन्हों में से है तुम्हारा रात को सोना और दिन में उसका कृपा दया खोजना जो लोग सच्ची बातों को ध्यान से सुनते हैं उनके लिए इन बातों में बड़े चिन्ह हैं (23)
और उसी की सत्ता के चिन्हों में से है कि तुम को भय और आशा दिलाने के लिए बिजली दिखाता है और आकाश से पानी बरसाता है फिर पृथ्वी को उसके मर जाने के बाद जीवित कर देता है बुद्धि वालों के लिए इन बातों में बहुत चिन्ह हैं (24)
और उसकी सत्ता के चिन्हों में से एक यह भी है कि आकाश और पृथ्वी उसके आदेश विधान से स्थिर हैं (और तुम को मरने के बाद) फिर जब वह तुम्हें भूमि से (निकलने के लिए) पुकारेगा तो तुम तुरन्त निकल पड़ोगे (25)
और आकाशों और पृथ्वी में जो भी जीव धारी हैं सबके सब उसी के (बन्दे और दास) हैं और सब उसी के आज्ञाकारी हैं (26)
और वही है जो रचनाओं को पहली बार पैदा करता है फिर उसे पुनः महाप्रलय में पैदा करेगा और यह उसको बहुत सुगम है और आकाश और पृथ्वी में उसकी महिमा बहुत श्रेष्ठ है और वह प्रभुत्व शाली युक्ति वाला है (27)
वह तुम्हें समझाने के लिए स्वयं तुम्हारे अपने समाचार की एक उपमा वर्णन करता है कि भला जो कर्मचारी तुम्हारे पास कार्यरत हैं वह उस सम्पत्ति में जो हमने तुम को दिया है क्या वह तुम्हारे साझी हैं कि तुम सब बराबर हो जाओ और क्या तुम उनसे इस प्रकार डरते हो जिस प्रकार अपनों से डरते हो? (अर्थात अपने बराबर वालों से) इसी प्रकार हम बुद्धि वालों के लिए अपनी आयतें खोल खोलकर वर्णन करते हैं यह उपमा इसलिए है कि ईश्वर के अलावा किसी रचना को कारसाज न बनाओ (28)
परन्तु जो दुष्ट हैं वे समझे अपनी इच्छाओं के पीछे चलते हैं तो जिसको ईश्वर का नियम पथ भ्रष्ट करे उसको कौन पथ प्रदर्शन दे सकता है? और उनका कोई सहायक नही (29)
अतः (ऐ नबी और जो भी नबी का अनुयायी इस कुरआन को पढ़े) सब एकाग्रचित होकर अपना चित्त उस धर्म की दशा में जमा दो स्थिर हो जाओ उस प्रकृति पर (धर्म नियम पर) जिस पर ईश्वर ने इन्सान को पैदा किया है ईश्वर की बनाई हुई प्रकृति नियम बदली नही जाती यही बिल्कुल सीधा और उचित धर्म है परन्तु अधिक लोग नहीं जानते (30)
(और मूर्ख लोग प्रकृतिक धर्म को छोड़कर व्यक्ति के बनाए हुए पन्थों का अनुकरण करने लगते हैं जैसे आज पन्थों का अनुकरण हो रहा है इसी से रुकने के लिए ईश्वर ने कहा है) उसी ईश्वर के धर्म की ओर हृदय से आकृष्ट हो जाओ और ईश्वर की अवज्ञा करने से डरो और नमाज

والوں کے لئے ان باتوں میں بہت سی نشانیاں ہیں (۲۲)
اور اسی کو قدرت کی نشانیوں میں سے ہے تمہارا رات کو سونا اور دن میں اس کا فضل تلاش کرنا جو لوگ سچی باتوں کو غور سے سنتے ہیں ان کے لئے ان باتوں میں بڑی نشانیاں ہیں (۲۳)
اور اسی کی قدرت کی نشانیوں میں سے ہے کہ تم کو خوف اور امید دلانے کے لئے بجلی دکھاتا ہے پھر زمین کو اس کے مرجانے کے بعد زندہ کردیتا ہے عقل والوں کے لئے ان باتوں میں بہت نشان ہیں (۲۴)
اور اس کی قدرت کی نشانیوں میں سے ایک یہ بھی ہے کہ آسمان اور زمین اس کے حکم قانون سے قائم ہیں (اور تم کو مرنے کے بعد) پھر جب وہ تمہیں زمین سے (نکلنے کے لئے) آواز دے گا تو تم فوراً نکل پڑو گے (۲۵)
اور آسمانوں اور زمین میں جو بھی جاندار ہیں سب کے سب اسی کے (بندے اور مملوک) ہیں اور سب اس کے فرمانبردار ہیں (۲۶)
اور وہی ہے جو مخلوقات کو پہلی بار پیدا کرتا ہے پھر اسے دوبارہ حشر میں پیدا کرے گا اور یہ اس کو بہت آسان ہے اور آسمانوں اور زمین میں اس کی شان بہت بلند ہے اور وہ غالب حکمت والا ہے (۲۷)
<u>وہ تمہیں سمجھانے کے لئے خود تمہارے اپنے حالات کی ایک مثال بیان فرماتا ہے کہ بھلا جو ملازم تمہارے پاس کام کرتے ہیں وہ اس مال میں جو ہم نے تم کو دے رکھا ہے کیا وہ تمہارے شریک ہیں کہ تم سب برابر ہوجاؤ اور کیا تم ان سے اس طرح ڈرتے ہو جس طرح اپنوں سے ڈرتے ہو؟ (یعنی اپنے برابر والوں سے) اسی طرح ہم عقل والوں کے لئے اپنی آیتیں کھول کھول کر بیان کرتے ہیں (یہ مثال اس لئے ہے کہ اللہ کے علاوہ کسی مخلوق کو کارساز نہ بناؤ) (۲۸)</u>
مگر جو ظالم ہیں بے سمجھے اپنی خواہشوں کے پیچھے چلتے ہیں تو جس کو اللہ کا قانون گمراہ کرے اس کو کون ہدایت دے سکتا ہے؟ اور ان کا کوئی مددگار نہیں (۲۹)
<u>پس (اے نبی اور جو بھی نبی کا امتی اس قرآن کو پڑھے) سب یک سو ہو کر اپنا رُخ اس دین کی سمت میں جما دو قائم ہوجاؤ اس فطرت پر (دین قانون پر) جس پر اللہ نے انسان کو پیدا کیا ہے اللہ کی بنائی ہوئی فطرت قانون بدلی نہیں جاتی یہی بالکل سیدھا اور درست دین ہے مگر اکثر لوگ نہیں جانتے (۳۰)</u>
<u>(اور جاہل لوگ دین فطرت کو چھوڑ کر انسان کے بنائے ہوئے مذہبوں کی پیروی کرنے لگتے ہیں جیسے آج فرقوں کی پیروی ہو رہی ہے اسی سے رکنے کے لئے اللہ نے کہا ہے) اسی اللہ کے دین کی طرف دل سے متوجہ ہوجاؤ اور اللہ کی نافرمانی کرنے سے ڈرو اور نماز قائم کرو</u>

स्थापित करो और उन अनेकेश्वर वादियों में से न हो जाओ (31)

जिन्होंने अपना अपना धर्म पृथक पृथक बना लियाहै और दलों में बंट गए है हर एक दल के पास जो कुछ है उसी में मगन है (32) {2:213; 3:104; 6:159; 23:53; 42:21; 9:31; 24:55}

नोट- इस आयत से सम्बन्धित कुछ और आयतें लिख दी जाऐं तो बात स्पष्ट होगी और हम विचार मनन करके वास्तविकता पा लें तो अच्छा है

(2:213) सब व्यक्ति आरम्भ में एक ही रीति पर थे (एक रीति पर रखने के लिए) ईश्वर ने ईशदूतों को भेजा जो कि हर्ष सुनाते थे और डराते थे और उनके साथ पुस्तकें भी ठीक अवतरित की इस उद्देश्य से कि ईश्वर लोगों में उन मतभेदों में निर्णय कर दे और उनमें मतभेद और किसी ने नही किया परन्तु केवल उन लोगों ने जिनको पुस्तक विधान मिला था पश्चाता इसके कि उनके पास स्पष्ट तर्क पहुंच चुके थे आपस की हठ के कारण, फिर ईश्वर ने धर्म वालों को वह सत्य मार्ग जिसमें मतभेद किया करते थे अपने नियम कृपा दया से बता दिया और ईश्वर उसको जो चाहता है अपने कर्मों से सत्य मार्ग बता देता है,

(3:104) और तुम में एक दल ऐसा होना अनिवार्य है कि मंगल की ओर अर्थात सत्य धर्म की ओर बुलाए और शुभ कर्मों के करने को कहा करे और बुरे कर्मों से रोका करें और ऐसे लोग पूर्ण सफल होंगे,

(6:159) निःसन्देह जिन लोगों ने अपने धर्म को पृथक पृथक कर लिया और दल दल बन गए ऐ मुहम्मद आपको उनसे कोई सम्बन्ध नही अर्थात वह मुसलमान नही है अतः उनका प्रसंग ईश्वर को समर्पित है फिर उनको उनका किया हुआ बता देगा,

(9) उन्होंने ईश्वर को छोड़कर अपने उलमा और सन्तों को रब बना रखा है और मसीह इब्ने मरयम को भी यद्यपि उनको केवल यह आदेश किया गया है कि केवल एक ईश्वर की पूजा करें,

(24:55) तुम में जो लोग विश्वास लावे और सत्य कर्म करें उनसे ईश्वर वचन करता है कि उनको पृथ्वी में राज्य प्रदान करेगा जैसा उनसे पहले लोगों को राज्य दिया था और जिस धर्म को उनके लिए पसन्द किया है उससे उनके लिए शक्ति देगा और उनको भय के बाद शान्ति देगा यदि मेरी पूजा करते रहे मेरे साथ किसी प्रकार का अनेकेश्वर वाद न करे और जो व्यक्ति बाद इसके अवज्ञा करेंगे तो वह भ्रष्ट है,

(23:53) सो उन लोगों ने अपने धर्म में अपना पन्थ अलग अलग करके मतभेद उत्पन्न कर लिया हर दल के पास जो धर्म है वह उसी से प्रसन्न है,

(42:21) क्या उन लोगों के ऐसे साझी है जो उन लोगों के लिए धर्म के नियम बनाते हैं जिनकी अनुमति ईश्वर ने उन्हें नही दी है? यदि निर्णय (के दिन) का वचन पहले से निश्चित न कर दिया गया होता तो उनके मध्य (कभी का) निर्णय कर दिया गया होता उन दुष्टों को निःसन्देह पीड़ा देने वाला कष्ट होगा,

जिन आयात में ईश्वर ने मतभेद को बुरा अनेकेश्वर वाद बताकर मतभेद करने से मना किया है वह तो बहुत है जो हर वाचक कुरआन पढ़ते समय पढ़ता है परन्तु उनको यहां पर इसलिए नही लिखा जा रहा कि मेरा उद्देश्य अपनी बात को विस्तार देना नही है उन आयात में बताया गया है कि मतभेद करने वाले अनेकेश्वर वादी है और यह भी बताया है कि मतभेद करने वालों का मुहम्मद स० से कोई सम्बन्ध नही और यह भी बताया कि जब मनुष्य अच्छे कर्म करेगा

اوران مشرکوں میں سے نہ ہو جاؤ (۳۱)

جنہوں نے اپنا اپنا دین الگ الگ بنالیا ہے اور گروہوں میں بٹ گئے ہیں ہر ایک گروہ کے پاس جو کچھ ہے اسی میں مگن ہے (۳۲) [۲:۲۱۳؛ ۳:۱۰۴؛ ۶:۱۵۹؛ ۲۳:۵۳؛ ۴۲:۲۱؛ ۹:۳۱؛ ۲۴:۵۵]

نوٹ:۔ اس آیت سے متعلق کچھ اور آیتیں لکھ دیں جائیں تو بات اور صاف ہوگی اور ہم غور وفکر کر کے حقیقت پالیں تو اچھا ہے۔

(۲:۲۱۳) سب آدمی شروع میں ایک ہی طریقے پر تھے (ایک طریقے پر رکھنے کے لئے) اللہ نے رسولوں کو بھیجا جو کہ خوشی سناتے تھے اور ڈراتے تھے اور ان کے ساتھ کتابیں بھی ٹھیک طور پر نازل کیں۔ اس غرض سے کہ اللہ لوگوں میں اُن اختلافوں میں فیصلہ کر دے اور اس میں اختلاف اور کسی نے نہیں کیا مگر صرف ان لوگوں نے جن کو کتاب قانون ملا تھا۔ بعد اس کے کہ ان کے پاس دلائل واضح پہنچ چکے تھے آپس کی ضدا ضدی کی وجہ سے پھر اللہ نے ایمان والوں کو وہ امر حق جس میں اختلاف کیا کرتے تھے اپنے قانون فضل سے بتادیا اور اللہ اس کو جو چاہتا ہے اپنے عمل سے راہ راست بتادیتا ہے۔

(۳:۱۰۴) اور تم میں ایک جماعت ایسی ہونا ضرور ہے کہ خیر کی طرف یعنی دین حق کی طرف بلائے اور نیک کاموں کے کرنے کو کہا کرے۔ اور بُرے کاموں سے روکا کریں اور ایسے لوگ پورے کامیاب ہوں گے۔

(۶:۱۵۹) بے شک جن لوگوں نے اپنے دین کو جدا جدا کرلیا اور گروہ گروہ بن گئے اے محمدؐ آپ کا ان سے کوئی تعلق نہیں یعنی وہ مسلمان نہیں ہیں پس ان کا معاملہ اللہ کے حوالے ہے پھر ان کو ان کا کیا ہوا بتادے گا۔

(۹:۳۱) انہوں نے اللہ کو چھوڑ کر اپنے علماء اور مشائخ کو رب بنا رکھا ہے اور مسیحؑ ابن مریم کو بھی حالانکہ ان کو صرف یہ حکم کیا گیا ہے کہ فقط ایک اللہ کی عبادت کریں۔

(۲۴:۵۵) تم میں جو لوگ ایمان لاویں اور نیک عمل کریں ان سے اللہ وعدہ فرماتا ہے کہ ان کو زمین میں حکومت عطا کرے گا جیسا ان سے پہلے لوگوں کو حکومت دی تھی اور جس دین کو ان کے لئے پسند کیا ہے اس سے ان کے لئے قوت دے گا اور ان کو خوف کے بعد ان کو امن دے گا بشرطیکہ میری عبادت کرتے رہیں میرے ساتھ کسی قسم کا کا شرک نہ کریں اور جو شخص بعد اس کے کفر کرے گا تو وہ لوگ فاسق ہیں۔

(۲۳:۵۳) سو ان لوگوں نے اپنے دین میں اپنا طریقہ الگ الگ کر کے اختلاف پیدا کرلیا۔ ہر گروہ کے پاس جو دین ہے وہ اسی سے خوش ہے

(۴۲:۲۱) کیا ان لوگوں کے ایسے شرکاء ہیں جو ان لوگوں کے لئے دین کے ایسے قوانین بناتے ہیں جن کی اجازت اللہ نے انہیں نہیں دی ہے؟ اگر فیصلے (کے دن) کا وعدہ پہلے سے طے نہ کر دیا گیا ہوتا تو ان کے درمیان (کبھی کا) فیصلہ کر دیا گیا ہوتا۔ ان ظالموں کو یقیناً دردناک عذاب ہوگا۔

جن آیات میں اللہ نے اختلاف کو بڑا شرک بتا کر اختلاف کرنے سے منع کیا ہے وہ تو بہت ہیں جو ہر قاری قرآن پڑھتے وقت پڑھتا ہے لیکن ان کو یہاں پر اس لئے نہیں لکھا جا رہا کہ میرا مقصد اپنی بات کو طول دینا نہیں ہے ان آیات مین بتایا گیا ہے کہ اختلاف کرنے والے مشرک ہیں اور یہ بھی بتایا ہے کہ اختلاف کرنے والوں کا محمدؐ سے کوئی تعلق نہیں اور یہ بھی بتایا کہ جب آدمی اچھے

तो ईश्वर उसको पृथ्वी में राज्य देगा और यह भी बताया कि ईश्वर के मुकाबले में इन्सानों के बनाए नियम नही चलेंगे यदि उनको मानोगे तो वह अनेकेश्वर वाद होगा, हर आलिम और हर व्यक्ति कुरआन में उन आयात को पढ़ता है परन्तु दुख उनको पढ़ने के बाद अपने मतभेदों को समाप्त नही करते,

मुसलमानों ने हर आदेश को इस प्रकार तोड़ा कि आज धर्म प्रकृतिक की आकृति ही विकृत हो गई प्रकृतिक धर्म के स्थान पर इमामों और मौलवियों के बनाए हुए पंथों को स्वीकार कर लिया है आदेश दिया गया था कि धर्म को टुकड़े टुकड़े न करना अनेक दलों पंथों में विभाजित न हो जाना मुसलमानों ने इस आदेश का पालन इस प्रकार किया कि अनेक सम्प्रदाय बनाए जैसे शीआ, सुन्नी, मुअतजला और अशाअरा, फिर हर दल अनेक पथ्यों में बांट दिया गया, सुन्नियों ने निम्नलिखित पथ्य बनाए हनफी, मालकी, शाफई, हम्बली, एहले हदीस, एहले कुरआन (मुकल्लिद गैर मुकल्लिद) इसी प्रकार शीओं के बहुत पंथ बन गए

इस दौर में यह पंथ बने, देवबन्दी, बरेलवी, अहमदी,कादयानी और जमाअतों का तो पूछना ही क्या, तबलीगी जमात, जमाउत इस्लामी इत्यादि फिर लुत्फ यह कि उनमें से कतिपय दल और जमाअतें एक दूसरे को नास्तिक कह रही है ऊपर लिखी आयात के आदेशानुसार सारी दुनिया के मुसलमान एक जमाअत होने चाहिए कुरआन में ईश्वर ने कहा है ("हुवा सुम्माकुमुल मुस्लिमीन" हज) ईश्वर ने तुम्हारा नाम मुस्लिम रखा फिर दर्जनों नाम मुसलमानों ने क्यों रखे, क्यों पचासों दल पंथ बन गए क्यों नही कहते कि हम सब एक मुस्लिम है और हमारा एक धर्म शास्त्र कुरआन है,

जो उलमा कुरआन से हटकर अपनी ओर से धर्म के नियम बनाते रहते है वह मानों ईश्वर के साझी हो गए और मानने वाले अनेकेश्वर वादी, आज नमाज जैसी पूजा जो दिन में पांच बार अनिवार्य है वह भी एक नही है और जो विधि नमाज की कुरआन में है उसके विपरीत नमाज पढ़ी जा रही है ऐसे ही दान भी कुरआन के विपरीत है बलात्कारी का दण्ड भी कुरआन के विरीत है, चोर के दण्ड में सहमत नही तलाक नान नफका के नियम कुरआन के विपरीत है और इन कुरआन के विपरीत पर ही व्यवहार हो रहा है तो फिर ईश्वर की सहायता कैसे आ सकती है विचार किया जाए

एक हो मुस्लिम हरम की पासबानी के लिए
नील के साहिल से लेकर ताबखाके कासग़र

और जब लोगों को कष्ट पहुंचता है तो अपने ईश्वर को पुकारते है और उसी की ओर आकृष्ट होते है फिर जब वह उनको अपनी कृपा का स्वाद चखाता है तो एक दल उनमें से अपने ईश्वर से अनेकेश्वर वाद करके नकार कर देता है (53)

ताकि वह उस वस्तु की कृतघ्नता करें जो हमने उन्हें दी है सो उठलो लाभ निकट ही तुम को ज्ञात हो जाएगा (34)

सुनो! हमने उन पर कोई प्रमाण अवतिरत नही किया जो उनके प्रति निर्देशित करता हो जिन्हें वह ईश्वर की शक्तियों में साझी बना रहे है (35)

और जब हम लोगों को अपनी करूणा का स्वाद चखाते है तो प्रसन्न हो जाते है और यदि उनके कर्मों के कारण जो उनके हाथों ने आगे प्रेषित किए

عمل کرے گا تو اللہ اس کو زمین میں حکومت دے گا اور یہ بھی بتایا کہ اللہ کے مقابلے مین انسانوں کے بنائے قانون نہیں چلیں گے اگر اُن کو مانو گے تو وہ شرک ہوگا اور وہ قانون بنانے والے ان کے معبود ہوں گے ہر عالم اور ہر آدمی قرآن میں ان آیات کو پڑھتا ہے مگر افسوس ان کو پڑھنے کے بعد اپنے اختلافات کو ختم نہیں کرتے

مسلمانوں نے ہر حکم کو اس طرح توڑا کہ آج دین فطرت کی شکل ہی مسخ ہو گئی دین فطرت کے بجائے اماموں اور عالموں کے بنائے ہوئے مذہب کو تسلیم کرلیا ہے۔ حکم دیا گیا تھا کہ دین کو ٹکڑے ٹکڑے نہ کرنا مختلف فرقوں میں تقسیم نہ ہو جانا. مسلمانوں نے اس حکم کی تعمیل اس طرح کی کہ مختلف فرقے بنائے جیسے شیعہ، سنی، معتزلہ اور اشاعرہ، پھر ہر فرقہ مختلف فرقوں میں تقسیم کیا گیا. سنیوں نے حسب ذیل فرقے بنائے۔ حنفی، مالکی، شافعی، حنبلی، اہل حدیث، اہل قرآن (مقلد غیر مقلد) اسی طرح شیعوں کے بہت فرقے بن گئے.

اس دور میں یہ فرقے بنے دیوبندی، بریلوی، احمدی، قادیانی اور جماعتوں کا تو پوچھنا ہی کیا تبلیغی جماعت، جماعت اسلامی وغیرہ. پھر لطف یہ کہ ان میں سے بعض فرقے اور جماعتیں ایک دوسرے کو کافر کہہ رہی ہیں مذکورہ بالا آیات کے حکم کے مطابق ساری دنیا کے مسلمان ایک جماعت ہونے چاہئیں. قرآن میں اللہ نے فرمایا ہے (''ھو سماکم المسلمین'' الحج) اللہ نے تمہارا نام مسلم رکھا پھر درجنوں نام مسلمانوں نے کیوں رکھے. کیوں پچاسوں فرقے بن گئے کیوں نہیں کہتے کہ ہم سب ایک مسلم ہیں اور ہمارا ایک فقہ قرآن ہے.

جو علماء قرآن سے الگ ہٹ کر اپنی طرف سے شریعت کے مسائل بناتے رہتے ہیں وہ گویا اللہ کے شریک ہو گئے اور ماننے والے مشرک آج نماز جیسی عبادت جو دن میں پانچ بار فرض ہے وہ بھی ایک نہیں ہے اور جو طریقہ نماز کا قرآن میں ہے اس کے خلاف نماز پڑھی جا رہی ہے ایسے ہی زکوٰۃ بھی قرآن کے خلاف ہے زانی کی سزا بھی قرآن کے خلاف ہے چور کی سزا میں متفق نہیں طلاق نان نفقہ کے قانون قرآن کے خلاف ہیں اور ان خلاف قرآن پر ہی عمل ہو رہا ہے تو پھر اللہ کی مدد کیسے آ سکتی ہے غور کیا جائے.

ایک ہوں مسلم حرم کی پاسبانی کے لئے
نیل کے ساحل سے لے کر تا بخاک کاشغر

اور جب لوگوں کو تکلیف پہنچتی ہے تو اپنے پروردگار کو پکارتے ہیں اور اسی کی طرف رجوع ہوتے ہیں پھر جب وہ ان کو اپنی رحمت کا مزا چکھاتا ہے تو ایک فریق ان میں سے اپنے پروردگار سے شرک کر کے انکار کر دیتا ہے (۳۳)

تاکہ وہ اس چیز کی ناشکری کریں جو ہم نے انہیں دی ہے سو اٹھالو فائدے عنقریب تم کو معلوم ہو جائے گا (۳۴)

سنو! ہم نے ان پر کوئی دلیل نازل نہیں کی جو ان کے حق میں دلالت کرتی ہو جنہیں وہ اللہ کی قوتوں میں شریک قرار دیتے ہیں (۳۵)

اور جب ہم لوگوں کو اپنی رحمت کا مزہ چکھاتے ہیں تو خوش ہو جاتے ہیں اور اگر ان کے عملوں کے سبب جو ان کے ہاتھوں نے آگے بھیجے ہیں کوئی تکلیف پہنچے تو ناامید ہو کر رہ

है कोई कष्ट पहुंचे तो निराश होकर रह जाते हैं (36)

جاتے ہیں(۳۶)

क्या उन लोगों ने इस बात पर विचार नहीं किया कि ईश्वर का नियम उसकी जीविका विस्तृत कर देता है जो अपने सत्कर्मों से ईश्वर के बनाए नियम से चाहता है और उस का तंगकर देता है जो अपने दुष्कर्मों से ईश्वर के नियम का विरोध करके स्वयं चाहता है इसमें उनके लिए चिन्ह हैं जो विश्वास रखते हैं (37) {34:34,39; 17:30}

کیاان لوگوں نے اس بات پر غورنہیں کیا کہ اللہ کا قانون اس کا رزق کشادہ کردیتا ہے جواپنے نیک عملوں سے اللہ کے بتائے ہوئے قانون سے چاہتا ہےاوراس کا تنگ کردیتا ہے جواپنے بدعملوں سے اللہ کے قانون کی مخالفت کرکے خود چاہتا ہے بےشک اس میں ان کے لئے نشانیاں ہیں جوایمان رکھتے ہیں(۳۷)[۳۴:۳۴،۳۹؛ ۱۷:۳۰]

तो सम्बन्धियों और मिसकीनों और यात्रियों को उनका अधिकार देते रहो, यह उन लोगों के लिए उत्तम है जो ईश्वर की इच्छा के इच्छुक हैं और वही लोग मुक्ति प्राप्त करने वाले हैं (38)

تواہل قرابت اور مسکینوں اور مسافروں کو ان کا حق دیتے رہو یہ ان لوگوں کے لئے بہتر ہے جواللہ کی رضا کے طالب ہیں اوروہی لوگ نجات حاصل کرنے والے ہیں(۳۸)

और जो सूद तुम लेते देते हो ताकि लोगों के माल में सम्मिलित होकर वह बढ़ जाए ईश्वर के निकट वह नहीं बढ़ता और जो दान तुम ईश्वर की प्रसन्नता के लिए देते हो उसी के देने वाले वास्तव में अपने माल बढ़ाते हैं (39) {2:275,281; 3:130}

اور جوسودتم لیتے دیتے ہوتا کہ لوگوں کے مال میں شامل ہوکروہ بڑھ جائے اللہ کے نزدیک وہ نہیں بڑھتا۔اور جو زکوٰۃ تم اللہ کی رضا کے لئے دیتے ہواسی کے دینے والے درحقیقت اپنے مال بڑھاتے ہیں(۳۹)[۲:۲۷۵،۲۸۱؛ ۳:۱۳۰]

ईश्वर वह है जिसने तुम को पैदा किया फिर तुम को जीविका दी फिर तुम्हें मारता है फिर जीवित करेगा, भला तुम्हारे साझियों में भी कोई ऐसा है जो इन कामों में से कुछ कर सके वह पवित्र है जो बहुत उच्च है उस अनेकेश्वरवाद से जो वह लोग कर रहे हैं (40)

اللہ وہ ہے جس نے تم کو پیدا کیا پھرتم کو رزق دیا پھر تمہیں مارتا ہے پھر زندہ کرے گا بھلاتمہارے شریکوں میں بھی کوئی ایسا ہے جوان کاموں میں سے کچھ کرسکے وہ پاک ہےاور بہت بالا ہےاس شرک سے جو وہ لوگ کررہے ہیں(۴۰)

थल और जल में लोगों के कर्मों के कारण अशान्ति फैल गई है इस कारण से ईश्वर उनको उनके कतिपय कर्मों का स्वाद चखाये कदाचित वह रुक जाए (41)

خشکی اورتری میں لوگوں کے اعمال کے سبب فساد پھیل گیا ہےاس وجہ سے اللہ اُن کو اُن کے بعض اعمال کا مزہ چکھائے شائدوہ باز آجائیں(۴۱)

कह दो देश में चलो फिरो और देखो कि जो लोग तुम में पहले हुए हैं उनका कैसा अन्त हुआ है उनमें अधिक अनेकेश्वर वादी थे (42)

کہدوکہ ملک میں چلوپھرواور دیکھوکہ جولوگ تم سے پہلے ہوئے ہیں ان کا کیساانجام ہوا ہےان میں زیادہ تر مشرک تھے(۴۲)

तो उस दिन से पहले जो ईश्वर की ओर से आकर रहेगा और रुक नहीं सकेगा धर्म के सीधे मार्ग की ओर दृढ़ता से अपना मुख किए रहो उस दिन सब एक दूसरे से पृथक हो जाएँगे (43)

تواس روز سے پہلے جواللہ کی طرف سے آکر رہے گا اور رُک نہیں سکے گا دین کے سیدھے رستہ کی طرف مضبوطی سے اپنا رُخ کئے رہواس روز سب ایک دوسرے سے جداہوجائیں گے(۴۳)

जिस व्यक्ति ने कुफ्र किया होगा तो उसके इनकार की हानि उसी को होगी और जिसने अच्छे किये तो ऐसे लोग अपनी सफलता का सामान कर रहे हैं (44)

جس شخص نے کفر کیا ہوگا تو اس کے کفر کا نقصان اسی کو ہوگا اورجس نے اچھے کام کئے تو ایسے لوگ اپنی فلاح کا سامان کررہے ہیں(۴۴)

ईश्वर अच्छा फल देगा अपनी कृपा से उन लोगों को जो विश्वास लाए और शुभ कर्म करते रहे, निःसन्देह वह नास्तिकों को मित्र नहीं रखता (45)

اللہ اچھابدلہ دے گا اپنے فضل سے ان لوگوں کو جوایمان لائے اور نیک عمل کرتے رہے بےشک وہ کافروں کو دوست نہیں رکھتا(۴۵)

और उसी के चिन्हों में से है कि वायु को भेजता है कि शुभ सूचना देती हैं ताकि तुम को अपनी अनुकम्पा का स्वाद चखाए और ताकि उसके नियमानुसार नाव चले और ताकि तुम उसके कृपा

اوراسی کی نشانیوں میں سے ہے کہ ہواؤں کو بھیجتا ہے کہ خوشخبری دیتی ہیں تاکہ تم کواپنی رحمت کے مزے چکھائے اورتاکہ اس کے قانون سے کشتیاں چلیں اورتاکہ تم اس

द्या नियम से जीविका प्राप्त करो कदाचित तुम आज्ञाकारी हो जाओ (46)

और हमने आपसे पहले ईशदूतों को उनकी जाति की ओर प्रेषित किया और वह उनके पास उज्ज्वल चिन्ह लेकर आए फिर उन्होंने अपराध किया तो उनसे हमने बदला लिया और हम पर यह अनिवार्य है कि हम आस्तिकों की सहायता करें (47)

ईश्वर वह है जो वायु को भेजता है और वह बादल उठाती है फिर वह उन बादलों को आकाश में टुकड़े टुकड़े कर देती है फिर तू देखता है कि वर्षा की बूंदें बादल से टपकने लगती है फिर जब वह अपने भक्तों में से जिस पर चाहता है उसे बरसा देता है तो प्रसन्न हो जाते है (48)

यद्यपि उसके प्रेषण से पहले उनमें से अधिक निराश हो रहे थे (49)

तो (ऐ देखने वाले) ईश्वर की कृपा के चिन्हों की ओर देख कि वह किस प्रकार पृथ्वी को उसके मरने के बाद जीवित करता है? विश्वास करो वह (इसी प्रकार) मृतकों को भी जीवित करने वाला है और वह हर वस्तु के अनुमान निर्धारित करने वाला है(50)

और यदि हम तीव्र गर्म वायु चला दें जिसके प्रभाव से वह अपनी खेती को देखे कि पीली अर्थात झुलस गई तो इसके बाद वह अवज्ञा करने लग जाए तो तुम अंतरात्मा के मृतकों को (बात) नही सुना सकते और न बहरों को जब वह पीठ फैरकर अपना बचाओ करें ध्वनि सुना सकते हो (52) {27:80; 35:22; 36:70}

और न बुद्धि के अन्धों को उनकी भ्रष्टता से निकालकर सत्य मार्ग पर ला सकते हो तुम तो उन्ही लोगों को सुना सकते हो जो हमारी आयतों पर विश्वास लाते है सो वही आज्ञाकारी है (53)

ईश्वर वह है जिसने आरम्भ में तुमको निर्बल उत्पन्न किया फिर वही है कि निर्बलता के बाद शक्ति देता है फिर शक्ति के बाद निर्बलता और बुढ़पा देता है, वह जो चाहता है पैदा करता है और वह ज्ञान वाला और शक्ति वाला है जिस दिन क्यामत स्थापित होगी तो पापी शपथ खाकर कहेंगे कि वह एक घड़ी से अधिक मृत्यु लोक में नही रहे थे इसी भांति वह दुनिया के जीवन में धोका खाते थे (55)

और जिन लोगों को ज्ञान और ईमान दिया गया है वह कहेंगे कि ईश्वर की पुस्तक के अनुसार तुम क्यामत तक रहे हो और यह क्यामत ही का दिन है परन्तु तुमको इसका विश्वास न था (56)

तो उस दिन अत्याचारी लोगों को उनकी क्षमा मागना कुछ लाभ न देगा और न उनसे तोबा और कर्म मांगा जाएगा (57)

کے فضل قانون سے روزی طلب کرو شائد تم فرمانبردار ہو جاؤ (۴۶)

اور ہم نے آپ سے پہلے رسولوں کو ان کی قوم کی طرف بھیجا اور وہ ان کے پاس روشن نشانیاں لے کر آئے پھر انہوں نے جرم کیا تو ان سے ہم نے بدلہ لیا اور ہم پر یہ لازم ہے کہ ہم مومنوں کی مدد کریں (۴۷)

اللہ وہ ہے جو ہواؤں کو بھیجتا ہے اور وہ بادل اٹھاتی ہیں، پھر وہ ان بادلوں کو آسمان میں ٹکڑے ٹکڑے کر دیتا ہے پھر تو دیکھتا ہے کہ بارش کے قطرے بادل سے ٹپکنے لگتے ہیں پھر جب وہ اپنے بندوں میں سے جس پر چاہتا ہے اسے برسا دیتا ہے تو خوش ہو جاتے ہیں (۴۸)

حالانکہ اس کے نزول سے پہلے ان میں سے بیشتر مایوس ہو رہے تھے (۴۹)

تو (اے دیکھنے والے) اللہ کی رحمت کی نشانیوں کی طرف دیکھ کہ وہ کس طرح زمین کو اس کے مرنے کے بعد زندہ کرتا ہے؟ یقین کرو وہ (اسی طرح) مردوں کو بھی زندہ کرنے والا ہے اور وہ ہر چیز کے اندازے مقرر کرنے والا ہے (۵۰)

اور اگر ہم تیز گرم ہوا چلا دیں جس کے اثر سے وہ اپنی کھیتی کو دیکھیں کہ زرد یعنی جھلس گئی تو اس کے بعد وہ کفر کرنے لگ جائیں (۵۱)

تو تم ضمیر کے مردوں کو (بات) نہیں سنا سکتے اور نہ بہروں کو جب وہ پیٹھ پھیر کر اپنا بچاؤ کریں آواز سنا سکتے ہو (۵۲) [۲۷:۸۰:۳۵:۲۲:۳۶:۷۰]

اور نہ عقل کے اندھوں کو ان کی گمراہی سے نکال کر راہ راست پر لا سکتے ہو تم تو انہی لوگوں کو سنا سکتے ہو جو ہماری آیتوں پر ایمان لاتے ہیں سو وہی فرمانبردار ہیں (۵۳)

اللہ وہ ہے جس نے ابتدا میں تم کو کمزور پیدا کیا، پھر وہی ہے کہ کمزوری کے بعد قوت دیتا ہے پھر طاقت کے بعد کمزوری اور بڑھاپا دیتا ہے وہ جو چاہتا ہے پیدا کرتا ہے اور وہ صاحب دانش اور قدرت والا ہے (۵۴)

جس روز قیامت قائم ہوگی تو مجرم قسمیں کھا کر کہیں گے کہ وہ ایک گھڑی سے زیادہ عالم برزخ میں نہیں ٹھہرے تھے اسی طرح وہ دنیا کی زندگی میں دھوکا کھاتے تھے (۵۵)

اور جن لوگوں کو علم اور ایمان دیا گیا ہے وہ کہیں گے کہ اللہ کی کتاب کے مطابق تم قیامت تک رہے ہو اور یہ قیامت ہی کا دن ہے لیکن تم کو اس کا یقین ہی نہ تھا (۵۶)

تو اس روز ظالم لوگوں کو ان کا عذر کچھ فائدہ نہ دے گا اور نہ ان سے توبہ اور عمل طلب کیا جائے گا (۵۷)

और हमने लोगों को समझाने के लिए इस कुरआन में हर प्रकार की उपमा वर्णन की है और यदि तुम उनके सामने कोई चिन्ह प्रस्तुत करो तो वह काफिर कह देंगे कि तुम झूटे हो (58)
इसी प्रकार ईश्वर का नियम उन लोगों के हृदयों पर जो समझ नहीं रखते मोहर लगा देता है (59)
पस ऐ नबी (और नबी का अनुकरण करने वालो!) धैर्य करो निःसन्देह ईश्वर का वचन सत्य है और कदापि हल्का न पाए तुम को वह लोग जो विश्वास नहीं रखते (60)

सूरत लुकमान मक्की 31

अलिफ लाम मीम ऐ मुहम्मद स0 (1) यह युक्ति भरी पुस्तक की आयात है (2)
और सदाचारीयों के लिए मार्ग दर्शन और करूणा है (3)
उन लोगों के लिए जो सलात का पालन करते है और दान पवित्रता देते है और परलोक का विश्वास रखते है अर्थात ईश्वर के हर आदेश का पालन करते है (4)
वही वह लोग है जो अपने स्वामी की ओर से पथ प्रदर्शन पर है और वही है जो मुक्ति पाने वाले है (5)
और लोगों में कतिपय ऐसे भी है जो व्यर्थ कथाए बाते क्रय कर के लाते है ताकि वे समझे लोगों को ईश्वर के मार्ग से भटकाए और उससे उपहास करें वह ऐसे लोग है जिन के लिए हीन करने वाला कष्ट है (6)
और जब उसको हमारी आयतों को सुनाया जाता है तो अकड़ कर उनसे मुख फैर लेता है मानों उसने उन्हें सुना ही नही मानों उसके कान बहरे है तो उसको पीड़ा देने वाले कष्ट की सूचना सुना दो (7)
निःसंदेह जो विश्वास लाए और कुरआन के अनुसार सत्कर्म करते रहे उनके लिए प्रसाद के उपवन है(8)
सदैव उनमें रहेंगे ईश्वर का वचन सत्य है और प्रभुत्वशाली युक्ति वाला है (9)
उसने आकाशों को जैसा कि तुम देखते हो बिना स्तंभों के रचा और पृथ्वी पर पर्वत रख दिए ताकि तुमको लेकर घूमती रहे हिला न दे (अर्थात पृथ्वी का संतुलन स्थिर रहे) और उसमें हर प्रकार के जीव धारी फैला दिए और हम ही ने आकाश से बादल से पानी प्रेषित किया फिर उससे उसमें हर प्रकार के उत्तम जोड़े पैदा किए (10)
यह तो ईश्वर की रचना है तो मुझे दिखाओ ईश्वर के अतिरिक्त जो है जिनको लोग अपना पूज्य जान रहें हैं उन्होंने क्या रचा? सत्य यह है कि अत्याचारी खुली पथ भ्रष्टता में है (11)
और हमने लुकमान को ज्ञान प्रदान किया ईश्वर की आज्ञाकारी करो और जो व्यक्ति आज्ञाकारी करता है तो अपने ही लाभ के लिए आज्ञाकारी करता है

اورہم نے لوگوں کو سمجھانے کے لئے اس قرآن میں ہر طرح کی مثال بیان کی ہے اور اگر تم ان کے سامنے کوئی نشانی پیش کروتو وہ کافر کہدیں گے کہ تم جھوٹے ہو(۵۸)
اسی طرح اللہ کا قانون ان لوگوں کے دلوں پر جو سمجھ نہیں رکھتے مہر لگادیتا ہے(۵۹)
پس اے نبی (اور نبی کے پیروی کرنے والو!) صبر کرو یقیناً اللہ کا وعدہ سچا ہےاور ہرگز ہلکا نہ پائیں تم کو وہ لوگ جو یقین نہیں رکھتے (۶۰)

سورہ لقمان (مکی) ۳۱

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

الٓمٓ ۔ اے محمدؐ (۱) یہ کتاب حکیم کی آیات ہیں (۲)
اور نیکوکاروں کے لئے رہبر اور رحمت ہیں (۳)
ان لوگوں کے لئے جو صلوٰۃ کی پابندی کرتے ہیں اور زکوٰۃ پاکی دیتے ہیں اور آخرت کا یقین رکھتے ہیں یعنی اللہ کے ہر حکم پر عمل کرتے ہیں (۴)
وہی وہ لوگ ہیں جو اپنے پروردگار کی طرف سے ہدایت پر ہیں اور وہی ہیں جو نجات پانے والے ہیں (۵)
اور لوگوں میں بعض ایسے بھی ہیں جو بیہودہ قصے کہانیاں خرید کر لاتے ہیں تاکہ بے سمجھے لوگوں کو اللہ کی راہ سے بھٹکائیں اور اس سے مذاق کریں وہ ایسے لوگ ہیں جن کے لئے ذلیل کرنے والا عذاب ہے(۶)
اور جب اس کو ہماری آیتیں سنائی جاتی ہیں تو اکڑ کر ان سے منہ پھیر لیتا ہے گویا اس نے انہیں سنا ہی نہیں گویا اس کے کان بہرے ہیں تو اس کو درد دینے والے عذاب کی خبر سنادو(۷)
بے شک جو ایمان لائے اور قرآن کے مطابق نیک کام کرتے رہے ان کے لئے نعمت کے باغ ہیں (۸)
ہمیشہ ان میں رہیں گے اللہ کا وعدہ سچا ہے اور وہ غالب حکمت والا ہے(۹)
اسی نے آسمانوں کو جیسا کہ تم دیکھتے ہو بغیر ستونوں کے پیدا کیا اور زمین پر پہاڑ رکھدئے تاکہ تم کو لے کر گھومتی رہے ہلا نہ دے (یعنی زمین کا توازن قائم رہے) اور اس میں ہر طرح کے جانور پھیلادئے اور ہم ہی نے آسمان سے بادل سے پانی نازل کیا پھر اس سے اس میں ہر قسم کے نفیس جوڑے پیدا کئے (۱۰)
یہ تو اللہ کی مخلوق ہے تو مجھے دکھاؤ اللہ کے سوا جو ہیں جن کو لوگ اپنا معبود جان رہے ہیں انہوں نے کیا پیدا کیا ہے؟ حقیقت یہ ہے کہ ظالم صریح گمراہی میں ہیں (۱۱)
اور ہم نے لقمان کو دانائی بخشی کہ اللہ کی فرمانبرداری کرو اور جو شخص فرمانبرداری کرتا ہے تو اپنے ہی فائدے کے لئے

और अवज्ञा करता है तो ईश्वर भी निश्चिन्त और प्रशव्सा के योग्य है (12)

فرمانبرداری کرتا ہےاور جونافرمانی کرتا ہےتو اللہ بھی بے پرواہ اور تعریف کے لائق ہے(۱۲)

और (उस समय को याद करो) जब लुकमान ने अपने पुत्र को उपदेश करते हुए कहा कि पुत्र ईश्वर के साथ अनेकेश्वरवाद न करना निःसंदेह अनेकेश्वर वाद बड़ा अन्याय है (13)

اور (اس وقت کو یاد کرو) جب لقمان نے اپنے بیٹے کو نصیحت کرتے ہوئے کہا کہ بیٹا اللہ کے ساتھ شرک نہ کرنا بےشک شرک تو بڑا ظلم ہے(۱۳)

हमने व्यक्ति को उसके माता पिता के विष्य में उपदेश किया है, उसकी माता ने दुख पर दुख उठा कर उसे गर्भ में रखा और उसको दो साल दूध पिलाती है कि तु मेरी और अपने माता पिता की आज्ञाकारी करो (तुम सबको) मेरी ओर ही लोट कर आना है (14) {2:233; 17:24; 46:15}

ہم نے انسان کو اس کے ماں باپ کے بارے میں نصیحت کی ہےاس کی ماں نے دکھ پر دکھ اٹھا کر اسے حمل میں رکھا اور اس کو دوسال دودھ پلاتی ہے کہ تو میری اور اپنے ماں باپ کی فرمانبرداری کر (تم سب کو) میری طرف ہی لوٹ کر آنا ہے(۱۴)[۲:۲۳۳؛۱۷:۲۴؛۴۶:۱۵]

परन्तु यदि वह तुझ पर दबाओ डाले कि मेरे साथ किसी और को साझी कर ले जिसके विष्य में ईश्वर ने तुझ को कोई जानकारी नही दी तो कदापि उनका कहना न मानना, हां दुनिया में उनके साथ अच्छा व्यवहार करना परन्तु अनुकरण उसी का करना जिसने मेरी ओर प्रत्यागमन किया हो, फिर तुम को मेरी ओर लोट कर आना है तो जो कार्य तुम करते रहे हो सबसे तुमको अवगत करूंगा(15)

لیکن اگر وہ تجھ پر دباؤ ڈالیں کہ میرے ساتھ کسی اور کو شریک کرلے جس کے بارے میں اللہ نے تجھ کو کوئی علم نہیں دیا تو ہرگز ان کا کہنا ماننا ہاں دنیا میں ان کے ساتھ اچھا برتاؤ کرنا مگر پیروی اسی کی کرنا جس نے میری طرف رجوع کیا ہو. پھر تم کو میری طرف لوٹ کر آنا ہے تو جو کام تم کرتے رہے ہو سب سے تم کو آگاہ کروں گا(۱۵)

(लुकमान ने यह भी कहा कि) पुत्र यदि कोई कर्म राई के दाने के बराबर भी हो और हो भी किसी पत्थर के अन्दर या आकाशों में या पृथ्वी में ईश्वर उसको क्यामत के दिन ला उपस्थित करेगा निःसंदेह ईश्वर बारीक से बारीक वस्तु को देखता है और हर वस्तु से अवगत है (16)

(لقمان نے یہ بھی کہا کہ) بیٹا اگر کوئی عمل رائی کے دانے کے برابر بھی ہو اور ہو بھی کسی پتھر کے اندر یا آسمانوں میں یا زمین میں اللہ اس کو قیامت کے دن لا موجود کرے گا بے شک اللہ باریک سے باریک چیز کو دیکھتا ہےاور ہر چیز سے باخبر ہے(۱۶)

पुत्र नमाज स्थापित कर सत्कर्म का आदेश कर बदी से रोक और जो कष्ट तुझ पर पड़े उस पर धैर्य कर निःसंदेह यह बड़े साहस के कार्य है (17)

بیٹا نماز قائم کر نیکی کا حکم کر بدی سے منع کر اور جو مصیبت تجھ پر پڑے اس پر صبر کر بے شک یہ بڑے حوصلے کے کام ہیں(۱۷)

और लोगों से मुख फैर कर बात न करना न पृथ्वी पर अकड़ कर चल ईश्वर किसी घमण्डी और अभिमान करने वाले व्यक्ति को अभिरूचि (पसन्द) नही करता (18)

اور لوگوں سے منہ پھیر کر بات نہ کرنا نہ زمین پر اکڑ کر چل. اللہ کسی گھمنڈی اور فخر کرنے والے شخص کو پسند نہیں کرتا (۱۸)

और अपनी ध्वनी नीची रख (गधे की भांति चिल्लाकर न बोल) इसमें शंका नही कि सबसे बुरी ध्वनी गधो की होती है (19)

اور اپنی چال میں میانہ روی اختیار کر اور اپنی آواز نیچی رکھ (گدھے کی طرح چلا کر نہ بول) اس میں شک نہیں کہ سب سے بُری آواز گدھوں کی ہوتی ہے(۱۹)

क्या तुमने इस पर विचार नही किया कि ईश्वर ने आकाश व पृथ्वी की हर वस्तु तुम्हारे लिए ही अर्जित कर दी है अर्थात तुम्हारी बेगार में लगा दी है, और तुम पर अपनी प्रकट और गुप्त सुख सामग्री पूरी कर दी है, परन्तु कतिपय लोग ऐसे है कि ईश्वर (ईश्वर के आदेशों) के विष्य में वितर्क करते है जबकि उनके पास न तो किसी प्रकार का ज्ञान होता है और न मार्ग दर्शन और न कोई उज्जवल पुस्तक (20)

کیا تم نے اس پر غور نہیں کیا کہ اللہ نے آسمان وزمین کی ہر شئی تمہارے لئے ہی فراہم کردی ہے یعنی تمہاری بیگار میں لگادی ہےاور تم پر اپنی ظاہری اور باطنی نعمتیں پوری کردی ہیں لیکن بعض لوگ ایسے ہیں کہ اللہ (کے احکام) کے بارے میں بحث کرتے ہیں جب کہ ان کے پاس نہ تو کسی طرح کا علم ہوتا ہےاور نہ ہدایت اور نہ کوئی روشن کتاب(۲۰)

और जब उनसे कहा जाता है कि जो पुस्तक ईश्वर ने अवतरित की है उसका अनुकरण करो तो कहते है कि हम तो उसी का अनुकरण करेंगे जिस पर अपने पूर्वजों को पाया, भला यदि शैतान उनको नर्क की यातना की ओर बुलाता हो (21)

اور جب ان سے کہا جاتا ہے کہ جو کتاب اللہ نے نازل کی ہےاس کی پیروی کرو تو کہتے ہیں کہ ہم تو اسی کی پیروی کریں گے جس پر اپنے باپ دادا کو پایا. بھلا اگر چہ شیطان ان کو دوزخ کے عذاب کی طرف بلاتا ہو(۲۱)

اور جو شخص اپنے کو اللہ کا فرمانبردار کر لے اور نیک بھی ہو تو اس نے ایک مضبوط سہارا پکڑ لیا اور ہر کام کا انجام اللہ ہی کے ہاتھ ہے (۲۲)

और जो व्यक्ति अपने को ईश्वर का आज्ञाकारी कर ले और सदाचारी भी हो तो उसने एक सुदृढ़ सहारा पकड़ लिया और हर कार्य का परिणाम ईश्वर ही के हाथ है (22)

اور جو شخص کفر کرے تو اس کا کفر تمہیں غمناک نہ کرے اس کو ہماری طرف لوٹ کر آنا ہے پھر جو کام وہ کیا کرتے تھے ہم ان کو جتا دیں گے بے شک اللہ دلوں کی باتوں سے واقف ہے (۲۳)

और जो व्यक्ति कुफ्र करे तो उसका कुफ्र तुम्हें शोक जनक न करें उसको हमारी ओर लोट कर आना है फिर जो काम वह किया करते थे हम उन को जता देंगे निःसंदेह ईश्वर हृदय की बातों से अवगत है (23)

ہمارا قانون انہیں دنیا سے تھوڑا سا فائدہ اٹھانے کا موقع دے رہا ہے پھر انہیں (بے بسی کے عالم میں) کھینچتے ہوئے سخت عذاب کی طرف لے جائے گا (۲۴)

हमारा नियम उन्हें दुनिया से थोड़ा लाभ उठाने का अवसर दे रहा है, फिर उन्हें (बेबसी की स्थिति में) खींचते हुए कठोर कष्ट की ओर ले जाएगा (24)

اگر تم ان سے پوچھو کہ آسمان اور زمین کو کس نے پیدا کیا تو وہ یقیناً یہی کہیں گے کہ اللہ نے، یہ سن کر تم کہنا کہ سب تعریف اللہ کے لئے ہے لیکن ان میں اکثر سمجھ نہیں رکھتے (۲۵)

यदि तुम उनसे पूछो कि आकाश और पृथ्वी को किसने उत्पन्न किया तो वह निःसंदेह यही कहेंगे कि ईश्वर ने, यह सुनकर तुम कहना कि सब प्रशन्सा ईश्वर के लिए है परन्तु उनमें अधिक समझ नही रखते (25)

سب اللہ کے لئے ہے جو کچھ آسمانوں اور زمین میں ہے بے شک اللہ بے پروا اور سب خوبیوں والا ہے (۲۶)

सब ईश्वर के लिए है जो कुछ आकाशों और पृथ्वी में है निःसंदेह ईश्वर निश्चिन्त और विशेषताओं वाला है (26)

زمین میں جتنے درخت ہیں اگر وہ سب کے سب قلم بن جائیں اور سمندر سیاہی بن جائے اور اس کے بعد سات سمندر اور سیاہی ہو جائیں تو اللہ کی باتیں یعنی اس کی صفتیں ختم نہ ہوں۔ بے شک اللہ غالب حکمت والا ہے (۲۷)

पृथ्वी में जितने वृक्ष है यदि वह सबके सब कलम बन जाएं और समुन्द्र स्याही बन जाए और इसके बाद सात समुन्द्र और स्याही हो जाएं तो ईश्वर की बाते अर्थात उसके गुण समाप्त न हो निःसंदेह ईश्वर प्रभुत्व शाली और युक्ति वाला है (27)

اللہ کو تمہارا پیدا کرنا اور جلا اٹھانا ایک جی کے جلا اٹھانے جیسا ہے بے شک اللہ سننے والا اور دیکھنے والا ہے وہ ہر بات کو دیکھ رہا ہے (۲۸)

ईश्वर को तुम्हारा पैदा करना और जिला उठाना एक जी के जिला उठाने जैसा है निःसन्देह ईश्वर सुनने वाला और देखने वाला है वह हर बात को देख रहा है (28)

کیا تم نے نہیں دیکھا کہ اللہ رات کو دن میں داخل کرتا ہے اور دن کو رات میں داخل کرتا ہے اور اسی نے سورج اور چاند کو تمہارے لئے فراہم کر رکھا ہے بیگار میں لگا رکھا ہے ہر ایک ایک وقت مقرر تک چل رہا ہے اور یہ کہ اللہ تمہارے سب اعمال سے خبردار ہے (۲۹) [۳۶:۴۰]

क्या तुमने देखा नही कि ईश्वर रात को दिन में प्रविष्ट करता है और दिन को रात में प्रविष्ट करता है और उसी ने सूर्य और चन्द्रमा को तुम्हारे लिए अर्जित कर रखा है बैगार में लगा रखा है हर एक एक निश्चित समय तक चल रहा है, और यह कि ईश्वर तुम्हारे सब कर्मों से अवगत है(29){36:40}

یہ اس لئے ہے کہ اللہ ہی حق ہے اور جن کو وہ لوگ اللہ کے سوا پکارتے ہیں وہ بے کار ہیں اور یہ کہ اللہ ہی عالی مرتبہ اور بڑا ہے (۳۰)

यह इस लिए है कि ईश्वर ही सत्य है, और जिन को वह लोग ईश्वर के सिवा पुकरते है वह व्यर्थ है और यह कि ईश्वर ही उच्च मान वाला और बड़ा है (30)

کیا تم نے دیکھا نہیں کہ اللہ ہی کے قانون اور مہربانی سے کشتیاں دریا میں چلتی ہیں تا کہ وہ تم کو اپنی کچھ نشانیاں دکھائے بے شک اس میں ہر صبر کرنے والے اور فرمانبرداری کرنے والے کے لئے نشانیاں ہیں (۳۱)

क्या तुमने नही देखा कि ईश्वर ही के नियम और कृपा से नाव दराया में चलती है, ताकि वह तुमको अपने कुछ चिन्ह दिखाए निःसंदेह इसमें हर धैर्य करने वाले और आज्ञाकारी करने वाले के लिए चिन्ह है (31)

اور جب ان پر لہریں سائبانوں کی طرح چھا جاتی ہیں تو اللہ کو پکارنے لگتے ہیں اپنے دین کو اسی کے لئے خالص کر کے پھر جب وہ ان کو نجات دے کر خشکی پر پہنچا دیتا ہے تو ان میں سے کم ہی انصاف پر قائم رہتے ہیں اور ہماری نشانیوں سے وہی انکار کرتے ہیں جو بدعہد اور نافرمان ہوتے ہیں (۳۲)

और जब उन पर लहरें मण्डपों की भांति छा जाती है तो ईश्वर को पुकारने लगते है अपने धर्म को उसी के लिए निर्मल करके, फिर जब वह उनको मुक्ति दे कर थल पर पहुंचा देता है तो उनमें कम ही न्याय पर स्थिर रहते है, और हमारे चिन्हों से वही इनकार करते है जो विश्वासघाती और अवज्ञाकारी होते है (32)

लोगों अपने रब की अवज्ञा से डरो और उस दिन का भय करो कि न पिता अपने पुत्र के कुछ काम आए और न पुत्र पिता के कुछ काम आ सके निःसंदेह ईश्वर का वचन सत्य है, अतः दुनिया का जीवन तुमको धोके में न डाल दे और न छल करने वाला शैतान तुम्हें ईश्वर के विषय में किसी प्रकार का छल दे (33)
निःसंदेह ईश्वर ही के पास क्यामत का ज्ञान है वही वर्षा प्रेषित करता है और स्त्री के पैट में जो है उसे जानता है कोई भी नहीं जानता कि कल क्या करेगा? न किसी को यह जानकारी है कि किस धरती में मरेगा याद रखो ईश्वर ही पूरे ज्ञान वाला और उचित सूचना वाला है (34)

لوگو! اپنے رب کی نافرمانی سے ڈرو اور اس دن کا خوف کرو کہ نہ باپ اپنے بیٹے کے کچھ کام آئے اور نہ بیٹا باپ کے کچھ کام آسکے بے شک اللہ کا وعدہ سچا ہے پس دنیا کی زندگی تم کو دھوکے میں نہ ڈال دے اور نہ فریب دینے والا شیطان تمہیں اللہ کے بارے میں کسی طرح کا فریب دے (۳۳)
بے شک اللہ ہی کے پاس قیامت کا علم ہے وہی بارش نازل کرتا ہے اور عورت کے پیٹ میں جو ہے اسے جانتا ہے کوئی بھی نہیں جانتا کہ کل کیا کرے گا؟ نہ کسی کو یہ معلوم ہے کہ کس زمین میں مرے گا یاد رکھو اللہ ہی پورے علم والا اور صحیح خبر والا ہے (۳۴)

सूरतु स्सज्दा मक्की 32

سورت السجدہ (مکی) ۳۲

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

अलिफ लाम मीम ऐ मुहम्मद स0 (1) इसमें कुछ शंका नही कि इस पुस्तक को सम्पूर्ण संसार के ईश्वर अर्थात मुझ ईश्वर की ओर से प्रेषित किया जा रहा है (2)
क्या वह लोग यह कहेंगे कि रसूल ने इसको स्वयं बना लिया है (इसलिए वह इस पर विश्वास नही ला रहे हैं ऐसा नही है) अपितु यह तुम्हारे ईश्वर मुझ ईश्वर की ओर से सत्य है ताकि तुम उन लोगों को सावधान करो जिनके पास तुमसे पहले (बहुत समय से) कोई सावधान करने वाला नही आया कदाचित वह सीधा मार्ग पाले (3)

الٓمٓ۔ اے محمدؐ (۱) اس میں کچھ شک نہیں کہ اس کتاب کو تمام جہان کے رب یعنی مجھ اللہ کی طرف سے نازل کیا جا رہا ہے (۲)
کیا وہ لوگ یہ کہیں گے کہ رسول نے اس کو خود گھڑ لیا ہے (اس لئے وہ اس پر ایمان نہیں لا رہا ایسا نہیں ہے) بلکہ یہ تمہارے پروردگار مجھ اللہ کی طرف سے حق ہے تا کہ تم ان لوگوں کو خبردار کرو جس کے پاس تم سے پہلے (بہت عرصے سے) کوئی خبردار کرنے والا نہیں آیا شائد وہ سیدھا راستہ پالیں (۳)

ईश्वर वह है जिसने आकाशों और पृथ्वी और जो वस्तुएं इन दोनों के बीच में हैं सब को छ दिन (चरण) में पैदा किया फिर सिहांसन पर स्थिर हुआ उसके अतिरिक्त तुम्हारा न कोई मित्र है और न अनुशंसा करने वाला क्या तुम शिक्षा नही पकड़ोगे? (4)
वही आकाश से पृथ्वी तक के हर कार्य का प्रबन्ध करता है, हर कार्य उसी के समक्ष पहुंच जाएगा, एक ऐसे दिन में जिसकी मात्रा तुम्हारी गणना के अनुसार एक हजार वर्ष होगी (5) {22:47;70:4} (हर काम के बनने बिगड़ने में समय लगता है एक दम नही होता)

اللہ وہ ہے جس نے آسمانوں اور زمین کو اور جو چیزیں ان دونوں کے درمیان میں ہیں سب کو چھ دن (دور) میں پیدا کیا پھر عرش پر قائم ہوا اس کے سوا تمہارا نہ کوئی دوست ہے اور نہ شفارش کرنے والا کیا تم نصیحت نہیں پکڑو گے؟ (۴)
وہی آسمان سے زمین تک کے ہر کام کا انتظام کرتا ہے ہر امر اسی کے حضور پہنچ جائے گا ایک ایسے دن میں جس کی مقدار تمہارے شمار کے مطابق ایک ہزار سال ہوگی (۵) [۲۲:۴۷؛۷۰:۴] (ہر کام کے بننے بگڑنے میں وقت لگتا ہے ایک دم نہیں ہوتا)

कह दो कि हमारा ईश्वर हम सबको (महा प्रलय के दिन) ऐकत्र करेगा फिर हमारे बीच न्याय के साथ निर्णय कर देगा वह बहुत बड़ा निर्णय करने वाला और अवगत है (26)
(ऐ मुहम्मद स0 उन अनेकेश्वर वादियों से) कहो तनिक मुझे उन साझियों को तो दिखाओ जिनको तुम ने ईश्वर का साझी बनाकर उससे मिला रखा है ऐसा कोई नही अपितु ईश्वर ही प्रभुत्वशाली है और युक्ति वाला है (27)
और (ऐ मुहम्मद स0) हमने जो तुमको भेजा है तो निःसन्देह सम्पूर्ण लोगों के लिए शुभ सूचना सुनाने वाला और डराने वाला बनाकर भेजा है परन्तु अधिक लोग नही जानते (28)
और कहेंगे यदि तुम सच कहते हो तो बताओ यह क्यामत का वचन कब पूरा होगा (29)
कह दो कि तुम से एक दिन का वचन है जिससे न एक घड़ी पीछे रहोगे न आगे बढ़ोगे (30)
और कहते है जो काफ़िर है कि हम न तो इस कुरआन को मानेंगे और न उन (पुस्तकों) को जो इससे पहले की सुरक्षा के मध्य थी और यदि अन्यायियों को तुम उस समय देखो जब वह अपने ईश्वर के सामने खड़े होंगे और एक दूसरे पर आरोप धरेंगे जो लोग दुनिया में दबाकर रखे गए थे वह बड़े बनने वालों से कहेंगे कि यदि तुम न होते तो हम आस्तिक होते (31)
बड़े लोग निर्बलों से कहेंगे कि क्या हमने तुम को सत्य मार्ग से रोका था जो तुम्हारे पास आया था? नही अपितु तुम स्वयं ही पापी थे (32)
वह दबे हुए लोग उन बड़े बनने वालों से कहेंगे नही अपितु तुम्हारी रात दिन की चालों ने हमें रोक रखा था, जब तुम हमसे कहते थे कि हम ईश्वर से कुफ्र करें और दूसरों को उसके बराबर बनाए फिर जब वह लोग यातना देखेंगे तो अपने हृदयों में पछताऐंगे और हम उन विरोधियों के गलों में बेड़ी डाल देंगे, क्या लोगों को इसके अतिरिक्त और कोई बदला दिया जा सकता है कि जैसे कर्म उनके थे वैसा ही दण्ड पाएं (33)
और जो भी हमने भेजा किसी बस्ती में डराने वाला तो निःसन्देह वहां के सम्पन्न लोगों ने यह ही कहा कि जो वस्तु तुम देकर भेजे गए हो हम उसका इनकार करते है (34)
और (यह भी) कहने लगे कि हम बहुत सा धन और सन्तान रखते हैं और हम को कष्ट नही होगा (35)
कह दो (यह धन का कम अधिक होना सौजन्य का प्रतिमान नही है) कि मेरा ईश्वर उसकी जीविका विस्तृत कर देता है जो स्वयं अपने व्यवहार से चाहता है और उसकी तंग कर देता है जो अपने कर्म से स्वयं तंग कर लेता है (अच्छे बुरे कर्मों से)

کہدو کہ ہمارا پروردگار ہم سب کو (قیامت کے دن) جمع کرے گا پھر ہمارے درمیان انصاف کے ساتھ فیصلہ کردے گا وہ بہت بڑا فیصلہ کرنے والا ہے اور واقف کار ہے (۲۶)
(اے محمدؐ! ان مشرکوں سے) کہو ذرا مجھے ان شریکوں کو تو دکھاؤ جن کو تم نے اللہ کا شریک بنا کر اس سے ملا رکھا ہے ایسا کوئی نہیں بلکہ اللہ ہی غالب ہے اور حکمت والا ہے (۲۷)
اور (اے محمدؐ) ہم نے جو تم کو بھیجا ہے تو یقیناً تمام لوگوں کے لئے خوشخبری سنانے والا اور ڈرانے والا بنا کر بھیجا ہے لیکن اکثر لوگ نہیں جانتے (۲۸)
اور کہیں گے اگر تم سچ کہتے ہو تو بتاؤ یہ (قیامت کا وعدہ کب پورا ہوگا) (۲۹)
کہدو کہ تم سے ایک دن کا وعدہ ہے جس سے نہ ایک گھڑی پیچھے رہو گے نہ آگے بڑھو گے (۳۰)
اور کہتے ہیں جو کافر ہیں کہ ہم نہ تو اس قرآن کو مانیں گے اور نہ اُن (کتابوں) کو جو اس سے پہلے کی حفاظت کے درمیان تھیں اور کاش ظالموں کو تم اس وقت دیکھو جب وہ اپنے پروردگار کے سامنے کھڑے ہوں گے اور ایک دوسرے پر الزام دھریں گے جو لوگ دنیا میں دبا کر رکھے گئے تھے وہ بڑے بننے والوں سے کہیں گے کہ اگر تم نہ ہوتے تو ہم مومن ہوتے (۳۱)
بڑے لوگ کمزوروں سے کہیں گے کہ کیا ہم نے تم کو ہدایت سے روکا تھا جو تمہارے پاس آئی تھی؟ نہیں بلکہ تم خود ہی مجرم تھے (۳۲)
وہ دبے ہوئے لوگ ان بڑے بننے والوں سے کہیں گے نہیں بلکہ تمہاری رات دن کی چالوں نے ہمیں روک رکھا تھا. جب تم ہم سے کہتے تھے کہ ہم اللہ سے کفر کریں اور دوسروں کو اس کا ہمسر بنائیں. پھر جب وہ لوگ عذاب دیکھیں گے تو اپنے دلوں میں پچھتائیں گے اور ہم ان منکروں کے گلوں میں طوق ڈال دیں گے. کیا لوگوں کو اس کے سوا اور کوئی بدلہ دیا جا سکتا ہے کہ جیسے اعمال ان کے تھے ویسی ہی جزا وہ پائیں (۳۳)
اور جو بھی ہم نے بھیجا کسی بستی میں ڈرانے والا تو یقیناً وہاں کے خوشحال لوگوں نے یہ ہی کہا کہ جو چیز تم دے کر بھیجے گئے ہو ہم اس کا انکار کرتے ہیں (۳۴)
اور (یہ بھی) کہنے لگے کہ ہم بہت سا مال اور اولاد رکھتے ہیں اور ہم کو عذاب نہیں ہوگا (۳۵)
کہدو (کہ مال کا کم زیادہ ہونا شرافت کا معیار نہیں ہے) کہ میرا رب اس کے لئے روزی فراخ کر دیتا ہے جو خود اپنے عمل سے چاہتا ہے اور اس کے لئے تنگ کر دیتا ہے جو اپنے عمل سے خود تنگ کر لیتا ہے (اچھے بُرے عملوں سے)

परन्तु अधिक लोग नही जानते (36)
(ऐ लोगो!) तुम्हारा धन और तुम्हारी सन्तान ऐसी वस्तु नही है, जो तुम को हमारा सम्मानित बना दे (सम्मानित तो वह है) जो विश्वास लाए और जिन्होंने दुनिया में भलाई के कार्य किये उन्हें उनके कर्मों का दोगुना फल मिलेगा और वह (स्वर्ग के) उच्च भवनों में शान्ति से रहेंगे (37)
(परन्तु वह लोग जो हमारी आयतों का प्रभाव नष्ट करने के लिए बल लगा रहे है वह कठोर दण्ड में ग्रस्त किये जाऐंगे (38)
ऐ नबी उनसे कहो मेरा रब अपने बन्दों में से उसकी जीविका विस्तृत करता है जो अपने व्यवहार से स्वयं चाहता है और उसको नपा तुला देता है जो अपने व्यवहार से स्वयं चाहता है जो कुछ तुम व्यय कर देते हो उसके स्थान पर वही तुम को और देगा वह सबसे उत्तम जीविका देने वाला है (39)
और जिस दिन वह उन सबको संग्रह करेगा फिर फरिश्तों से कहेगा क्या यह लोग तुम को पूजा करते थे (40)
वह कहेंगे तू पवित्र है तू ही हमारा सहायक है न कि यह. अपितु यह जिन्नात को पूजा करते थे और अधिकांश उन्ही को मानते थे (41)
तो आज तुम में से कोई किसी को लाभ और हानि पहुंचाने का अधिकार नहीं रखता और हम अत्याचारियों से कहेंगे कि नर्क के दण्ड का जिसको तुम झूट समझते थे स्वाद चखो (42)
और जब उनको हमारी उज्जवल आयतें पढ़कर सुनाई जाती है तो कहते है यह एक (ऐसा व्यक्ति है जो चाहता है कि जिन वस्तुओं की तुम्हारे बाप दादा पूजा किया करते थे उनसे तुमको रोक दें और यह भी कहते है कि यह कुरआन तो झूट है जो इसने बना लिया है और नास्तिकों के पास जब सत्य आया तो उसके विषय में कहने लगे यह तो खुला जादू है (43)
और हमने न तो उनको कोई पुस्तकें दे रखी है जिनको पढ़ते हो और न ही तुम से पहले (इस्माईल के बाद) हमने उनके पास कोई रसूल भेजा था जो उन्हें डराता (44)
और जो लोग उनसे पहले थे उन्होंने झुटलाया सो मेरा कष्ट कैसा हुआ (45)
(ऐ मुहम्मद स0) कहो मैं तुम से केवल एक बात कहता हूँ वह यह कि थोड़ी देर के लिए दो-दो और एक-एक ईश्वर के लिए खड़े हो जाओ फिर विचार व मनन करो वह बात यह है जिसकी मैं ताकीद कर रहा हूँ यह मनन का निमंत्रण जो तुम्हें दिया जा रहा है वह इस आवाहक का उन्माद का परिणाम नही है (कि बिना कारण तुम्हारा विरोध कर रहा है परन्तु वह यह चाहता है कि) तुम पर खुला कष्ट आने से पहले तुम को सावधान कर दे (46)

لیکن اکثر لوگ نہیں جانتے (۳۶)
(اے لوگو!) تمہاری دولت اور تمہاری اولاد ایسی چیز نہیں ہیں، جو تم کو ہمارا مقرب بنا دیں۔ (مقرب تو وہ ہیں) جو ایمان لائے اور جنہوں نے دنیا میں بھلائی کے کام کئے انہیں ان کے اعمال کا دُگنا بدلا ملے گا۔ اور وہ (جنت کے) بالاخانوں میں امن سے رہیں گے (۳۷)
(لیکن وہ لوگ جو ہماری آیتوں کا اثر زائل کرنے کے لئے زور لگا رہے ہیں وہ سخت عذاب میں مبتلا کئے جائیں گے (۳۸)
اے نبی ان سے کہو میرا رب اپنے بندوں میں سے اس کا رزق کھلا کرتا ہے جو اپنے عمل سے خود چاہتا ہے اور اس کو نپا تلا دیتا ہے جو اپنے عمل سے خود چاہتا ہے جو کچھ تم خرچ کر دیتے ہو اس کی جگہ وہی تم کو اور دیگا وہ سب سے بہتر روزی دینے والا ہے (۳۹)
اور جس دن وہ اُن سب کو جمع کرے گا پھر فرشتوں سے کہے گا کیا یہ لوگ تم کو پوجا کرتے تھے (۴۰)
وہ کہیں گے تو پاک ہے تو ہی ہمارا مددگار ہے نہ کہ یہ بلکہ یہ جنات کو پوجا کرتے تھے اور اکثر ان ہی کو مانتے تھے (۴۱)
تو آج تم میں سے کوئی کسی کو نفع اور نقصان پہنچانے کا اختیار نہیں رکھتا اور ہم ظالموں سے کہیں گے کہ دوزخ کے عذاب کا جس کو تم جھوٹ سمجھتے تھے مزہ چکھو (۴۲)
اور جب ان کو ہماری روشن آیتیں پڑھ کر سنائی جاتی ہیں تو کہتے ہیں یہ ایک (ایسا) شخص ہے جو چاہتا ہے کہ جن چیزوں کی تمہارے باپ دادا پرستش کیا کرتے تھے ان سے تم کو روک دے۔ اور یہ بھی کہتے ہیں کہ یہ قرآن تو جھوٹ ہے جو اس نے بنا لیا ہے۔ اور کافروں کے پاس جب حق آیا تو اس کے بارے میں کہنے لگے یہ تو کھلا جادو ہے (۴۳)
اور ہم نے نہ تو ان کو کوئی کتابیں دے رکھی ہیں جن کو وہ پڑھتے ہوں اور نہ ہی تم سے پہلے (اسماعیل کے بعد) ہم نے ان کے پاس کوئی رسول بھیجا تھا جو انہیں ڈراتا (۴۴)
اور جو لوگ ان سے پہلے تھے انہوں نے جھٹلایا تھا اور جو کچھ ہم نے اُن کو دیا تھا وہ اُس کے دسویں حصے کو بھی نہیں پہنچے تو انہوں نے میرے رسولوں کو جھٹلایا سو میرا عذاب کیسا ہوا (۴۵)
(اے محمدؐ) کہو میں تم سے صرف ایک بات کہتا ہوں وہ یہ کہ تھوڑی دیر کے لئے دو دو اور ایک ایک اللہ کے لئے کھڑے ہو جاؤ پھر غور و فکر کرو۔ وہ بات یہ ہے جس کی میں تاکید کر رہا ہوں یہ دعوت فکر جو تمہیں دی جا رہی ہے وہ اس داعی کے جنون کا نتیجہ نہیں ہے (کہ بلا سبب تمہاری مخالفت کر رہا ہے لیکن وہ یہ چاہتا ہے کہ) تم پر عذاب کھلا سخت آنے سے پہلے تم کو خبردار کر دے (۴۶)

कह दो कि मैंने तुम से कुछ प्रतिफल मांगा तो वह तुम्हारा, मेरा प्रतिफल तो ईश्वर का दायित्व है और हर वस्तु से अवगत है (47)

उनसे कहो मेरा रब (मुझ पर) सत्य का प्रेषण करता है और वह सम्पूर्ण गुप्त वास्तविकताओं का जानने वाला है (48)

कह दो कि सत्य आ गया और व्यर्थ ने न तो पहली बार कुछ पैदा किया और न पुनः पैदा कर सकता है (49)

कह दो कि यदि मैं कथानुसार तुम्हारे पथ भ्रष्ट हूं तो मेरी पथ भ्रष्टता की हानि मुझ ही को है जबकि मैं पथ भ्रष्ट नही हूं और यदि सत्य मार्ग पर हूं तो यह उसका आधार है जो मेरा रब मेरी ओर वही प्रेषित करता है, निःसन्देह व सुनने वाला और निकट है (50)

और यदि तुम देखो जब वह लोग घबराए हुए इधर उधर भागे फिरेंगे परन्तु कष्ट से नही बचेंगे और निकट ही से पकड़ लिए जाएंगे (51)

और उस समय कहेंगे कि हम विश्वास ले आए परन्तु अब तो देर हो चुकी, धर्म विश्वास से बहुत दूर हो चुके होंगे इतनी दूर से उनका हाथ विश्वास तक क्यों कर पहुंच सकता है (52)

और पहले तो दुनिया में इससे इनकार करते रहे और बिन देखे अटकल के तीर चलाते रहे (53)

उस रोज उनमें और उनकी (अर्थात विश्वास लाने की इच्छाओं के मध्य आवरण बाधक कर दिया जायेगा जैसा कि पहले उन्ही की प्रकार के लोगों के साथ किया गया वह भी (उनकी भांति) उलझन में डालने वाले भ्रम में पड़े हुए थे (54)

सूरत फातिर मक्की (35)

हर प्रकार की प्रशंसा ईश्वर ही के लिए है जो आकाशों और पृथ्वी का बनाने वाला है और फरिश्तों को जिनके दो-दो, तीन-तीन और चार-चार पर है अर्थात शक्तियां संदेश पहुंचाने वाला बनाता है वह रचनाओं की रचना में जैसा चाहता है वृद्धि कर देता है, निःसन्देह ईश्वर हर वस्तु के अनुमान बनाने वाला है, (1)

ईश्वर इन्सानों के लिए जो खोल दे अपनी कृपा तो कोई उसको बन्द करने वाला नही और जो बन्द कर दे तो इसके बाद कोई उसको खोलने वाला नही वह प्रभुत्वशाली है उसका कोई कार्य युक्ति से रहित नही (2)

लोगो! ईश्वर के जो तुम पर उपकार हैं उनको याद करो क्या ईश्वर के अतिरिक्त कोई और जनक है जो तुम को ऊपर और नीचे से जीविका दे? क्या नास्तिक कहते हैं कोई पूज्य नही, निःसन्देह ईश्वर है पस तुम कहां बहके फिरते हो (3)

(ऐ रसूल) यदि वह लोग तुमको झुठलाएं तो तुम से

کہدو کہ میں نے تم سے کچھ صلہ مانگا ہو تو وہ تمہارا میرا اجر تو اللہ ہی کے ذمہ ہے اور وہ ہر چیز سے خبر دار ہے (۴۷)

ان سے کہو میرا رب (مجھ پر) حق کا القا کرتا ہے اور وہ تمام پوشیدہ حقیقت کا جاننے والا ہے (۴۸)

کہدو کہ حق آگیا اور باطل نے نہ تو پہلی بار کچھ پیدا کیا اور نہ دوبارہ پیدا کرسکتا ہے (۴۹)

کہدو کہ اگر میں بقول تمہارے گمراہ ہوں تو میری گمراہی کا نقصان مجھی کو ہے جب کہ میں گمراہ نہیں ہوں اور اگر ہدایت پر ہوں تو یہ اس کا طفیل ہے جو میرا رب میری طرف وحی بھیجتا ہے، بے شک وہ سننے والا اور قریب ہے (۵۰)

اور کاش تم دیکھو جب وہ لوگ گھبرائے ہوئے اِدھر اُدھر بھاگے پھریں گے مگر عذاب سے نہیں بچیں گے اور قریب ہی سے پکڑ لئے جائیں گے (۵۱)

اور اس وقت کہیں گے کہ ہم ایمان لے آئے مگر اب تو دیر ہوچکی۔ ایمان سے بہت دور ہو چکے ہوں گے اتنی دور سے ان کا ہاتھ ایمان تک کیوں کر پہنچ سکتا ہے (۵۲)

اور پہلے تو دنیا میں اس سے انکار کرتے رہے اور بن دیکھے دور ہی سے اٹکل کے تیر چلاتے رہے (۵۳)

اس روز ان میں اور اُن کی (یعنی ایمان لانے کی) خواہشوں کے درمیان پردہ حائل کردیا جائے گا۔ جیسا کہ پہلے انہیں کی طرح کے لوگوں کے ساتھ کیا گیا وہ بھی (ان کی طرح) الجھن میں ڈالنے والے شک میں پڑے ہوئے تھے (۵۴)

سورت فاطر۔ مکی (۳۵)

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

ہر طرح کی تعریف اللہ ہی کے لئے ہے جو آسمانوں اور زمین کا بنانے والا ہے اور فرشتوں کو جن کے دو دو، تین تین اور چار چار پر یعنی طاقتیں ہیں پیغام رساں بناتا ہے وہ مخلوقات کی پیدائش میں جیسا چاہتا ہے اضافہ کردیتا ہے بے شک اللہ ہر چیز کے اندازے بنانے والا ہے (۱)

اللہ انسانوں کے لئے جو کھول دے قانون کے مطابق اپنی مہر تو کوئی اس کو بند کرنے والا نہیں۔ اور جو بند کردے تو اس کے بعد کوئی اس کو کھولنے والا نہیں وہ غالب ہے اس کا کوئی کام حکمت سے خالی نہیں (۲)

لوگو! اللہ کے جو تم پر احسانات ہیں ان کو یاد کرو کیا اللہ کے علاوہ کوئی اور خالق ہے جو تم کو اوپر اور نیچے سے رزق دے؟ کیا کافر کہتے ہیں کوئی الٰہ نہیں یقیناً اللہ ہے پس تم کہاں بہکے پھرتے ہو (۳)

(اے رسول!) اگر وہ لوگ تم کو جھٹلائیں تو تم سے پہلے بھی

पहले भी रसूल झुठलाए गए है, और सारे कार्य ईश्वर ही के सामने प्रस्तुत किए जाएंगे (4)

رسول جھلائے گئے ہیں اور سارے کام اللہ ہی کے سامنے پیش کئے جائیں گے (۴)

लोगो! ईश्वर का वचन सच्चा है तो तुम को दुनिया का जीवन धोके में न डाल दे और न छल देने वाला (शैतान) तुम्हें ईश्वर से कदापि धोके में न डाल दे (5)

لوگو! اللہ کا وعدہ سچا ہے تو تم کو دنیا کی زندگی دھوکے میں نہ ڈال دے اور نہ فریب دینے والا (شیطان) تمہیں اللہ سے ہرگز وہ دھوکے میں نہ ڈالدے (۵)

विश्वास करो शैतान तुम्हारा शत्रु है तुम भी उसे शत्रु ही समझो वह अपने मानने वाले दल को बुलाता है ताकि वह नर्क वालों में हो (6)

یقین کرو شیطان تمہارا دشمن ہے تم بھی اسے دشمن ہی سمجھو وہ اپنے ماننے والے گروہ کو بلاتا ہے تا کہ وہ دوزخ والوں میں ہوں (۶)

जिन्होंने कुफ्र किया उनके लिए कठोर दण्ड है जो विश्वास लाए और सत्कर्म करते रहे, उनके लिए क्षमा और बड़ा प्रतिदान है (7)

جنہوں نے کفر کیا ان کے لئے سخت عذاب ہے اور جو ایمان لائے اور عمل نیک کرتے رہے ان کے لئے بخشش اور بڑا ثواب ہے (۷)

भला वह व्यक्ति जिसके दुषकर्म अच्छे करके दिखाए गए और वह अच्छा समझने लगे (तो क्या वह सदाचारी व्यक्ति जैसा हो सकता है? नही) अतः ईश्वर का नियम जिसे चाहता है उसे (उसके पापों की सजा में) पथ भ्रष्टता में पड़ा रहने देता है और जिसे चाहता है (उसके सत्कर्मों के कारण जीवन का) सीधा मार्ग दिखा देता है, (तो जो विश्वास नही ला रहें है) तो उन लोगों पर दुख करके आप का जी न जाता रहे वह जो कुछ करते है, ईश्वर उससे अवगत है (8)

بھلا وہ شخص جس کے اعمال بد اچھے کر کے دکھائے گئے اور وہ اچھا سمجھنے لگے (تو کیا وہ نیک آدمی جیسا ہو سکتا ہے؟ نہیں) لہٰذا اللہ کا قانون جسے چاہتا ہے اسے (اس کے گناہوں کی سزا میں) گمراہی میں پڑا رہنے دیتا ہے اور جسے چاہتا ہے (اس کی نیکیوں کی وجہ سے زندگی کی) سیدھی راہ دکھا دیتا ہے (تو جو ایمان نہیں لا رہے ہیں) تو ان لوگوں پر افسوس کر کے آپ کی جان نہ جاتی رہے وہ جو کچھ کرتے ہیں اللہ اس سے واقف ہے (۸)

और ईश्वर ही तो है जो वायु को भेजता है तो वह बादल बन जाती है फिर हम उसे एक बेजान नगर की ओर हांक देते है, जो (शुष्क होने से) निर्जीव पड़ा हो और उससे पानी बरसा कर मृतक भूमि को जीवित (हरित) कर देते है (क्यामत के दिन) मृतकों का जीवित होना भी इसी प्रकार होगा (9)

اور اللہ ہی تو ہے جو ہواؤں کو بھیجتا ہے تو وہ بادل بن جاتی ہیں پھر ہم اسے ایک بے جان شہر کی طرف ہانک دیتے ہیں جو (خشک ہونے سے) مردہ پڑا ہوا اور اس سے پانی برسا کر مردہ زمین کو زندہ (سرسبز) کر دیتے ہیں (قیامت کے روز) مردوں کا جی اٹھنا بھی اسی طرح ہوگا (۹)

जो व्यक्ति सम्मान का इच्छुक है तो (उसे समझ लेना चाहिए कि) सारा सम्मान ईश्वर ही के लिए है (जिसको सम्मान मिलता है आज्ञाकारी पर) कुरआन के पवित्र नियमानुसार, अच्छा कर्म ऊपर को उठता है अर्थात प्रभुत्व प्राप्त करता है परन्तु उस कर्म को सत्कर्म अधिपत्य और उच्च करता है और जो लोग बुरे बुरे छल करते है उनके लिए कठोर दण्ड है और उनका मकर नष्ट हो जाएगा (अर्थात अधिपत्य नही होगा) (10)

جو شخص عزت کا طلب گار ہے تو (اسے سمجھ لینا چاہیے کہ) ساری عزت اللہ ہی کے لئے ہے (جس کو عزت ملتی ہے فرمانبرداری پر) قرآن کریم کے طیب قانون کے مطابق اچھا عمل اوپر کو اٹھتا ہے یعنی غلبہ حاصل کرتا ہے مگر اس کو عمل صالح غالب اور بلند کرتا ہے اور جو لوگ بُرے بُرے مکر کرتے ہیں ان کے لئے سخت عذاب ہے اور ان کا مکر نابود ہو جائے گا (یعنی غالب نہیں ہوگا) (۱۰)

और ईश्वर ही ने तुमको अर्थात तुम्हारे माता पिता आदम व हव्वा को मिट्टी से उत्पन्न किया फिर उनके वंश को वीर्य से फिर तुम को जोड़ा-जोड़ा बना दिया, और कोई स्त्री न गर्भवती होती है और न जनती है परन्तु उसके नियम से और न किसी बड़ी आयु वाले को आयु अधिक दी जाती है और न उसकी आयु कम की जाती है परन्तु (सब कुछ) पुस्तक में लिखा हुआ है निःसंदेह यह ईश्वर को आसान है (11)

اور اللہ ہی نے تم کو یعنی تمہارے ماں باپ آدم وحوا کو مٹی سے پیدا کیا پھر ان کی نسل کو نطفے سے پھر تم کو جوڑا جوڑا بنا دیا اور کوئی عورت نہ حاملہ ہوتی ہے اور نہ جنتی ہے مگر اس کے قانون سے اور نہ کسی بڑی عمر والے کو عمر زیادہ دی جاتی ہے اور نہ اس کی عمر کم کی جاتی ہے مگر (سب کچھ) کتاب میں لکھا ہوا ہے بے شک یہ اللہ کو آسان ہے (۱۱)

और दोनों दरया (मिलकर) एक से नही हो जाते यह तो मीठा है प्यास बुझाने वाला जिसका पानी रुचिकर है और यह खारी है कड़वा और सबसे तुम प्रफुल्ल मांस खाते हो और आभूषण निकालते हो जिसे पहनते हो और तुम दरया में नावों को देखते हो कि पानी को फाड़ती चली आती है ताकि तुम

اور دونوں دریا (مل کر) یکساں نہیں ہو جاتے یہ تو میٹھا ہے پیاس بجھانے والا جس کا پانی خوشگوار ہے اور یہ کھاری ہے کڑوا۔ اور سب سے تم تازہ گوشت کھاتے ہو اور زیور نکالتے ہو جسے پہنتے ہو۔ اور تم دریا میں کشتیوں کو دیکھتے ہو کہ پانی کو پھاڑتی چلی آتی ہیں تا کہ تم اس کے فضل کو تلاش

उसके कृपा दया को खोजो और ताकि आज्ञाकारी करो (12)

کرواورتا کہ فرمانبرداری کرو(۱۲)

वही रात को दिन में प्रविष्ट करता है और वही दिन को रात में प्रविष्ट करता है और उसी ने सूर्य और चन्द्रमा को कार्य में लगा रखा है (बिना पारिश्रमिक के) हर एक निश्चित समय तक चल रहा है वही तुम्हारा ईश्वर है उसी का राज्य है और जिन लोगों को तुम उसके अतिरिक्त पुकारते हो वह खजूर की गुठली के छिलके के बराबर भी तो (किसी वस्तु के) स्वामी नहीं (13)

وہی رات کودن میں داخل کرتا ہےاوروہی دن کورات میں داخل کرتا ہےاوراسی نےسورج اورچاندکوکام میں لگارکھا ہے(بنااجرت کے)ہرایک ایک وقت مقررتک چل رہا ہےوہی تمہاراپروردگار ہے۔اسی کی بادشاہی ہے۔اورجن لوگوں کوتم اس کےسواپکارتےہووہ کھجورکی گٹھلی کےچھلکے کےبرابربھی تو(کسی چیزکے)مالک نہیں (۱۳)

यदि तुम उनको पुकारो तो वह तुम्हारी पुकार न सुने और यदि सुन भी लें तो तुम्हारी बात को स्वीकार न कर सके और क्यामत के दिन तुम्हारे अनेकेश्वरवाद से इनकार कर देंगे और हर बात की उचित सूचना ईश्वर के अतिरिक्त कोई नहीं दे सकता (14)

اگرتم ان کوپکاروتووہ تمہاری پکارنہ سنیں اوراگرسن بھی لیں تو تمہاری بات کوقبول نہ کرسکیں اورقیامت کےروزتمہارے شرک سےانکارکردیں گےاورہربات کی صحیح خبراللہ کے علاوہ کوئی نہیں دےسکتا(۱۴)

लोगो! तुम सब ईश्वर के आश्रित हो और ईश्वर (तुम्हारी पूजा से निश्चिन्त है और प्रशंसा योग्य है) (15)

لوگو! تم سب اللہ کےمحتاج ہواوراللہ (تمہاری عبادت سے)بےنیاز ہےاورحمدکےلائق ہے(۱۵)

वह चाहे तो तुम सबको समाप्त कर दे और तुम्हारी जगह एक नई रचना उत्पन्न कर दे (16)

وہ چاہےتوتم سب کوختم کردےاورتمہاری جگہ ایک نئی مخلوق پیداکردے(۱۶)

और ऐसा करना ईश्वर के लिए कोई कठिन कार्य नहीं है (17)

اورایساکرنااللہ کےلئےکوئی مشکل کام نہیں ہے(۱۷)

और कोई भार उठाने वाला दूसरे का भार न उठाएगा और कोई भार में दबा हुआ अपना भार बंटाने को किसी को बुलाएगा तो कोई उससे कुछ न उठाएगा यद्यपि सम्बन्धि ही क्यों न हो (ऐ मुहम्मद स0) तुम उन्हीं लोगों को उपदेश कर सकते हो जो बिना देखे अपने रब से डरते हैं और नमाज़ स्थापित करते हैं और जो व्यक्ति पवित्र होता है अपने ही लिए पवित्र होता है और सबको ईश्वर ही की ओर लौटकर जाना है (18)

اورکوئی بوجھ اٹھانےوالادوسرےکابوجھ نہ اٹھائےگااور کوئی بوجھ میں دباہوااپنابوجھ بٹانےکوکسی کوبلائےگاتو کوئی اس میں سےکچھ نہ اٹھائےگااگرچہ قرابت دارہی ہو (اےمحمدؐ)تم ان ہی لوگوں کونصیحت کرسکتےہوجوبن دیکھے اپنےرب سےڈرتےہیں اورنمازقائم کرتےہیں۔اورجو شخص پاک ہوتا ہےاپنےہی لئےپاک ہوتا ہےاورسب کو اللہ ہی کی طرف لوٹ کرجانا ہے(۱۸)

और अंधा और आंखों वाला बराबर नहीं (19)

اوراندھااورآنکھوں والابرابرنہیں (۱۹)

और न अंधकार और प्रकाश बराबर है (20)

اورنہ اندھیرااورروشنی برابرہیں(۲۰)

और न साया और धूप बराबर है (21)

اورنہ سایہ اوردھوپ برابرہیں(۲۱)

और न जीवित और मृतक बराबर हो सकते हैं ईश्वर का नियम जिसको चाहता है सुना देता है और तुम उनको जो समाधियों में दफ़्न हैं नहीं सुना सकते (22) {30:52;27:80}

اورنہ زندےاورمردےبرابرہوسکتےہیں۔اللہ کاقانون جس کوچاہتا ہےسنادیتا ہےاورتم ان کوجوقبروں میں دفن ہیں نہیں سناسکتے(۲۲)[۳۰:۵۲;۲۷:۸۰]

आप तो केवल मार्ग दर्शन करने वाले हो (23)

آپ توصرف ہدایت کرنےوالےہو(۲۳)

हमने तुमको सत्य के साथ शुभ सूचना सुनाने वाला और डराने वाला बना कर भेजा है और निःसन्देह जो भी समुदाय हुआ है निःसन्देह उसमें सावधान करने वाला भेजा गया है (24)

ہم نےتم کوحق کےساتھ خوش خبری سنانےوالااورڈرانے والابناکربھیجا ہےاوربےشک جوبھی امت گزری ہیں یقیناً ان میں متنبہ کرنےوالابھیجاگیا ہے(۲۴)

और यदि वह तुम को झुठलाएं तो जो लोग उनसे पहले थे वह भी झुठला चुके हैं उनके पास उनके रसूल चिन्ह और सहीफे और उज्जवल पुस्तक लेकर आते रहे (25)

اوراگروہ تمہاری تکذیب کریں توجولوگ ان سےپہلےتھے وہ بھی جھٹلاچکےہیں،ان کےپاس ان کےرسول نشانیاں اورصحیفےاورروشن کتابیں لےکرآتےرہے(۲۵)

फिर मेरे नियम ने नास्तिकों को पकड़ लिया सो देख लो कि मेरा कष्ट कैसा हुआ (26)

پھرمیرےقانون نےکافروں کوپکڑلیا سودیکھ لوکہ میراعذاب کیساہوا(۲۶)

क्या तुम ने नहीं देखा कि ईश्वर ने आकाश से

کیاتم نےنہیں دیکھاکہ اللہ نےآسمان سےمینہ برسایاتو

पानी बरसाया तो हमने अर्थात ईश्वर के नियम ने उससे भांति-भांति के रंगों के मेवे उत्पन्न किये और पर्वतों में सफेद और लाल रंगों के खण्ड है कतिपय काले सियाह है (27)

इन्सानों और जानवरों और पशुओं के भी कई प्रकार के रंग है ईश्वर से तो उसके बन्दों में से वही डरते है जो ज्ञान वाले है निःसन्देह ईश्वर प्रभुत्वशाली और क्षमा करने वाला है (28)

जो लोग ईश्वर की पुस्तक पढ़ते है और नमाज स्थापित करते है और जो कुछ हमने उनको दिया है उसमें से गुप्त और प्रकट व्यय करते है वह इस व्यापार के लाभ के आशावान है जो कभी नष्ट न होगा (29)

ہم نے یعنی اللہ کے قانون نے اس سے طرح طرح کے رنگوں کے میوے پیدا کئے اور پہاڑوں میں سفید اور سرخ رنگوں کے قطعات ہیں اور بعض کالے سیاہ ہیں (۲۷)

انسانوں اور جانوروں اور چارپایوں کے بھی کئی طرح کے رنگ ہیں اللہ سے تو اس کے بندوں میں سے وہی ڈرتے ہیں جو علم والے ہیں بے شک اللہ غالب اور بخشنے والا ہے (۲۸)[۲۷:۸۲:۲۶:۱۰:۴۵:۴:۳:۱۹۱:۲۹:۱۰]

جو لوگ اللہ کی کتاب پڑھتے ہیں اور نماز قائم کرتے ہیں اور جو کچھ ہم نے ان کو دیا ہے اس میں سے پوشیدہ اور ظاہر خرچ کرتے ہیں وہ اس تجارت کے فائدے کے امیدوار ہیں جو کبھی تباہ نہیں ہوگی (۲۹)

क्योंकि ईश्वर उनको पूरा-पूरा बदला देगा और अपने कृपा दया से कुछ अधिक भी देगा वह तो क्षमा करने वाला और कृपालु है (30)

और यह पुस्तक जो हमने तुम्हारी ओर भेजी है सत्य है और उन पुस्तकों की पुष्टि करती है (जो पहले) सुरक्षा के मध्य थी निःसन्देह ईश्वर अपने भक्तों से अवगत और देखने वाला है (31)

کیونکہ اللہ ان کو پورا پورا بدلہ دے گا اور اپنے فضل سے کچھ زیادہ بھی دے گا۔ وہ تو بخشنے والا اور مہربان ہے (۳۰)

اور یہ کتاب جو ہم نے تمہاری طرف بھیجی ہے برحق ہے اور ان کتابوں کی تصدیق کرتی ہے (جو پہلے) حفاظت کے درمیان تھیں بے شک اللہ اپنے بندوں سے خبردار اور دیکھنے والا ہے (۳۱)

फिर हमने अपने भक्तों में से विशेष बन्दों को पुस्तक का उत्तराधिकारी बनाया जिन्हें योग्य समझ कर चुना क्योंकि इन्सानों में कई प्रकार है कुछ तो (अवज्ञा करके) अपने जी पर अन्याय करते है और कुछ उनमें से मध्यवर्ती मार्ग ग्रहण करते है अवज्ञा नही करते सच्चे मुसलमान है और (ईश्वर के मुख्य है) जो ईश्वर के नियम से सत्कर्मों में सामान्य मुसलमानों से आगे निकल जाते है और यह (उन पर ईश्वर की) बहुत बड़ा कृपा दया है (32) {7:46,47; 56:7से11}

پھر ہم نے اپنے بندوں میں سے خاص بندوں کو کتاب کا وارث بنایا جنہیں اہل سمجھ کر منتخب کیا۔ کیونکہ انسانوں میں کئی قسم ہیں کچھ تو (نافرمانی کرکے) اپنی جان پر ستم ڈھاتے ہیں اور کچھ ان میں سے درمیانی راستہ اختیار کرتے ہیں نافرمانی نہیں کرتے سچے مسلمان ہیں اور کچھ (اللہ کے خاص ہیں) جو اللہ کے قانون سے نیکیوں میں عام مسلمانوں سے آگے نکل جاتے ہیں اور یہ (ان پر اللہ کا) بہت بڑا فضل ہے (۳۲)[۷:۴۶،۴۷؛ ۵۶:۷تا۱۱]

नोट- इन्सानों में तीन प्रकार होती है

(1) ईशदूत (2) आस्तिक

(3) काफिर (नास्तिक) कपटि

इस आयत में तीनों से तात्पर्य है अर्थात ईश्वर ने जिन इन्सानों को चुना वह ईशदूत है और जो अन्याय करने वाले है वह काफिर कपटि है और जिन पर दया की वह आस्तिक है,

نوٹ:۔ انسانوں میں تین قسم ہوتی ہیں۔

(۱) رسول (۲) مومن (۳) کافر منافق

اس آیت میں تینوں سے مراد ہے یعنی اللہ نے جن انسانوں کو چنا وہ رسول ہیں اور جو ظلم کرنے والے ہیں وہ کافر منافق ہیں اور جن پر رحم کیا وہ مومن ہیں۔

(जिन दो प्रकार के लोगों के लिए) इस कृपा दया में से जो मिलेगा वह सदैव रहने वाला स्वर्ग है जिसमें वह प्रविष्ट होंगे वहां उन्हें सोने के कंगन और मोतियों से सजाया जाएगा वहां उनका वस्त्र रेशम का होगा (33)

(ان دو قسم کے لوگوں کے لئے) اس فضل سے جو ملے گا وہ ہمیشہ رہنے والی جنتیں ہیں جن میں وہ لوگ داخل ہوں گے وہاں انہیں سونے کے کنگن اور موتیوں سے آراستہ کیا جائے گا۔ وہاں ان کا لباس ریشم کا ہوگا (۳۳)

और वह कहेंगे कि सब प्रशंसा उस ईश्वर के लिए है जिसने हम से हर प्रकार का क्लेश व शोक दूर कर दिया निःसन्देह हमारा रब क्षमा करने वाला और आदर करने वाला है (34)

اور وہ کہیں گے کہ تمام تعریف اس اللہ کے لئے ہے جس نے ہم سے ہر قسم کا رنج و غم دور کردیا بے شک ہمارا رب بخشنے والا اور قدردان ہے (۳۴)

जिसने हमें अपनी कृपा से अनन्त निवास स्थान में ठेहराया, यहां हमें न तो किसी प्रकार का कष्ट पहुंचेगा और न थकान होगी (35)

جس نے ہمیں اپنے فضل سے ابدی قیام گاہ میں ٹھہرایا۔ یہاں ہمیں نہ تو کسی طرح کی تکلیف پہنچے گی اور نہ تکان ہوگی (۳۵)

(अब रहे तीसरे प्रकार के मानव) अर्थात जिन लोगों ने कुफ्र और अन्याय का मार्ग अपनाया उनके लिए नर्क की अग्नि है न तो उनको मौत ही आएगी, कि मर जाऐं और न उनके दण्ड में से किसी प्रकार की कमी की जाएगी, हर अवज्ञाकारी अत्याचारी को हम इसी प्रकार कठोर दण्ड देते हैं (36)

(اب رہے تیسرے قسم کے آدمی) یعنی جن لوگوں نے کفر اور ظلم کی راہ اختیار کی ان کے لئے جہنم کی آگ ہے نہ تو ان کو موت ہی آئے گی کہ مر جائیں اور نہ ان کے عذاب میں سے کسی طرح کی کمی کی جائے گی ہر نافرمان ظالم کو ہم اسی طرح سخت عذاب دیتے ہیں (۳۶)

और वह अवज्ञाकारी उसमें चित्कार करेंगे कि ऐ हमारे ईश्वर हमको निकाल ले अब हम सत्कर्म किया करेंगे, न वह जो पहले करते थे (उत्तर दिया जाएगा) क्या हमने तुम को इतनी आयु न दी थी कि उसमें जो समझना चाहता समझ लेता और तुम्हारे पास डराने वाला भी आया, तो अब स्वाद चखो अत्याचारियों का कोई सहायक नही (37) {67:8;43:44} कुरआन नजीर है

اور وہ نافرمان اس میں چلائیں گے کہ اے رب ہم کو نکال لے اب ہم نیک عمل کیا کریں گے نہ وہ جو پہلے کرتے تھے (جواب دیا جائے گا) کیا ہم نے تم کو اتنی عمر نہ دی تھی کہ اس میں جو سمجھنا چاہتا سمجھ لیتا. اور تمہارے پاس ڈرانے والا بھی آیا تو اب مزے چکھو ظالموں کا کوئی مددگار نہیں (۳۷) [۴۳:۴۴؛ ۶۷:۸، قرآن نذیر ہے]

निःसन्देह ईश्वर ही आकाशों और पृथ्वी की गुप्त बातों का जानने वाला है वह तो हृदयों के भेदों तक से अवगत है (38)

वही तो है जिसने तुम को पृथ्वी में पहलों का उत्तराधिकारी बनाया तो जिसने कुफ्र किया उसके कुफ्र की हानि उसी को है और काफिरों के लिए उनके कुफ्र से ईश्वर के यहां अप्रसन्नता ही बढ़ती हे और काफिरों को उनका कुफ्र हानि ही अधिक करता है (39)

भला तुम ने अपने साझियों को देखा जिनको तुम ईश्वर के सिवा पुकारते हो मुझे दिखाओ कि उन्होंने पृथ्वी में कौन-सी वस्तु पैदा की है या बताओ कि आकाशों के बनाने में उनका साझा है या हमने उनको पुस्तक दी है जो वह उसका प्रमाण रखते है इनमें से कोई बात भी नही) अपितु अत्याचारी लोग जो एक दूसरे को वचन देते हैं केवल छल है (40)

ईश्वर का नियम ही है, जो आकाशों और पृथ्वी को थामे रखता है कि टल न जाए यदि टल जाए तो ईश्वर के सिवा कोई ऐसा नही जो उनको थाम सके निःसन्देह वह सहनशील क्षमा करने वाला है (41)

और वह ईश्वर की शपथें खाते हैं यदि उनके पास कोई मार्ग दर्शन करने वाला आए तो वह हर एक समुदाय से बढ़कर पथ प्रदर्शन पर हों परन्तु जब उनके पास मार्ग दर्शन करने वाला आया तो उससे उनको घृणा ही बढ़ी (42)

वह लोग पृथ्वी में घमण्ड करने और बुरी चाल चलने लगे और बुरी चाल की हानि इसके चलने वाले पर ही पड़ती है तो वह लोग अगले लोगों की नीति (और उनके दण्ड) के सिवा और किस वस्तु के प्रतीक्षक है (यदि ऐसा है तो दण्ड से बच नही सकते) तुम ईश्वर की प्रकृति में कोई परिवर्तन न देखोगे (43)

بے شک اللہ ہی آسمانوں اور زمین کی پوشیدہ باتوں کا جاننے والا ہے وہ تو دلوں کے بھیدوں تک سے واقف ہے (۳۸)

وہی تو ہے جس نے تم کو زمین میں پہلوں کا جانشین بنایا تو جس نے کفر کیا اس کے کفر کا نقصان اسی کو ہے اور کافروں کے حق میں اُن کے کفر سے پروردگار کے یہاں ناخوشی ہی بڑھتی ہے اور کافروں کو ان کا کفر نقصان ہی زیادہ کرتا ہے (۳۹)

بھلا تم نے اپنے شریکوں کو دیکھا جن کو تم اللہ کے سوا پکارتے ہو مجھے دکھاؤ کہ انہوں نے زمین میں کونسی چیز پیدا کی ہے یا بتاؤ کہ آسمانوں کے بنانے میں ان کی شرکت ہے یا ہم نے ان کو کتاب دی ہے؟ جو وہ اس کی سند رکھتے ہیں؟ (ان میں سے کوئی بات بھی نہیں) بلکہ ظالم لوگ جو ایک دوسرے کو وعدہ دیتے ہیں محض فریب ہے (۴۰)

اللہ کا قانون ہی ہے جو آسمانوں اور زمین کو تھامے رکھتا ہے کہ ٹل نہ جائیں اگر ٹل جائیں تو اللہ کے سوا کوئی ایسا نہیں جو اُن کو تھام سکے. بے شک وہ بردبار بخشنے والا ہے (۴۱)

اور وہ اللہ کی قسمیں کھاتے ہیں اگر ان کے پاس کوئی ہدایت کرنے والا آئے تو وہ ہر ایک امت سے بڑھ کر ہدایت پر ہوں مگر جب ان کے پاس ہدایت کرنے والا آیا تو اس سے ان کو نفرت ہی بڑھی (۴۲)

وہ لوگ زمین میں غرور کرنے اور بُری چال چلنے لگے اور بُری چال کا وبال اس کے چلنے والے پر ہی پڑتا ہے تو وہ لوگ اگلے لوگوں کی روش (اور ان کے عذاب) کے سوا اور کس چیز کے منتظر ہیں؟ (اگر ایسا ہے تو عذاب سے بچ نہیں سکتے) تم اللہ کی عادت قانون میں کوئی تبدیلی نہ پاؤ گے اور اس کے طریقے میں کوئی تغیر نہ دیکھو گے (۴۳)

क्या उन लोगों ने पृथ्वी में भ्रमण नही किया (यदि पृथ्वी में भ्रमण करते) तो देखते कि जो लोग उनसे पहले हो चुके है (उनकी अवज्ञा के कारण) उनका कैसा बुरा अन्त हुआ, यद्यपि वह लोग उनसे अधिक

کیا ان لوگوں نے زمین کی سیر نہیں کی (اگر زمین میں سیر کرتے) تو دیکھتے کہ جو لوگ ان سے پہلے ہو چکے ہیں (ان کی نافرمانی کی وجہ سے) ان کا کیسا بُرا انجام ہوا.

सत्कर्म अधिपत्य और उच्च शक्तिशाली थे (उनको समझ लेना चाहिए कि) ईश्वर ऐसा नहीं है कि आकाशों और पृथ्वी में से कोई वस्तु उसे विवश कर सके, वह सब कुछ जानता है और हर वस्तु के अनुमान नियम बनाने वाला है (44)

यदि ईश्वर लोगों को उनके दुषकर्मों के कारण तुरन्त पकड़ने लगता तो पृथ्वी पर किसी जीवधारी अर्थात जिन्न व इन्सान को न छोड़ता, परन्तु वह उनको एक निश्चित समय तक के लिए छूट देता रहता है (ताकि लोग बुराईयों से पश्चाताप करके अपनी दशा ठीक कर लें) फिर जब छूट का समय पूरा हो जाता है (तो उनको दुषकर्मों का दण्ड देता है इसलिए कि) ईश्वर अपने बन्दों (के कर्मों) को देखता रहता है (45)

सूरत यासीन मक्की 36

यासीनः- या सय्यद! मुहम्मद स0 (1)

युक्ति से भरा यह कुरआन साक्षी है (2)

कि ऐ मुहम्मद स0 निःसंदेह तुम रसूलों में से हो (3)

और जीवन के सीधे मार्ग पर चल रहे हो (4)

(यह कुरआन उसका) प्रेषित किया हुआ है जो सब पर प्रभुत्व शाली है और जिस की अनुकम्पा हर वस्तु को घेरे हुए है (5)

(यह कुरआन इस लिए प्रेषित किया गया है) ताकि तुम उन लोगों को दुषकर्मों के परिणाम से सावधान करो जिनके पूर्वजों को सावधान नहीं किया गया, अतः वह अचेतना में पड़े हुए हैं (6) {40:34}

उनमें से अधिकांश पर (उनकी अवज्ञा के कारण ईश्वर की) बात पूरी हो चुकी है सो वह विश्वास नहीं लाएंगे (7)

हमारे नियम ने (उनकी अवज्ञा के कारण) उनकी गर्दनों में पट्टे डाल दिए हैं जिन से वह ठोड़ियों तक जकड़े हुए हैं और इस कारण से उनके सिरे ऊपर उठे हुए हैं (8)

नोट- अर्थात वह लोग इतने अवज्ञाकारी हो गए हैं कि उनकी समझ में कोई बात आती ही नहीं जैसे घमण्डी आदमी किसी की सुनता ही नहीं और कहा जाता है कि आकाश को थूक रहा है, इधर उधर को देखता ही नहीं अर्थात कोई अच्छी बात सुनता ही नहीं और अत्याचार किए जा रहा है सिर ऊपर को उठा रखा है,

(वह इतने अवज्ञाकारी हो चुके हैं कि इस अन्धेपन ने) उनके आगे एक आवरण खड़ा कर दिया है, और एक उनके पीछे आवरण है और उनकी आंखों पर भी घमण्ड का आवरण है अतः वास्तविक्ता कैसी ही स्पष्ट हो वह देख नहीं सकते (9) {मानो उनकी आंखो और हृदय पर ताला लग गया है पश्चाताप का द्वार बन्द हो चुका है}

(ऐ मुहम्मद स0 उनकी अवज्ञा ने यह सिद्ध कर दिया है कि) आपने उनको डराया या न डराया उनके लिए बराबर है वह विश्वास नहीं लाएंगे (वह उस स्थान पर पहुंच चुके हैं कि नियम ने उनको भ्रष्ट सिद्ध कर दिया है) (10)

आपका उपदेश उसी व्यक्ति पर प्रभाव करेगा जो उपदेश (और ईश्वर की वाणी) सुनने को तैयार हो और जो बे देखे ईश्वर से डरता हो ऐसे (सदाचारी

حالانکہ وہ لوگ ان سے زیادہ طاقت والے تھے (ان کو سمجھ لینا چاہیے کہ) اللہ ایسا نہیں ہے کہ آسمانوں اور زمین میں سے کوئی چیز اسے عاجز کر سکے وہ سب کچھ جانتا ہے اور ہر چیز کے اندازے قانون بنانے والا ہے (۴۴)

اگر اللہ لوگوں کو ان کے اعمال بد کے سبب فوراً پکڑنے لگتا تو روئے زمین پر کسی جاندار یعنی جن وانسان کو نہ چھوڑتا لیکن وہ ان کو ایک مقرر وقت تک کے لئے مہلت دیتا رہتا ہے (تاکہ لوگ برائیوں سے توبہ کر کے اپنی حالت درست کر لیں) پھر جب مہلت کا وقت پورا ہو جاتا ہے (تو ان کو ان کے اعمال بد کی سزا دیتا ہے اس لئے کہ) اللہ اپنے بندوں (کے اعمال) کو دیکھتا رہتا ہے (۴۵)

سورت یٰسین مکی (۳۶)

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

یٰسین۔یا سید! محمدؐ (۱) حکمت سے بھرا یہ قرآن شاہد ہے (۲)

کہ اے محمدؐ یقیناً تم رسولوں میں سے ہو (۳)

اور زندگی کے سیدھے رستے پر گامزن ہو (۴)

(یہ قرآن اس کا) نازل کیا ہوا ہے جو سب پر غالب ہے اور جس کی رحمت ہر چیز کو گھیرے ہوئے ہے (۵)

(یہ قرآن اس لئے نازل کیا گیا ہے) تاکہ تم ان لوگوں کو (اعمال بد کے نتائج سے ڈراؤ جن کے آباؤ اجداد کو متنبہ نہیں کیا گیا اس لئے وہ غفلت میں پڑے ہوئے ہیں (۶) [۳۴:۴۰]

ان میں سے اکثر پر (ان کی نافرمانی کی وجہ سے اللہ کی) بات پوری ہو چکی ہے سو وہ ایمان نہیں لائیں گے (۷)

ہمارے قانون نے (ان کی سرکشی کی وجہ سے) ان کی گردنوں میں طوق ڈال دئے ہیں جن سے وہ ٹھوڑیوں تک جکڑے ہوئے ہیں اور اس وجہ سے ان کے سر اوپر اٹھے ہوئے ہیں (۸)

نوٹ:۔یعنی وہ لوگ اتنے سرکش ہو گئے ہیں کہ ان کی سمجھ میں کوئی بات آتی ہی نہیں جیسے متکبر آدمی کسی کی سنتا ہی نہیں اور کہا جاتا ہے کہ آسمان کو تھوک رہا ہے ادھر اُدھر کو دیکھتا ہی نہیں یعنی کوئی اچھی بات سنتا ہی نہیں۔اور ظلم کئے جا رہا ہے سر اوپر کو اٹھا رکھا ہے۔

(وہ اتنے نافرمان ہو چکے ہیں کہ اس اندھے پن نے) ان کے آگے ایک پردہ کھڑا کر دیا ہے اور ایک ان کے پیچھے پردہ ہے اور ان کی آنکھوں پر بھی تکبر کا پردہ ہے اس لئے حقیقت کیسی ہی واضح ہو وہ دیکھ نہیں سکتے (۹) [مانو ان کی آنکھوں اور دلوں پر تالہ لگ گیا ہے توبہ کا دروازہ بند ہو گیا ہے]

(اے محمدؐ ان کی نافرمانی نے ثابت کر دیا ہے کہ) آپ نے ان کو ڈرایا یا نہ ڈرایا ان کے لئے برابر ہے وہ ایمان نہیں لائیں گے (وہ اس مقام پر پہنچ چکے ہیں کہ قانون نے ان کو گمراہ ثابت کر دیا ہے) (۱۰)

آپ کی نصیحت اسی شخص پر اثر کرے گی جو نصیحت (اور اللہ کا کلام) سننے کو تیار ہو اور جو بے دیکھے اللہ سے ڈرتا ہوا ایسے

व्यक्ति) व्यक्ति को क्षमा और सम्मान वाले प्रतिदान की शुभ सूचना सुना दो (11)

(نیک آدمی) شخص کو مغفرت اور باعزت ثواب کی خوشخبری سنا دو (۱۱)

निःसंदेह हम मृतकों को जीवित करेंगे और जो कुछ वह आगे भेज चुके हैं और जो उनके चिन्ह पीछे रह गए हम उनको लिख रहे हैं (अर्थात हमारे आदेश से फरिश्ते) और हर वस्तु को हमारे नियम ने पुस्तक उज्जवल में लिख रखा है (12)

بے شک ہم مردوں کو زندہ کریں گے اور جو کچھ وہ آگے بھیج چکے ہیں اور جو ان کے نشان پیچھے رہ گئے ہم ان کو قلمبند کر رہے ہیں (یعنی ہمارے حکم سے فرشتے) اور ہر چیز کو ہمارے قانون نے کتاب روشن میں لکھ رکھا ہے (۱۲)

झुटलाने वालों से बस्ती वालों की कथा वर्णन करो जब उनके पास रसूल आए (13)

اور اُن جھٹلانے والوں سے گاؤں والوں کا قصہ بیان کرو جب ان کے پاس رسول آئے (۱۳)

अर्थात जब हमने उनकी ओर दो ईशदूत भेजे तो उन्होंने उनको झुटलाया फिर हमने तीसरे से सहायता दी तो उन्होंने कहा हम तुम्हारी ओर रसूल हो कर आए हैं (14)

یعنی جب ہم نے ان کی طرف دو رسول بھیجے تو انہوں نے ان کو جھٹلایا پھر ہم نے تیسرے سے مدد دی تو انہوں نے کہا کہ ہم تمہاری طرف رسول ہو کر آئے ہیں (۱۴)

वह बोले के तुम कुछ भी नही परन्तु हमारी भांति मनुष्य हो और ईश्वर ने कोई वस्तु भी अवतरित नहीं की केवल तुम झूट बोलते हो (15)

وہ بولے کہ تم کچھ نہیں مگر ہماری طرح کے آدمی ہو اور اللہ نے کوئی چیز بھی نازل نہیں کی تم محض جھوٹ بولتے ہو (۱۵)

उन्होंने कहा कि हमारा रब जानता है कि हम तुम्हारी ओर रसूल बना कर भेजे गए हैं (16)

انہوں نے کہا کہ ہمارا رب جانتا ہے کہ ہم تمہاری طرف رسول بنا کر بھیجے گئے ہیں (۱۶)

और हमारा कार्य तो केवल इतना है कि (तुम तक ईश्वर का संदेश) स्पष्ट पहुंचा दें और बस (17)

اور ہمارا کام تو صرف اتنا ہے کہ (تم تک اللہ کا پیغام) صاف صاف پہنچا دیں اور بس (۱۷)

यह सुन कर वह बोले हम तुमको अशुभ जानते हैं और हमारे मना करने के बावजूद तुम धर्म प्रचार से नही रूके इस लिए हम तुम्हें पत्थरों से मार देंगे और तुमको हमसे कठोर कष्ट पहुंचेगा (18)

یہ سن کر وہ بولے ہم تم کو منحوس سمجھتے ہیں اور ہمارے منع کرنے کے باوجود تم تبلیغ دین سے نہیں رکے اس لئے ہم تمہیں سنگ مار کر دیں گے اور تم کو ہم سے سخت تکلیف پہنچے گی (۱۸)

रसूलों ने कहा कि तुम्हारा अपशकुन तुम्हारे साथ है (अर्थात तुम्हारे कर्मों से) क्या तुम इसलिए रूष्ट हो कि तुम को उपदेश किया गया, अपितु तुम ऐसे लोग हो जो सीमा से आगे बढ़ गए हो (19) {7:131, 27:47}

رسولوں نے کہا کہ تمہاری نحوست تمہارے ساتھ ہے (یعنی تمہارے عملوں سے) کیا تم اس لئے ناراض ہو کہ تم کو نصیحت کی گئی بلکہ تم ایسے لوگ ہو جو حد سے تجاوز کر گئے ہو (۱۹) [۷:۱۳۱، ۲۷:۴۷]

(ईशदूतों की सूचना सुन कर) और नगर के परले किनारे से एक व्यक्ति दौड़ता हूआ आया कहने लगा कि ऐ मेरी जाति ईशदूतों का अनुकरण करो (20) {40:28-33}

(رسولوں کی خبر سن کر) اور شہر کے پرے کنارے سے ایک آدمی دوڑتا ہوا آیا کہنے لگا کہ اے میری قوم رسولوں کی اطاعت کرو (۲۰) [۴۰:۲۸-۳۳]

ऐसों की जो तुम से प्रतिदान नही मांगते (कि उन पर किसी प्रकार की शंका हो) और यह लोग ईश्वर के सीधे मार्ग पर चल रहे हैं (21)

ایسوں کی جو تم سے اجرت نہیں مانگتے (کہ ان پر کسی طرح کا شبہ ہو) اور یہ لوگ اللہ کے سیدھے رستہ پر چل رہے ہیں (۲۱)

वमालिया खण्ड-23

وَمَالِیَ [پارہ ۔۲۳]

(यह रसूल यही तो कह रहे हैं कि ईश्वर की पूजा करो तो फिर) क्या कारण है कि मैं ईश्वर की पूजा न करूं जिसने मुझे (और तुम सबको) पैदा किया और उसी की ओर (मुझे और) तुम सब को लौट कर जाना है (22)

(یہ رسول یہی تو کہہ رہے ہیں کہ اللہ کی عبادت کرو تو پھر) کیا وجہ ہے کہ میں اللہ کی عبادت نہ کروں جس نے مجھے (اور تم سب کو) پیدا کیا اور اسی کی طرف (مجھے اور) تم سب کو لوٹ کر جانا ہے (۲۲)

(विचार करो) क्या (मुझे यह बात शोभा देती है कि) मैं ईश्वर को छोड़ कर ऐसे देवता बना लूं (जो इतने विवश हैं कि) यदि ईश्वर मुझे कोई कष्ट देना चाहे तो उनकी अनुशंसा मेरे कुछ काम न आए और न वह (मुझे कष्ट से) छुड़ा ही सकें (23)

(غور کرو) کیا (مجھے یہ بات زیب دیتی ہے کہ) میں اللہ کو چھوڑ کر ایسے معبود اختیار کروں (جو اتنے بے بس ہیں کہ) اگر اللہ مجھے کوئی تکلیف دینا چاہے تو ان کی شفارش میرے کچھ کام نہ آئے اور نہ وہ (مجھے عذاب سے) چھڑا ہی سکیں (۲۳)

(यदि मैं ऐसे विवश देवताओं का सहारा पकड़ू तो) यदि मैं ऐसा करूं तो स्पष्ट भ्रष्टता में जा पड़ूं (24)

(اگر میں ایسے بے بس معبودوں کا سہارا پکڑوں تو) اگر میں ایسا کروں تو کھلی گمراہی میں جا پڑوں (۲۴)

(अतः) मैं तो (अपने और) तुम्हारे ईश्वर पर

(لہٰذا) میں تو (اپنے اور) تمہارے پروردگار پر ایمان لے

विश्वास ले आया तुम भी मेरी बात सुनो (25)

और उस व्यक्ति से (इस शुभ कर्म के बदले ईश्वर के नियम ने कह दिया कि ऐ सदाचारी व्यक्ति स्वर्ग में प्रविष्ट हो जाना तब उस ने कहा) यदि मेरी जाति यह जान ले (26)

कि मेरे रब ने किस वस्तु के बदले मेरी क्षमा कर दी और मुझे सम्मानित लोगों में सम्मिलित किया (27)

नोट- इन आयात के अनुवाद और टिका में कहा गया है कि उस आस्तिक पुरूष को वध कर दिया गया उस का नाम हबीब लिखा है अब देखा जाए कि क्या वास्तव में उसको वध किया गया या ईश्वर ने उसको बचा लिया.

सूरत मोमिन आयत 44 आज जो कुछ मैं कह रहा हूं निकट ही वह समय आएगा जब तुम उसे याद करोगे, और अपना प्रसंग मैं ईश्वर को समर्पित करता हूं वह अपने बन्दों का रखवाला है {40:47} अन्ततः उन लोगों ने जो बुरी से बुरी चालें उस आस्तिक के विरूद्ध चली ईश्वर ने उन सब से उसको बचा लिया और फिरऔन के साथी स्वयं निकृष्टम कष्ट के चक्कर में आ गए

इन दो आयतों से पता चलता है कि ईश्वर ने अपने आस्तिक बन्दे को बचा लिया और वास्तव में ईश्वर अपने आस्तिक बन्दों को चाहे वह नबी हों या नबी न हो अत्याचारियों के हाथों से बचाता है अतः वह आस्तिक बन्दा जिसको {36:26-27} में हर एक ने वध कर दिया लिखा है वध नही किया गया अपितु ईश्वर ने उसको बचा लिया और न ही आयत में कोई शब्द ऐसा है जिसका अनुवाद वध होना किया जाए और न ही आयत से यह सिद्ध हो रहा है कि उसको वध किया गया अपितु उस आस्तिक के कारनामों से प्रसन्न हो कर ईश्वर के नियम ने उसको एक शुभ सूचना दी स्वर्ग में प्रविष्ट होने की जिस पर उस बन्दे ने इच्छा की कि यदि मेरी जाति को ज्ञात हो जाए कि ईश्वर के नियम ने मेरे साथ यह कृपा क्यों की है और वह भी यह जान कर अच्छे कर्म करे और उनको भी ईश्वर क्षमा कर दे

कुरआन की बहुत आयात में आस्तिक बन्दों के लिए स्वर्ग की शुभ सूचना है तो क्या सब ही वह बन्दे जिनको उनके अच्छे कर्मों पर स्वर्ग की मंगल सूचना है वह स्वर्ग में प्रविष्ट हो गए? अभी तो महा प्रलय स्थापित नही हुआ अतः यह सब मंगल सूचनाएं ऐसी है कि भविष्य में पूरी होंगी जैसे क्यामत का विषय है उसको भूत काल से लिखा गया है परन्तु अर्थ भविष्य से है जो होगा निःसंदेह ऐसे ही उस आस्तिक का प्रसंग है स्वर्ग में प्रविष्ट किया नही गया अपितु किया जाएगा.

(उस आस्तिक बन्दे की बात का इनकार करते हुए उसकी जाति अवज्ञा पर लगी रही तो उसके बाद ईश्वर का निर्णय आना ही था सो वह आ गया सुनो) और हमने इसके बाद उसकी जाति पर कोई सेना नही उतारी और न ही हम उतारने वाले ही थे (28)

वह तो केवल एक चिंघाड़ थी सो वह उससे अचानक बुझ कर रह गए (29)

बन्दों पर दुख है कि जो भी उनके पास रसूल आया, निःसंदेह वह उसका उपहास करते रहे (30)

क्या उन्होंने नही देखा कि हमने उनसे पहले बहुत

آیا تم بھی میری بات سنو (۲۵)

اور اس شخص سے (اس نیک کام کے بدلے اللہ کے قانون نے کہدیا کہ اے نیک آدمی جنت میں داخل ہو جانا تب اس نے کہا) کاش میری قوم یہ جان لے (۲۶)

کہ میرے رب نے کس چیز کی بدولت میری مغفرت کر دی اور مجھے باعزت لوگوں میں شامل کیا (۲۷)

نوٹ:۔ ان آیات کے ترجمہ اور تفسیر میں کہا گیا ہے کہ اس مومن مرد کو قتل کر دیا گیا۔ اس کا نام حبیب لکھا ہے۔ اب دیکھا جائے کہ کیا حقیقت میں اس کو قتل کیا گیا یا اللہ نے اس کو بچا لیا۔

سورت مومن آیت ۴۴ آج جو کچھ میں کہہ رہا ہوں عن قریب وہ وقت آئے گا جب تم اسے یاد کرو گے اور اپنا معاملہ میں اللہ کے سپرد کرتا ہوں۔ وہ اپنے بندوں کا نگہبان ہے۔

(۴۰:۴۵) آخر کار ان لوگوں نے جو بُری سے بُری چالیں اس مومن کے خلاف چلیں اللہ نے ان سب سے اس کو بچا لیا اور فرعون کے ساتھی خود بدترین عذاب کے چکر میں آگئے۔

ان دو آیتوں سے پتہ چلتا ہے کہ اللہ نے اپنے مومن بندے کو بچا لیا اور حقیقت میں اللہ اپنے مومن بندوں کو چاہے وہ نبی ہوں یا غیر نبی ظالموں کے ہاتھوں سے بچاتا ہے اس لئے وہ مومن بندہ جس کو (۳۶:۲۶،۲۷) میں ہر ایک نے قتل کر دیا لکھا ہے قتل نہیں کیا گیا بلکہ اللہ نے اس کو بچا لیا اور نہ ہی آیت میں کوئی لفظ ایسا ہے جس کا ترجمہ قتل ہونا کیا جائے۔ اور نہ ہی آیت سے یہ ثابت ہو رہا ہے کہ اس کو قتل کیا گیا بلکہ اس مومن کے کارناموں سے خوش ہو کر اللہ کے قانون نے اس کو ایک بشارت دی جنت میں داخل ہونے کی جس پر اس بندے نے آرزو کی کہ کاش میری قوم کو یہ معلوم ہو جائے کہ اللہ کے قانون نے میرے ساتھ یہ مہربانی کیوں کی ہے۔ اور وہ بھی یہ جان کر اچھے عمل کرے اور ان کو بھی اللہ بخش دے۔

قرآن کی بہت آیات میں مومن بندوں کے لئے جنت کی بشارت ہے تو کیا سب ہی وہ بندے جن کو ان کے اچھے کاموں پر جنت کی بشارت ہے وہ جنت میں داخل ہو گئے؟ ابھی تو حشر بھی قائم نہیں ہوا؟ اس لئے یہ سب بشارتیں ایسی ہیں کہ آئندہ پوری ہوں گی جیسے قیامت کا معاملہ ہے اس کو ماضی کے صیغہ سے لکھا گیا ہے مگر مطلب مستقبل سے ہے جو ہو گا یقیناً۔ ایسے ہی اس مومن کا معاملہ ہے جنت میں داخل کیا نہیں گیا بلکہ کیا جائے گا۔

(اس مومن بندے کی بات کا انکار کرتے ہوئے اس کی قوم نافرمانی پر لگی رہی تو اس کے بعد اللہ کا فیصلہ آنا ہی تھا سو وہ آ گیا سنو) اور ہم نے اس کے بعد اس کی قوم پر کوئی لشکر نہیں اتارا اور نہ ہم اتارنے والے ہی تھے (۲۸)

وہ تو صرف ایک چنگھاڑ تھی سو وہ اس سے ناگہاں بجھ کر رہ گئے (۲۹)

بندوں پر افسوس ہے کہ جو بھی ان کے پاس رسول آیا یقیناً وہ اس کا مذاق کرتے رہے (۳۰)

کیا انہوں نے نہیں دیکھا کہ ہم نے ان سے پہلے بہت

से लोगों को वध कर दिया था अब वह उनकी ओर लौट का नही आएंगे (31)

और सबके सब हमारे सम्मुख उपस्थित किए जाएंगे (32)

और एक चिन्ह उनके लिए मृतक भूमि में है कि हमने उसको जीवित किया (अर्थात पानी से) और उसमें से अनाज उगाया फिर वह उसमें से खाते है (33)

और उसमें खजूरों और अंगूरो के उपवन उत्पन्न किए और उसमें स्रोत जारी कर दिए (34)

ताकि वह उनके फल खाएं और उनके हाथों ने तो उनको नही बनाया फिर क्या वह आज्ञाकारी नही करेंगे (35)

वह ईश्वर पवित्र है जिसने भूमि की वनस्पति के और स्वयं उनके और जिन वस्तुओं की उनको जानकारी नही सबके जोड़े बनाए (36) {35:11, 43, 51:49, 53:45, 78:8, 92:2}

और एक चिन्ह उनके लिए रात्री है उस पर से हम दिन का प्रकाश हटा लेते है तो उन पर अंधेरा छा जाता है (37)

और सूर्य अपने गंतव्य स्थान की ओर जा रहा है यह ईश्वर प्रभुत्व शाली और बुद्धिमान का निश्चित किया हुआ अनुमान है (38)

और चन्द्रमा के भी हमने पड़ाव निश्चित कर दिए है यहां तक कि वह घटते घटते खजूर की सूखी शाख की भांति हो जाता है (39)

न सूर्य का यह साहस है कि निश्चित राह का विरोध करेगा अर्थात अपनी चाल तीव्र करके चन्द्रमा को जा पकड़े और चन्द्रमा भी उसी मार्ग पर चलता है अर्थात वह भी वही पहुंचेगा विरोध न करेगा और न रात्रि ही दिन से पहले आ सकती है वह भी आबद्ध है और सब अपने आधार पर (इस प्रकार अवर्त्त कर रहे है मानो एक महासागर में) तैर रहे है (40) {14:33;21:33;31:29}

और एक चिन्ह यह है कि उनके लिए कि हमने उनकी सन्तान को भरी हुई नाव में सवार किया (41)

और उनके लिए वैसी ही और वस्तुएं पैदा की जिन पर वह सवार होंगे (42)

और यदि हम चाहें तो उनको प्लावन कर दें फिर न तो उनका कोई समर्थक हो और न उनको रिहाई मिले (43)

परन्तु यह हमारी अनुकम्पा है (कि उन्हें पार लगाती है) और वह एक समय तक (नदी की यात्रा से) लाभ उठाते है (44)

और जब उनसे कहा जाएगा कि (अपने कर्मों के परिणाम से) डरो जो तुम्हारे हाथों ने प्रकट किये और जो तुम्हारे हाथों ने छुपकर किये है ताकि तुम पर दया की जाय (और उन जातियों की बरबादी से शिक्षा प्राप्त करो जो तुम से पहले हो चुकी है) (45)

उनके सामने उनके रब की आयात में से जो आयत भी आती है निःसन्देह वह उससे मुख फेर लेते है (46)

और जब उनसे कहा जाएगा कि ईश्वर ने जो

سے لوگوں کو ہلاک کر دیا تھا اب وہ ان کی طرف لوٹ کر نہیں آئیں گے (۳۱)

اور سب کے سب ہمارے سامنے حاضر کئے جائیں گے (۳۲)

اور ایک نشان ان کے لئے مردہ زمین میں ہے کہ ہم نے اس کو زندہ کیا (یعنی پانی سے) اور اس میں سے اناج اگایا پھر وہ اس میں سے کھاتے ہیں (۳۳)

اور اس میں کھجوروں اور انگوروں کے باغ پیدا کئے اور اس میں چشمے جاری کر دئے (۳۴)

تا کہ وہ ان کے پھل کھائیں اور ان کے ہاتھوں نے تو ان کو نہیں بنایا پھر کیا وہ فرمانبرداری نہیں کریں گے (۳۵)

وہ اللہ پاک ہے جس نے زمین کی نباتات کے اور خود ان کے اور جن چیزوں کی ان کو خبر نہیں سب کے جوڑے بنائے (۳۶) [۳۵:۱۱، ۴۳، ۵۱:۴۹، ۵۳:۴۵، ۷۸:۸، ۹۲:۲]

اور ایک نشانی ان کے لئے رات ہے اس پر سے ہم دن کی روشنی ہٹا لیتے ہیں تو ان پر اندھیرا چھا جاتا ہے (۳۷)

اور سورج اپنی منزل کی طرف جا رہا ہے یہ اللہ غالب اور دانا کا مقرر کیا ہوا اندازہ ہے (۳۸)

اور چاند کی بھی ہم نے منزلیں مقرر کر دی یہاں تک کہ وہ گھٹتے گھٹتے کھجور کی سوکھی شاخ کی طرح ہو جاتا ہے (۳۹)

نہ آفتاب کی یہ مجال ہے کہ مقرر راہ کی مخالفت کرے گا یعنی اپنی رفتار تیز کر کے چاند کو جا پکڑے اور چاند بھی اسی راہ پر چلتا ہے یعنی وہ بھی وہیں پہنچے گا نافرمانی نہ کرے گا اور نہ رات ہی دن سے پہلے آ سکتی ہے وہ بھی پابند ہے اور سب اپنے اپنے مدار پر (اس طرح گردش کر رہے ہیں گویا ایک بحرا پیدکنار میں) تیر رہے ہیں (۴۰) [۱۴:۳۳، ۲۱:۳۳، ۳۱:۲۹]

اور ایک نشانی یہ ہے ان کے لئے کہ ہم نے ان کی اولاد کو بھری ہوئی کشتی میں سوار کیا (۴۱)

اور ان کے لئے ویسی ہی اور چیزیں پیدا کیں جن پر وہ سوار ہوں گے (۴۲)

اور اگر ہم چاہیں تو ان کو غرق کر دیں پھر نہ تو ان کا کوئی فریاد رس ہو اور نہ ان کو رہائی ملے (۴۳)

مگر یہ ہماری رحمت ہے (کہ انہیں پار لگاتی ہے) اور وہ ایک مدت تک (دریائی سفر سے) فائدے اٹھاتے ہیں (۴۴)

اور جب ان سے کہا جائے تا کہ (اپنے اعمال کے نتائج سے) ڈرو جو تمہارے ہاتھوں نے ظاہر کئے ہیں اور جو تمہارے ہاتھوں نے چھپ کر کئے ہیں تا کہ تم پر رحم کیا جائے (اور ان قوموں کی بربادی سے عبرت حاصل کرو جو تم سے پہلے گزر چکی ہیں) (۴۵)

ان کے سامنے ان کے رب کی آیات میں سے جو آیت بھی آئی ہے یقیناً وہ اس سے منہ پھیر لیتے ہیں (۴۶)

اور جب ان سے کہا جائے گا کہ اللہ نے جو رزق تمہیں دیا

जीविका तुम्हें दी है उसमें से कुछ ईश्वर के मार्ग में भी व्यय करो तो वह लोग जिन्होंने कुफ्र किया है विश्वास लाने वालों को उत्तर देंगे, क्या हम उनको खिलाए जिन्हें यदि ईश्वर चाहे तो स्वयं खिलाएगा? तुम तो निःसन्देह खुली भ्रष्टता में हो (47) {36:15,53}
और कहेंगे यदि तुम सच कहते हो तो यह वचन कब पूरा होगा? (48)
वह तो एक चिंघाड़ के प्रतीक्षक हैं जो उनको इस स्थिति में आ पकड़ेगी कि आपस में झगड़ रहे होंगे (49)
फिर न तो उत्तर पत्र कर सकेंगे और न अपने घर वालों में वापस जा सकेंगे (50)
और जब सूर फूंका जाएगा तो वह समाधियों से (निकाल कर) अपने रब की ओर दौड़ पड़ेंगे (51)
और चित्कार करेंगे हाए दुख किसने हमारे शयन कक्ष से हमें जगा उठाया? यह तो वही क्यामत है जिसका रहमान ने वचन किया था (अब पता चला कि) रसूलों ने सत्य कहा था (52)
वह तो केवल एक धमाका होगा और सबके सब हमारे समक्ष उपस्थित हो जाएँगे (53)
फिर (हमारा आदेश पारित होगा यह न्याय का दिन है) आज किसी पर कण बराबर अन्याय न होगा और तुम्हें उन्हीं कर्मों का फल मिलेगा जो तुम दुनिया में करते रहे थे (54)
और स्वर्ग वाले उस दिन सुख आनन्द में व्यस्त होंगे (55)
और वह और उनके पवित्र साथी सायों में सिंहासनों पर तकिया लगाए बैठेंगे (56)
वहां उनके लिए मेवे और जो चाहेंगे (विद्यमान) होगा (57)
और कृपालु ईश्वर की ओर से शाति का संदेश होगा (58)
(और आदेश होगा) और पापियों तुम आज पृथक हो जाओ (59)
ऐ आदम की सन्तान हमने तुम से कह नहीं दिया था कि शैतान को न पूजा व तुम्हारा खुला शत्रु है (60) {15:49; 39:53}
और यह कि मेरी ही पूजा करना यही सीधा मार्ग है (61)
(परन्तु तुम ने मेरी इच्छा के विरुद्ध उसका अनुकरण किया परिणाम यह निकला कि) उसने तुम में से अधिक को पथ भ्रष्ट कर दिया क्या तुम समझते नहीं थे? (62)
यह वही नर्क है जिससे तुम्हें सावधान किया गया था (63)
(सो) जो तुम कुफ्र करते रहे हो उसके बदले आज उसमें प्रविष्ट हो जाओ (64)
आज हम उनके मुखों पर मोहर लगा देंगे और जो कुछ वह करते रहे थे उनके हाथ हमसे वर्णन कर

ہےاس میں سے کچھ اللہ کی راہ میں بھی خرچ کروتو یہ لوگ جنہوں نے کفر کیا ہے ایمان لانے والوں کو جواب دیں گے کیا ہم ان کو کھلائیں جنہیں اگر اللہ چاہےتو خود کھلائے گا؟ تم تو یقیناً کھلی گمراہی میں ہو(۴۷)[۳٦:۱۵،۵۳]
اور کہیں گے اگر تم سچ کہتے ہو تو یہ وعدہ کب پورا ہوگا؟ (۴۸)
وہ تو ایک چنگھاڑ کے منتظر ہیں جو ان کو اس حال میں آ پکڑے گی کہ آپس میں جھگڑ رہے ہوں گے (۴۹)
پھر نہ تو وصیت کرسکیں گے اور نہ اپنے گھر والوں میں واپس جاسکیں گے(۵۰)
اور جب صور پھونکا جائے گا تو وہ قبروں سے (نکل کر) اپنے رب کی طرف دوڑ پڑیں گے(۵۱)
اور چیخ اٹھیں گے ہائے افسوس! کس نے ہماری خوابگاہوں سے ہمیں جگا اٹھایا؟ یہ تو وہی قیامت ہے جس کا رحمان نے وعدہ کیا تھا (اب پتہ چلا کہ) رسولوں نے سچ کہا تھا (۵۲)
وہ تو صرف ایک دھماکا ہوگا اور سب کے سب ہمارے روبرو حاضر ہو جائیں گے(۵۳)
پھر (ہمارا فرمان صادر ہوگا یہ انصاف کا دن ہے) آج کسی پر ذرہ برابر ظلم نہ ہوگا اور تمہیں انہیں اعمال کا بدلہ ملے گا جو تم (دنیا میں) کرتے رہے تھے(۵۴)
اہل جنت اس روز عیش میں مشغول ہوں گے (۵۵)
وہ اوران کے پاک ساتھی سایوں میں تختوں پر تکیے لگائے بیٹھیں گے(۵٦)
وہاں ان کے لئے میوے اور جو چاہیں گے(موجود)ہوگا(۵۷)
اورمہربان پروردگار کی طرف سے سلامتی کا پیغام ہوگا (۵۸)
(اورحکم ہوگا)اورگنہگارو! تم آج الگ ہو جاؤ(۵۹)
اے اولاد آدم ہم نے تم سے کہہ نہیں دیا تھا کہ شیطان کو نہ پوجنا وہ تمہارا کھلا دشمن ہے (٦۰)[۱۵:۴۹؛ ۳۹:۵۳]
اور یہ کہ میری ہی عبادت کرنا یہی سیدھا رستہ ہے(٦۱)
(لیکن تم نے میری مرضی کے خلاف اس کی پیروی کی نتیجہ یہ نکلا کہ) اس نے تم میں سے بہتوں کو گمراہ کردیا کیا تم سمجھتے نہیں تھے؟ (٦۲)
یہ وہی دوزخ ہے جس سے تمہیں خبردار کیا گیا تھا(٦۳)
(سو) جو تم کفر کرتے رہے ہو اس کے بدلے آج اس میں داخل ہو جاؤ(٦۴)
آج ہم ان کے مونہوں پر مہر لگادیں گے اور جو کچھ وہ کرتے رہے تھے ان کے ہاتھ ہم سے بیان کردیں گے

देखे और उनके पग साक्ष्य देंगे (65) {41:20;17:13,14;75:14,15}

और यदि हम चाहें तो उनकी आंखों को मिटाकर अन्धा कर दें फिर वह मार्ग को दौड़े तो कहां देख सकें (66)

और यदि हम चाहें तो उनके स्थान पर ही उनकी आकृति (इस प्रकार) विकृत कर दें कि न आगे बढ़ सकें न पीछे हट सकें (67)

जिस व्यक्ति को हम लम्बी आयु देते है उसकी रचना को (अर्थात शक्ति से निर्बलता) हम उलट ही देते है क्या (यह दशा देखकर) उन्हें बुद्धी नही आती (68)

और जो ज्ञान हमने उसको अर्थात मुहम्मद को समझाया है वह उसने जान लिया है वह उसका विरोध नही करेंगे निःसन्देह वह शिक्षा और स्पष्ट कुरआन है (69)

यह इसलिए प्रेषित किया गया है ताकि जो लोग (इस दुनिया में) जीवित है उन्हें (दुष्कर्मों के परिणाम से) सावधान कर दें और नास्तिकों पर बात पूरी हो जाए (70)

क्या उन्होंने देखा नही कि हमने अपने हाथों की बनाई हुई वस्तुओं में से उनके लिए चौपाए बनाए और वह उनके स्वामी है (71)

और हमने उनको उनके लिए अर्जित कर दिया तो कोई तो उनमें से उनकी सवारी है और किसी को वह खाते है (72)

और उन जानवरों में उनके लिए और लाभ है और पीने की वस्तुएं है तो यह आज्ञाकारी क्यों नही करते (73)

(हमारी आज्ञाकारी करने के स्थान पर) उन्होंने ईश्वर के अतिरिक्त और पूज्य बना लिये है कि कदाचित उनसे उनको सहायता पहुंचे (74)

परन्तु वह उनकी कदापि सहायता नही कर सकते अपितु वह मूर्ति पूजक स्वयं बुतों की सेना बनकर उनकी रक्षा के लिए उनके पास उपस्थित रहते है (75)

तो उनकी बातें आपको शोकाकुल न कर दें वह जो कुछ छुपाते और जो कुछ प्रकट करते है हमें ज्ञात है (76)

क्या इन्सान को इतना भी ज्ञात नही कि हमने उसे वीर्य से पैदा किया? फिर वह अचानक खुला झगड़ालू बन बैठ और हमारे विषय में उपमा वर्णन करने लगा और अपनी उत्पत्ती को भूल गया कहने लगा जब हड्डियां जीर्ण हो जाएगी तो उनको कौन जीवित करेगा (78)

कह दो उनको वह जीवित करेगा जिसने उनको पहली बार पैदा किया था और वह सब प्रकार का पैदा करना जानता है (79)

जिसने तुम्हारे लिए हरे वृक्ष से आग पैदा कर दी अर्थात वृक्ष की टहनी जलती है और तुम उससे अपने चूल्हे उज्जवल करते हो (80)

भला जिसने आकाशों और पृथ्वी को रचा क्या वह

اوران کے پاؤں گواہی دیں گے (۶۵) [۴۱:۲۰؛۱۷:۱۳،۱۴؛۷۵:۱۴،۱۵]

اوراگرہم چاہیں توان کی آنکھوں کومٹا کراندھا کردیں پھر وہ رستے کودوڑیں توکہاں دیکھ سکیں (۶۶)

اوراگرہم چاہیں توان کی جگہ پرہی ان کی صورتیں (اس طرح) مسخ کردیں کہ نہ آگے بڑھ سکیں نہ پیچھے ہٹ سکیں (۶۷)

جس شخص کوہم لمبی عمردیتے ہیں اس کی ساخت کو (یعنی طاقت سے کمزوری) ہم الٹ ہی دیتے ہیں کیا (یہ حالت دیکھ کر) انہیں عقل نہیں آتی (۶۸)

اورجوعلم ہم نے اس کویعنی محمدؐ کوسمجھایا ہے وہ اس نے جان لیا ہے وہ اس کی مخالفت نہیں کریں گے بے شک وہ نصیحت اورصاف صاف قرآن (۶۹)

یہ اس لئے نازل کیا گیا ہے تاکہ جولوگ (اس دنیا میں) زندہ ہیں انہیں (اعمال بد کے نتائج سے) خبردار کردے اورکافروں پر بات پوری ہوجائے (۷۰)

کیاانہوں نے دیکھانہیں کہ ہم نے اپنے ہاتھوں کی بنائی ہوئی چیزوں میں سے ان کے لئے چوپائے بنائے اوروہ ان کے مالک ہیں (۷۱)

اورہم نے ان کوان کے لئے فراہم کردیا توکوئی توان میں سے ان کی سواری ہےاورکسی کووہ کھاتے ہیں (۷۲)

نوٹ:۔آیت میں درج ہے کہ عیسٰی نے کہا میرے بعد محمدؐ آئے گا یعنی مرے بعد. اس کا صاف مطلب ہے کہ موت کے بعد. اور محمدؐ آگئے تو عیسٰی کی موت کے بعد ہی تو آنا تھا. اس لئے عیسٰی کی موت ہو چکی اور اگر بقول مسلمانوں کے عیسٰی زندہ ہیں اور قیامت کے قریب آکر موت پائیں گے تو ابھی محمدؐ نہیں آئے عیسٰی کی موت ہونے کے بعد آئیں گے (نعوذ) دیکھا بات کیا سے کیا ہو رہی ہے. اس لئے عیسٰی کی موت ہو چکی. اب وہ زندہ نہیں ہیں اور ان کی موت کے بعد ہی محمدؐ آئے اور وہ بھی انتقال کر گئے. اس کی بحث پہلے ہو چکی ہے

और उससे बढ़कर और कौन अत्याचारी हो सकता है जिसको इस्लाम की ओर बुलाया जाए और वह (उल्टा) ईश्वर पर झूठ दोष लगाए (और कहे कि कुरआन उसका कथन नही है) ऐसे अत्याचारियों को ईश्वर पथ प्रदर्शन नही दिया करता (7)

اور اس سے بڑھ کر اور کون ظالم ہو سکتا ہے جس کو اسلام کی طرف بلایا جائے اور وہ (الٹا) اللہ پر جھوٹ بہتان باندھے (اور کہے کہ قرآن اس کا کلام نہیں ہے) ایسے ظالموں کو اللہ ہدایت نہیں دیا کرتا (۷)

वह लोग चाहते है कि ईश्वर के प्रकाश (अर्थात इस्लाम को) अपने मुखों की फूंकों अर्थात काल्पनिक कथनों से बुझा दें (परन्तु) ईश्वर ने निश्चित कर लिया है कि वह अपने प्रकाश को पूरा करके रहेगा चाहे नास्तिकों को कितना ही अप्रिय हो (8)

وہ لوگ چاہتے ہیں کہ اللہ کے نور (یعنی اسلام کو) اپنے منہوں کی پھونکوں یعنی فرضی باتوں سے بجھا دیں (لیکن) اللہ نے طے کر لیا ہے کہ وہ اپنے نور کو پورا کر کے رہے گا خواہ کافروں کو کتنا ہی ناگوار ہو (۸)

कहो वही तो है जिसने अपने रसूल मुहम्मद स0 को पथ प्रदर्शन और सच्चा धर्म देकर भेजा ताकि (इन्सानों के बनाए हुए) सब धर्मों पर प्रकट अधिपति कर दे चाहे अनेकेश्वर वादियों को बुरा ही लगे (9)

کہو وہی تو ہے جس نے اپنے رسول محمدؐ کو ہدایت اور سچا دین دے کر بھیجا تاکہ (انسانوں کے بنائے ہوئے) تمام دینوں پر ظاہر غالب کر دے چاہے مشرکوں کو برا ہی لگے (۹)

मुसलमानो! क्या तुम्हें ऐसा व्यापार बताऊं जो तुम्हें (परलोक के) पीड़ा देने वाले कष्ट से बचाले (10)

مسلمانو! کیا تمہیں ایسی تجارت بتاؤں جو تمہیں (آخرت کے) دردناک عذاب علیم سے بچا لے(۱۰)

(वह यह कि) ईश्वर पर और उसके रसूल पर विश्वास लाओ और ईश्वर के मार्ग में अपने माल और जान से प्रयास करो यदि समझो तो यह तुम्हारे लिए उत्तम है (11)

(وہ یہ کہ) اللہ پر اور اس کے رسول پر ایمان لاؤ اور اللہ کی راہ میں اپنے مال اور جان سے جدوجہد کرو اگر سمجھو تو یہ تمہارے حق میں بہتر ہے(۱۱)

(यदि ऐसा करोगे तो) ईश्वर तुम्हारे पाप क्षमा कर देगा और तुम को ऐसे उपवनों में प्रविष्ट करेगा जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी और (तुम्हारे निवास के लिए) सदैव के स्वर्ग में पवित्र भवन में होंगे वह बड़ी सफलता है (12)

(اگر ایسا کرو گے تو) اللہ تمہارے گناہ بخش دے گا اور تم کو ایسے باغوں میں داخل کرے گا جن کے نیچے نہریں بہہ رہی ہوں گی اور (تمہارے قیام کے لئے) ابدی جنتوں میں پاکیزہ مکانات ہوں گے وہ بڑی کامیابی ہے(۱۲)

और दूसरी वस्तु जिसकी तुम्हारे मनों में बहुत अधिक इच्छा है (अर्थात) ईश्वर की ओर से सहायता और निकट की विजय (तो वह भी मिलेगी) ऐ मुहम्मद स0 मुसलमानों को इसकी मंगल सूचना सुना दो (13) {30:1से6}

اور دوسری چیز جس کی تمہارے دلوں میں بہت زیادہ خواہش ہے (یعنی) اللہ کی طرف سے مدد اور قریبی فتح (تو وہ بھی ملے گی) اے محمدؐ مسلمانوں کو اس کی خوش خبری سنا دو(۱۳) [۳۰:۱ سے ۶]

आस्तिको! ईश्वर के धर्म के सहायक बन जाओ जैसा कि मरयम के पुत्र ईसा ने (अपने) पवित्र साथियों से (जो उस पर विश्वास ले आए थे) कहा था ईश्वर की ओर (बुलाने में) कौन मेरे सहायक है? पवित्र साथियों ने उत्तर दिया था हम ईश्वर के

مسلمانو! اللہ کے دین کے مددگار بن جاؤ جیسا کہ مریم کے بیٹے عیسٰی نے (اپنے) حواریوں سے (جو اس پر ایمان لے آئے تھے) کہا تھا اللہ کی طرف (بلانے میں) کون میرے مددگار ہیں؟ حواریوں نے جواب دیا تھا ہم اللہ

सहायक है ईश्वर के धर्म के (परन्तु बनी इसराईल में दो दल हो गए) एक दल तो ईमान ले आया और (दूसरा) दल इनकार कर गया तो जो लोग ईमान ले आए हमने उनके शत्रु के मुकाबिले में उनका समर्थन किया तो वह अधिपति हो गए (14)

کے دین کے مددگار ہیں (لیکن بنی اسرائیل میں دو فرقے ہو گئے) ایک فرقہ تو ایمان لے آیا اور (دوسرا) فرقہ انکار کر گیا تو جو لوگ ایمان لے آئے ہم نے ان کے دشمن کے مقابلہ میں ان کی تائید کی تو وہ غالب آ گئے (۱۴)

नोट- आयत के शब्द से प्रकट हो रहा है कि ईसा से भी शत्रुओं का युद्ध हुआ और ईसा युद्ध में अधिपति रहे.

نوٹ:۔آیت کے الفاظ سے ظاہر ہو رہا ہے کہ عیسٰی سے بھی دشمنوں کی جنگ ہوئی اور عیسٰی جنگ میں غالب رہے۔

सूरतुल जुमआ - मदनी (62)

سورۃ الجمعہ۔ مدنی (۶۲)

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

जो वस्तुऐं आकाशों में है और जो वस्तुऐं पृथ्वी में हैं सब ईश्वर की पवित्रता का वर्णन कर रही है जो सारे संसार का राजा पवित्र अस्तित्व शक्तिशाली युक्ति वाला है (1)

جو چیزیں آسمانوں میں ہیں اور جو چیزیں زمین میں ہیں سب اللہ کی تسبیح کر رہی ہیں جو سارے جہاں کا بادشاہ پاک ذات زبردست حکمت والا ہے (۱)

कहो वही तो है जिसने मक्का वाले उम्मीयों में एक ईशदूत उन्ही में से मुहम्मद स० को रसूल बनाकर भेजा जो उनको उसकी आयतें अर्थात कानून पढ़ते हैं और उनको पवित्र करते हैं और ईश्वर की पुस्तक और युक्ति सिखाते हैं और इससे पहले तो उनमें के कुछ लोग खुली पथ भ्रष्टता में थे और कुछ लोग सत्य की खोज में थे (2) {3:75;2:129}

کہو وہی تو ہے جس نے مکہ والے امیوں میں ایک رسول انہیں میں سے محمد کو رسول بنا کر بھیجا جو ان کے سامنے اس کی آیتیں یعنی قانون پڑھتے ہیں اور ان کو پاک کرتے ہیں اور اللہ کی کتاب اور دانائی سکھاتے ہیں اور اس سے پہلے تو ان میں کے کچھ لوگ صریح گمراہی میں تھے اور کچھ لوگ حق کی تلاش میں تھے (۲) [۱۲۹:۲:۷۵:۳]

(और ईश्वर ने उस रसूल को) और लोगों की ओर भी भेजा है जो अभी उन मुसलमानों से नही मिले (परन्तु सम्मिलित होते रहेंगे) और वह अधिपति युक्ति वाला है (3)

(اور اللہ نے اس رسول کو) اور لوگوں کی طرف بھی بھیجا ہے جو ابھی ان مسلمانوں سے نہیں ملے (مگر شامل ہوتے رہیں گے) اور وہ غالب حکمت والا ہے (۳)

यह ईश्वर की कृपा दया है जिसे चाहता है (जो योग्य होता है) उसे प्रदान करता है और ईश्वर बड़े कृपा दया का स्वामी है (4)

یہ اللہ کا فضل ہے جسے چاہتا ہے (جو اہل ہوتا ہے) اسے عطا کرتا ہے اور اللہ بڑے فضل کا مالک ہے (۴)

जिन लोगों को तौरेत पर व्यवहार करने का उत्तरदायी बनाया गया परन्तु उन्होंने उसका भार नही उठाया (अर्थात न स्वयं समझे न दूसरों को समझ कर व्यवहार करने दिया) उनकी उपमा उस गधे जैसी है जिस पर बड़ी बड़ी पुस्तकें लदी हों जो लोग ईश्वर की आयतों को झुठलाते हैं उनकी उपमा बुरी है और ईश्वर अत्याचारियों को पथ प्रदर्शन नही देता (5)

جن لوگوں کو توریت پر عمل کرنے کا ذمہ دار بنایا گیا مگر انہوں نے اس کا وزن نہیں اٹھایا (یعنی نہ خود سمجھے نہ دوسروں کو سمجھ کر عمل کرنے دیا) ان کی مثال اس گدھے جیسی ہے جس پر بڑی بڑی کتابیں لدی ہوں جو لوگ اللہ کی آیتوں کو جھٹلاتے ہیں ان کی مثال بُری ہے اور اللہ ظالموں کو ہدایت نہیں دیتا (۵)

कहो कि ऐ यहूद यदि तुमको यह वाद हो कि तुम ही ईश्वर के मित्र हो और लोग नही तो यदि सच्चे हो तो मौत की इच्छा करो (7)

کہدو کہ اے یہود اگر تم کو یہ دعویٰ ہو کہ تم ہی اللہ کے دوست ہو اور لوگ نہیں تو اگر تم سچے ہو تو موت کی آرزو کرو (۶)

और उसके कारण जो उनके हाथों ने करके आगे भेजा है कदापि उसकी कामना नहीं करेंगे और ईश्वर अत्याचारियों से भलीभांति अवगत है (7)

اور اس کے سبب جو ان کے ہاتھوں نے کر کے آگے بھیجا ہے ہرگز اس کی آرزو نہیں کریں گے اور اللہ ظالموں سے خوب واقف ہے (۷)

कह दो कि मृत्यु जिससे तुम भाग रहे हो वह तुम्हें आकर रहेगी और तुम परोक्ष और प्रकट के जानने वाले ईश्वर के सामने प्रस्तुत किये जाओगे फिर जो जो कुछ तुम दुनिया में करते रहे हो वह तुम्हें सब बताऐगा (8)

کہدو کہ موت جس سے تم بھاگ رہے ہو وہ تمہیں آکر رہے گی اور تم غیب اور ظاہر کے جاننے والے اللہ کے سامنے پیش کئے جاؤ گے جو جو کچھ تم دنیا میں کرتے رہے ہو وہ تمہیں سب بتائے گا (۸)

आस्तिको! जब जुमे के दिन नमाज के लिए अज़ान

مومنو! جب جمعہ کے دن نماز کے لئے اذان دی جائے تو

दी जाए तो ईश्वर की याद (अर्थात नमाज) के लिए जल्दी करो और क्रय विक्रय बन्द कर दो यदि समझो तो यह तुम्हारे लिए उत्तम है (और तुम को यह उपदेश किया जाता है कि यहूदियों की भांति न हो जाना) (9)

اللہ کی یاد (یعنی نماز) کے لئے جلدی کرواور خرید وفروخت بند کردو،اگر سمجھو تو یہ تمہارے حق میں بہتر ہے(اورتم کو یہ نصیحت کی جاتی ہے کہ یہودیوں کی طرح نہ ہوجانا)(۹)

फिर जब नमाज हो चुके तो अपनी अपनी राह लो और ईश्वर का कृपा दया खोजो और ईश्वर को बहुत याद करते रहो ताकि सफलता पाव (10)

پھر جب نماز ہو چکے تو اپنی اپنی راہ لو اور اللہ کا فضل روزی تلاش کرو اور اللہ کو بہت یاد کرتے رہو تا کہ فلاح پاؤ(۱۰)

नोट- ईश्वर ने मुसलमानों को बताया कि जुमे की अजान पर हर कार्य बन्द कर दो नमाज को आओ और नमाज से निवृत्त होकर ईश्वर का कृपा दया खोजने के लिए पृथ्वी में फैल जाओ, यह आदेश सुनने के बाद तो कोई प्रश्न उत्पन्न नही होता कि मुसलमान नमाज या भाषण में मुहम्मद स0 को छोड़कर माल क्रय करने या खेल देखने चले जाऐं इसके विपरीत ईश्वर उन नास्तिकों की पहचान बता रहा है कि मुहम्मद सुनो उनका क्या हाल है वह यह कि)

نوٹ:۔اللہ نے مسلمانوں کو بتایا کہ جمعہ کی اذان پر ہر کام بند کردو نماز کو آؤ اور نماز سے فارغ ہو کر اللہ کا فضل تلاش کرنے کے لئے زمین میں پھیل جاؤ۔یہ حکم سننے کے بعد تو کوئی سوال پیدا نہیں ہوتا کہ مسلمان نماز یا خطبہ میں محمدؐ کو چھوڑ کر مال خریدنے یا کھیل دیکھنے چلے جائیں اس کے خلاف اللہ ان کافروں کی شناخت بتا رہا ہے کہ محمد سنو ان کا حال کیا ہے وہ یہ کہ)

और जब वह नास्तिक लोग सोदा बिकता देखेंगे या खेल तो उसके लिए भाग जाऐंगे और आपको खड़ा छोड़ जाऐंगे कह दो कि जो वस्तु ईश्वर के यहां है वह दर्शन और व्यापार से कही उत्तम है और ईश्वर सबसे अच्छी जीविका देने वाला है (11)

اور جب وہ کافر لوگ سودا بکتا دیکھیں گے یا کھیل تو اس کے لئے بھاگ جائیں گے اور آپ کو کھڑا چھوڑ جائیں گے کہہ دو کہ جو چیز اللہ کے یہاں ہے وہ تماشہ اور تجارت سے کہیں بہتر ہے اور اللہ سب سے بہتر رزق دینے والا ہے(۱۱)

नोट-इस सूरत के आरम्भ में आयत एक से चार तक ईश्वर ने मुहम्मद स0 और उस समय के मुसलमानों का उल्लेख किया और 5 से 8 तक यहूद के कर्मों और उनकी दशा का उल्लेख किया, आयत 9 और 10 में जुमे की नमाज का उल्लेख किया और यह बताया कि अजान होने पर मस्जिद में आओ और नमाज पढ़ने के बाद जाओ, यह आदेश सुनने के बाद फिर कौन विरोध करेगा इसके बाद आयत 11 में फिर कपटियों और काफिरों की दशा ईश्वर बता रहा है.

نوٹ:۔اس سورت کے شروع میں آیت ایک سے ۴ تک اللہ نے محمدؐ اور اس وقت کے مسلمانوں کا ذکر کیا اور ۵ سے ۸ تک یہود کے کارناموں اور ان کی حالت کا ذکر کیا۔آیت ۹ اور دس میں نماز جمعہ کا ذکر کیا اور یہ بتایا کہ اذان ہونے پر مسجد میں آؤ اور نماز پڑھنے کے بعد جاؤ۔یہ حکم سننے کے بعد پھر کون خلاف ورزی کرے گا اس کے بعد آیت ۱۱ میں پھر منافقین اور کافروں کی حالت اللہ بتا رہا ہے۔

नोट- (62:11) का आयत में नास्तिकों की दशा का उल्लेख है परन्तु इस आयत की तफसीर में कुछ ऐसे शब्द लिखे मिलते है जिनकी कोई वास्तविकता नही और सहाबा का अपमान है और सम्भावतः यहां भी श्रीमान अली को बचा लिया गया है क्या लिखा है अवलोकन हो,

نوٹ:۔۶۲:۱۱ کا۔آیت میں کافروں کی حالت کا ذکر ہے مگر اس آیت کی تفسیر میں کچھ ایسے الفاظ لکھے ملتے ہیں جن کی کوئی حقیقت نہیں اور صحابہ کرام کی توہین ہے اور غالباً یہاں بھی حضرت علی کو بچا لیا گیا ہے کیا لکھا ہے ملاحظہ ہو۔

यह मदीने के आरम्भ समय की घटना है शाम से एक व्यापारिक दल जुमे की नमाज के समय आया और उसने ढ़ोल ताशे बजाने आरम्भ किये ताकि बस्ती के लोगों को इसके आगमन का पता चल जाऐ रसूल उस समय जुमे का भाषण दे रहे थे ढ़ोल ताशों की ध्वनि सुनकर लोग व्याकुल हो गए और बारह व्यक्तियों के अतिरिक्त शेष दल की ओर दौड़ गए मोदूदी साहब,

یہ مدینے کے ابتدائی زمانے کا واقعہ ہے۔شام سے ایک تجارتی قافلہ عین نماز جمعہ کے وقت آیا اور اس نے ڈھول تاشے بجانے شروع کئے تا کہ بستی کے لوگوں کو اس کی آمد کا پتہ چل جائے۔رسول اللہ اس وقت جمعہ کا خطبہ ارشاد فرما رہے تھے۔ ڈھول تاشوں کی آوازیں سن کر لوگ بے چین ہو گئے اور ۱۲/آدمیوں کے علاوہ باقی قافلہ کی طرف دوڑ گئے(مودودی صاحب)

एक व्याख्या में लिखा है कि मुहम्मद स0 नमाज पढ़ रहे थे तब दल की ध्वनि आई और 12 व्यक्तियों को छोड़कर सब भाग गए.

ایک تفسیر میں لکھا ہے کہ محمدؐ نماز پڑھا رہے تھے تب قافلہ کی آواز آئی اور ۱۲/آدمیوں کو چھوڑ کر سب بھاگ گئے۔

आयतों का अवतरित क्रम 110 लिखा गया है मानो इस सूरत के बाद केवल 4 सूरतें और अवतरित हुई और ऊपर आप पढ़ चुके है कि मदीने के आरम्भिक समय की घटना है तो मानो बाद को लगभग 7 सालों में केवल चार सूरतें ही अवतरित हुई, इसके अतिरिक्त कुछ आलिमों का कथन है कि सूरत अन्नास और फ़लक कुरआन की सूरत नही तो इस प्रकार सूरत जुमा के बाद केवल दो सूरतें ही रह जाती है जो अवतरित हुई, उनमें से एक नसर है, परन्तु इतिहास में लिखा है कि सूरत जुमा के बाद चौदह सूरतें अवतरित हुई तो इस हिसाब से सूरत जुमा का अवतरित क्रम 98 होता है अब बताओ क्या ठीक है और क्या मिथ्या, क्या लिखते समय यह विचार नही किया कि इसका अवतरण क्रम क्या है? दूसरी बात यह कि आयत 9 और 10 में आस्तिकों को जुमे के नियम बताए जा रहे है कि नमाज जुमा के लिए अजान पर आओ और जब तक नमाज पूरी न हो मस्जिद में

آیتوں کا نزولی نمبر ۱۱۰ لکھا گیا ہے گویا اس سورت کے بعد صرف چار سورتیں اور نازل ہوئیں۔اور اوپر آپ پڑھ چکے ہیں کہ مدینے کے ابتدائی زمانے کا واقعہ ہے تو گویا بعد کو تقریباً ۷ سالوں میں صرف ۴ سورتیں ہی نازل ہوئیں۔ علاوہ ازیں کچھ عالموں کا قول ہے کہ سورت الناس اور فلق قرآن کی سورت نہیں تو اس طرح سورت جمعہ کے بعد صرف دو سورتیں ہی رہ جاتی ہیں جو نازل ہوئیں۔ ان میں سے ایک النصر ہے لیکن تاریخ میں لکھا ہے کہ سورت جمعہ کے بعد ۱۴ سورتیں نازل ہوئیں تو اس حساب سے سورت جمعہ کا نزولی نمبر ۹۸ ہوتا ہے۔
اب بتاؤ کیا صحیح ہے اور کیا غلط۔
کیا لکھتے وقت یہ غور نہیں کیا کہ اس کا نزولی نمبر کیا ہے؟ دوسری بات

रहो, नमाज पूरी होने पर मस्जिद से जाओ तो ऐसी स्थिति में कोई भी मुसलमान अवज्ञा कैसे कर देता, और यह भी खेद जनक बात है कि केवल 12 व्यक्ति बचे और सम्भावतः वही हो जिनको शिया लोगों ने आस्तिक लिखा है, चूंकि मुहम्मद स0 के देहान्त के बाद उनका मानना है कि कुछ को छोड़कर सब विमुख हो गये थे तो शायद वह चन्द व्यक्ति यही हों (नऊज़ू) विचार करो.

वास्तविकता यह है कि मुहम्मद स0 को छोड़ने वाले मुसलमान नही थे न वह ऐसा कर सकते थे अपितु ईश्वर ने काफ़िरों के विषय में बताया है जो मुहम्मद स0 की बात सुनना ही नही चाहते थे और यदि कभी मुहम्मद स0 को यह अवसर मिल जाता था कि कुछ लोग एक जगह एकत्र हैं तो मुहम्मद स0 अपनी बात आरम्भ कर देते थे तथापि वह लोग इस ताक में रहते थे कि कोई बहाना मिले और वह भागें, उसको ही बताया है कि ऐ मुहम्मद स0 जब वह लोग कोई खेल तमाश देखेंगे तो आपको खड़ा छोड़कर भाग जाऐंगे वह काफ़िर अब तक भी ऐसा ही करते रहे हैं, आप कोई चिन्ता न करें अपना कार्य जारी रखें आपका कार्य धर्म पहुंचा देना है.

नमाज या भाषण का तो आयत में उल्लेख नही है और नमाज में नास्तिक लोग कब आते थे यदि लोगों के जाने के बाद का उल्लेख होता तो कहा यह जाता कि ऐ मुहम्मद स0 वह लोग आपको छोड़कर चले गये परन्तु आयत में है कि वह चले जायेंगे और आपको खड़ा छोड़ जायेंगे अतः जिनकी सूचना है वह अनेकेश्वर वादी और काफ़िर हैं और आज भी ऐसे व्यक्ति धर्म की बात सुनना नही चाहते और मोमिन तो उठकर जाते ही नही ऊपर जो लिखा गया है उस पर विचार करो और आयत के शब्द देखकर अनुवाद करो.

یہ کہ آیت ۹ اور دس میں مومنوں کو جمعہ کے آداب بتائے جا رہے ہیں. کہ نماز جمعہ کے لئے اذان پر آؤ اور جب تک نماز پوری نہ ہو مسجد میں رہو نماز پوری ہونے پر مسجد سے جاؤ تو ایسی حالت میں کوئی بھی مسلمان خلاف ورزی کیسے کر دیتا. اور یہ بھی افسوس ناک بات ہے کہ صرف ۱۲ آدمی بچے اور غالباً وہی ہوں جن کو شیعہ حضرات نے مومن لکھا ہے. چونکہ محمدؐ کی وفات کے بعد ان کے عقیدے کے مطابق چند کو چھوڑ کر سب مرتد ہو گئے تھے شائد وہ چند آدمی یہی ۱۲ ہوں (نعوذ) غور کرو.

حقیقت یہ ہے کہ محمدؐ کو چھوڑنے والے مسلمان نہیں تھے نہ وہ ایسا کر سکتے تھے بلکہ اللہ نے ان کافروں کے بارے میں بتایا ہے جو محمدؐ کی بات سننا ہی نہیں چاہتے تھے اور اگر کبھی محمدؐ کو یہ موقع مل جاتا تھا کہ کچھ لوگ اکٹھے ہیں تو محمدؐ اپنی بات شروع کر دیتے تھے تاہم وہ لوگ اس تاک میں رہتے تھے کہ کوئی بہانہ ملے اور وہ بھاگیں. اس کو ہی بتایا ہے کہ اے محمدؐ جب وہ لوگ کوئی کھیل تماشہ دیکھیں گے تو تم کو کھڑا چھوڑ کر بھاگ جائیں گے وہ کافر اب تک بھی ایسا ہی کرتے رہے ہیں آپ کوئی فکر نہ کریں اپنا کام جاری رکھو آپ کا کام دین پہنچا دینا ہے.

نماز یا خطبہ کا تو آیت میں ذکر نہیں ہے اور نماز میں کافر لوگ کب آتے تھے اگر لوگوں کے جانے کے بعد کا ذکر ہوتا تو کہا یہ جاتا کہ اے محمدؐ وہ لوگ آپ کو چھوڑ کر چلے گئے. لیکن آیت میں ہے کہ وہ چلے جائیں گے. اور آپ کو کھڑا چھوڑ جائیں گے. اس لئے جن کی خبر ہے وہ مشرک اور کافر ہیں اور آج بھی ایسے آدمی دین کی بات سننا نہیں چاہتے اور مومن تو اٹھ کر جاتے ہی نہیں اوپر جو لکھا گیا ہے اس پر غور کرو اور آیت کے الفاظ دیکھ کر ترجمہ کرو.

सूरतुल मुनाफ़िक़ून - मदनी (63)

سورت المنافقون ۔ مدنی (۶۳)

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

(ऐ मुहम्मद स0) जब कपटी आयेंगे आपके पास तो कहेंगे हम मानते हैं तुम ईश्वर के रसूल हो और मैं ईश्वर जानता हूं कि आप निःसन्देह ईश्वर के ईशदूत हैं परन्तु मैं ईश्वर प्रकट किये देता हूं कि वह लोग कपटी अवश्य झूटे हैं (ऐसे व्यक्तियों से सावधान रहना सूचित किया जाता है) (1)

(اے محمدؐ) جب منافق آئیں گے آپ کے پاس تو کہیں گے ہم قائل ہیں تم اللہ کے رسول ہو اور میں اللہ جانتا ہوں کہ آپ یقیناً اللہ کے رسول ہیں مگر میں اللہ ظاہر کئے دیتا ہوں کہ وہ لوگ منافق ضرور جھوٹے ہیں (ایسے آدمیوں سے ہوشیار رہنا خبردار کیا جاتا ہے) (۱)

वह लोग अपनी शपथों को ढाल बना रहे हैं और उनके द्वारा लोगों को ईश्वर के धर्म से रोक रहे हैं निःसन्देह जो कार्य वह कर रहे हैं वह बुरे हैं (2)

وہ لوگ اپنی قسموں کو ڈھال بنا رہے ہیں اور ان کے ذریعہ لوگوں کو اللہ کے دین سے روک رہے ہیں بےشک جو کام وہ کر رہے ہیں وہ بُرے ہیں (۲)

यह बुराई उनमें इसलिए हुई कि वह लोग पहले विश्वास लाए फिर कुफ़्र का मार्ग ग्रहण कर लिया (और आस्तिकों के विरुद्ध कपट करने लगे) तो ईश्वर के नियम ने (उनके कुफ़्र के कारण) उनके हृदय व मस्तिष्क पर मोहर लगा दी तो (अब सच्ची बात) उनकी समझ में नही आयेगी (3)

یہ بُرائی اُن میں اس لئے ہوئی کہ وہ لوگ پہلے تو ایمان لائے پھر کفر کا شیوہ اختیار کر لیا (اور مسلمانوں کے خلاف سازش کرنے لگے) تو اللہ کے قانون نے (ان کے کفر کی وجہ سے) ان کے دل و دماغ پر مہر لگا دی تو (اب سچی بات) ان کی سمجھ میں نہیں آئے گی (۳)

और जब आप उनको देखोगे तो उनके शरीर आपको बहुत अच्छे लगेंगे और यदि बात करोगे तो ऐसी कि आप ध्यानसे सुनो (परन्तु बुद्धि से रहित) मानो दीवार से लगाई हुई बेकार लकड़ियां हैं (कायर इतने कि) हर वेग की ध्वनि को समझेंगे कि उनही पर आ पड़ी व तुम्हारे शत्रु हैं आप उनसे बचे रहो ईश्वर का नियम उन्हें मार डालेगा वह कहां बहके फिरते हैं(4)

اور جب آپ ان کو دیکھو گے تو ان کے جسم آپ کو بہت اچھے لگیں گے اور اگر گفتگو کریں گے تو ایسی کہ آپ توجہ سے سنو (مگر عقل سے خالی) گویا دیوار سے لگائی ہوئی بےکار لکڑیاں ہیں (بزدل اتنے کہ) ہر زور کی آواز کو سمجھیں گے کہ ان ہی پر آ پڑی وہ تمہارے دشمن ہیں آپ ان سے بچے رہو اللہ کا قانون انہیں مار ڈالے گا وہ کہاں بہکے پھرتے ہیں (۴)

और जब उनसे कहा जाएगा कि आओ ईश्वर का रसूल तुम्हारे लिए क्षमा की प्रार्थना करें तो वह लोग अपने सिर फेरेंगे और तुम उनको देखोगे कि दंभ करते हुए मुख फेर लेते हैं (5)

اور جب ان سے کہا جائے گا کہ آؤ اللہ کا رسول تمہارے لئے مغفرت کی دعا کریں تو وہ لوگ اپنے سر پھیریں گے اور تم ان کو دیکھو گے کہ تکبر کرتے ہوئے منہ پھیر لیتے ہیں (۵)

(ऐ रसूल हम जानते हैं कि आप यह चाहते हैं कि यह लोग किसी प्रकार तबाही से बच जाएं) इसलिए आपने उनके लिए क्षमा की प्रार्थना भी की और समझाया भी परन्तु ईश्वर उन्हें कदापि क्षमा न करेगा ईश्वर ऐसे दुष्ट लोगों को सीधा मार्ग नहीं दिखाता (6) {9:81,84}

(اے رسول ہم جانتے ہیں کہ آپ یہ چاہتے ہیں کہ یہ لوگ کسی طرح تباہی سے بچ جائیں) اس لئے آپ نے ان کے لئے دعاء مغفرت بھی کی اور سمجھایا بھی مگر اللہ انہیں ہرگز نہ بخشے گا اللہ ایسے فاسق لوگوں کو سیدھی راہ نہیں دکھاتا (۶) [۹:۸۰ سے ۸۴]

ऐसे ही लोग तो हैं जो लोगों से कहेंगे कि जो लोग रसूल के पास रहते हैं उन पर व्यय न करना यहां तक कि वह (व्याकुल होकर) भाग जाएंगे यद्यपि आकाशों और पृथ्वी के कोष ईश्वर ही के हैं परन्तु कपटी न समझेंगे (7)

ایسے ہی لوگ تو ہیں جو لوگوں سے کہیں گے کہ جو لوگ رسول کے پاس رہتے ہیں ان پر خرچ نہ کرنا یہاں تک کہ وہ (پریشان ہوکر) بھاگ جائیں حالانکہ آسمان اور زمین کے خزانے اللہ ہی کے ہیں لیکن منافق نہیں سمجھیں گے (۷)

और यह भी कहेंगे कि यदि हम लौटकर मदीने पहुंचे तो सम्मान वाले हीन लोगों को वहां से निकाल बाहर करेंगे, यद्यपि सम्मान ईश्वर का है और उसके रसूल का और आस्तिकों का परन्तु कपटी नहीं समझेंगे (8)

اور یہ بھی کہیں گے کہ اگر ہم لوٹ کر مدینے پہنچے تو عزت والے ذلیل لوگوں کو وہاں سے نکال باہر کریں گے حالانکہ عزت اللہ کی ہے اور اس کے رسول کی اور مومنوں کی لیکن منافق نہیں سمجھیں گے (۸)

नोट- इस सूरत का नाम मुनाफिकून (कपटी) है और इसमें आयत 1 से 8 तक ईश्वर ने अपने रसूल को कपटियों की ऐसी पहचान बता दी कि उनके प्रकाश में उनको पहचानने में कोई भूल न हो और बताया कि ऐ मुहम्मद स० कपटी ऐसे हैं उनकी बोल-चाल ऐसी होगी वह तुमको धोका देना चाहेंगे अतः समय से पहले आपको उनसे सावधान किया जाता है उनको जान लेना इसके बाद आयत 9 से आस्तिकों को कुछ बताया जा रहा है जो वास्तविकता है.

نوٹ:۔ اس سورت کا نام منافقون ہے اور اس میں آیت ا سے ۸ تک اللہ نے اپنے رسول کو منافقوں کی ایسی شناخت بتادی کہ ان کی روشنی میں ان کو پہچاننے میں کوئی غلطی نہ ہو اور بتایا کہ اے محمدؐ منافق ایسے ہیں ان کی بول چال ایسی ہوگی وہ تم کو دھوکا دینا چاہیں گے اس لئے وقت سے پہلے آپ کو ان سے ہوشیار کیا جاتا ہے ان کو جان لینا اس کے بعد آیت ۹ سے مومنوں کو کچھ بتایا جارہا ہے جو حقیقت ہے۔

ऐ आस्तिको! तुम्हारे माल और तुम्हारी सन्तान तुमको ईश्वर के जप से (अर्थात कुरआन से) अचेत न कर दे और जो ऐसा करेगा अर्थात अचेत होगा तो वही लोग घाटे में रहेंगे (9)

اے مومنو! تمہارے مال اور تمہاری اولاد تم کو اللہ کے ذکر سے (یعنی قرآن سے) غافل نہ کردے اور جو ایسا کرے گا یعنی غافل ہوگا تو وہی لوگ گھاٹے میں رہیں گے (۹)

और जो धन हमने तुम को दिया है उसमें से इससे पहले व्यय कर लो कि तुम में से किसी को मृत्यु आ जाए तो कहने लगे कि ऐ मेरे ईश्वर तूने मुझे थोड़ी सी छूट क्यों न दी ताकि मैं दान कर लेता और सदाचारी लोगों में प्रविष्ट होता (10)

اور جو مال ہم نے تم کو دیا ہے اس میں سے اس سے پہلے خرچ کرلو کہ تم میں سے کسی کو موت آجائے تو کہنے لگے کہ اے میرے رب تو نے مجھے تھوڑی سی مہلت کیوں نہ دی تاکہ میں خیرات کرلیتا اور نیک لوگوں میں داخل ہوتا (۱۰)

(तो सुनो) जब किसी की मृत्यु आ जाती है तो ईश्वर उसको कदापि छूट नहीं देता और जो कुछ तुम करते हो ईश्वर उससे अवगत है (11)

(تو سنو!) جب کسی کی موت آجاتی ہے تو اللہ اس کو ہرگز مہلت نہیں دیتا اور جو کچھ تم کرتے ہو اللہ اس سے خبردار ہے (۱۱)

नोट- इस सूरत का जो अनुवाद प्रचलित है वह ऐसा किया गया है मानो यह कार्य भूतकाल में हुआ, परन्तु ऐसा नहीं है अपितु सीगा मज़ारे से भविष्य के लिए ईश्वर ने मुहम्मद स० को अवगत किया है इसलिए मैंने भावार्थ दूसरा लिया है मनन करो.

نوٹ:۔ اس سورت کا جو ترجمہ رائج ہے وہ ایسا کیا گیا ہے گویا یہ کام ماضی میں ہوا لیکن ایسا نہیں ہے بلکہ صیغہ مضارع ہے مستقبل کے لئے اللہ نے محمدؐ کو خبردار کیا ہے اس لئے میں نے مفہوم دوسرا کیا ہے غور کرو۔

सूरतुत्तग़ाबुन - मदनी (64)

سورت التغابن ۔ مدنی (۶۴)

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

(कहो कि इन्सानो सुनो) जो वस्तु आकाशों में है और जो वस्तुएं पृथ्वी में है सब ईश्वर की पवित्रता वर्णन करती है उसी का सत्य राज्य है और उसी की प्रशंसा है और वह हर वस्तु के अनुमान नियम बनाने वाला है (1)

(کہہ دو کہ انسانوں سنو!) جو چیز آسمانوں میں ہے اور جو چیز زمین میں ہے سب اللہ کی تسبیح کرتی ہیں اُسی کی سچی بادشاہت ہے اور اسی کی تعریف ہے اور وہ ہر چیز کے اندازے قانون بنانے والا ہے (۱)

और घोषणा कर दो वही तो है जिसने तुम को पैदा किया फिर कोई तुम में काफिर है और कोई मोमिन और जो कुछ तुम करते हो ईश्वर उसको देखता है (2)

اوراعلان کردووہی تو ہےجس نےتم کو پیدا کیا پھر کوئی تم میں کافر ہےاورکوئی مومن اور جو کچھ تم کرتے ہو اللہ اس کو دیکھتا ہے(۲)

और साथ ही यह भी बता दो कि उसने आकाशों और पृथ्वी को सत्य और एक प्रबन्ध के आधीन उत्पन्न किया है उसने तुम्हारी आकृतियां बनाई और आकृतियां भी कैसी अच्छी बनाई और उसी की ओर (तुम सब को) लौटकर जाना है (3)

اور ساتھ ہی یہ بھی بتادو کہ اس نے آسمانوں اورزمین کو حق اورایک نظام کے تحت پیدا کیا ہےاس نے تمہاری صورتیں بنائیں اورصورتیں بھی کیسی اچھی بنائیں اوراسی کی طرف (تم سب کو) لوٹ کر جانا ہے(۳)

और कहो जो कुछ तुम छुपाकर करोगे और जो खुल्लम खुल्ला करोगे वह उससे भी अवगत है और जो कुछ आकाशों और पृथ्वी में है वह ईश्वर सब जानता है और ईश्वर तो हृदय के भेदों तक से अवगत है (4)

اور کہو جو کچھ تم چھپا کر کروگےاور جو کھلم کھلا کروگے وہ اس سے بھی آگاہ ہےاور جو کچھ آسمانوں اورزمین میں ہے وہ اللہ سب جانتا ہےاوراللہ تو دلوں کے بھیدوں تک سے واقف ہے(۴)

और उनसे यह भी ज्ञात कर लो क्या तुमको उन लोगों का समाचार ज्ञात न हुआ जिन्होंने पहले कुफ्र किया था फिर उन्होंने (दुनिया में ही) अपने बुरे कर्मों का स्वाद चख लिया और परलोक में उनके लिए पीड़ा देने वाला दण्ड है (5)

اوران سے یہ بھی معلوم کرلو کیا تم کو ان لوگوں کا حال معلوم نہ ہوا جنہوں نے پہلے کفر کیا تھا پھر انہوں نے (دنیا میں ہی) اپنی شامت اعمال کا مزہ چکھ لیااورآخرت میں ان کے لئے دردناک عذاب ہے(۵)

यह (दण्ड) उन्हें इसलिए दिया जायेगा कि उनके पास उनके रसूल खुली खुली निशानियां लेकर आते रहे और वह लोग (सदैव) यही कहते रहे कि क्या (हम जैसे) व्यक्ति हमें सीधा मार्ग दिखा सकते हैं? यहां तक उन्होंने उनकी बात मानने से इनकार कर दिया और मुख फेर लिया तो ईश्वर भी उनसे निश्चिन्त हो गया, ईश्वर लालसा रहित और प्रशंसा के योग्य है (6)

یہ (عذاب) انہیں اس لئے دیا جائے گا کہ ان کے پاس ان کے رسول کھلی کھلی نشانیاں لے کرآتے رہےاور وہ لوگ (ہمیشہ) یہی کہتے رہے کہ کیا (ہم جیسے) بشر ہمیں سیدھی راہ دکھا سکتے ہیں؟ غرض کہ انہوں نے ان کی بات ماننے سے انکار کر دیا اورمنہ پھیر لیا تو اللہ بھی ان سے لاپرواہ ہو گیا اللہ بےنیاز ہےاورسزاوارحمد ہے(۶)

जो लोग काफिर हैं उनका वाद यह है कि वह (क्यामत के दिन) कदापि न उठाए जाऐंगे आप कहो हां हां मेरा रब साक्षी है कि तुम को जरूर उठाया जायेगा फिर जो जो कार्य तुम करते रहे हो वह तुम्हें बताये जायेंगे और यह बात ईश्वर को सरल है (7)

جولوگ کافر ہیں ان کا دعویٰ یہ ہے کہ وہ (قیامت کے روز) ہرگز نہ اٹھائے جائیں گےآپ کہو ہاں. ہاں میرا رب شاہد ہے کہ تم کو ضرور اٹھایا جائےگا پھر جو جو کام تم کرتے رہے ہو وہ تمہیں بتائے جائیں گےاور یہ بات اللہ کو آسان ہے(۷)

तो (ऐ लोगो!) ईश्वर पर उसके रसूल पर और उस प्रकाश (अर्थात कुरआन) पर जिसे हमने अवतरित किया है विश्वास ले आओ और (विश्वास करो कि) जो कुछ तुम करोगे ईश्वर को सबकी सूचना है (8)

تو (اے لوگو!) اللہ پر اس کے رسول پر اوراس نور (یعنی قرآن) پر جسے ہم نے نازل کیا ہےایمان لے آؤ اور (یقین کرو کہ) جو کچھ تم کروگے اللہ کو سب کی خبر ہے(۸)

(उसका परिणाम तुम को उस दिन ज्ञात होगा) जब ईश्वर महाप्रलय के दिन तुम सबको संग्रह करेगा वही हार जीत का दिन होगा और जो व्यक्ति ईश्वर पर विश्वास लाएगा और (दुनिया में) भलाई के कार्य करेगा हम उसकी बुराईयां दूर कर देंगे और उसे (स्वर्ग के) ऐसे उपवनों में प्रविष्ट करेंगे जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी वह लोग उसमें सदैव रहेंगे यही सबसे बड़ी सफलता है (9)

(اس کا نتیجہ تم کو اس روز معلوم ہوگا) جب اللہ حشر کے روز تم سب کو جمع کرےگا وہی ہار جیت کا دن ہوگااور جو شخص اللہ پرایمان لائےگااور (دنیا میں) بھلائی کے کام کرے گا ہم اس کی برائیاں دور کر دیں گےاوراسے (جنت کے) ایسے باغوں میں داخل کریں گے جن کے نیچے نہریں بہہ رہی ہوں گی وہ لوگ اس میں ہمیشہ رہیں گے یہی سب سے بڑی کامیابی ہے(۹)

परन्तु जिन लोगों ने कुफ्र किया और हमारी आयतों को झुठलाया वह नर्की हैं सदैव नर्क में रहेंगे और वह बुरा स्थान है (10)

لیکن جن لوگوں نے کفر کیااور ہماری آیتوں کو جھٹلایا وہ دوزخی ہیں ہمیشہ دوزخ میں رہیں گےاوروہ بُرا ٹھکانا ہے(۱۰)

कोई कष्ट ईश्वर के नियम के बिना अवतरित नही होता और जो व्यक्ति ईश्वर पर विश्वास रखता है ईश्वर उसके हृदय को पथ प्रदर्शन प्रदान करता है ईश्वर को हर बात का ज्ञान है (11)

کوئی مصیبت اللہ کے قانون کے بغیر نازل نہیں ہوتی اور جو شخص اللہ پرایمان رکھتا ہے اللہ اس کے دل کو ہدایت بخشتا ہےاللہ کو ہر بات کا علم ہے(۱۱)

(ऐ इन्सानों सुनो) और ईश्वर की आज्ञा पालन करो और उसके रसूल की आज्ञा पालन करो और यदि तुम मुख मोड़ते हो तो हमारे रसूल का उत्तर

(اے انسانو! سنو) اور اللہ کی اطاعت کرواوراس کے رسول کی اطاعت کرو اوراگر تم منہ موڑتے ہو تو ہمارے رسول

दायित्व तो केवल संदेश का खोल खोलकर पहुंचा देना है (12)
(कहो) वह ईश्वर है (क्या काफिर कहता है) ईश्वर नही है तो सुनो निःसन्देह ईश्वर है अतः आस्तिकों को ईश्वर ही पर विश्वास रखना चाहिए (13)
आस्तिको! तुम्हारी औरतों और सन्तान में से कतिपय तुम्हारे शत्रु भी है सो उनसे बचते रहो और यदि क्षमा कर दो तो ईश्वर ही क्षमा करने वाला कृपालु है (14)
तुम्हारा माल और सन्तान तो परीक्षा है (यदि तुम परीक्षा में पूरे उतरे) तो ईश्वर के यहां बड़ा फल है (15)
तो जहाँ तक तुम्हारे वश में हो ईश्वर (की अवज्ञा के परिणाम) से डरते रहो, और उसका आदेश सुनो और उसका अनुकरण करो और (उसके मार्ग में) व्यय करते रहो यह तुम्हारे अपने लिए अच्छा है और जो कोई स्वभाव की कृपणता से बचा लिया गया तो ऐसे ही लोग सफल है (16)

کے ذمہ تو صرف پیغام کا کھول کھول کر پہنچا دینا ہے (۱۲)
(کہو) وہ اللہ ہے (کیا کافر کہتا ہے) اللہ نہیں ہے تو سنو! یقیناً اللہ ہے لہٰذا مومنوں کو اللہ ہی پر بھروسہ رکھنا چاہیے (۱۳)
مومنو! تمہاری عورتوں اور اولاد میں سے بعض تمہارے دشمن بھی ہیں سو ان سے بچتے رہو اور اگر معاف کر دو اور درگزر کرو تو اللہ ہی بخشنے والا مہربان ہے (۱۴)
تمہارا مال اور اولاد تو آزمائش ہے (اگر تم آزمائش میں پورے اترے) تو اللہ کے یہاں بڑا اجر ہے (۱۵)
تو جہاں تک تمہارے بس میں ہو اللہ (کی نافرمانی کے نتائج) سے ڈرتے رہو اور اس کا حکم سنو اور اس کی پیروی کرو اور (اس کی راہ میں) خرچ کرتے رہو یہ تمہارے اپنے لئے بہتر ہے اور جو کوئی طبیعت کے بخل سے بچالیا گیا تو ایسے ہی لوگ کامیاب ہیں (۱۶)

यदि तुम ईश्वर को अच्छा ऋण दोगे तो वह तुम्हें कई गुना बढ़ाकर वापस करेगा और तुम्हारे पाप भी क्षमा कर देगा ईश्वर तो गुण ज्ञाता और सहनशील है (17)
वह गुप्त और प्रकट सबका जानने वाला सब पर अधिपति है उसका कोई कार्य युक्ति से रहित नही है (18)

اگر تم اللہ کو قرض حسنہ دو گے تو وہ تمہیں کئی گنا بڑھا کر واپس کرے گا اور تمہارے گناہ بھی معاف کر دے گا اللہ تو قدردان اور بردبار ہے (۱۷)
وہ پوشیدہ اور ظاہر سب کا جاننے والا سب پر غالب ہے اس کا کوئی کام حکمت سے خالی نہیں (۱۸)

सूरत तलाक - मदनी (65)

سورت طلاق ۔ مدنی (۶۵)

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

ऐ नबी (मुसलमानो से कह दो) जब तुम औरतों को तलाक देना चाहो तो उनको इद्दत (अर्थात तीन महीने) के लिए तलाक दो और इद्दत (के दिन) गिनते रहो और अपने ईश्वर की अवज्ञा के परिणाम से डरते रहो (उस काल में) न तो तुम उनको उनके घरों से निकालो और न वह स्वयं ही (क्रोध में आकर) निकल जायें हां यदि वह खुली निर्लज्जता करें (तो उन्हें घर से निकाला जा सकता है) और यह ईश्वर की निश्चित की हुई सीमाऐं है जो कोई इन सीमाओं का उल्लंघन करेगा वह अपने ही ऊपर अन्याय करेगा (ऐ तलाक देने वाले) तू क्या जाने? हो सकता है कि इसके बाद (इद्दत के समय में) ईश्वर सहमति की कोई स्थिति पैदा कर दे (1)
फिर जब वह (मुतल्लका औरतें) अपनी (इद्दत के) समय की समाप्ती पर पहुंचे तो या तो उन्हें सज्जनता के साथ अपने विवाह में रोक रखो या सज्जनता के साथ उनको (अपने घर से) विदा कर दो और अपने लोगों में से दो (न्यायिक) व्यक्तियों को साक्षी कर लो जो न्याय करने वाले हों और साक्षियों ईश्वर के लिए उचित साक्ष्य देना यह (शिक्षा की बातें) तुम में से उन लोगों को समझाई जाती है जो ईश्वर पर और क्यामत के दिन पर विश्वास रखता है और जो व्यक्ति ईश्वर (की अवज्ञा) से डरता है ईश्वर उसे (आपस के लड़ाई झगड़े से)

اے نبی (مسلمانوں سے کہدو) جب تم عورتوں کو طلاق دینا چاہو تو ان کو عدت (یعنی تین مہینے) کے لئے طلاق دو اور عدت (کے دن) گنتے رہو اور اپنے رب کی نافرمانی کے نتائج سے ڈرتے رہو (اس زمانے میں) نہ تو تم ان کو ان کے گھروں سے نکالو اور نہ وہ خود ہی (غصہ میں آکر) نکل جائیں ہاں اگر وہ کھلی بے حیائی کریں (تو انہیں گھر سے نکالا جا سکتا ہے) اور یہ اللہ کی مقرر کردہ حدیں ہیں جو کوئی ان حدوں سے تجاوز کرے گا وہ اپنے ہی اوپر ظلم کرے گا (اے طلاق دینے والے) تو کیا جانے؟ ہوسکتا ہے کہ اس کے بعد (عدت کے زمانے میں) اللہ موافقت کی کوئی صورت پیدا کر دے (۱)
پھر جب وہ (مطلقہ عورتیں) اپنی (عدت کی) مدت کے خاتمے پر پہنچیں تو یا تو انہیں شرافت کے ساتھ اپنے نکاح میں روک رکھو یا شرافت کے ساتھ ان کو (اپنے گھر سے) رخصت کر دو اور اپنے لوگوں میں سے دو (منصف) آدمیوں کو گواہ کر لو جو صاحب عدل ہوں۔ اور گواہو اللہ کے لئے درست گواہی دینا۔ یہ (نصیحت کی باتیں) تم میں سے ان لوگوں کو سمجھائی جاتی ہیں جو اللہ پر اور آخرت کے دن پر یقین رکھتا ہے اور جو شخص اللہ (کی نافرمانی) سے ڈرتا ہے اللہ اسے (آپس کے لڑائی جھگڑے سے)

निकलने की स्थिति उत्पन्न कर देगा (2)

نکلنے کی شکل پیدا کردے گا (۲)

और उसे ऐसे स्थान से जीविका देगा जिसका उसको भ्रम व अनुमान भी न होगा, और जो व्यक्ति ईश्वर पर विश्वास रखेगा तो ईश्वर (उसकी जटिलता को सुलझाने के लिए) प्रयाप्त है ईश्वर ने हर वस्तु का एक अनुमान नियम निश्चित कर रखा है (3)

اور اسے ایسی جگہ سے روزی دے گا جس کا اس کو وہم وگمان بھی نہ ہوگا اور جو شخص اللہ پر بھروسہ رکھے گا تو اللہ (اس کی مشکلات کو حل کرنے کے لئے) کافی ہے اللہ اپنے کام کو پورا کر کے رہتا ہے اللہ نے ہر چیز کا ایک اندازہ قانون مقرر کر رکھا ہے (۳)

और तुम्हारी (मुतल्लका) औरतें जो रज से निराश हो चुकी हों यदि तुमको (उनकी इद्दत के विषय में) शंका हो तो उनकी इद्दत तीन महीने है और जिनको अभी रज नही आने लगा (उनकी इद्दत भी यही तीन महीने हैं) और गर्भ वाली औरतों की इद्दत शिशु प्रसव तक है और जो ईश्वर से डरेगा ईश्वर उसके कार्य में सरलता उत्पन्न कर देगा (4) {15:87;9:31;71:23}

اور تمہاری (مطلقہ) عورتیں جو حیض سے ناامید ہو چکی ہوں اگر تم کو (ان کی عدت کے بارے میں) شبہ ہو تو ان کی عدت تین مہینے ہے اور جن کو ابھی حیض نہیں آنے لگا (ان کی عدت بھی یہی تین مہینے ہے) اور حمل والی عورتوں کی عدت وضع حمل (بچہ جننے) تک ہے اور جو اللہ سے ڈرے گا اللہ اس کے کام میں سہولت پیدا کرے گا (۴) [۱۵:۸۷؛۹:۳۱؛۷۱:۲۳]

यह ईश्वर के आदेश है जो उसने तुम्हारी ओर भेजे हैं और जो ईश्वर से डरेगा वह उससे उसके पाप दूर कर देगा और उसे बड़ा फल देगा (5)

یہ اللہ کے حکم ہیں جو اس نے تمہاری طرف بھیجے ہیں اور جو اللہ سے ڈرے گا وہ اس سے اس کے گناہ دور کر دے گا اور اسے اجر عظیم بخشے گا (۵)

उनको (इद्दत के काल में) उस स्थान पर रखो जहां तुम रहते हो, जैसी कुछ भी जगह तुम्हें उपलब्ध हो और उसी प्रकार रखो जैसे स्वयं तुम रहते हो हर प्रकार का व्यय उनको दो, भोजन इत्यादि और उन्हें तंग करने के लिए उनको न सताओ और यदि वह गर्भ से हो तो उन पर उस समय तक व्यय करते रहो जब तक उनका शिशु प्रसव न हो जाये फिर यदि वह तुम्हारे लिए (बच्चे को) दूध पिलाऐं तो उनका पारिश्रमिक उन्हें दो और भले ढंग से (पारिश्रमिक का विषय) आपसी बातचीत से निर्धारित कर लो परन्तु यदि तुम ने (पारिश्रमिक निश्चित करने में) एक दूसरे को तंग किया तो बच्चे को कोई और स्त्री दूध पिलायेगी (6)

ان کو (زمانہ عدت میں) اس جگہ رکھو جہاں تم رہتے ہو، جیسی کچھ بھی جگہ تمہیں میسر ہو اور اسی طرح رکھو جیسے خود تم رہتے ہو ہر طرح کا خرچ ان کو دو کھانا وغیرہ اور انہیں تنگ کرنے کے لئے ان کو نہ ستاؤ اور اگر وہ حاملہ ہوں تو ان پر اس وقت تک خرچ کرتے رہو جب تک ان کا وضع حمل نہ ہو جائے پھر اگر وہ تمہارے لئے (بچے کو) دودھ پلائیں تو ان کی اجرت انہیں دو، اور بھلے طریقے سے (اجرت کا معاملہ) آپس بات چیت سے طے کر لو لیکن اگر تم نے (اجرت طے کرنے میں) ایک دوسرے کو تنگ کیا تو بچے کو کوئی اور عورت دودھ پلائے گی (۶)

सम्पन्न आदमी अपनी सम्पन्नता के अनुसार व्यय देगा और जिसको जीविका कम दी गई हो वह उसी धन में से व्यय करेगा जो ईश्वर ने उसे दिया है ईश्वर ने जिसको जितना कुछ दिया है उससे अधिक का वह उसे भारित नही करता, हो सकता है ईश्वर दीनता के बाद सम्पन्नता प्रदान कर दे (7)

خوش حال آدمی اپنی خوشحالی کے مطابق خرچ دے گا، اور جس کو رزق کم دیا گیا ہو وہ اسی مال میں سے خرچ کرے گا جو اللہ نے اسے دیا ہے اللہ نے جس کو جتنا کچھ دیا ہے اس سے زیادہ کا وہ اسے مکلف نہیں کرتا. ہو سکتا ہے اللہ تنگ دستی کے بعد فراخ دستی عطا فرما دے (۷)

और बहुत सी बस्तियों के रहने वालों ने अपने रब और उसके रसूलों के आदेशों से अवज्ञा की तो हमने उनको जटिल लेखा जोखा में पकड़ लिया और उन पर ऐसा कष्ट प्रेषित किया जो न देखा था न सुना था (8)

اور بہت سی بستیوں کے رہنے والوں نے اپنے رب اور اس کے رسولوں کے احکام سے سرکشی کی تو ہم نے ان کو سخت حساب میں پکڑ لیا اور ان پر ایسا عذاب نازل کیا جو نہ دیکھا تھا نہ سنا تھا (۸)

सो उन्होंने अपने कर्मों के दण्ड का स्वाद चख लिया और उनका परिणाम हानि ही तो था (9)

سو انہوں نے اپنے کاموں کی سزا کا مزہ چکھ لیا اور ان کا انجام نقصان ہی تو تھا (۹)

कहो ईश्वर ने उनके लिए कठोर दण्ड तैयार कर रखा है तो ऐ बुद्धि वालो जो विश्वास लाए हो ईश्वर की अवज्ञा से डरो ईश्वर ने तुम्हारे पास शिक्षा की पुस्तक भेजी है (10)

کہو اللہ نے ان کے لئے سخت عذاب تیار کر رکھا ہے تو اے عقل والو جو ایمان لائے ہو اللہ کی نافرمانی سے ڈرو اللہ نے تمہارے پاس نصیحت کی کتاب بھیجی ہے (۱۰)

और रसूल भी भेजा जो तुम्हारे सामने ईश्वर की खुली खुली आयतें पढ़ते है ताकि जो लोग विश्वास लाए और सत्कर्म करते रहे है उनको अंधकार से निकाल कर प्रकाश में ले आयें और जो व्यक्ति

اور رسول بھی بھیجا جو تمہارے سامنے اللہ کی کھلی کھلی آیتیں پڑھتے ہیں تا کہ جو لوگ ایمان لائے اور نیک عمل کرتے رہے ہیں ان کو اندھیرے سے نکال کر روشنی میں لے

ईमान लाएगा और सत्कर्म करेगा उनको ईश्वर स्वर्ग के उपवनों में प्रविष्ट करेगा जिनके नीचे नहरे बह रही होंगी सदैव उनमें रहेंगे ऐसे व्यक्ति के लिए अच्छी जीविका तैयार कर रखी है (11) (कदर-97)

آئیں اور جو شخص ایمان لائے گا اور نیک عمل کرے گا ان کو اللہ جنت کے باغوں میں داخل کرے گا جن کے نیچے نہریں بہہ رہی ہوں گی ہمیشہ ان میں رہیں گے ایسے شخص کے لئے اچھی روزی مہیا کر رکھی ہے (۱۱) (قدر ۹۷)

कहो वह ईश्वर ही तो है जिसने सात आकाश पैदा किये और वैसी ही पृथ्वी बनाई उनमें (ईश्वर की ओर से) आदेश अवतरित होते रहते हैं ताकि तुम लोगों को ज्ञात हो जाए कि ईश्वर हर वस्तु के अनुमान नियम निश्चित करने वाला है और यह कि ईश्वर अपने ज्ञान से हर वस्तु को घेरे हुए है (12) {38:43}

کہو وہ اللہ ہی تو ہے جس نے سات آسمان پیدا کئے اور ویسی ہی زمین بنائی ان میں (اللہ کی طرف سے) احکام نازل ہوتے رہتے ہیں تاکہ تم لوگوں کو معلوم ہو جائے کہ اللہ ہر چیز کے اندازے قانون مقرر کرنے والا ہے اور یہ کہ اللہ اپنے علم سے ہر چیز کو گھیرے ہوئے ہے (۱۲) [۳۸:۴۳]

सूरत तहरीम - मदनी (66)

سورت تحریم ۔ مدنی (۶۶)

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

ऐ नबी किस लिए और क्यों आप अवैध करोगे उसको जो ईश्वर ने आपके लिए वैध की है (निःसन्देह आप कदापि ईश्वर के वैध को अवैध नही करोगे वाक्य प्रश्न वाचक जिज्ञासा) आप इसलिए भी वैध को अवैध न करोगे कि आप अपनी पत्नीयों को प्रसन्न करो? यद्यपि आपकी पत्नीयां भी ऐसा करने को न कहेंगी यदि वह ईश्वर पर विश्वास रखने वाली हैं (आप वैध अवैध ईश्वर का मानते हो अपनी इच्छा से अवैध वैध नही करते) (1) {33:38}

اے نبیؐ کس لئے اور کیوں آپ حرام کرو گے اس کو جو اللہ نے آپ کے لئے حلال کی ہے (یقیناً آپ ہرگز اللہ کے حلال کو حرام نہیں کرو گے جملہ استفہام) آپ اس لئے بھی حلال کو حرام نہ کرو گے کہ آپ اپنی بیویوں کو راضی کرو؟ حالانکہ آپ کی بیویاں بھی ایسا کرنے کو نہ کہیں گی، اگر وہ اللہ پر ایمان رکھنے والی ہیں (آپ حرام وحلال اللہ کا مانتے ہیں اپنی مرضی سے حرام حلال نہیں کرتے) (۱) [۳۸:۳۳]

ईश्वर ने तुम्हारे लिए यह अनिवार्य क्या है कि तुम ने अपनी प्रतिज्ञा से ईश्वर के विधान के पालन की जो गांठ बांधी है उस गांठ का सम्मान व आदर करना उसको पूरा करना वैध करना है उस वचन के अनुसार कर्म करना है इस कार्य पर यदि कोई व्याकुलता आये तो ईश्वर तुम्हारा सहायक है और वह ज्ञानी है और युक्ति वाला है और आस्तिक की प्रतिज्ञा यह है कि ईश्वर के वैध अवैध को माने (2) {10:59;5:87,89; 16:116} (इसलिए भी आप ईश्वर के वैध को अवैध नही करोगे)

اللہ نے تمہارے لئے یہ فرض کیا ہے کہ تم نے اپنے عہد سے اللہ کی شریعت کی پابندی کی جو گرہ باندھی ہے اس گرہ کی عظمت واحترام کرنا اس کو پورا کرنا حلال کرنا ہے اس عہد کے مطابق عمل کرنا ہے (گرہ کھولنا ہے) اس کام پر اگر کوئی پریشانی آئے تو اللہ تمہارا مددگار ہے اور وہ دانا حکمت والا ہے (اور مومن کا عہد یہ ہے کہ اللہ کے حرام حلال کو مانے) (۲) [۵۹:۱۰؛ ۸۹:۵؛ ۸۷:۵؛ ۱۱۶:۱۶] [اس لئے بھی آپ اللہ کے حلال کو حرام نہیں کرو گے]

और याद करो जब रसूल ने अपनी एक पत्नी से एक भेद की बात बताई तो उसने दूसरी को बता दी जब उसने उसको प्रकट कर दिया और ईश्वर (की दी हुई बुद्धि) ने उससे रसूल को अवगत कर दिया तो रसूल ने (उस पत्नी को वह बात) कुछ तो बताई और कुछ न बताई तो जब वह उनको जताई तो पूछने लगी कि आपको किसने बताई उन्होंने कहा कि मुझे उसने बताया है जो जानने वाला सूचित है (3)

اور یاد کرو جب رسول نے اپنی ایک بیوی سے ایک بات بھید کی بتائی تو اس نے دوسری کو بتا دی جب اس نے اس کو ظاہر کر دیا اور اللہ (کی دی ہوئی عقل) نے اس سے رسول کو آگاہ کر دیا تو رسول نے (اس بیوی کو وہ بات) کچھ تو بتائی اور کچھ نہ بتائی تو جب وہ ان کو جتائی تو پوچھنے لگی کہ آپ کو کس نے بتائی انہوں نے کہا کہ مجھے اس نے بتایا ہے جو جاننے والا خبردار ہے (۳)

यदि तुम रसूल की प्रसन्नता के लिए ईश्वर की आज्ञाकारी करो तो यह तुम्हारे लिए उत्तम है जिस प्रकार रसूल तुम्हारी सहानुभूति करते हैं तो यही बात तुमसे प्रत्याशित है क्योंकि तुम्हारे हृदय तो उसकी ओर आकृष्ट ही हैं (और जान लो) यदि रसूल को व्याकुल करने के लिए तुम कोई दल बन्दी करोगी तो ईश्वर उसका स्वामी है और जिबरईल और सदाचारी आस्तिक उसके सहायक हैं और इनके अतिरिक्त और फरिश्ते भी सहायक हैं (4)

نوٹ- इन आयात का स्पष्टीकरण सूरत अहजाब में कर दिया गया है अवलोकन हो,

اگر تم رسول کی رضا جوئی کے لئے اللہ کی فرمانبرداری کرو تو یہ تمہارے لئے بہتر ہے جس طرح رسول تمہاری دلداری کرتے ہیں تو یہی بات تم سے متوقع ہے کیونکہ تمہارے دل تو اس کی طرف مائل ہی ہیں (اور جان لو) اگر رسول کو پریشان کرنے کے لئے تم کوئی جتھہ بندی کرو گی تو اللہ اس کا مولیٰ ہے اور جبرئیل اور نیک کردار مومن ان کے حامی ہیں اور ان کے علاوہ اور فرشتے بھی مددگار ہیں (۴)

نوٹ: ان آیات کی وضاحت سورت احزاب میں کر دی گئی ہے ملاحظہ ہو۔

(इसके अतिरिक्त और सुन लो) यदि ऐसा हो जाए कि रसूल तुम को तलाक दे दे तो विचित्र नही कि उनका रब तुम्हारे बदले उनको तुम से उत्तम पत्नीयां दे दे, मुसलमान, धर्मवादी, आज्ञाकारी,

(علاوہ ازیں اور سن لو) اگر ایسا ہو جائے کہ رسول تم کو طلاق دے دیں تو عجب نہیں کہ ان کا رب تمہارے بدلے ان کو تم سے بہتر بیبیاں دیدے مسلمان باایمان فرمانبردار،

पश्चाताप करने वालियां पूजा करने वालियां, निर्लज्जता के कार्यों से बचने वालियां, विधवा और कुंवारियां (5)

توبہ کرنے والیاں عبادت گزار، بے حیائی کے کاموں سے بچنے والیاں بن شوہر اور کنواریاں (۵)

आस्तिको! अपने आपको और अपने परिवार वालों को नर्क की अग्नि से बचाओ जिसका ईन्धन आदमी और पत्थर है और जिस पर परख़र स्वभावी फरिश्ते नियुक्त है जो आदेश ईश्वर उनको देता है उसकी अवज्ञा नही करेंगे और जो आदेश उनको मिलता है उसका पालन करते है (6)

مومنو! اپنے آپ کو اور اپنے اہل وعیال کو آتش جہنم سے بچاؤ جس کا اندھن آدمی اور پتھر ہیں اور جس پر تندخو اور سخت مزاج فرشتے مقرر ہیں جو حکم اللہ ان کو فرماتا ہے اس کی نافرمانی نہیں کریں گے اور جو حکم ان کو ملتا ہے اسے بجالاتے ہیں (۶)

ऐ वह लोगो! जिन्होंने कुफ्र किया है आज बहाने न बनाओ जो कर्म तुम किया करते थे आज तुम्हें वैसा ही बदला दिया जा रहा है (7)

اے وہ لوگو! جنہوں نے کفر کیا ہے آج بہانے نہ بناؤ جو عمل تم کیا کرتے تھے آج تمہیں ویسا ہی بدلہ دیا جا رہا ہے (۷)

आस्तिको! ईश्वर के आगे शुद्ध ह्रदय से पश्चाताप करो आशा है कि वह तुम्हारे पाप तुम से दूर कर देगा और तुमको स्वर्ग के उपवनों में प्रविष्ट करेगा जिसके नीचे नहरे बह रही होंगी उस दिन ईश्वर ईशदूत को और उन लोगों को जो उसके साथ श्रृद्धा लाए है अपमानित नही करेगा, अपितु उनका तेज उनके कर्मों का जो उन्होंने अपने हाथों से प्रकट किये थे और उनका ईमान (प्रकाश करता हुआ) चल रहा होगा और वह ईश्वर से प्रार्थना करेंगे कि ऐ हमारे रब हमारे लिए हमारा प्रकाश पूरा कर दे और हमें क्षमा कर निःसन्देह ईश्वर हर वस्तु के नियम बनाने वाला है (8)

مومنو! اللہ کے آگے صاف دل سے توبہ کرو امید ہے کہ وہ تمہارے گناہ تم سے دور کر دے گا اور تم کو جنت کے باغوں میں داخل کرے گا جس کے نیچے نہریں بہہ رہی ہوں گی. اس دن اللہ رسول کو اور ان لوگوں کو جو اس کے ساتھ ایمان لائے ہیں رسوا نہیں کرے گا بلکہ ان کا نور ان کے اعمال کا جو انہوں نے اپنے ہاتھوں سے ظاہر کئے تھے اور ان کا ایمان (روشنی کرتا ہوا) چل رہا ہوگا اور وہ اللہ سے التجا کریں گے کہ اے رب ہمارے لئے ہمارا نور پورا کر دے اور ہمیں معاف فرما. بے شک اللہ ہر چیز کے قانون بنانے والا ہے (۸)

ऐ रसूल नास्तिकों और कपटियों से धर्म युद्ध करो और उन पर कठोरता करो उनका ठिकाना नर्क है और वह बहुत बुरा स्थान है (9)

اے رسول! کافروں اور منافقوں سے جہاد کرو اور ان پر سختی کرو ان کا ٹھکانا دوزخ ہے اور وہ بہت بُری جگہ ہے (۹)

ईश्वर ने नास्तिकों के लिए नूह की पत्नी और लूत की पत्नी की उपमा वर्णन की है दोनों हमारे दो नेक बन्दों के घर में थी और दोनों ने उनसे कपट किया तो वह ईश्वर के सामने उन स्त्रियों के कुछ भी काम न आए और उनको आदेश दिया जायेगा कि और प्रविष्ट होने वालों के साथ तुम भी नर्क में प्रविष्ट हो जाओ (10) {24:26}

اللہ نے کافروں کے لئے نوح کی بیوی اور لوط کی بیوی کی مثال بیان کی ہے. دونوں ہمارے دو نیک بندوں کے گھر میں تھیں اور دونوں نے ان کی خیانت کی. تو وہ اللہ کے مقابلے میں ان عورتوں کے کچھ بھی کام نہ آئے اور ان کو حکم دیا جائے گا کہ اور داخل ہونے والوں کے ساتھ تم بھی دوزخ میں داخل ہو جاؤ (۱۰) [۲۶:۲۴]

और आस्तिकों के लिए एक उपमा फिरऔन की पत्नी की वर्णन की उसने ईश्वर से प्रार्थना की कि ऐ मेरे ईश्वर मेरे लिए स्वर्ग में अपनी छाया में एक घर बना और मुझे फिरऔन और उसके बुरे कर्मों से मुक्ति दे और अत्याचारी लोगों से मुझे मुक्ति दे (11)

اور مومنوں کے لئے ایک مثال فرعون کی بیوی کی بیان فرمائی کہ اس نے اللہ سے التجا کی کہ اے میرے رب میرے لئے جنت میں اپنے سایہ میں ایک گھر بنا اور مجھے فرعون اور اس کے بُرے اعمال سے نجات دے اور ظالم لوگوں سے مجھے نجات دے (۱۱)

और दूसरी इमरान की पुत्री मरयम की है जिसने अपने गुप्तांग की रक्षा की तो हमने उसमें अपनी ओर से एक आत्मा अर्थात अपनी कृपा फूंक दी और वह अपने ईश्वर के कथन और उसकी पुस्तकों को सत्य समझती थी और आज्ञाकारों में से थी (12)

اور دوسری عمران کی بیٹی مریم کی ہے جس نے اپنی شرم گاہ کی حفاظت کی تو ہم نے اس میں اپنی طرف سے ایک روح یعنی اپنی رحمت پھونک دی اور وہ اپنے پروردگار کے کلام اور اس کی کتابوں کو برحق سمجھتی تھی اور فرمانبرداروں میں سے تھی (۱۲)

तबारकल्लजी - खण्ड (29)

सूरत मुलक - मक्की (67)

कहो सम्पन्नता वाला अस्तित्व है वह जिसके वश में जगत की सत्ता है वह हर वस्तु के नियम बनाने वाला है (1)

जिसने मृत्यु और जीवन को पैदा किया और तुम्हें मृत्यु और जीवन (का अबाद्ध बनाया है) ताकि तुम लोगों की परीक्षा करे कि तुम में कौन अच्छे कर्म करता है (और कर्म के अनुसार बदला पाएगा) वह शक्तिशाली भी है और क्षमा करने वाला भी (2) {18:7}

जिसने सात आकाश ऊपर तले बनाए (ऐ लोगो!) क्या तुम जगत में कोई कमी देखते हो फिर पलट कर देखो (कहीं तुम्हें कोई विकार दिखाई देता है) तुम्हारी दृष्टि थककर असफल पलट आएगी (3)

फिर दोबारा (बार-बार) देख तो दृष्टि (हर बार) तेरे पास असफल और थककर वापस आयेगी (4)

हमने तुम्हारे निकट के आकाश को भव्य दीपों (तारों) से सुसज्जित किया है और बनाया है उसको सुरक्षित शैतानों की उत्पाद से कि वह अटकल बच्चू बात करें (यदि वह) अटकल बच्चू (व्यर्थ) बात करेंगे तो उनके लिए भड़कती आग का दण्ड प्रखर अग्नि शिखा तैयार कर रखा है (अर्थात कुरआन का चमकदार तर्क) भी जो उनको पालेगा परलोक में यदि पश्चातापन न करेंगे (5) {37:6,7;72:8} आकाश के तारे भाग्य का हाल बताने के लिए नहीं है परन्तु शैतान जैसे मानव उनको ऐसा ही मानते है शरारत करते है.

(और यह भी कह दो) और जिन लोगों ने अपने ईश्वर के विधान मानने से इनकार कर दिया उनके लिए नर्क का दण्ड है और वह बहुत ही बुरा ठिकाना है (6)

जब वह उसमें डाले जाएंगे तो उसके दहाड़ने की भयावह ध्वनि सुनेंगे और वह आवेश में होगी (7)

मानो मारे आवेश के फट पड़ेगी जब जब कोई दल उसमें डाला जाएगा तो उसके निरीक्षक उन लोगों से पूछेंगे क्या तुम्हारे पास (अवज्ञा के परिणाम से) सावधान करने वाला कोई न आया था (8)

वह उत्तर देंगे उपदेश देने वाला अवश्य आया था परन्तु हमने उसको झुठला दिया और कहा कि ईश्वर ने तो कोई वस्तु अवतरित ही नहीं की तुम तो बड़ी भूल में (पड़े हुए) हो (9)

और वह (फ़रिश्तों से) कहेंगे यदि हम (रसूलों की) बात सुनते या (कम से कम) बुद्धि ही से काम लेते तो हम नर्क वालों में सम्मिलित न होते (10)

अतः वह अपने पापों को स्वयं स्वीकार करेंगे नर्कीयों पर ईश्वर की कृपा से दूरी है (11)

(परन्तु) जो लोग वे देखे अपने रब की अवज्ञा से

تبارک الذی ۔ پارہ (۲۹)

سورت ملک ۔ مکی (۶۷)

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

کہو بابرکت ذات ہے وہ جس کی قدرت میں کائنات کی بادشاہت ہے وہ ہر چیز کے قانون بنانے والا ہے (۱)

جس نے موت وزندگی کو پیدا کیا اور تمہیں موت اور زندگی (کا پابند بنایا ہے) تاکہ تم لوگوں کو آزمائے کہ تم میں کون اچھے عمل کرتا ہے (اور عمل کے مطابق بدلہ پائے) وہ زبردست بھی ہے اور معاف کرنے والا بھی ہے (۲) [۱۸:۷]

جس نے سات آسمان اوپر تلے بنائے (اے لوگو!) کیا تم کائنات میں کوئی کمی دیکھتے ہو پھر پلٹ کر دیکھو (کہیں تمہیں کوئی خلل نظر آتا ہے) تمہاری نگاہ تھک کر نامراد پلٹ آئے گی (۳)

پھر دوبارہ (بار بار) نظر کر تو نظر (ہر بار) تیرے پاس ناکام اور تھک کر واپس آئے گی (۴)

هم نے تمہارے قریب کے آسمان کو عظیم الشان چراغوں (تاروں) سے آراستہ کیا ہے اور بنایا ہے اس کو محفوظ شیطان کی شرارت سے کہ وہ اٹکل پچو بات کریں (اگر وہ) اٹکل پچو (لغو) بات کریں گے تو ان کے لئے بھڑکتی آگ کا عذاب تیز شعلہ تیار کر رکھا ہے (یعنی قرآن کی چمکدار دلیل بھی) جو ان کو پالے گا آخرت میں اگر توبہ نہ کریں گے (۵) [۳۷:۶،۷؛۷۲:۸] آسمان کے تارے قسمت کا حال بتانے کے لئے نہیں ہیں مگر شیطان نما انسان ان کو ایسا ہی مانتے ہیں شرارت کرتے ہیں.

(اور یہ بھی کہہ دو) اور جن لوگوں نے اپنے رب کے قانون ماننے سے انکار کر دیا ان کے لئے دوزخ کا عذاب ہے اور وہ بہت ہی برا ٹھکانا ہے (۶)

جب وہ اس میں ڈالے جائیں گے تو اس کے دہاڑنے کی ہولناک آوازیں سنیں گے اور وہ جوش مار رہی ہوگی (۷)

گویا مارے جوش کے پھٹ پڑے گی. جب جب کوئی گروہ اس میں ڈالا جائے گا تو اس کے کارندے ان لوگوں سے پوچھیں گے کیا تمہارے پاس (نافرمانی کے نتائج سے) خبردار کرنے والا کوئی نہ آیا تھا (۸)

وہ جواب دیں گے ہدایت کرنے والا ضرور آیا تھا. لیکن ہم نے اس کو جھٹلا دیا اور کہا کہ اللہ نے تو کوئی چیز نازل ہی نہیں کی تم تو بڑی غلطی میں (پڑے ہوئے) ہو (۹)

اور وہ (فرشتوں سے) کہیں گے اگر ہم (رسولوں کی) بات سنتے یا (کم سے کم) عقل ہی سے کام لیتے تو ہم دوزخ والوں میں شامل نہ ہوتے (۱۰)

پس وہ اپنے گناہوں کا خود اقرار کریں گے دوزخیوں پر اللہ کی رحمت سے دوری ہے (۱۱)

(لیکن) جو لوگ بے دیکھے اپنے رب کی نافرمانی سے

डरते हैं उनके लिए क्षमा और बड़ा फल है (12)
और तुम लोग बात गुप्त कहो या प्रकट कर के कहो (ईश्वर के लिए सब बराबर है) वह तो हृदयों के (छुपे हुए) भेदों तक से अवगत है (13)
क्या वही न जानेगा जिसने उसको पैदा किया है? यद्यपि वह तो (बड़ा) सूक्ष्मदर्शी है उसे हर बात की सूचना है (14)
(और यह भी बता दो कि लोगो!) वही ईश्वर तो है जिसने पृथ्वी को तुम्हारे लिए पस्त व समतल बनाया है तो उसके मार्गों में चलो फिरो और ईश्वर की दी हुई जीविका खाओ और उसे न भूलो कि (एक दिन) उसकी की ओर जीवित होकर जाना है (15)
(ऐ अवज्ञाकारो!) क्या तुम इस बात से बेखौफ हो कि वह (ईश्वर) जो आकाश में है (तुम्हारी अवज्ञा कारी के कारण से) तुम्हें जमीन में धंसा दे और वह झकोले खाती रहे (16)
क्या तुम उस (ईश्वर) के क्रोध से जो आकाशों में है निर्भय हो कि वह तुम पर पत्थराओ करने वाली वायु भेजदे तुम्हें अभी शीघ्र ज्ञात हो जायेगा कि मेरा डराना कैसा था (17)
जो लोग उनसे पहले थे उन्होंने भी झुटलाया था सो (देख लो कि) मेरा कैसा कष्ट हुआ (18)
क्या उन लोगों ने पक्षियों पर दृष्टि नही की जो उनके सिरों पर उड़ते रहते है वह (कभी अपने पर) फैला देते है और (कभी) सुकेड़ लेते है ईश्वर के अतिरिक्त उन्हें कोई थाम नही सकता निःसन्देह वह हर वस्तु को देख रहा है (19)
भला ऐसा कौन है जो तुम्हारी सैना होकर ईश्वर के सिवा तुम्हारी सहायता कर सके काफिर तो धोके में है (20)
भला यदि वह अपनी जीविका बन्द कर ले तो कौन है जो तुम को जीविका दे? परन्तु यह उत्पात और घृणा में फंसे हुए है (21)
भला सोचो जो व्यक्ति मुख औंधाए चल रहा हो वह अधिक सत्य मार्ग पाने वाला है या वह जो सिर उठाए सीधा एक समतल मार्ग पर चल रहा हो? (22)
वह ईश्वर ही तो है जिसने तुम को पैदा किया और तुम्हारे कान और आंखें और हृदय बनाए (कि उनसे तुम काम लो) परन्तु तुम कम उपकार मानते हो (23)
कह दो कि वही है जिसने तुम को पृथ्वी में फैलाया और उसी के सामने तुम संग्रह किये जाओगे (24)
और नास्तिक कहेंगे कि यदि तुम सच्चे हो तो बताओ यह वचन कब पूरा होगा (25)
कह दो कि इस का ज्ञान ईश्वर ही को है और मैं तो खोल खोलकर डर सुनाने वाला हूं (26)

ڈرتے ہیں ان کے لئے مغفرت اور بڑا اجر ہے(۱۲)
اور تم لوگ بات پوشیدہ کہو یا پکار کر کہو (اللہ کے لئے سب برابر ہے) وہ تو دلوں کے (چھپے ہوئے) بھیدوں تک سے واقف ہے(۱۳)
کیا وہی نہ جانے گا جس نے اس کو پیدا کیا ہے؟ حالانکہ وہ تو (بڑا) باریک بین ہے اسے ہر بات کی خبر ہے(۱۴)
(اور یہ بھی بتا دو کہ لوگو!) وہی اللہ تو ہے جس نے زمین کو تمہارے لئے پست وہموار بنایا ہے تو اس کی راہوں میں چلو پھرو اور اللہ کی دی ہوئی روزی کھاؤ اور اسے نہ بھولو کہ (ایک روز) اس کی طرف زندہ ہو کر جانا ہے(۱۵)
(اے نافرمانو!) کیا تم اس بات سے بےخوف ہو کہ وہ (اللہ) جو آسمان میں ہے (تمہاری نافرمانی کی وجہ سے) تمہیں زمین میں دھنسا دے اور وہ جھکولے کھاتی رہے(۱۶)
کیا تم اس (اللہ) کے غضب سے جو آسمان میں ہے بے خوف ہو کہ وہ تم پر پتھراؤ کرنے والی ہوا بھیج دے تمہیں ابھی جلد معلوم ہو جائے گا کہ میرا ڈرانا کیسا تھا(۱۷)
جو لوگ ان سے پہلے تھے انہوں نے بھی جھٹلایا تھا سو (دیکھ لو کہ) میرا کیسا عذاب ہوا(۱۸)
کیا ان لوگوں نے پرندوں پر نظر نہیں کی جو ان کے سروں پر اڑتے رہتے ہیں وہ (کبھی اپنے پر) پھیلا دیتے ہیں اور (کبھی) سکیڑ لیتے ہیں اللہ کے علاوہ انہیں کوئی تھام نہیں سکتا بےشک وہ ہر چیز کو دیکھ رہا ہے(۱۹)
بھلا ایسا کون ہے جو تمہاری فوج ہو کر اللہ کے سوا تمہاری مدد کر سکے کافر تو دھوکے میں ہیں (۲۰)
بھلا اگر وہ اپنا رزق بند کر لے تو کون ہے جو تم کو رزق دے؟ لیکن یہ سرکشی اور نفرت میں پھنسے ہوئے ہیں (۲۱)
بھلا سوچو جو شخص منہ اوندھائے چل رہا ہو وہ زیادہ صحیح راہ پانے والا ہے یا وہ جو سر اٹھائے سیدھا ایک ہموار راہ پر چل رہا ہو؟(۲۲)
پس آپ سمجھا دیا کریں (کیونکہ) آپ کا کام صرف سمجھا دینا ہے (۲۱)

آپ ان پر داروغہ نہیں ہو (۲۲)

ہاں جو شخص منہ پھیر لے اور کفر کرے (۲۳)

تو اللہ اس کو بڑا عذاب دے گا (۲۴)

بے شک ان کو ہماری طرف لوٹ کر آنا ہے (۲۵)

پھر بے شک ہمارے ذمہ ہے ان سے حساب لینا (۲۶)

سورۃ الفجر۔مکی (۸۹)

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

دیکھو اس روشنی کو جو لادینی کی تاریکی کے بعد آنے والی ہے جیسے رات کے اندھیرے کے بعد فجر کی روشنی آتی ہے (۱) [سورت قدر]

اور دیکھو چاند کی دس راتیں پہلی اور بیچ اور بعد کی ہیں ان میں عروج وزوال ہوتا ہے ایسے ہی انسان کی زندگی کا عروج وزوال ہے (۲)

نوٹ:۔(۱) اس آیت میں فجر سے مراد لادینی کے بعد جو دین کی روشنی آتی تھی یا آتی رہے گی اُس سے مراد ہے جب آدمی دین پر عمل کرتا ہے اور اس کے پھیلانے میں محنت کرتا ہے تو فجر ہوتا ہے یعنی روشن اور جب عمل قرآن کے خلاف ہوتا ہے تو اندھیرا لادینی کی رات ہوتی ہے

(۲) آیت ۲ میں دس راتیں بتائی ہیں تو ان راتوں میں انسان کی زندگی کا راز بھی ہے جیسے چاند کی شروع کی دس راتیں رفتہ رفتہ روشن ہوتی جاتیں ہیں ایسے ہی آدمی کا بچپن ہوتا ہے وہ اس بچپن میں دھیرے دھیرے جوان ہوتا جاتا ہے جیسے چاند دس دن کے بعد خوب روشن ہو جاتا ہے اور پھر چاند کی یہ روشنی تقریباً دس راتوں تک رہتی ہے ایسے ہی انسان کی جوانی کا وقت بھی ہے پھر چاند آخیر کی دس راتوں میں دھیرے دھیرے گھٹ کر بالکل ختم ہو جاتا ہے ایسے ہی جب آدمی جوانی سے بوڑھاپے کی طرف چلتا ہے تو دھیرے دھیرے بالکل کمزور ہو جاتا ہے اور ایک دن موت کے منہ میں چلا جاتا ہے تو آدمی کو غور کرنا چاہیے کہ وہ دس راتوں کی جوانی میں اللہ کی فرمانبرداری سے غافل نہ ہو. اور جیسے اللہ نے حکم دیا ہے تینوں زمانوں میں عمل کرے۔

اور دیکھو ہم آدمی اور عورت جفت سے بھی پیدا کرتے ہیں اور صرف اکیلی عورت طاق سے بھی پیدا کرتے ہیں جیسے مریم سے عیسیٰ کو پیدا کیا (اور بغیر جفت وطاق کے بھی پیدا کرتے ہیں جیسے آدم وحوا کو پیدا کیا) یہ بھی ہماری قدرت کی نشانی ہیں اور مخلوق میں جوڑے ہیں اور اللہ اکیلا ہے (۳) [جفت وطاق]

اور اس پر بھی غور کرو کہ تاریکیوں رات کے بعد روشنی یعنی پریشانیوں کے بعد خوشحالی آسانی آتی ہے یعنی رات پریشانی چلی جاتی ہے (۴)

کیا ان باتوں میں عقلمندوں کے لئے کافی نشانی اور شہادت

और साक्ष्य है? निःसन्देह है (5)
क्या तुमने इस बात पर विचार नही किया कि तुम्हारे ईश्वर ने आद के साथ क्या किया? (6)
ऊंचे सतूनों वाले इरम के साथ क्या किया (7)
जिनके समान (कोई जाति) नगरों में पैदा नही की थी (8)
और (इसी प्रकार) समूद के साथ भी बरताओ किया जो घाटी में पत्थर काट कर घर बनाते थे (9)
और (इसी प्रकार) फ़िरऔन के साथ भी व्यवहार किया जो तंबू और मैखें रखता था (10)
उन लोगों ने नगरों में सिर उठा रखा था (11)
और नगरों में बहुत उपद्रव मचा रखा था (12) {37:65,66;44:45,46}
तो तुम्हारे ईश्वर ने उन पर यातना का कोड़ा बरसाया (13)
निःसन्देह आपका रब (उद्दण्डों की) घात में है (14)
परन्तु इन्सान की विचित्र स्थिति है जब ईश्वर सम्मान देकर उसे प्रकट करता है और सुख सामग्री देता है तो वह कहने लगता है कि मेरे रब ने मुझे सम्मान दिया (15)
और जब वह उसको (दूसरी प्रकार) प्रकट करता है तो उसकी जीविका तंग कर देता है तो कहता है कि मेरे ईश्वर ने मुझे अपमानित कर दिया (16)
तो सुनो (ईश्वर तुम्हें अपमानित नही करता अपितु तुम्हारे कर्म तुम्हें अपमानित करते है जो तुम करते हो वह यह कि) अपितु तुम लोग अनाथों का सम्मान नही करते अर्थात उनकी सहायता नही करते (17)
और न निर्धन को भोजन कराने की प्रेरणा देते हो (18)
और पैत्रिक सम्पत्ति का वह माल (जो अनाथों को मिलना चाहिए) स्वयं समेट कर खा जाते हो (19)
और धन के प्रेम में दीवाने हो रहे हो (20)
निःसन्देह जब पृथ्वी को कूट कूटकर बराबर कर दिया जाएगा (21)
और जब तुम्हारे रब का तेज आएगा और फ़रिश्ते उसके सामने शिष्टता से पंक्ति बांधकर खड़े होंगे (22)
और जिस दिन नर्क सामने लाया जाएगा उस दिन इन्सान को समझ आएगी परन्तु उस दिन समझने से क्या लाभ (23)
कहेगा यदि मैंने अपने इस जीवन के लिए कुछ आगे भेजा होता (24)
अतः उस दिन ईश्वर के कष्ट जैसा कष्ट किसी का न होगा (25)
और न कोई वैसा जकड़ना जकड़ेगा (26)
(उस दिन सदाचारी आत्मा से कहा जाएगा) ऐ शान्ति पाने वाली आत्मा (27)
अपने ईश्वर की ओर लौट चल तू उससे प्रसन्न वह तुझ से प्रसन्न (28)

نہیں ہیں؟ یقیناً ہیں (۵)
کیا تم نے اس بات پر غور نہیں کیا کہ تمہارے رب نے عاد کے ساتھ کیا کیا (۷)
جن کے مانند (کوئی قوم) شہروں میں پیدا نہیں کی گئی تھی (۸)
اور (اسی طرح) ثمود کے ساتھ بھی برتاؤ کیا جو وادی میں پتھر تراش کر گھر بناتے تھے (۹)
اور (اسی طرح) فرعون کے ساتھ بھی برتاؤ کیا جو خیمے اور میخیں رکھتا تھا (۱۰)
ان لوگوں نے شہروں میں سر اٹھا رکھا تھا (۱۱)
اور شہروں میں بہت فساد مچا رکھا تھا (۱۲) [۳۷:۶۵،۶۶؛۴۴:۴۵،۴۶]
تو تمہارے رب نے ان پر عذاب کا کوڑا برسایا (۱۳)
بے شک آپ کا رب (سرکشوں کی) گھات میں ہے (۱۴)
مگر انسان کا عجیب حال ہے جب اللہ عزت دے کر اسے ظاہر کرتا ہے اور نعمت دیتا ہے تو وہ کہنے لگتا ہے کہ میرے رب نے مجھے عزت دی (۱۵)
اور جب وہ اس کو (دوسری طرح) ظاہر کرتا ہے تو اس کی روزی تنگ کر دیتا ہے تو کہتا ہے کہ میرے رب نے مجھے ذلیل کر دیا (۱۶)
تو سنو (اللہ تمہیں ذلیل نہیں کرتا بلکہ تمہارے اعمال تمہیں ذلیل کرتے ہیں جو تم کرتے ہو وہ یہ کہ) بلکہ تم لوگ یتیموں کی عزت نہیں کرتے یعنی ان کی مدد نہیں کرتے (۱۷)
اور نہ مسکین کو (خود کھلاتے ہو) اور نہ دوسروں کو کھانا کھلانے کی ترغیب دیتے ہو (۱۸)
اور میراث کا وہ مال (جو یتیموں کو ملنا چاہیے) خود سمیٹ کر کھا جاتے ہو (۱۹)
اور مال کی محبت میں دیوانے ہو رہے ہو (۲۰)
یقیناً جب زمین کوٹ کوٹ کر برابر کر دی جائے گی (۲۱)
اور جب تمہارے رب کی تجلی آئے گی اور فرشتے اس کے سامنے ادب سے قطار باندھ کر کھڑے ہوں گے (۲۲)
اور جس دن دوزخ سامنے لائی جائے گی اس دن انسان کو سمجھ آئے گی مگر اس دن سمجھنے سے کیا فائدہ (۲۳)
کہے گا کاش میں نے اپنی اس زندگی کے لئے کچھ آگے بھیجا ہوتا (۲۴)
پس اس دن اللہ کے عذاب جیسا عذاب کسی کا نہ ہوگا (۲۵)
اور نہ کوئی ویسا جکڑنا جکڑے گا (۲۶)
(اس دن نیک روح سے کہا جائے گا) اے اطمینان پانے والی روح (۲۷)
اپنے رب کی طرف لوٹ چل تو اس سے راضی وہ تجھ سے راضی (۲۸)

अतः मेरे मुख्य बन्दों में सम्मिलित हो जा (29)
और मेरी जन्नत में प्रविष्ट हो जा (30)

پس میرے خاص بندوں میں داخل ہوجا (۲۹)
اورمیری جنت میں داخل ہوجا (۳۰)

सुरतुल बलद - मक्की (90)

سورت البلد۔مکی (۹۰)

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

क्या इस सम्मानित नगर की साक्ष्य प्रयाप्त नही है (1)
तुम इस नगर में आबाद हो अर्थात तुम्हारे लिए यहां रहना वैध है (और तुम इस नगर को भलिभांति जानते हो कि इसका क्या इतिहास है किसी दूर के नगर को साक्ष्य में प्रस्तुत नही किया जा रहा है तो विचार करो) (2) {14:35,36}
और साक्ष्य में प्रस्तुत है बाप (अर्थात आदम) और उसकी सन्तान जो उससे पैदा हुई (3)
वास्तव में इन्सान को परिश्रम के लिए उत्पन्न किया गया है अर्थात उसको धर्म का भार वाहक बनाया गया है (और धर्म शास्त्र का पालन करने में परिश्रम करना ही पड़ता है) (4) {84:6}
क्या मानव यह विचार रखता है कि उस पर कोई वश न पाएगा अर्थात कोई लेखा जोखा न होगा (बस यही जीना और मरना है जो होता चला आ रहा है) (5)
और कहता है कि मैंने बहुत सा धन व्यय कर दिया (6)
तो क्या वह विचार रखता है कि मैंने जो धन व्यय किया है उसको किसी ने देखा नही (क्या वह उचित मार्ग में व्यय किया है? उसको स्वयं ही सोचना चाहिए) (7)
(वह यह कि) क्या हमने उसको दो आंखें नही दी? (किस लिए वह यह कि वह देखे कि मुझे क्या करना है जो मुझे धन मिला है उसको निर्धनों पर व्यय करूं और इन आंखों से बुराईयों को न देखूं और ईश्वर की स्मृतियों को देखकर शिक्षा प्राप्त करके सत्कर्म करूं) (8)
औरएक जिह्वा और दो होंट दिए (होंट और मुख से काम लेकर धर्म दूसरों तक पहुंचाए और मुख से अनुचित बात न निकाले) (9)
(यह प्रसाद देकर ही ईश्वर ने अपनी अनुकम्पा के द्वार बन्द नही किए अपितु) इन्सान को शुभ उपकार और दुराचार की दोनों स्पष्ट घाटियां दिखा दी (कि वह बुद्धि से काम लेकर कार्य करे (10) {76:3; 91:7,8}
परन्तु उसने कठिन घाटी में चलने का साहस न किया (11)
और आपको ईश्वर से बढ़कर और कौन बता सकता है कि वह घाटी क्या है (12)
(सुनों वह कठिन घाटी) व्यक्ति की गर्दन को दासता के फन्दे से छुड़ाना (13)
और खिलाना भूक के दिन आवश्यकता वाले को (14)
जो अनाथ नाते दार हो (15)
और तुच्छ रंक को (16)
फिर उन लोगों में से हो जाता जो विश्वास लाते और एक दूसरे को धैर्य और दया करने का आदेश करते है (17)
यही वह लोग है दाएं बाजू वाले (अर्थात पुल सिरात

کیااس عزت والے شہر کی شہادت کافی نہیں ہے (۱)
تم اس شہر میں آباد ہو یعنی تمہارے لئے یہاں رہنا حلال ہے (اورتم اس شہر کو اچھی طرح جانتے ہو کہ اس کی کیا تاریخ ہے کسی دور کے شہر کو شہادت میں پیش نہیں کیا جارہا ہے تو غور کرو) (۲) [۳۶،۳۵:۱۴]
اورشہادت میں پیش ہے باپ (یعنی آدم) اوراس کی اولاد جواس سے پیدا ہوئی (۳)
درحقیقت انسان کو مشقت کے لئے پیدا کیا گیا ہے یعنی اس کو حامل شریعت بنایا گیا ہے (اورشریعت کی پابندی میں مشقت کرنی ہی پڑتی ہے) (۴) [۶:۸۴]
کیاانسان یہ خیال رکھتا ہے کہ اس پر کوئی قابو نہ پائے گا یعنی کوئی حساب کتاب نہ ہوگا (بس یہی جینااورمرنا ہے جو ہوتا ہے چلا آرہا ہے) (۵)
اورکہتا ہے کہ میں نے بہت سامال خرچ کردیا (۶)
تو کیاوہ خیال رکھتا ہے کہ میں نے جو مال خرچ کیا ہے اس کو کسی نے دیکھا نہیں (کیا وہ صحیح راہ میں خرچ کیا ہے؟ اس کو خود ہی سوچنا چاہیے) (۷)
(وہ یہ کہ) کیا ہم نے اس کو دوآنکھیں نہیں دیں؟ (کس لئے وہ یہ کہ وہ دیکھے کہ مجھے کیا کرنا ہے جو مجھے دولت ملی ہے اس کو غریبوں پرخرچ کروں اوران آنکھوں سے بُرائیوں کو نہ دیکھوں اوراللہ کی نشانیوں کو دیکھ کر عبرت حاصل کرکے عمل نیک کروں) (۸)
اورایک زبان اور دو ہونٹ دئے (ہونٹ اورزبان سے کام لے کراللہ کا دین دوسروں تک پہنچائے اورمنہ سے غلط بات نہ نکالے) (۹)
(یہ نعمتیں دے کر ہی اللہ نے اپنی رحمت کے دروازے بند نہیں کئے بلکہ) انسان کو نیکی اوربدی کی دونوں نمایاں گھاٹیاں دکھادیں (کہ وہ عقل سے کام لے کر کام کرے) (۱۰) [۷۶:۳:۹۱:۷،۸]
مگراس نے دشوارگھاٹی سے گزرنے کی ہمت نہ کی (۱۱)
اورآپ کواللہ سے بڑھ کراورکون بتا سکتا ہے کہ وہ گھاٹی کیا ہے؟ (۱۲)
(سنووہ دشوارگھاٹی) انسان کی گردن کوغلامی کے پھندے سے چھڑانا (۱۳)
کھلانا بھوک کے دن ضرورت مندکو (۱۴)
جویتیم رشتہ دار ہو (۱۵)
اورخاک نشین محتاج کو (۱۶)
پھران لوگوں میں سے ہوجاتا جو ایمان لائے اورایک دوسرے کو صبرکی اوررحم کرنے کی وصیت کرتے ہیں (۱۷)
یہی وہ لوگ ہیں دائیں بازووالے (یعنی پل صراط گھاٹی

घाटी से पार होने वाले) (18)
और जिन लोगों ने हमारी आयात को मानने से इनकार किया (अर्थात परिश्रम में पड़ने से इनकार किया) वह बाऐं हाथ वाले हैं (19)
उन्हीं पर आग होगी जो चारो ओर से घेरे होगी (20)

नोट– हमारे यहां एक विश्वास प्रचलित है कि जब प्रलय में लेखा जोखा हो जाएगा और कर्म पत्र दाऐं बाऐं हाथ में दे दिया जाएगा फिर एक पुल सिरात पर चलाया जाएगा तो जो जन्नती होगा वह तीव्रता के साथ तीर की भांति पार हो जाएगा और जो नर्की होगा व कटकर नर्क में गिर जाएगा, क्योंकि वह पुल सिरात (मार्ग का सेतु) तलवार से अधिक तीव्र और बाल से अधिक बारीक होगा तो मानो ईश्वर ने जो लेखा जोखा किया होगा वह संदिग्ध होगा? जिसकी वास्तविकता उस पुल सिरात पर प्रकट होगी (ईश्वर की शरण)

परन्तु मूल निर्णय पुल सिरात पर भी न होगा यह भी संदिग्ध होगा क्योंकि उसके बाद फिर अनुशंसा होगी और अनुशंसा करने वाले अपने चाहने वाले पापियों को नर्क से निकाल लेंगे उसके बाद भी एक क्रम और चलेगा वह यह कि बहुत से पापियों को अपने पापों की सजा काटनी पड़ेगी और जब दण्ड पूरा होगा तब नर्क से निकल कर स्वर्ग में आऐंगे देखा कितना रोचक दृश्य है क्या यह वास्तविकता हो सकती है,

दोस्तो! यह एक छल है कर्म पत्र मिलने के बाद कोई कसौटी नही है फिर तो सीधे स्वर्ग या नर्क में जाना है क्योंकि ईश्वर कर्म पत्र के अनुसार न्याय कर देगा और उस पर अमल होगा, ईश्वर के निर्णय के बाद फिर और कोई कसौटी नही है,

तथापि पुल सिरात है और अवश्य है परन्तु वह प्रलय के बाद नही वह इस दुनिया के जीवन में है जो सूरत बलद में घाटी के नाम से बता दिया गया है,

पहले पुल सिरात पर विचार अनिवार्य है सिरात कहते है मार्ग को यदि मार्ग में कोई रुकावट आती है जैसे नाला, नदी, घाटी या कोई लाइन इत्यादि तो उस रुकावट को दूर करने के लिए लकड़ी या लोहे इत्यादि से कोई वस्तु बनाते है जिससे उस मार्ग में आई रुकावट को दूर किया जाता है उस वस्तु को ही पुल सेतु कहते है सूरत में दो घाटी या मार्ग अच्छे और बुरे बताए गए है उनसे पार होने या न होने के कार्य बताए है जो अच्छे या बुरे कामों के नाम से आयतों में स्पष्ट है जिसने अच्छे कर्म किए वह उस घाटी से पार हो गया और जिसने बुरे कर्म किए वह घाटी से पार न हुआ और वह आग में गिर गया, मानो नर्क में गिर गया,

चूंकि शैतान इन्सान के साथ लगा हुआ है वचन के अनुसार वह हर समय मनुष्य को बुराई की ओर आकृष्ट करता है यदि इन्सान आकृष्ट हो गया तो व्याकुलता में पड़ गया क्योंकि बुराई में जी को आनन्द मिलता है और सुख अनुभूत करता है परन्तु वह अस्थाई (आरज़ी) है और यदि शैतान की पकड़ में न आया तो उस घाटी से पार हो गया परन्तु उस मार्ग पर चलने में उसे परिश्रम करना पड़ेगा, जी काम का विरोध होगा और व्याकुलता भी आएगी, यदि वह उस मार्ग पर स्थिर रहा तो पार हो गया और सफल हो गया,

अतः यह प्रकट हुआ कि पुल सिरात प्रलय के बाद नही है अपितु इस दुनिया में वही दो घाटी या मार्ग है जिन पर इन्सान को चलना है और कब तक चलना है वह यह कि इन्सान जब से चेतना में आता है और जब तक चेतना में रहता है उसका हर पग उस घाटी अर्थात पुल सिरात पर है यदि ईश्वर के आदेशों का पालन किया तो पार हो गया और अवज्ञा की तो पुल सिरात से पार न हुआ और नर्क

سے پار ہونے والے)(۱۸)
اور جن لوگوں نے ہماری آیات کو ماننے سے انکار کیا (یعنی مشقت میں پڑنے سے انکار کیا) وہ بائیں بازو والے ہیں (۱۹)
انہیں پر آگ ہوگی جو چاروں طرف سے گھیرے ہوگی (۲۰)

نوٹ:۔ ہمارے یہاں ایک عقیدہ یہ رائج ہے کہ جب حشر میں حساب کتاب ہو جائے گا اور نامہ اعمال دائیں بائیں ہاتھ میں دیدیا جائے گا پھر ایک پل صراط پر چلایا جائے گا تو جو جنتی ہوگا وہ تیزی کے ساتھ تیر کی طرح پار ہو جائے گا اور جو دوزخی ہوگا وہ کٹ کر دوزخ میں گر جائے گا کیونکہ وہ پل صراط تلوار سے زیادہ تیز اور بال سے زیادہ باریک ہوگا تو گویا اللہ نے جو حساب کیا ہوگا وہ مشکوک ہوگا؟ جس کی حقیقت اس پل صراط پر ظاہر ہوگی (نعوذ باللہ)

مگر اصل فیصلہ پل صراط پر بھی نہ ہوگا یہ بھی مشکوک ہوگا کیونکہ اس کے بعد پھر شفاعت ہوگی اور شفاعت کرنے والے اپنے چاہنے والے گنہگاروں کو دوزخ سے نکال لیں گے اس کے بعد بھی ایک سلسلہ اور چلے گا وہ یہ کہ بہت سے گنہگاروں کو اپنے گناہوں کی سزا کاٹنی پڑے گی اور جب سزا پوری ہوگی تب دوزخ سے نکل کر جنت میں آئیں گے دیکھا کتنا دلچسپ منظر ہے کیا یہ حقیقت ہو سکتی ہے

دوستو! یہ ایک فریب ہے نامہ اعمال ملنے کے بعد کوئی کسوٹی نہیں ہے پھر تو سیدھے جنت یا دوزخ میں جانا ہے کیونکہ اللہ نامہ اعمال کے مطابق فیصلہ کر دے گا اور اس پر عمل ہوگا، اللہ کے فیصلے کے بعد پھر اور کوئی کسوٹی نہیں ہے۔

تاہم پل صراط ہے اور ضرور ہے مگر وہ حشر کے بعد نہیں وہ اس دنیا کی زندگی میں ہے جو سورت بلد میں گھاٹی کے نام سے بتا دیا گیا ہے۔

پہلے پل صراط پر غور ضروری ہے صراط کہتے ہیں راستے کو اگر راستے میں کوئی رُکاوٹ آتی ہے جیسے نالا ندی وادی یا کوئی لائن وغیرہ تو اس رکاوٹ کو دور کرنے کے لئے لکڑی یا لوہے وغیرہ سے کوئی چیز بناتے ہیں جس سے اس راستے میں آئی رکاوٹ کو دور کیا جاتا ہے اس چیز کو ہی پل کہتے ہیں۔

سورت میں دو گھاٹی یا راہیں اچھی اور بُری بتائی گئیں ہیں، ان سے پار ہونے یا نہ ہونے کے کام بتائے ہیں جو اچھے یا بُرے کاموں کے نام سے آیتوں میں ظاہر ہیں۔ جس نے اچھے کام کئے وہ اس گھاٹی سے پار ہو گیا اور جس نے بُرے کام کئے وہ گھاٹی سے پار نہ ہوا اور وہ آگ میں گر گیا گویا دوزخ میں گر گیا۔

چونکہ شیطان انسان کے ساتھ لگا ہوا ہے وعدے کے مطابق وہ ہر وقت انسان کو بُرائی کی طرف راغب کرتا ہے اگر انسان راغب ہو گیا تو پریشانی میں پڑ گیا کیونکہ بُرائی میں نفس کو لذت ملتی ہے اور آرام محسوس کرتا ہے مگر وہ عارضی ہے اور اگر شیطان کی پکڑ میں نہ آیا تو اس گھاٹی سے پار ہو گیا مگر اس راہ پر چلنے میں اسے مشقت کرنی پڑے گی نفس کی مخالفت ہوگی اور پریشانی بھی آئے گی اگر وہ اس راہ پر قائم رہا تو پار ہو گیا اور کامیاب ہو گیا۔

پس یہ ظاہر ہوا کہ پل صراط حشر کے بعد نہیں ہے بلکہ اس دنیا میں وہی دو گھاٹی یا راہ ہیں جن پر انسان کو چلنا ہے اور کب تک چلنا ہے وہ یہ کہ انسان جب سے ہوش میں آتا ہے اور جب تک ہوش میں رہتا ہے اس کا ہر قدم اُس گھاٹی یعنی پل صراط پر ہے اگر اللہ کے احکام کی پابندی کی تو پار ہو گیا اور نافرمانی کی تو پل صراط

में गिर गया जो महा प्रलय में ज्ञात हो जाएगा ईश्वर दया करें

सूरतुशशम्स - मक्की (91)

साक्षी है सूरज और चमकता हुआ दिन (1)
और साक्षी है चन्द्रमा जब वह उसके पीछे पीछे लगे (2)
और दिन जब उसे चमका दे (3)
और रात्रि कि जब उसे छुपा ले (4)
और साक्षी है आकाश और जैसा कुछ उसको बनाया (5)
और पृथ्वी जैसा कुछ उसको बिछाया (6)
और आत्मा जी जैसा कुछ उसको संवारा (इन सब बातों पर विचार करो) (7)
और यह बात भी विचार योग्य है कि मानव की रचना इस अनुमान से हुई है कि इसके अन्दर वह शक्तियां रख दी गई हैं जिन से इन्सानी जी टुकड़े टुकड़े हो जाते हैं और वह शक्तियां भी जिनसे वह टुकड़े होने से बच जाती है जो ईश्वर का भय रखता है (8)
अतः सफल रहा वह जिसने अपने स्वभाव को पवित्र रखा और सत्कर्म का मार्ग अपनाया (9)
और जिसने उसे धूल में मिला दिया वह असफल हुआ (10)
समूद ने अपनी अवज्ञा के कारण ईशदूत को झुटला दिया (11)
जबकि उनमें बड़ा अभागा उठ खड़ा हुआ (12)
तो ईश्वर के रसूल ने लोगों से कहा ईश्वर की ऊंटनी को हाथ न लगाना और उसको पानी पीने से न रोकना (13)
परन्तु उन्होंने रसूल को झुटला दिया और ऊंटनी की कूंचे काट दी तो ईश्वर ने उनके पापों के कारण उन पर विपत्ति अवतरित की और सबको नष्ट कर दिया (14)
और वह नही डरता कि उसके पीछे क्या होगा (15)

सुरतुल लेल - मक्की (92)

साक्षी है रात्रि जबकि छा जाती है (1)
और दिन कि जब चमक उठता है (2)
और साक्षी है नर व नारी की उत्पत्ति (3)
कि तुम्हारी कमाई अलग अलग है (कोई सदाचारी है और कोई भ्रष्ट) (4)
सो जिसने व्यय किया धन ईश्वर के मार्ग में और ईश्वर की अवज्ञा से डरता रहा (5)
और (इन्सान के साथ) भलाई को सच जाना (6)
तो उसे हम सरल मार्ग पर चलने की क्षमता देंगे (7)
और जिसने कृपणता किया और निश्चिन्त रहा ईश्वर के आदेश से (8)
और भलाई करने को झूट समझा (9)
उसे हम भी कठिन (और कष्ट देने वाले) मार्ग पर सरलता से पहुंचा देंगे (10)

سے پار نہ ہوا اور دوزخ میں گر گیا جو حشر میں پتہ چل جائے گا اللہ رحم کرے.

سورۃ الشمس ۔مکی (۹۱)

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

شاہد ہے سورج اور چمکتا ہوا دن (۱)
اور شاہد ہے چاند جب وہ اس کے پیچھے پیچھے لگے (۲)
اور دن جب اسے چمکا دے (۳)
اور رات کے جب اسے چھپا لے (۴)
اور شاہد ہے آسمان اور جیسا کچھ اس کو بنایا (۵)
اور زمین جیسا کچھ اس کو بچھایا (۶)
اور نفس جیسا کچھ اس کو سنوارا (ان سب باتوں پر غور کرو) (۷)
اور یہ بات بھی غور کرنے لائق ہے کہ انسان کی تخلیق اس انداز سے ہوئی ہے کہ اس کے اندر وہ قوتیں بھی رکھ دی گئیں ہیں جن سے انسانی ذات ٹکڑے ٹکڑے ہو جاتی ہے اور وہ قوتیں بھی جن سے یہ انتشار سے بچ جاتی ہے جو اللہ کا خوف رکھتا ہے (۸)
پس کامیاب وہ رہا جس نے اپنی فطرت کو پاک رکھا اور نیکی کی راہ اختیار کی (۹)
اور جس نے اسے خاک میں ملا دیا وہ ناکام ہوا (۱۰)
ثمود نے اپنی سرکشی کی بنا پر نبی کو جھٹلا دیا (۱۱)
جب کہ ان میں بڑا بد بخت اُٹھ کھڑا ہوا (۱۲)
تو اللہ کے رسول نے لوگوں سے کہا اللہ کی اونٹنی کو ہاتھ نہ لگانا اور اس کو پانی سے نہ روکنا (۱۳)
مگر انہوں نے رسول کو جھٹلا دیا اور اونٹنی کی کونچیں کاٹ دیں تو اللہ نے ان کے گناہ کے سبب ان پر عذاب نازل کیا اور سب کو برباد کر دیا (۱۴)
اور وہ نہیں ڈرتا کہ اس کے پیچھے کیا ہوگا (۱۵)

سورت لیل ۔مکی (۹۲)

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

شاہد ہے رات جب کہ چھا جاتی ہے (۱)
اور دن کہ جب چمک اٹھتا ہے (۲)
اور شاہد ہے نر و مادہ کی پیدائش (۳)
کہ تمہاری کمائی الگ الگ ہے (کوئی نیک ہے اور کوئی بد) (۴)
سو جس نے خرچ کیا مال اللہ کی راہ میں اور اللہ کی نافرمانی سے ڈرتا رہا (۵)
اور (انسان کے ساتھ) بھلائی کو سچ جانا (۶)
تو اسے ہم آسان رستہ پر چلنے کی توفیق دیں گے (۷)
اور جس نے بخل کیا اور بے پروا رہا اللہ کے حکم سے (۸)
اور بھلائی کرنے کو جھوٹ سمجھا (۹)
اسے ہم بھی سخت (اور تکلیف دہ) راستے پر آسانی سے پہنچا دیں گے (۱۰)

اوراس کے کیا کام آئے گااس کامال جب وہ کھڈ میں گرے گا(۱۱)
بے شک راہ دکھا دینا ہمارے ذمہ ہے(سو قرآن کے ذریعہ دکھادی اورمحمدؐ نے سمجھادی)(۱۲)
(ماننا نہ ماننا تمہارا کام ہے)اوریقین کروکہ آخرت اوردنیا (دونوں کے)ہم ہی مالک ہیں(۱۳)
ہم نے تمہیں بھڑکتی ہوئی آگ سے خبردار کردیا ہے(۱۴)
اس میں نہیں جائے گامگروہ انتہائی بدبخت ہو(۱۵)
جس نے جھٹلایا اور(اس کے قانون کی پیروی سے)منہ موڑا(۱۶)
اوردوزخ کی آگ سے وہ محفوظ رہے گا جواللہ کی نافرمانی سے ڈرا(۱۷)
جو(اللہ کی راہ میں)اپنامال اس لئے دیتا ہےتا کہ(اس کا دل)پاک ہوجائے(۱۸)
اوریہ(اللہ والا)اس لئے خیرات نہیں کرتا کہ اس پرکسی کا احسان ہےاوروہ اس کابدلہ اتاررہا ہے(۱۹)
وہ توصرف اپنے رب برترکی رضاجوئی کے لئے یہ کام کرتا ہے(۲۰)
اورجلد ہی(اللہ اس کواتنا کچھ دے گا)کہ وہ خوش ہوجائے گا(۲۱)

और उसके क्या काम आएगा उसका माल जब वह खड में गिरेगा (11)
निःसन्देह मार्ग दिखा देना हमारा दायित्व है (सो कुरआन के द्वारा दिखा दिया और मुहम्मद ने समझा दिया) (12)
(मानना न मानना तुम्हारा काम है) और विश्वास करो कि परलोक और दुनिया (दोनों के) हम ही मालिक है (13)
हमने तुम्हें भड़कती हुई आग से सावधान कर दिया है (14)
उसमें नही जाएगा परन्तु वह जो चरम अभागा हो (15)
जिसने झुटलाया और (उसके नियम के अनुकरण से) मुख मोड़ा (16)
और नर्क की अग्नि से वह सुरक्षित रहेगा जो ईश्वर की अवज्ञा से डरा (17)
जो (ईश्वर के मार्ग में) अपना माल इसलिए देता है ताकि (उसका हृदय) पवित्र हो जाए (18)
और यह (ईश्वर वाला) इसलिए दान नही देता कि उस पर किसी का उपकार है और वह उसका बदला उतार रहा है (19)
वह तो केवल अपने रब श्रेष्ठ की प्रसन्नता के लिए यह काम करता है (20)
और जल्द ही (ईश्वर उसको इतना कुछ देगा) कि वह प्रसन्न हो जाएगा (21)

سورۃ الضحیٰ ۔ مکی(۹۳)

सूरतुज्जुहा - मक्की (93)

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

شاہد ہےچاشت کاوقت یعنی چمکتادن(۱)
اورشاہد ہےرات جب وہ سکون کےساتھ چھاجائے(۲)

साक्षी है चाश्त का समय अर्थात चमकता दिन (1)
और साक्षी है रात्रि जब वह शान्ति के साथ छा जाए (2)

نوٹ:۔قرآن کےاندر بہت جگہ اللہ نے چاند سورج دن رات تارے وغیرہ کو شہادت میں پیش کیا ہےاور بہت زوردارالفاظ میں ذکر کیا ہےتواپنے اندرکوئی خاص مقصدرکھتا ہے پہلے یہ دیکھا جائے کیا یہ سب اپنے آپ بن کرگردش کررہے ہیں ایسانہیں ہے بلکہ ان کواللہ نے بنایااوران کوخاص مقصد کے لئے بنایا اوران کو ایک ضابطہ کاپابند کیا ہےاس ضابطہ کے تحت یہ گردش کررہے ہیں اورہرجاندارکو فائدہ پہنچارہے ہیں اوردعوت فکربھی دےرہے ہیں ان سیاروں کی گردش کا ہی یہ نتیجہ ہے کہ دن رات کاوجودسامنے آتا ہے جب تک سورج سامنے رہتا ہے زندگی کا کاروباراس دن میں جاری رہتا ہےاورجب سورج اپنی گردش کے نتیجے میں سامنے سے ہٹ جاتا ہےتورات یعنی اندھیراہوجاتا ہےاورآدمی مجبورہوکراپنا کام چھوڑکراپنے مسکن میں پناہ لیتا ہے اگراس کوضروری کام کرنا ہوتا ہےتواس اندھیرےکودورکرنے کے لئے روشنی کرنی پڑتی ہے۔

توظاہرہواکہ زندگی کی سرگرمیاں جاری رکھنے کے لئے روشنی کاہونا ضروری ہےبس یہی غورکامقام ہے۔

دنیامیں اللہ نےاپنی مخلوق میں ایک مخلوق ایسی بھی بنائی ہےجوبہت سی مخلوق سےاکرم ہےاوراللہ چاہتا ہےکہ وہ کامیاب رہےاس سےمحبت بھی زیادہ ہےتواس کوکامیاب کرنے کے لئے اللہ نےاپنےنبیوں کے ذریعہ اپناایک ضابطہ دیااورحکم دیا کہ اےانسان اس کے مطابق عمل کرکے وہ کام کردے جومیں چاہتا ہوں یعنی تیری کامیابی جس کے نتیجے میں توجنت میں جائےاوراس پرعمل کرانے

नोट- कुरआन के अन्दर बहुत स्थान पर ईश्वर ने चान्द, सूर्य, दिन, रात्रि, तारे इत्यादि को साक्ष्य में प्रस्तुत किया है और बहुत प्रबल शब्दों में वर्णन किया है तो प्रकट हो रहा है कि उनका उल्लेख जरूर अपने अन्दर कोई मुख्य उद्देश्य रखता है पहले यह देखा जाए क्या यह सब अपने आप बनकर आवर्त कर रहे है ऐसा नही है अपितु उनको ईश्वर ने बनाया और उनको मुख्य उद्देश्य के लिए बनाया और उनको एक नियम का आबद्ध किया है, इस नियम के आधीन यह आवर्त कर रहे है और हर जीवधारी को लाभ पहुंचा रहे है और चिन्तन का निमंत्रण भी दे रहे है उन नक्षत्रों के चक्र का ही यह परिणाम है कि रात दिन का अस्तित्व सामने आता है जब तक सूर्य सामने रहता है जीवन का कारोबार उस दिन में प्रचलित रहता है और जब सूर्य अपनी आवर्त में परिणाम स्वरूप सामने से हट जाता है तो रात अर्थात अन्धेरा हो जाता है और व्यक्ति विवश होकर अपना कार्य छोड़कर अपने निवास स्थान में शरण लेता है यदि उसको आवश्यक कार्य करना होता है तो उस अन्धेरे को दूर करने के लिए प्रकाश करना पड़ता है,

तो स्पष्ट हुआ कि जीवन के परिश्रम संचारित रखने के लिए प्रकाश का होना अनिवार्य है बस यही मनन का स्थान है,

दुनिया में ईश्वर ने अपनी रचनाओं में एक रचना ऐसी भी बनाई है जो बहुत सी रचनाओं से सम्मानित है और ईश्वर चाहता है कि यह सफल रहे इससे प्रेम भी अधिक है तो इसको सफल करने के लिए ईश्वर ने अपने ईशदूतों के द्वारा अपना एक विधान दिया और आदेश दिया कि ऐ इन्सान इसके अनुसार व्यवहार करके वह कार्य कर दे जो मैं चाहता हूं अर्थात तेरी सफलता जिसके परिणाम में तू स्वर्ग में

जाए और इस पर कार्य कराने के लिए ईश्वर ने कुरआन में हर प्रकार से उपमा देकर समझा दिया इन उपमाओं में ही सूर्य चन्द्रमा दिन, रात तारे इत्यादि की उपमाऐं है अवलोकन हो.

अर्थात दिन और रात्रि की बात दिन और रात्रि से उजाला और अन्धाकार अर्थ है और प्रकाश और अन्धाकार कब होता है यह तब होता है जब सूर्य सामने होता है तो प्रकाश और सूर्य के लुप्त होने से अन्धेरा प्रकाश में शान्ति है और अन्धाकार में व्याकुलता तो प्रकट हुआ कि महत्वपूर्ण वस्तु सूर्य है बस यही ईश्वर चाहता है कि इन्सान इन बातों पर विचार करे.

जिस प्रकार दुनिया में प्रकाश और अन्धाकार का आधार सूर्य से है ऐसे ही इन्सान की दुनिया और परलोक के जीवन में प्रकाश की निर्भरता कुरआन के अनुसार कर्म करने पर है.

मानव जितनी देर कुरआन पर व्यवहार करता है उसके लिए प्रकाश अर्थात दिन रहता है और जब कुरआन से मुख मोड़ता है तो अन्धाकार अर्थात रात्रि हो जाती है मानो कुरआन सूर्य दीप है और कुरआन को ईश्वर ने नूर तेज ही तो बताया है और कुरआन के लेने वाला अर्थात मुहम्मद स0 भी नूर तेज सिराजन मुनीरा है अतः इन्सान अपनी सफलता के लिए इस पर व्यवहार करे.

तो सिद्ध हुआ कि ईश्वर ने जो दिन, रात्रि, सूर्य, चन्द्रमा, तारे इत्यादि को साक्ष्य में प्रस्तुत किया है इससे तात्पर्य इन्सान को सावधान करना है विचार व मनन का निमंत्रण देना है और इन ग्रहों से जो लाभ मिलते है उनको भी ज्ञान प्राप्त करके लेना है और दुनिया को शान्ति का गहवारा बना देना है इस प्रकार परलोक भी उज्ज्वल होगा.

और समय काल साक्षी है कि जब जब ईश्वर की पुस्तक के अनुसार कर्म होता रहा दुनिया में प्रकाश दिन रहा और जब जब ईश्वर की पुस्तक को छोड़ा अन्धेरा अर्थात रात्रि हो गई और ऐसा ही होता रहेगा इस कुरआन जैसे प्रकाश तेज को अपने जीवन में संचारित करने से ही सफलता है और यही दिन प्रकाश है और इसके प्रतिकूल रात्रि अर्थात अन्धाकार है ईश्वर हम को यह क्षमता दे कि हम कुरआन के तेज प्रकाश को अपने जीवन में बसा ले.

आज की दुनिया को देखकर यदि कोई कहे कि आज तो कुरआन पर कोई मुख्य व्यवहार नही हो रहा, गेर मुस्लिम तो दूर रहे स्वयं मुसलमान भी कुरआन पर बहुत कम कर्म कर रहे है परन्तु दुनिया बहुत उन्नति कर रही है प्रकाश प्रकाश है फिर यह कैसे माना जाए कि कुरआन पर व्यवहार ही दुनिया में उजाला दिन लाता है तो सुनो आज जिस दुनिया को हम देख रहे है उसका ऊपरी भाग तो बहुत उज्ज्वल ज्ञात हो रहा है परन्तु अन्दर बहुत अन्धाकार है कोई व्यक्ति शान्ति में नही है आज हर ओर दुराचार और कुकर्म, अश्लीलता का धन्दा उन्नति पर है जिसका परिणाम बहुत जल्द ज्ञात हो जाएगा तब आदमी विचार करेगा कि वास्तव में कुरआन पर ही व्यवहार जीवन में दिन लाता है प्रकाश लाता है.

(ऐ मुहम्मद स0) आपके रब ने आपको कदापि नही छोड़ा और न वह रूष्ट हुआ (3)

(हर दशा में उसकी कृपा आपके साथ है अपितु) निःसन्देह आपके लिए बाद का काल पहले समय से उत्तम है (आज से कल अच्छा है इस वर्ष से अगला वर्ष उत्तम है इस दुनिया से दूसरी दुनिया अच्छी है यही नही अपितु) (4)

निकट ही आपका ईश्वर आपको इतना देगा कि आप प्रसन्न हो जाओगे (आज मक्का के व्यक्ति अधिकांश आपके शत्रु है कल सारा अरब आपका मित्र होगा) (5) {30:1 से4}

کے لئے اللہ نے قرآن میں ہر طرح سے مثال دے کر سمجھا دیا ان مثالوں میں ہی سورج چاند، دن رات، تارے وغیرہ کی مثالیں ہیں ملاحظہ ہو۔

یعنی دن اور رات کی بات دن اور رات سے اجالا اور اندھیرا مراد ہے اور اندھیرا اور اجالا کب ہوتا ہے تب ہوتا ہے جب سورج سامنے ہوتا ہے تو اجالا اور سورج کے غائب ہونے سے اندھیرا۔ اجالے میں سکون ہے اور اندھیرے میں پریشانی تو ظاہر ہوا کہ اہم چیز سورج ہے بس یہی اللہ چاہتا ہے کہ انسان ان باتوں پر غور کرے۔

جس طرح دنیا میں اجالے اور اندھیرے کا دارومدار سورج سے ہے ایسے ہی انسان کی دنیوی اور آخرت کی زندگی میں روشنی کا انحصار قرآن کے مطابق عمل کرنے پر ہے۔

انسان جتنی دیر قرآن پر عمل کرتا ہے اس کے لئے روشنی یعنی دن رہتا ہے اور جب قرآن سے منہ موڑتا ہے تو اندھیرا یعنی رات ہو جاتی ہے گویا قرآن سورج چراغ ہے اور قرآن کو اللہ نے نور ہی تو بتایا ہے اور قرآن کو لینے والا یعنی محمدؐ بھی نور سراجا منیرا ہیں۔ اس لئے انسان اپنی کامیابی کے لئے اس پر عمل کرے تو اس کی زندگی میں دن (اجالا) ہوگا ورنہ رات اندھیرا ہوگا۔

تو ثابت ہوا کہ اللہ نے جو دن رات سورج چاند ستارے وغیرہ کو شہادت میں پیش کیا ہے اس سے مراد انسان کو خبردار کرنا ہے غور وفکر کی دعوت دینی ہے اور ان سیاروں سے جو فائدے ملتے ہیں ان کو بھی علم حاصل کر کے لینا ہے اور دنیا کو امن کا گہوارہ بنا دینا ہے اس طرح آخرت بھی روشن ہوگی۔

اور زمانہ شاہد ہے کہ جب جب اللہ کی کتاب کے مطابق عمل ہوتا رہا دنیا میں اجالا دن رہا اور جب جب اللہ کی کتاب کو چھوڑا اندھیرا یعنی رات ہوگئی اور ایسا ہی ہوتا رہے گا اس قرآن جیسے نور کو اپنی زندگی میں جاری وساری کرنے سے ہی کامیابی ہے اور یہی دن روشنی ہے اور اس کی ضد رات یعنی اندھیرا ہے اللہ ہم کو یہ توفیق دے کہ ہم قرآن کے نور کو اپنی زندگی میں بسالیں۔

آج کی دنیا کو دیکھ کر اگر کوئی کہے کہ آج تو قرآن پر کوئی خاص عمل نہیں ہو رہا غیر مسلم تو دور رہے خود مسلمان بھی قرآن پر بہت کم عمل کر رہے ہیں مگر دنیا بہت ترقی کر رہی ہے روشنی ہے پھر یہ کیسے مانا جائے کہ قرآن پر عمل ہی دنیا میں اجالا دن لاتا ہے تو سنو آج جس دنیا کو ہم دیکھ رہے ہیں اس کا اوپری حصہ تو بہت روشن معلوم ہو رہا ہے مگر اندر بہت تاریکی ہے کوئی آدمی سکون میں نہیں ہے آج ہر طرف بداخلاقی اور فحش کا کاروبار ترقی پر ہے جس کا نتیجہ بہت جلد معلوم ہو جائے گا تب آدمی غور کرے گا کہ حقیقت میں قرآن پر ہی عمل زندگی میں دن لاتا ہے روشنی لاتا ہے۔

(اے محمدؐ) آپ کے رب نے آپ کو ہرگز نہیں چھوڑا اور نہ وہ ناراض ہوا (۳)

(ہر حال میں اس کا کرم آپ کے ساتھ ہے بلکہ) یقیناً آپ کے لئے بعد کا دور پہلے دور سے بہتر ہے (آج سے کل بہتر ہے اس سال سے اگلا سال بہتر ہے اس دنیا سے دوسری دنیا بہتر ہے یہی نہیں بلکہ (۴)

عن قریب آپ کا رب آپ کو اتنا دے گا کہ آپ خوش ہو جاؤ گے (آج مکہ کے آدمی زیادہ تر آپ کے دشمن ہیں کل سارا عرب آپ کا دوست ہوگا) (۵) [۳۰:۱ سے ۴]

क्या उसने आपको अनाथ और बेसहारा न पाया फिर स्थान दिया (6)

کیا اس نے آپ کو یتیم اور بے سہارا نہ پایا پھر ٹھکانا دیا (۶)

और आपको अदृश्य मार्ग की (धर्म की) खोज में दुखी सचेष्ट पाया तो फिर वह मार्ग दिखा दिया अर्थात मूल धर्म शास्त्र दे दिया (7) {12:95;3:164; 4:26;42:53;12:3}

اور آپ کو گم شدہ راہ کی (شریعت کی) تلاش میں سرگرداں پایا تو پھر وہ راہ دکھادی یعنی اصل شریعت دے دی (۷) [۱۲:۹۵؛۳:۱۶۴؛ ۴:۲۶:۴۲:۵۳:۱۲:۳]

और आपको धर्म शास्त्र का अपेक्षित पाया फिर (धर्म शास्त्र देकर) सम्पन्न कर दिया (8) {2:269} (अर्थात सत्य का खोजी पाया)

اور آپ کو شریعت کا حاجت مند پایا پھر (شریعت دے کر) غنی کر دیا (۸) [۲:۲۶۹] (یعنی جویائے حق پایا)

(और जिस प्रकार ईश्वर आपकी सहायता कर रहा है इसी प्रकार आप भी दूसरों की सहायता करें) अतः अनाथ पर कठोरता न करना (9) {89:19} (जो धर्म नहीं जानता वह भी अनाथ है)

(اور جس طرح اللہ آپ کی مدد کر رہا ہے اسی طرح آپ بھی دوسروں کی مدد کریں) لہٰذا یتیم پر سختی نہ کرنا (۹) [۸۹:۱۹] (جو دین نہیں جانتا وہ بھی یتیم ہے)

और प्रश्नकर्ता को न झड़कना (10)

اور سائل کو نہ جھڑکنا (۱۰)

(और देखो ईश्वर ने आपको कितनी सुख सामग्रियां दी हैं) अपने रब की निधियों को दूसरों के सामने वर्णन करते रहना और ईश्वर के बन्दों तक उसका सन्देश पहुंचाते रहना (फिर सुन लो प्रकाश के बाद अन्धेरा और अन्धकार के बाद प्रकाश परन्तु प्रकाश शीघ्र लुप्त हो सकता है और अन्धकार देर तक शेष रह सकता है अतः प्रकाश को शान्ति के साथ शेष रखने के लिए सत्कर्म में अधिक परिश्रमकरना है जिससे अच्छा समय रहे) (11)

(اور دیکھو اللہ نے آپ کو کتنی نعمتوں سے نوازا ہے لہٰذا) اپنے رب کی نعمتوں کو دوسروں کے سامنے بیان کرتے رہنا اور اللہ کے بندوں تک اس کا پیغام پہنچاتے رہنا (پھر سن لو روشنی کے بعد تاریکی اور تاریکی کے بعد روشنی مگر روشنی جلد غائب ہو سکتی ہے اور تاریکی سکون کے ساتھ طاری رہ سکتی ہے اس لئے روشنی کو سکون کے ساتھ باقی رکھنے کے لئے نیک عمل میں زیادہ محنت کرنا ہے جس سے اچھا دور رہے) (۱۱)

सूरत अलम नशराह - मक्की (94)

سورت الم نشرح ۔مکی (۹۴)

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

(ऐ नबी) क्या हमने आपका वक्ष आपके लिए खोल नहीं दिया? निःसन्देह खोल दिया (1) {6:125; 39:22;20:25,26} (अर्थात कठिन कार्य आसान कर दिया)

(اے نبیؐ) کیا ہم نے آپ کا سینہ آپ کے لئے کھول نہیں دیا؟ یقیناً کھول دیا (۱) [۶:۱۲۵؛۳۹:۲۲؛۲۰:۲۵،۲۶] (یعنی مشکل راہیں آسان کردیں)

और आप पर से वह भारी बोझ उतार दिया (2) {20:1,3}

اور آپ پر سے وہ بھاری بوجھ اتار دیا (۲) [۲۰:۱،۳]

जो आपकी कमर तोड़े डाल रहा था अर्थात आप बहुत व्याकुल थे (3)

جو آپ کی کمر توڑے ڈال رہا تھا یعنی آپ بہت بے چین تھے (۳)

और हमने आपका जप अर्थात धर्म श्रेष्ठ कर दिया (4)

اور ہم نے آپ کا ذکر یعنی دین کا غلبہ بلند کیا (۴)

निःसन्देह कठिनाई के साथ सरलता है (5)

بے شک مشکل کے ساتھ آسانی ہے (۵)

हां निःसन्देह कठिनता के साथ सरलता है (6)

ہاں بے شک مشکل کے ساتھ آسانی ہے (۶)

अतः जब निवृत हो जाया करो धर्म के प्रचार के परिश्रम से (7) {35:35;15:48;88:3}

پس جب فارغ ہو جایا کرو تبلیغ دین کی مشقت سے (۷) [۳۵:۳۵؛۱۵:۴۸؛۸۸:۳]

तो अपने ईश्वर की ओर आकृष्ट हो जाया करो अर्थात उसकी पूजा में लीन हो जाओ (8) {110:1,3}

تو اپنے پروردگار کی طرف متوجہ ہو جایا کرو یعنی اس کی عبادت میں مشغول ہو جاؤ (۸) [۱۱۰:۱،۳]

सूरतुत्तीन - मक्की (95)

سورت التین ۔مکی (۹۵)

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

साक्षी है वह स्थान जहां इन्जीर और जैतून पैदा होते हैं (1)

شاہد ہیں وہ جگہ جہاں انجیر اور زیتون پیدا ہوتے ہیں (۱)

और तूर सीनीन (2) {2:126} (अर्थात इन स्थानों से ईशदूतों ने सत्य की आवाज बुलन्द की तो उनका भी विरोध हुआ ऐसे ही आपका होगा)

اور طور سینین (۲) [۲:۱۲۶] (یعنی ان مقاموں سے نبیوں نے حق کی آواز بلند کی تو ان کی بھی مخالفت کی گئی ایسے ہی آپ کی ہوگی)

और यह शान्ति वाला नगर अर्थात मक्का (3)

اور یہ پرامن سرزمین یعنی مکہ (۳)

कि हम ईश्वर ने इन्सान को अपने आदेशों पर जो (संतुलन) के साथ है अच्छी विधि पर व्यवहार करने को पैदा किया है कि ईश्वर की आज्ञाकारी की जाए जैसे कुरआन में लिखे हैं जो संतुलन है (4)

کہ ہم اللہ نے انسان کو اپنے احکام پر جو توازن کے ساتھ ہیں اچھے طریقے پر عمل کرنے کو پیدا کیا کہ اللہ کی فرمانبرداری کی جائے جیسے قرآن میں لکھے ہیں (۴) [جو توازن ہے]

और यदि मानव अवज्ञा करता है सन्तुलन बिगाड़ता

اور اگر انسان نافرمانی کرتا ہے توازن بگاڑتا ہے تو اس نے

है तो उसने अपनी उत्पत्ति के उद्देश्य को फौत कर दिया अहसनी तकवीम को भूल गया और असफल हो गया (5) इस विषय में एक हदीस और आयत भी है, इन्नल्लाहा खलाका आदमा अला सूरतिही (मुस्लिम) ईश्वर सन्तुलन स्थापित करने वाला है अतः इन्सान को भी यही आदेश है

परन्तु जो लोग विश्वास लाए और सत्कर्म किये तो उनके लिए ऐसा प्रतिदान है जो कभी समाप्त न होगा (6)

अतः (ऐ मुहम्मद स0!) इस सत्य के समझ लेने के बाद कौन (है जो सत्कर्म के उत्तम और दुराचार के बुरे परिणाम से इनकार करे और) हिसाब के दिन के बारे में आपको झुठलाए (7)

क्या ईश्वर सब शासकों का शासक और आदेश करने वाला नहीं है? (8)

सूरतुल अलक - मक्की (96)

जिबराईल ने रसूल से कहा निकट आ और सुन और अपने रब के नाम के साथ जिसने मख़लूक को पैदा किया घोषणा कर दे धर्म प्रचार कर जो वही के द्वारा दिया जा रहा है (1)

उत्पन्न किया इन्सान को रक्त की फुटकी से (2)

और जो वही से दिया जा रहा है उसको पढ़ते भी रहो यह उसकी दया है कि आपको ज्ञान दे रहा है आपका रब बड़ा दयालू है (3)

जिसने कलम के द्वारा (इन्सान को) ज्ञान सिखाया (4)

उसने इन्सान को ज्ञान दिया जिसे वह नहीं जानता था (5) {55:2}

निःसन्देह इन्सान तो आपे से बाहर हो जाता है (6)

इसलिए कि वह अपने को निश्चिन्त (धनी) समझता है (7)

निःसन्देह सबको लौटना आपके रब अर्थात मुझ ईश्वर की ओर है (8)

(ऐ रसूल!) आपने उस व्यक्ति को देखा जो एक बन्दे को रोकता है (9)

जबकि वह बन्दा नमाज अर्थात ईश्वर के आदेशों को चुकता करता है और दूसरों तक उनको पहुंचाता है (10)

भला देखो तो यदि वह बन्दा सत्य मार्ग पर हो (11)

या सत्कर्म का आदेश करने वाला हो (12)

(क्या ऐसे व्यक्ति को भलाई करने से रोकना वैध है?) और विचार करो यदि (वह व्यक्ति जो रसूल और सदाचारी व्यक्ति को भलाई करने नमाज पढ़ने और धर्म प्रचार करने से रोक रहा है) उसको झुठला रहा हो और (सत्य की ओर से) मुख फेर रहा हो (13)

(उसकी यह हरकत कितनी अनुचित है) क्या वह नहीं जानता कि ईश्वर (उसकी गतिविधियों को देख रहा है) (14)

देखो समझाने पर वह (अपनी गतिविधियों से) न रुका अतः हम उसकी झूठी दोषी ललाट के बाल पकड़ कर घसीटेंगे (15)

वह ललाट जो झूठी और दोषी है (16)

(यदि बच सकता है तो हमारे मुकाबिले के लिए) अपने सहायक बुलाले (17)

हम भी अपने दण्ड देने वाले फरिश्तों को बुलाते हैं (18)

(फिर देखेंगे कि वह किस प्रकार सामना करता है ऐ रसूल!) देखो उसका कहा कदापि न मानना सजदा आज्ञाकारी करते

اپنی پیدائش کے مقصد کو فوت کر دیا احسن تقویم کو بھول گیا اور اسفل ہو گیا (۵)
(اس ضمن میں ایک حدیث اور آیت بھی ہے [اِنَّ اللّٰہ خَلَقَ آدَمَ عَلٰی صورتِہٖ] اللہ توازن قائم کرنے والا ہے اس لئے انسان کو بھی یہی حکم ہے (مسلم)

لیکن جو لوگ ایمان لائے اور نیک عمل کئے تو ان کے لئے ایسا اجر ہے جو کبھی ختم نہ ہوگا (۶)

پس (اے محمدؐ) اس حقیقت کے سمجھ لینے کے بعد کون (ہے جو اعمال صالح کے بہتر اور اعمال بد کے بُرے نتائج سے انکار کرے اور) روز جزا کے بارے میں آپ کو جھٹلائے (۷)

کیا اللہ سب حاکموں کا حاکم اور حکم کرنے والا نہیں ہے؟ (۸)

سورت العلق _ مکی (۹۶)

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

جبرئیل نے رسول سے کہا قریب آ اور سن اور اپنے رب کے نام کے ساتھ جس نے مخلوق کو پیدا کیا اعلان عام کردے تبلیغ دین کر جو وحی کے ذریعہ دیا جا رہا ہے (۱)

پیدا کیا انسان کو خون کی پھٹکی سے (۲)

اور جو وحی سے دیا جا رہا ہے اُس کو پڑھتے بھی رہو یہ اُس کا کرم ہے کہ آپ کو علم دے رہا ہے آپ کا رب بڑا کریم ہے (۳)

جس نے قلم کے ذریعہ (انسان کو) علم سکھایا (۴)

اس نے انسان کو وہ علم دیا جسے وہ نہیں جانتا تھا (۵) [۵۵:۲]

یقیناً انسان تو آپے سے باہر ہو جاتا ہے (۶)

اس لئے کہ وہ اپنے کو بے پروا (تونگر) سمجھتا ہے (۷)

بے شک سب کو لوٹنا آپ کے رب یعنی مجھ اللہ کی طرف ہے (۸)

(اے رسولؐ) آپ نے اس شخص کو دیکھا جو ایک بندے کو روکتا ہے (۹)

جبکہ وہ بندہ نماز یعنی اللہ کے احکام کو ادا کرتا ہے اور دوسروں تک ان کو پہنچاتا ہے (۱۰)

بھلا دیکھو تو اگر وہ بندہ راہ راست پر ہو (۱۱)

یا نیکی کا حکم کرنے والا ہو (۱۲)

(کیا ایسے انسان کو بھلائی کرنے سے روکنا جائز ہے؟) اور غور کرو اگر (وہ شخص جو رسول اور نیک آدمی کو بھلائی کرنے نماز پڑھنے اور تبلیغ کرنے سے روک رہا ہے) اس کو جھٹلا رہا ہو اور (حق کی طرف سے) منہ پھیر رہا ہو (۱۳)

(اس کی یہ حرکت کتنی غلط ہے) کیا وہ نہیں جانتا کہ اللہ (اس کی حرکتوں کو) دیکھ رہا ہے (۱۴)

دیکھو سمجھانے پر وہ (اپنی حرکتوں سے) باز نہ آیا اس لئے ہم اس کی جھوٹی خطا کار پیشانی کے بال پکڑ کر گھسیٹیں گے (۱۵)

وہ پیشانی جو جھوٹی اور خطا کار ہے (۱۶)

(اگر بچ سکتا ہے تو ہمارے مقابلے کے لئے) اپنے مدد گاروں کی ٹولی بلا لے (۱۷)

ہم بھی اپنے عذاب دینے والے فرشتوں کو بلاتے ہیں (۱۸)

(پھر دیکھیں گے کہ وہ کس طرح مقابلہ کرتا ہے اے رسول!) دیکھو اس کا کہا ہرگز نہ ماننا سجدہ فرمانبرداری کرتے رہو اپنے رب کا

रहो और अपने ईश्वर की निकटता प्राप्त करते रहो (19)

सूरतुल कदर - मक्की (97)

नोट- इस संसार में दो वस्तुऐं अस्तित्व, कर्तार और रचना है जनक कर्तार प्रथम व अन्त अर्थात न उसका आरम्भ है और न अन्त परन्तु रचना का आरम्भ भी है और अन्त भी है, ऐसे ही ईशदौत्य का प्रसंग है ईशदौत्य का आरम्भ भी है और अन्त भी, आरम्भ महामना आदम अ0 से हुआ और अन्त महामना मुहम्मद स0 पर, ईश्वर ने ईशदौत्य का क्रम इसलिए आरम्भ किया था कि वह इस मानव रचना को दुनिया और परलोक में सम्मान वाला बनाना चाहता है यह अलग बात है कि अभागा इन्सान सम्मान वाला बनना न चाहे.

ईश्वर नबी को कब प्रेषित करता था? नबी को प्रेषित उस समय करता था जब मनुष्य पहले नबी की शिक्षा को भुलाकर शैतानी चक्कर में पड़कर व्याकुलता में ग्रस्त होकर अन्धकार में डूब जाता था और फिर इन्सान ईश्वर से याचना करता था तो ईश्वर फिर दुनिया में अपना अगला नबी प्रेषित करता था और जिस अन्धकार रात से वह लोग व्याकुल थे वह उससे निकाल देता था अर्थात प्रभात हो जाता था यह क्रम उस समय तक चलता रहा जब ईश्वर का उद्देश्य पूरा हो गया अर्थात इन्सानी बुद्धि ऐसी हो गई कि वह आसानी से ईश्वर के सन्देश सुनकर कर्म करने लगे और एक स्थान से दूसरे स्थान तक संदेश पहुंचने के साधन भी अच्छे हो गए और वह समय आ गया.

जब वह समय आया तो उस समय पूरी दुनिया में शैतान ने अपना अधिकार जमा रखा था मानवता परास्त हो चुकी थी हर प्रकार के अत्याचार हो रहे थे पूरी दुनिया अधर्म की अन्धेरी रात में डूबी थी, मानवता चित्कार कर रही थी अत्याचारी अन्याय कर रहे थे, वध, विनाश, लूटमार, बलात्कार सामान्य था जीवित लड़की को दफ़्न किया जा रहा था और कोई किसी की नहीं सुन रहा था.

तो उस समय उस अत्याचार की अन्धेरी रात में ईश्वर ने मानवता की याचना को सुना और उसकी करूणा आवेश में आ गई तो ईश्वर ने उस अन्धेरी रात्रि में अपने एक अन्तिम नबी मुहम्मद स0 को चुना और उन पर उस अन्धेरी रात में अपनी अनुकम्पा के प्रकाश का प्रेषण आरम्भ कर दिया जिस करूणा के नूर प्रकाश ने प्रभात का दृश्य प्रस्तुत कर दिया और मानव उस अन्धकार से निकल कर एक प्रकाश में आ गई और ऐसी कि क्यामत तक इस अनुकम्पा के प्रकाश से चमकती रहेगी वह सदैव प्रभुत्व शाली रहेगी यह अलग बात है कि कभी मानवता अपने पापों के कारण परास्त हो जाए परन्तु वही प्रकाश उसे फिर सफल करता रहेगा और मानवता भी अधिपति होती रहेगी.

इस प्रकाशका आना प्रमुखता से अरब जाति के लिए और सामान्यतः पूरे संसार के लिए मानो अन्धकार अधर्म की रात्रि में धर्म के प्रकाश का आना था अरब पहले प्रकाश से जीवित हुआ, अरब वाले चरवाहों की निर्धन जाति थी और जब से दुनिया बनी थी अरब के पत्थरीले मैदानों में फिरा करती थी और किसी व्यक्ति को उनका कोई ध्यान भी न था, उस जाति में एक साहसी रसूल जिस पर वह विश्वास करते ऐसी वाणी प्रकाश के साथ प्रेषित किया गया जिसके कारण वह जाति सम्पूर्ण संसार में परिचित हो गई और छोटी वस्तु अत्यन्त बड़ी बन गई.

एक चिंगारी ऐसे देश में पड़ी जो अन्धकार में छुपा हुआ मरूस्थल था परन्तु देखो उसने वेग से उड़ जाने वाली बारूद की भांति नीले आकाश तक उठते हुए अग्नि शिखा के द्वारा पूरी दुनिया में प्रभात प्रकाश का दृश्य स्पष्ट प्रकट कर दिया और उत्पीड़ित मानवता उस प्रकाश से प्रसन्न हो गई जिस अनुकम्पा का उल्लेख ईश्वर ने अपनी आदर वाली आयात में बड़े सुभाषण के साथ किया है अवलोकन हो और यह अनुकम्पा उस समय ही तो अवतरित हुई जब मानवता अन्याय की रात्रि में चित्कार कर रही थी अतः वह अंधेरी रात अनुकम्पा और आदर वाली मुल्यवान सिद्ध हुई (14:1;44:3) सूरत 'कदर' का भावार्थ लिखने से पहले कुरआन की कुछ और आयात लिखी जा रही है जिनमें इसी भाव की ओर संकेत हो रहा है.

सूरत इब्राहीम 14, आयत-1, ऐ मुहम्मद स0 यह उच्च महिमा वाली पुस्तक हमने आपकी ओर उतारी है कि आप लोगों को अन्धकार से प्रकाश की ओर लाऐं (रात्रि से प्रभात की ओर) उनके

قرب حاصل کرو(۱۹)

سورت القدر۔مکی (۹۷)

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

نوٹ:۔اس کائنات میں دو چیزیں خالق ومخلوق ہیں خالق اوّل وآخر یعنی نہ اس کا شروع ہے اور نہ آخر لیکن مخلوق کا شروع بھی ہے اور آخر بھی ہے.ایسے ہی نبوت کا معاملہ ہے.نبوت کی شروعات بھی ہے اور آخر بھی شروعات حضرت آدمؑ سے ہوئی خاتمہ حضرت محمدؐ پر اللہ نے نبوت کا سلسلہ اس لئے شروع کیا تھا کہ وہ اس انسانی مخلوق کو دنیا اور آخرت میں عزت والا بنانا چاہتا ہے یہ الگ بات ہے کہ بدبخت انسان عزت والا بننا نہ چاہے.

اللہ نبی کو کب معبوث کرتا تھا؟ نبی کو معبوث اس وقت کرتا تھا جب انسان پہلے نبی کی تعلیم کو بھلا کر شیطان چکر میں پڑ کر پریشانی میں مبتلا ہو کر تاریکی میں ڈوب جاتا تھا اور اللہ پھر دنیا میں اپنا اگلا نبی بھیجتا تھا اور جس تاریک رات سے وہ لوگ پریشان تھے وہ اس سے نکال دیتا تھا یعنی فجر ہو جاتا تھا یہ سلسلہ اس وقت تک چلتا رہا جب اللہ کا مقصد پورا ہو گیا یعنی انسانی ذہن ایسا ہو گیا کہ وہ آسانی سے اللہ کا پیغام سن کر عمل کرنے لگے اور ایک جگہ سے دوسری جگہ پیغام رسانی کے ذرایعے بھی اچھے ہو گئے اور وہ وقت آ گیا.

جب وہ وقت آیا تو اس وقت پوری دنیا میں شیطان نے اپنا قبضہ جما رکھا تھا انسانیت مغلوب ہو چکی تھی ہر طرح کے ظلم ہو رہے تھے پوری دنیا لادینی کی تاریک رات میں ڈوبی تھی انسانیت چیخ رہی تھی ظالم ظلم کر رہے تھے قتل غارت گری لوٹ مار زنا عام تھا زندہ لڑکی کو دفن کیا جا رہا تھا اور کوئی کسی کی نہیں سن رہا تھا.

تو اس وقت اس ظلم کی تاریک رات میں اللہ نے انسانیت کی پکار کو سنا اور اس کی رحمت جوش میں آ گئی تو اللہ نے اس تاریک رات میں اپنے ایک آخری نبی محمدؐ کو چنا اور ان پر اس تاریک رات میں اپنی رحمت کے نور کا نزول شروع کر دیا جس رحمت کے نور نے فجر کا نظارہ پیش کر دیا.اور انسانیت اس تاریکی سے نکل کر ایک روشنی میں آ گئی.اور ایسی کہ قیامت تک اس رحمت کے نور سے چمکتی رہے گی وہ ہمیشہ غالب رہے گا یہ الگ بات ہے کہ کبھی انسانیت اپنے گناہوں کی وجہ سے مغلوب ہو جائے مگر وہی نور اسے پھر کامیاب کرتا رہے گا اور انسانیت بھی غالب آتی رہے گی.

اس نور کا آنا بالخصوص عرب قوم کے لئے اور بالعوم پوری دنیا کے حق میں گویا تاریک لادینی کی رات میں دین کے نور کا آنا تھا.عرب پہلے اس روشنی سے زندہ ہوا،اہل عرب گلہ باتوں کی غریب قوم تھی اور جب سے دنیا بنی تھی عرب کے چٹیل میدانوں میں پھیرا کرتی تھی اور کسی شخص کو ان کا کوئی خیال بھی نہ تھا.اس قوم میں ایک اولوالعزم رسول جس پر وہ یقین کرتے ایسے کلام نور کے ساتھ بھیجا گیا جس کی وجہ سے وہ قوم پوری دنیا میں معروف ہو گئی اور چھوٹی چیز نہایت بڑی بن گئی.

ایک چنگاری ایسے ملک میں پڑی جو ظلمت میں چھپا ہوا ریگستان تھا مگر دیکھو اس نے زور شور سے اڑ جانے والی بارود کی طرح نیلے آسمان تک اٹھتے ہوئے شعلوں کے ذریعہ پوری دنیا میں فجر روشنی کا سماں نمایاں کر دیا.اور مظلوم انسانیت اس نور سے نہال ہو گئی.جس رحمت کا ذکر اللہ نے اپنی قدر والی آیات میں بڑی فصاحت بلاغت کے ساتھ کیا ہے ملاحظہ ہو اور یہ رحمت اس وقت ہی تو نازل ہوئی جب انسانیت ظلم کی رات میں چیخ رہی تھی اس لئے وہ اندھیری رات رحمت اور قدر والی ثابت ہوئی (۱۴:۱؛۴۴:۳).سورت قدر کا مفہوم لکھنے سے پہلے قرآن کی کچھ اور آیات لکھی جا رہی ہیں،جن میں اسی مفہوم کی طرف نشان دہی ہو رہی ہے.

سورت ابراہیم ۱۴،آیت،۱۔اے محمدؐ یہ عالی شان کتاب ہم نے آپ کی طرف اتاری ہے کہ آپ لوگوں کو اندھیروں سے اجالے کی طرف لائیں (رات سے فجر کی طرف) ان کے پروردگار کے حکم سے،زبردست و تعریفوں والے اللہ کی طرف

पालनहार के आदेश से, प्रभुत्वशाली और प्रशंसा योग्य ईश्वर की ओर
(5) (याद रखो जब कि) हमने मूसा को अपने चिन्ह देकर भेजा कि तू अपनी जाति को अन्धकार से प्रकाश में निकाल और उन्हें ईश्वर के उपकार याद दिला.....
सूरत अहज़ाब 33, आयत 46, और ईश्वर के आदेश से उसकी ओर बुलाने वाला और उज्ज्वल दीप,
सूरत दुख़ान 44, आयत 3, निःसन्देह हमने इस कुरआन को उस अधर्म की अन्धकार रात्रि में उतारा है जो इसके कारण सम्पन्नता वाली हो गई निःसन्देह हम डराने वाले हैं,
(4) और इस कुरआन में हर युक्ति वाले कार्य का निर्णय है,
सूरत तलाक 65, आयत 11, अर्थात रसूल जो तुम्हें ईश्वर के स्पष्ट आदेश नियम पढ़कर सुनाता है ताकि उन लोगों को जो विश्वास लाएं और शुभ कार्य करें वह अन्धकार से प्रकाश की ओर ले आएं
सूरत अलहदीद 57, आयत 9, वह ईश्वर ही है जो अपने बन्दे पर स्पष्ट आयतें उतारता है ताकि वह तुम्हें अन्धकार से प्रकाश की ओर ले जाए अर्थात अधर्म की रात्रि से धर्म के प्रभात तक, निःसन्देह ईश्वर तुम पर नर्मी करने वाला दया करने वाला है,
सूरत तारिक 86, आयत 2, और आपको ईश्वर से बढ़कर और कौन बता सकता है कि रात्रि अन्धकार में प्रकट होने वाला क्या है अर्थात अन्धकार को दूर करने वाला क्या है,
(3) वह एक चमकता हुआ तारा है अर्थात कुरआन और मुहम्मद स0
सुरतुलफजर 89, आयत 1, देखो इस प्रकाश को जो अधर्म के अन्धकार के बाद आने वाला है जैसे रात्रि के अन्धकार के बाद प्रभात का प्रकाश आता है
(2) और इस पर भी मनन करो कि अन्धकार रात्रि के बाद प्रकाश अर्थात व्याकुलताओं के बाद सम्पन्नता आसानी आती है रात्रि व्याकुलता चली जाती है

इन आयात के लिखने का तात्पर्य यह है कि इनमें ईश्वर ने यह बताया है कि यह कुरआन इसलिए अवतरित किया गया है कि इसके द्वारा मुहम्मद स0 अधर्म की अन्धकार रात्रि को दूर कर दें और धर्म का प्रकाश अर्थात प्रभात हो जाए इस प्रकार की कुरआन में और भी आयात है जो वाचक कुरआन की दृष्टि से गुप्त नही है अब इन आयात के प्रकाश में सूरत 'कदर' का भावार्थ अवलोकन हो,

(۵)(یاد رکھو جب کہ) ہم نے موسیٰ کو اپنی نشانیاں دے کر بھیجا کہ تو اپنی قوم کو اندھیروں سے روشنی میں نکال اور انہیں اللہ کے احسانات یاد دلا...
سورت احزاب ۳۳ آیت ۴۶۔ اور اللہ کے حکم سے اس کی طرف بلانے والا اور روشن چراغ سورت دخان ۴۴ آیت ۳۔ یقیناً ہم نے اس قرآن کو اُس لادینی کی اندھیری رات میں اتارا ہے جو اس کی وجہ سے بابرکت ہوگئی بے شک ہم ڈرانے والے ہیں۔
(۴)اور اس قرآن میں ہر حکمت والے کام کا فیصلہ ہے
سورت طلاق ۶۵۔ آیت ۱۱۔ یعنی رسول جو تمہیں اللہ کے صاف صاف احکام پڑھ کر سناتا ہے تا کہ ان لوگوں کو جو ایمان لائیں اور نیک عمل کریں وہ تاریکیوں سے روشنی کی طرف لے آئے....
سورت الحدید ۵۷۔ آیت ۹۔ وہ اللہ ہی ہے جو اپنے بندے پر واضح آیتیں اتارتا ہے تا کہ وہ تمہیں اندھیروں سے نور کی طرف لے جائیں یعنی لادینی کی رات سے دین کے فجر تک یقیناً اللہ تعالیٰ تم پر نرمی کرنے والا رحم کرنے والا ہے
سورت طارق ۸۶۔ آیت ۲۔ اور آپ کو اللہ سے بڑھ کر اور کون بتا سکتا ہے کہ رات کے اندھیرے میں نمودار ہونے والا کیا ہے یعنی اندھیروں کو دور کرنے والا کیا ہے
(۳)وہ ایک چمکتا ہوا تارا ہے یعنی قرآن اور محمدؐ۔
سورت الفجر ۸۹۔ آیت ۱، دیکھو اس روشنی کو جو لادینی کی تاریکی کے بعد آنے والی ہے جیسے رات کے اندھیرے کے بعد فجر کی روشنی آتی ہے
(۲)اور اس پر بھی غور کرو کہ تاریک رات کے بعد روشنی یعنی پریشانیوں کے بعد خوشحالی آسانی آتی ہے رات پریشانی چلی جاتی ہے ان آیات کے لکھنے کا مقصد یہ ہے کہ ان میں اللہ نے یہ بتایا ہے کہ یہ قرآن اس لئے نازل کیا ہے کہ اس کے ذریعہ محمدؐ لادینی کی تاریک رات کو دور کردیں اور دین کی روشنی یعنی فجر ہو جائے اس طرح کی آیات قرآن میں اور بھی ہیں جو قرآن کے قاری کی نظر سے پوشیدہ نہیں ہیں اب ان آیات کی روشنی میں سورت قدر کا مفہوم ملاحظہ ہو۔

हमने इस पुस्तक करूणा का प्रेषण उस अन्धेरी रात में आरम्भ किया जो बहुत महत्वपूर्ण हो गई अर्थात उस अन्धकार और अत्याचार को देखकर ही हमारी अनुकम्पा आवेश में आई (1) {44:3,4: 2:185,155,156;2:256;5:33;6:123;33:43;14:15;5: 7:9,5:33}

ہم نے اس کتاب رحمت کا نزول اس تاریک رات میں شروع کیا جو بہت اہم ہوگئی۔ یعنی اس تاریکی اور ظلم کو دیکھ کر ہی ہماری رحمت جوش میں آئی (۱) [۴۴:۳،۴: ۲:۱۸۵،۱۵۵: ۱۴:۱:۴۴:۳۳: ۵:۳۳: ۶:۱۲۳: ۳۳:۴۳:۱۴:۵:۵۷:۹]

आपको ईश्वर से बढ़कर और कौन बता सकता है कि यह नई मूल्य और पैमानों की रात्रि जिसमें यह अवतरित हुआ है किस प्रकार सम्मानित है (2) {86:3;89:1}

آپ کو اللہ سے بڑھ کر اور کون بتا سکتا ہے کہ یہ نئی اقدار اور نئے پیمانوں کی شب جس میں یہ نازل ہوا ہے کس قدر باعظمت ہے (۲) [۸۶:۳:۸۹:۱]

वह अधर्म की अंधेरी रात्रि जिसमें सबसे बड़े दाना ज्ञानी हकीम की करूणा आवेश में आई और वह अंधेरी रात बहुत महत्वपूर्ण रात हो गई वह उस ज्ञानी की युक्ति भरी पुस्तक से उज्ज्वल हो गई जो हजारहा अर्थात सब ज्ञानियों की बुद्धिमत्ता से बेहतर मंगल है अर्थात वह दाना सबसे उत्तम कल्याण है यह दानाई हिकमत उस अधर्म की रात्रि में आई जिसमें दुनिया वही के प्रकाश से वंचित थी (3) {86:3;89:1}

